General discussion on the Budget 2024-2025; General discussion on the Budget of Union Territory of Jammu and Kashmir for 2024-2025 and Demands for Grants in respect of Union Territory of Jammu and Kashmir for 2024-2025

श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह **(**अकबरपुर**) :** माननीय अध्यक्ष जी, आज हमारे लिए यह बड़ा अत्यंत गौरव का विषय है कि आपके द्वारा बजट पर मुझे बोलने के लिए अवसर प्रदान किया गया है । मैं केन्द्रीय बजट वर्ष 2024-25 की सराहना के लिए खड़ा हुआ हूं ।

13.05 hrs (Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

हमारे मन में देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत के प्रति हमारी अडिगता का प्रमाण है । प्रधान मंत्री मोदी जी की दूरदृष्टि और समावेशी विकास के प्रति समर्पण हमारे देश की प्रगति को प्रेरित और संचालित करता है ।

महोदया, 11 सितंबर, 1893 को, जिस समय दुनिया के लोग भारत को कमजोर भारत बताते थे, उस समय 17 साल की उम्र में स्वामी विवेकानंद जी ने अपने उद्बोधन में आने वाले समय में भारत को मजबूत भारत बनाने का जो संकल्प लिया था, आज यह बजट भारत के प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में उसी को पूरा करने वाला बजट है ।

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जी ने यह कहा था कि किसी भी समाज की प्रगति उसकी सुधार की क्षमता पर निर्भर करती है । यह बजट उसी सुधार की भावना को दर्शाता है तथा हमारे राष्ट्र को उज्ज्वल और समावेशी भविष्य की ओर ले जाता है ।

महोदया, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि संविधान सभा में जाने के लिए इस लोक सभा का सदस्य होना जरूरी होता था । जब वे पश्चिम बंगाल से चुनाव लड़े तो उस समय उनके खिलाफ सामने बैठे हुए लोगों ने प्रत्याशी खड़ा किया, लेकिन यह मेरा सौभाग्य है कि पूरे देश को ?एक विधान, एक प्रधान? बनाने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने उनका सहयोग करके उन्हें वहां से लोक सभा का सदस्य बनाने में मदद की । उन्होंने भारत का संविधान बनाने में अपनी महत्ती भूमिका का निर्वहन किया । केवल महत्ती भूमिका का निर्वहन ही नहीं किया, बल्कि उनके द्वारा बनाए हुए संविधान के तहत, चूंकि जिस समय इस देश में 25 जून, 1975 को इमरजेंसी लागू की गई थी, तब मैं बहुत छोटा बालक था । मुझे याद है कि हमारे सामने बैठे तमाम राजनीतिक दलों के नेता और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश जी यहां बैठे हुए हैं । जब कांग्रेस ने 19 जनवरी, 1977 को चुनाव की घोषणा की थी, लेकिन घोषणा के बाद इमरजेंसी खत्म नहीं की थी, उस समय एक जनसंघर्ष समिति बनी थी । उस जनसंघर्ष समिति के माध्यम से मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ था कि हमारे आवास पर कंचौसी बाजार में 200 लोगों का भोजन बना कर एक बड़ी सभा की थी । उस समय हमारे सामने सदन के नेता मुलायम सिंह यादव जी, कमांडर अर्जुन सिंह जी भदौरिया, बाबू राम जी शुक्ला, जो जनसंघ के नेता हुआ करते थे, रस्तोगी जी जनसंघ के नेता हुआ करते थे, चौधरी हरमोहन सिंह यादव, राम गोपाल यादव, सत्यदेव त्रिपाठी आदि बहुत सारे लोगों ने उस समय संघर्ष किया था । उसके बाद जनता पार्टी का गठन हुआ था । मैं कहना चाहता हूं कि आज जो लोग संविधान की बात करते हैं, वे भूल गए हैं कि उन्होंने साथ लेकर उन्हीं लोगों का विरोध करने का काम किया था, जो आज कहीं न कहीं

देश की सत्ता पर पहुंचने के लिए एक दोहरा स्वप्न देख रहे हैं कि किसी तरीके से हम सत्ता में पहुंचे । आज यह बजट हमारे प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में एक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है ।

जहां तक किसानों का सवाल है, भारत की सरकार समझती है कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है । यह बजट कृषि को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण संसाधन आवंटित करता है, जिसमें उच्च उत्पादकता और लचीलेपन पर ध्यान केन्द्रित किया गया है । यह सरकार 32 फील्ड और बागवानी फसलों की नई उच्च उत्पादक और जलवायु, लचीली किस्मों की शुरुआत करते हुए एक करोड़ किसानों के बीच में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरसों और तिलहन की पैदावार को भी और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है ।

मैं कहना चाहता हूं कि हमारे उत्तर प्रदेश में एक समय ऐसा भी आया था कि जहां किसानों ने खाद और बीज के लिए लाठी खाई थी । एक समय ऐसा भी आया था कि जब दैवीय आपदा हुई थी तो लोगों ने अपने और पराये की पहचान करने का काम किया था । हमारी सरकार और माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में, जिस समय 31 मार्च, 2016 के पहले के जो किसान के ऋण हुआ करते थे, अपनी पहली कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री जी ने एक लाख तक के ऋण को माफ करने का काम किया था । यह बजट वही प्रदर्शित करता है ।

जहां तक नौकरी सृजन और कौशल विकास की बात है, एक ओर जहां नौजवानों को नौकरी देने के लिए, इस बजट में महिलाओं को भागीदारी देने के लिए विकास के उद्देश्य से प्रभावित होकर तमाम योजनाएं शुरू की हैं, वही महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, महिला छात्रावासों और बाल देखभाल सुविधाओं जैसे पहलों को प्रोत्साहित करने वाला यह बजट है । पीएम के पैकेज में तीन हजार रोजगारों से जुड़े शहर तमाम योजनाओं में शामिल हैं । जो विशेष रूप से निर्माण के क्षेत्र में कर्मचारियों और नियोक्ताओं को महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करती हैं ।

अगले 5 वर्षों में 20 लाख युवाओं को उद्योगों से संबंधित कौशल प्रदान करने और शीर्ष कम्पनीज में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप कार्यक्रम का अवसर प्रदान करने का लक्ष्य है ।

एक समय ऐसा भी था, जहाँ नौकरी एवं रोज़गार देने के लिए तमाम राजनीतिक दल के लोगों ने अवैध वसूली करके तमाम किसानों को खेत बेचने के लिए मजबूर किया था । लेकिन आज हमारी सरकार ने जब नौकरी देने की बात आई तो देश के प्रधानमंत्री श्रद्धेय नरेन्द्र मोदी जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी ने नौकरियों के अवसर देकर और एक पारदर्शी तरीका अपनाकर बहुत-से लोगों को रोज़गार देने का काम किया है ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, कृपया अब समाप्त करें ।

श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह: माननीय सभापति महोदया जी, कृपया मुझे दो मिनट का समय दें ।

माननीय सभापति **:** आप अपनी बात एक मिनट में समाप्त करें ।

श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह : मैं महिला सशक्तिकरण के बारे में अपनी बात कहना चाहता हूँ ।

जहाँ अपहरण का उद्योग था, उसे बढ़ावा दिया जाता था, आज उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था और पूरे देश में कानून-व्यवस्था का राज स्थापित करके यह बजट हमें आगे ले जाने का काम करता है । जहाँ यह बजट तमाम योजनाओं के माध्यम से, जैसे पीएम सूर्य घर जैसी योजना में एक करोड़ लोगों को रोशनी देने का काम करता है, वहीं शहरी विकास की योजनाओं में भी 10 करोड़ लोगों को आवास देने में यह बजट एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है ।

स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में 70 साल से अधिक के लोगों को ?आयुष्मान भारत? में जोड़कर उनको लाभ देने का काम किया है । हमारे क्षेत्र में, स्पीच एंड हीयरिंग यानी गूंगे-बहरे बच्चों के लिए अस्पताल, ऐसा अस्पताल अगर देश के किसी कोने में है, तो वह केवल साउथ इंडिया के मैसूर में है । मेरा सौभाग्य है कि हमारे क्षेत्र में भी स्पीच एंड हीयरिंग हॉस्पिटल की स्थापना की जा रही है । माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारे आज के स्वास्थ्य मंत्री और तत्कालीन मंत्री जी ने मिलकर उसे पूरा करने का काम किया है ।

मैं अपने क्षेत्र की दो-तीन मांगों को रखते हुए आपसे अनुरोध करना चाहता हूँ ।? (व्यवधान) हमारे क्षेत्र में 1980 मेगावाट का एक पावर प्लांट है, जिसका उद्घाटन वर्ष 2016 में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में श्री पीयूष गोयल जी ने किया था । इसके लिए 18 हजार करोड़ रुपए एक साथ जारी किये गए हैं ताकि उसके काम में और अधिक तेजी आए । इससे 600 मेगावाट का उत्पादन हो चुका है ।

मेरी आपसे मांग है कि इसे जल्दी-से-जल्दी पूरा किया जाए ।? (व्यवधान) हमारे देश में रेलवे के क्षेत्र में, अभी माननीय मंत्री जी यहाँ पर नहीं हैं, रेल के बजट में? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, धन्यवाद ।

SHRIMATI PRATIBHA SURESH DHANORKAR (CHANDRAPUR): Hon. Chairperson, today, I rise to speak on General Budget 2024-25. I heard Finance Minister Smt. Nirmala Sitharaman and I was shocked and wondered whether this Budget is meant for our entire country or for Andhra Pradesh and Bihar States only. We were skeptical about this Government?s power hunger, but now everybody is pretty sure that it is 100% true. Maharashtra tops in India in terms of GST collection but only Rs. 7500 crore have been allocated to Maharashtra. But on the other hand, Rs. 60,000 crores have been given to Bihar just because it is supporting them to secure power and I feel sorry about it. People residing in Maharashtra are also Indian citizens and they should not be ignored in this manner. They may be happy but, they should be ashamed of it as they have failed on all fronts. Around 1641 farmers have committed suicide in my constituency Chandrapur Yavatmal of Vidarbha region and no compensation has been given by the Government to the family members of the deceased. You started crop insurance scheme in the name of Prime Minister but no insurance benefits have been provided to farmers even after a year. The Government is indifferent towards the issues of farmers and it is not ready even to discuss them. The Union Government should give instructions to the State Government in this regard. The issue of MSP is not resolved yet, and farmers are not getting remunerative prices for their produces. The Government still continued to charge GST on seeds and fertilizers and this is very shameful.

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, आप अपनी बात एक मिनट में कंप्लीट कीजिए ।

? (व्यवधान)

SHRIMATI PRATIBHA SURESH DHANORKAR Madam, it?s a rainy season and the people in my constituency are facing flood like situation. In some villages like Chichkholi and Pimpalkhut, most of the houses are submerged as the lakes are overflowing there. The paper leak case of NEET Exam is a matter of serious concern as bogus doctors like Munnabhai MBBS will be studying in Medical colleges. We have already seen a case of bogus IAS officer in Maharashtra. BJP ruled State Government had promised to continue with OPS, but the problem still persists and the teachers and allied staff have been waiting for it. Tri-party Government in Maharashtra is not ready to keep its promise and implement it once again.

Nobody is happy in Maharashtra under three party regime. They had promised to provide 2 crore jobs but the youths are still deprived of jobs. Same in the case of reservation too. BJP Government has dismissed the idea of conducting caste census and hence the issues of OBCs and Marathas are still pending.

Most of the coal mines in Maharashtra fall under my constituency and the issues related to it are also pending. The farmers who had handed over their farm lands for coal mines, still waiting for compensation.

Crimes against women are increasing in India day by day, but the Government is not looking into it seriously. We can look at the Manipur issue. This Government is also not honouring the sacrifices made by our brave soldiers.

I am a committed Congress worker and I consider myself very lucky that we are working for our Congress Party under the leadership of Shri Rahul Gandhiji. We all know about historical Dandi March led by Mahatma Gandhiji. Hon. Rahul Gandhiji also launched Bharat Jodo Yatra and I must say, it was historical event.

Thank you.

DR. K. SUDHAKAR (CHIKKBALLAPUR): Thank you, Madam for giving me an opportunity to speak on the Union Budget.

In the beginning, I would like to congratulate hon. Finance Minister for her record seventh consecutive Budget presentation. I really acknowledge our hon. Prime Minister and all our leaders of the party, and more than that the people of Chikkballapur to have elected me and allowed me to be present in this august House.

Madam, this Budget strikes a very fine balance between financial prudence and social welfare. I would like to call this Budget pragmatic. It reflects the hon. Prime

Minister's vision for Viksit Bharat, where farmers prosper, the poor lead a life of dignity, the middle-class people get their due for their hard work, and the Indian enterprises get a boost. It ensures that it empowers all sections of society to attain prosperity. They have laid down the nine priority areas, which I would not like to repeat because the other hon. Members of the House have already repeatedly mentioned it. It is unfortunate that the Opposition Leaders and a few members, have termed this Budget in a very negative way by saying, ?It is like a *kursi bachao* Budget. This Budget appeases the alliance partners. This Budget is like a Davidian budget. This Budget is like a copy of our manifesto. One of the hon. Members says that this is just a replica of the Chief Minister's Budget?. Madam, I would like to term this Budget as ?*kisan bachao* Budget?. This is ?*nari shakti bachao* Budget?. This is a ?*yuvashakti bachao* Budget?. This is a ?*gareeb bachao* Budget?. This is an ?Indian economy *bachao* budget?. This is the ?*desh bachao* Budget?.

There was a slogan of *?Gareebi Hatao, Desh Bachao?* in 1971. They won the election also. But who removed poverty in this country? The Economic Survey says that about 113 million Indians are out of poverty during our able Prime Minister Modi ji's regime, not in the earlier regimes. They say that we appease the alliance partners. But I want to know, when did the Congress Party come to power in this House on its own? They came to power way back in 1984 when the unfortunate assassination of Shrimati Indira Gandhi took place. They won 415 seats. In 1999, they won 114 seats. In 2004, they won only 145 seats. At that time, the strength of BJP was 138. Still, they ruled for five years with 34 alliance partners. In 2009, they won only 206 seats. That was UPA-II. But in 2014, it is our Party, under the able leadership of Shri Narendra Modi ji, which won 282 seats whereas Congress fell to 44 seats. In 2019, our Party won 303 seats.

Today, we may have lost a few seats, but this is a pre-poll alliance. This is not a post-poll alliance. From 2004 to 2009, it was UPA alliance. The alliance was made of 34 parties. Should we ask whether their Budgets were also only to impress their alliance partners or in the interest of the nation?

Madam, the Budget can only be deliberated and discussed based on numbers and statistics and not the political rhetoric. So, based on that, when I said the farmer's welfare was the first priority of Modi Ji's Government, I will come with the facts and figures. The very first file that the hon. Prime Minister signed after assuming office for the third-term was dedicated to the farmers, including the recently released 17th installment under PM-Kisan Samman Nidhi Yojana. Madam, eleven crore farmers

across the nation have received well over Rs. 3.24 lakh crore. This is the commitment of the Government towards farmers.

Similarly, during the UPA's regime, what was the budget for agriculture? What was the budget they had allocated for farmers? It was only Rs. 22,000 crore in 2014. But today, Modi Ji has increased this budget from Rs. 22,000 crore to Rs. 1,52,000 crore during 2024-25 Budget. They say, this Budget is against the *kisans*.

Similarly, in 2013 and 2014, the UPA Government extended a loan to the tune of Rs. 7 lakh crore to the farmers, whereas, Narendra Modi Ji's Government provided Rs. 19 lakh crore to the farmers today.

We have experienced a very unique situation during the last regime. One is the COVID-19 pandemic and the second one is the Russia-Ukraine conflict because of which, internationally, the fuel and fertilizer prices increased globally. But Prime Minister Narendra Modi Ji did not pass on any burden to our farmers. This is the commitment of the Government towards the farmers.

The total fertilizer subsidy during 2013-2014 was only Rs. 73,000 crore, whereas now, it has increased from Rs. 73,000 crore to Rs. 2,55,000 crore in 2023-2024. ? (*Interruptions*). Madam, This is the first time I am speaking. Please allow me three to four more minutes. I will make very, very valid points based on statistics and numbers only.

Now I will talk about MSP, their pet subject. As a farmer's son, I would like to say this. The paddy price per quintal, what they were giving was Rs. 1,310. But what is the increase that the Modi Ji's government gave? Today, in 2023-2024, there is 67 per cent increase and per quintal, we are giving Rs. 2,300 rupees. For jowar, they were giving only Rs. 1,500 per quintal, whereas our Government gives Rs. 3,371 per quintal, which is a 112 per cent increase. Similar is the case with pulses and oilseeds. For example, I would like to quote only one commodity, moong dal. During the UPA Government regime, moong dal was only Rs. 4,500 per quintal. But today, it is Rs. 8,682 per quintal. It means there is an increase of 124 per cent during our Government.

As I said, this year a provision of Rs. 1.52 lakh crore have been made for the agriculture sector to benefit the farmers, doubling their income.

They talk about cooperative federalism. But it is under Modi Ji's Government that the true spirit of cooperative federalism has accepted the recommendations of 14th and 15th Finance Commission.

Over the last decade, around 41 per cent to 42 per cent of Central taxes have been shared with the States, a substantial increase from the earlier devolution share of 32 per cent.

Today, the fiscal deficit has been reduced. As the Finance Minister has already said, the aim is to bring it from 5.5 per cent to below 4.5 per cent.

I would like to conclude by quoting Swami Vivekananda?s quote because Modi ji?s Government is for the welfare of the people. I quote:

?Appreciation or no appreciation, I am born to organise these young men; nay, hundreds more in every city are ready to join me; and I want to send them rolling like irresistible waves over India, bringing comfort, morality, religion, education to the doors of the meanest and the most downtrodden. And this I will do or die.?

This is exactly what the Modi Government will do for the youth. Whether you appreciate or not, we will continue our commitment towards the youth of this country. It does not matter whether you criticise or mock us. We will live for the youth, *mahila*, farmers, kisans and every segment, every section of this country. This is our Government?s strong commitment.

Thank you very much for the opportunity given.

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्यगण, जो माननीय सदस्य बजट पर अपना लिखित भाषण देना चाहते हैं, वे सभा पटल पर दे सकते हैं ।

श्री अखिलेश यादव **(**कन्नौज**) :** सभापति महोदया, मैं आपको बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे बजट 2024-2025 पर बोलने का मौका दिया ।

महोदया, यह इस सरकार का लगातार ग्यारहवां बजट है । ग्यारहवें बजट के बाद भी नाउम्मीदगी दिखाई दे रही है । जो लोग सरकार में हैं, तो सरकार के लोग तो इसके बारे में अच्छी बातें कहेंगे ही । पर, इससे न केवल नाउम्मीदगी दिखाई दे रही है, बल्कि सरकार बनने के बाद चेहरों पर जो खुशी होनी चाहिए थी, उन चेहरों पर उतनी खुशी दिखाई नहीं दी । इस ग्यारहवें बजट में बेरोजगारों के लिए, युवाओं के लिए, गांवों के लिए और उनकी तकलीफ-परेशानी का जो मुद्दा है, वह मुझे ?नौ-दो-ग्यारह? दिखाई दे रहा है ।

महंगाई में घर चलाना, बच्चों को पढ़ाना और घर के बड़े-बुजुर्गों की दवा, इलाज़ में महंगाई का जो सामना करना पड़ रहा है, ये बातें परिवार वाले बखूबी जानते हैं । मैं जब सत्ता पक्ष के लोगों के आंकड़ों को देखता हूं और

सुनता हूं, तो मैं कहना चाहता हूं कि अगर दस सालों में इतना सब कुछ अच्छा हुआ है तो फिर आप ?हंगर इंडेक्स? में कहां खड़े हैं? दस सालों के बाद भी यही बात सत्ता पक्ष की तरफ से आएगी कि हम कहां खड़े हैं ।

आपने ?मेक-इन-इंडिया? का एक बड़ा सपना दिखाया । उत्तर प्रदेश जैसे एक बड़े राज्य से लोक सभा के सबसे ज्यादा सांसद चुने जाते हैं । पर, हमें कोई बहुत बड़ा प्रोजेक्ट नहीं मिला । हमें प्रधान मंत्री जी मिले हैं ।

सभापति महोदया, दस सालों में क्या कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिला है, जैसे कोई आई.आई.एम. मिला हो, कोई आई.आई.टी. मिली हो? किसी समय उत्तर प्रदेश को जो आई.आई.आई.टी. मिली थी, उसमें सरकार की तरफ से क्या सहयोग हुआ है? न केवल ये संस्थाएं, बल्कि जो गवर्नमेंट के एडुकेशन के इंस्टीट्युशंस हैं, वैसे कौन से नए इंस्टीट्यूशन सेन्ट्रल गवर्नमेंट की तरफ से आए हैं?

मेडिकल के क्षेत्र में कोई बड़ी संस्था आई हो, तो आप मुझे बता दीजिए । जो दो एम्स आए हैं, मुझे याद है कि रायबरेली एम्स के लिए समाजवादी सरकार में ज़मीन दी गई, उसका परिणाम है कि वहां एम्स बन गया । गोरखपुर में भी जो एम्स आया, उसके लिए भी समाजवादी सरकार ने ज़मीन दी थी, तब वह एम्स आया । अगर वहां दो एम्स आ भी गए हैं, तो क्या उनमें पर्याप्त इलाज मिल पा रहा है? केवल यही नहीं ?मेक इन इंडिया? है । सपना तो यह भी दिखाया गया था कि अगर प्राइवेटाइज़ेशन हो जाएगा तो नौकरियां मिल जाएंगी । कुछ हद तक तो बहुत सी चीज़ें प्राइवेटाइज़ हो गई हैं, लेकिन नौकरियां कम होती चली गईं और जो सबसे बड़ा सवाल है, जो पीडीए परिवार के लोगों को जो हक़ और सम्मान मिलता है, क्या यह सरकार वह दे पा रही है? टैक्स कलेक्शन में सपना दिखा रहे हैं कि हम यहां पहुंच गए हैं । आखिरकार एक्सपोर्ट क्यों कम होता चला जा रहा है? हम ट्रेड डेफिसिट को कैसे खत्म करेंगे? दस सालों में अगर हम वहीं के वहीं खड़े हैं और ऐसा कुछ न दिख रहा हो और यूपी के जो परिणाम आए हैं, उसमें दिखाई दे रहा है कि आपने कितना काम किया है ।

सभापति महोदया, अगर यह सब कुछ अच्छा किया होता तो क्या परिणाम ऐसे आए होते? जहां आप हारे ही नहीं हैं, आपकी सीटे ही कम नहीं हुई हैं, देश के प्रधान मंत्री जी भी वोट से हारे हैं । जो कभी पांच लाख वोटों से जीते थे या दस लाख वोटों से जीतने का टार्गेट बनाया था, वे इस बार कितने वोटों से जीते हैं? आप कम से कम इन चीज़ों को तो देखें ।

महोदया, जब मैं सत्ता पक्ष के लोगों को सुनता हूँ तो मुझे लाइनें याद आ जाती हैं कि

?वह झूठ बोल रहा था बड़े सलीके से ।

मैं ऐतबार न करता तो क्या करता॥?

सभापति महोदया, मुझे याद है कि देश के प्रधान मंत्री ने जनकपुर में एक झंडा दिखाया था और उस बस में 35 लोग बैठ कर अयोध्या आए थे । महोदया, उस समय भी मैंने यह माँग की थी कि जनकपुर से यह यात्रा शुरू हो रही है और अयोध्या तक बस से लोग आएंगे तो पता नहीं कितने घंटों में पहुंचेगे? मैंने उस समय मांग की थी कि वहां से ले कर आयोध्या तक एक्सप्रेसवे बनना चाहिए कि जो लोग जनकपुर से अयोध्या दर्शन करने आ रहे हैं, और बस से आ रहे हैं, कम से कम उनकी तकलीफ और परेशानी तो कम होती । जो आप कहते है एफडीआई बहुत आया है । मैं अभी सुन रहा था, कुछ लोग बोल रहे थे कि मोबाइल फोन बनने लगे हैं । मैं आपको बताना

चाहता हूँ कि मोबाइल फोन बन नहीं रहे हैं । समाजवादी पार्टी की सरकार में, नोएडा में जो इंडस्ट्रियल पॉलिसी थी, इलेक्ट्रॉनिक्स पॉलिसी थी, उसके तहत वे इंडस्ट्रीज़ आई थीं । वे इंडस्ट्रीज़ जितनी आई हैं, उस समय की पॉलिसी के तहत आईं हैं और वहां मोबाइल बन नहीं रहे हैं, मेक इन इंडिया नहीं हो रहा है । ? (व्यवधान) लेकिन ज़मीन किसने दी है? उन लोगों को ज़मीन किसने दी है? बिना ज़मीन के हवा में बना दो तो मैं आपको धन्यवाद दूंगा । ? (व्यवधान) आप कह रहे है कि आप एफडीआई लाए हैं । अगर हम पूरे देश का एफडीआई देखें तो उत्तर प्रदेश को कितना एफडीआई मिला है?

सभापति महोदया, अगर एक पर्सेंट से भी ज्यादा एफडीआई उत्तर प्रदेश को मिला हो तो बता दीजिएगा ।

सभापति महोदया, जो प्रोजेक्ट्स डिले हो रहे हैं, जिसकी वजह से कॉस्ट ओवर रन हो रहा है, उसका जिम्मेदार कौन है? डबल इंजन की सरकार है, लखनऊ में भी आपकी सरकार है, दिल्ली में भी आपकी सरकार है, आखिरकार ऐसा क्यों हो रहा है?

सभापति महोदया, आज ही जब हम लोग सदन में आए, तो एक और रेल एक्सीडेंट की खबर सुनी है । जब से यह सरकार आई है, रेल एक्सीडेंट्स और पेपर लीक में कंप्टीशन चल रहा है कि कौन आगे जाएगा ।

सभापति महोदया, मैं तो अखबारों में पढ़ता था कि ये तोड़-फोड़ करके सरकार बनाते हैं । पिछली बार के एक सदस्य तोड़-फोड़ करके शायरी भी बनाने लगे हैं । जिस प्रोजेक्ट के लिए, प्रधानमंत्री जी एयरफोर्स के सबसे बड़े हवाई जहाज हरक्यूलस विमान को लेकर आए थे और वह सड़क पर उतरे थे । वह एक्सप्रेस-वे पर उतरे थे ।

सभापति महोदया, मैं समझता हूं कि यहां जितने भी माननीय सदस्य हैं, सबने देखा होगा और सबने निर्देश के अनुसार उस पर ट्वीट भी किया होगा ।

सभापति महोदया, उस एक्सप्रेस-वे को अगर किसी ने बनाया था, जो डिजाइन, टेक्नोलॉजी का पार्ट और एलाइनमेंट थी, वह समाजवादियों की देन थी । वह आपकी देन नहीं है । यह बात इसलिए मैं कह रहा हूं, क्योंकि इस बजट में शायद सरकार चलाने के लिए आपने पैकेज दिया है । पैकेज देने में हमें कोई नाराजगी नहीं है । आप और पैकेज दीजिए । अगर आप बक्सर से भागलपुर तक एक्सप्रेस-वे बना रहे हैं, तो आप उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को क्यों नहीं जोड़ रहे हैं? मैं आपसे कहूंगा कि अगर आप केवल 25 किलोमीटर जोड़ देंगे, जहां पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे रूक गया था, तो दूसरे के काम को जो अपना काम बताते हैं, आप यह कह पाएंगे कि दिल्ली से लेकर भागलपुर तक आपने एक्सप्रेस-वे दिया है ।? (व्यवधान) वह अभी से नहीं, बल्कि बहुत पहले से बन रहा है । मैं यह नहीं कहना चाहता कि आपने क्या दिया । मैं यह कहता हूं कि आप केवल बिहार के लोगों को खुश करने के लिए बक्सर से भागलपुर तक एक्सप्रेस-वे दे रहे हैं । मैं उससे सहमत हूं कि आप बिहार की तरक्की के लिए एक्सप्रेस-वे दें, लेकिन पखनपुरा जो आखिरी गांव है, जहां पर एक्सप्रेस-वे छूट गया है, वहां से आप क्यों नहीं जोड़ रहे हैं । हमारे स्टेट के लिए आप कोई नया एक्सप्रेस-वे क्यों नहीं दे रहे हैं? आप दिल्ली के बजट से क्यों नहीं दे रहे हैं? यू.पी. अपने बजट से एक्सप्रेस-वे बना रहा है । आप बताइए कि आपने यू.पी. को कोई एक्सप्रेस-वे दिया हो । आपने कोई एक्सप्रेस-वे नहीं दिया । मैं कहूंगा और आप अपनी सरकार को याद दिलाइएगा ।

सभापति महोदया, एक बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बना था ।? (व्यवधान) अभी आपको उसका भी बताएंगे । उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे दिया है, यह दिल्ली के बजट का नहीं है । मैं मांग कर रहा हूं कि

दिल्ली की बजट से कोई एक्सप्रेस-वे मिलना चाहिए । जो बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे दिया, प्रधानमंत्री जी उद्घाटन करके वापस लौटे, अब रिपेयर का पैसा कौन देगा? वह एक्सप्रेस-वे आज भी रिपेयर माँग रहा है ।

सभापति महोदया, कोई कल्पना कर सकता है कि नया एक्सप्रेस-वे बना हो, जिसका प्रधानमंत्री जी ने उद्घाटन किया हो, वह आज रिपेयर माँग रहा हो! वह एक्सप्रेस-वे सिक्स लेन नहीं है । वह फोर लेन है । इसमें भी मैं सुझाव देना चाहता हूं कि जो बुंदेलखंड वाला एक्सप्रेस-वे है, यह अभी स्टेट गवर्नमेंट की तरफ से 15 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बना है । इसको मुनाफा नहीं हो रहा है । बहुत ज्यादा टोल कलेक्शन नहीं है । इसको सतना से जोड़ दिया जाए । बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे जहां से शुरू हो रहा है, यह हमारे डिस्ट्रिक्ट इटावा से शुरू हो रहा है, कम से कम इसको हरिद्वार तक ले जाना चाहिए । हरिद्वार से लेकर सतना तक लोग चले जाएंगे, तो शायद बुंदेलखंड के लोगों को भी लाभ होगा । सबसे बड़ी बात है कि दिल्ली और लखनऊ मिलकर उन एक्सप्रेस-वे की सेफ्टी से और उसकी डिजाइन से खिलवाड़ कर रहे हैं । जो इंडियन रोड कांग्रेस कहती है, जो डॉक्यूमेंट कहता है, वह कहता है कि सड़क का मीडियन 12 मीटर से लेकर 14 मीटर होना चाहिए । आप जाकर देखिए, जो पूर्वांचल वाला एक्सप्रेस-वे बना है, उसका मीडियन कितना है? क्या भविष्य में आपने चलने वालों की सेफ्टी के साथ खिलवाड़ किया है या नहीं? यह आपको विचार करना पड़ेगा ।

महोदया, जिस समय लद्दाख और चीन को लेकर सवाल उठा था, उस समय पोलिटिकल पार्टीज़ से सुझाव मांगे गए थे कि आप क्या सुझाव देना चाहते हैं । उस समय समाजवादी पार्टी ने सुझाव दिया था कि लिपुलेख से लेकर ग्वालियर तक 6 लेन हाईवे बनना चाहिए । कभी जरूरत पड़ने पर सीमाओं पर हमारी फौज का आना-जाना जल्दी हो जाए । मुझे याद है, जो अखबारों में मैंने पढ़ा था, सरकार ने उसे स्वीकार कर लिया था कि वह 6 लेन हाईवे बनेगा । लेकिन जब टेंडर की बात आई तो सुनने में आया कि वह फोर लेन बनने जा रहा है । जब वह काम हो रहा है, मैंने दोबारा उसको देखा तो पता लगा कि डबल लेन पेव्ड शोल्डर बन रहा है । सोचिए, कहां 6 लेन बनाने की बात थी, अब आप डबल लेन पेव्ड शोल्डर बना रहे हैं । पता नहीं किसने उस हाइवे को डिजाइन किया है? जितने भी कस्बे उसके आसपास पड़ रहे हैं, कस्बे वाले नाला कहां बनायेंगे, घर ऊंचा करें या सड़क को तोड़ें? बहुत सारे कस्बों को सरकार ने समस्या के संकट में डाल दिया है ।

जो सरकार मंचों से यह कहती थी कि हम किसानों की आय दोगुनी कर देंगे । आज तो सरकार को 11 साल हो गए । क्या किसान की आय दो गुनी हो गई? सरकार बताए । मैं बहुत सारे माननीय सदस्यों को जब सुनता हूं तो वे कहते हैं कि हम एमएसपी दे रहे हैं । अगर आप एमएसपी दे रहे हैं तो उसकी कानूनी गारंटी क्यों नहीं दे रहे हैं? आप कानूनी गारंटी दीजिए । हार्टिकल्चर क्रॉप्स के लिए आप क्या कर रहे हैं? उसके लिए आप एमएसपी की तैयारी कब करेंगे? दो गुनी आय में आप किसान को कितना देंगे? पिछली बार बजट में कहा गया था कि एग्रीकल्चरल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए देश को एक लाख करोड़ रुपये मिलेंगे । अगर देश के एग्रीकल्चरल इन्फ्रास्ट्रक्चर को एक लाख करोड़ रुपये मिले होंगे तो कम से कम यूपी का शेयर कुछ तो रहा होगा ।

सभापति महोदया, सरकार ने एक भी मंडी बनाई हो, तो बता दें । हां, यह अलग बात है कि कोई चीज सुधारने के लिए आप कोई परिवर्तन कर रहे हैं, स्टोरेज के लिए किसी को पहले ही बता दे रहे हैं, तो वह बात अलग है । किसान वहां जाएगा, जहां उसको रेट मिलेगा । यह इस बजट में कहा जा रहा है कि हम 109 हाई-यील्डिंग एंड क्लाइमेट रेजिलिएंट वैराइटीज़ लाएंगे । हम अपने माननीय मंत्री जी से पूछेंगे कि ग्लोबल वार्मिंग के लिए आप कितने वर्षों से काम कर रहे हैं? क्या हुआ उस ग्लोबल वार्मिंग का? कॉप-21 में भी आप हो आए, जी-20 में भी आपने आश्वासन दिया । कुछ नहीं किया तो आपको क्या लाना पड़ रहा है, 109 हाई-यील्डिंग एंड क्लाइमेट रेजिलिएंट वैराइटीज़ । आप मुझे बताइए कि किसान तक इसे कब तक पहुंचाएंगे और उसको पहुंचाने के लिए

आपके पास क्या इंतजाम हैं? दूसरे पैराग्राफ में आप फिर बदल जाते हैं । अभी आप रेजिलिएंट वैराइटीज़ की बात कर रहे हैं, फिर आप कह रहे हैं कि हम नेचुरल फॉर्मिंग को बढ़ावा देंगे । सरकार बताए कि रेजिलिएंट क्रॉप सीड्स कब तक पहुंचा देंगे, उससे किसानों को कैसे लाभ मिलेगा और नेचुरल फॉर्मिंग, जो किसान अभी भी कई जगह पर कर रहा है, क्या उसके लिए आपके पास बजट में अलग से पैकेज है?

सभापति महोदया जी, पारले जी बिस्किट से एक चीज सीखी है, महंगाई और मुनाफा । इस सरकार ने दस साल डीएपी खाद की बोरी को छोटा कर दिया, इससे और ज्यादा छोटा मत करना । जब किसान डीएपी लेने गया तो सरकार ने कहा कि बिना नैनो यूरिया के आपको नहीं मिलेगा । मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि नैनो यूरिया से किसानों को क्या लाभ पहुंचा है, इसे सरकार बताए । हमारे यहां इन्वेस्टमेंट मीट के बड़े-बड़े आयोजन हुए । पांच लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हो गए । उत्तर प्रदेश में उद्योग लाने के लिए यह बजट क्या मदद कर रहा है? ऐसे आयोजन हुए, जिसमे देश के प्रधानमंत्री आए, देश के राष्ट्रपति आएं, देश के जितने भी बड़े उद्योगपति हैं, वे सभी आए थे । लेकिन आज यूपी को क्या मिला? किसानों के लिए एग्रीकल्चर सेक्टर में बड़े-बड़े एमओयूज हुए, लेकिन आज जमीन पर कुछ दिखायी नहीं दे रहा है ।

अगर दूध का उत्पादन सबसे ज्यादा कहीं हो रहा है तो उत्तर प्रदेश में हो रहा है । उस उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए और इन्वेस्टमेंट लाने के लिए उस समय की सरकार ने फैसला लिया कि अगर बाहर से भी कोई डेयरी या डेयरी प्लांट लगाना चाहेगा तो उसमें सरकार सहयोग देगी । इसका परिणाम यह हुआ कि गुजरात की तीन अमूल के प्लांट उत्तर प्रदेश में लग गए । दो मैंने उद्घाटन किए और एक का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री जी ने किया । लेकिन उसके बाद कोई नया प्लांट आया हो तो बताएं । जो अमूल से पुरानी संस्था है, क्या उसको आप लोग कुछ सहयोग करेंगे । क्या पराग का सहयोग करेंगे? न केवल दूध उत्पादन में उत्तर प्रदेश आगे है बल्कि चीनी और गन्ने की पैदावार में भी कभी आगे कभी पीछे होता है । किसानों को भरोसा दिलाया गया था कि उनकी भी आय दोगुनी हो जाएगी । उनको भी बहुत सुविधाएं दी जाएंगी, बिजली फ्री दी जाएगी, यह आपका आश्वासन था । आज उत्तर प्रदेश इसलिए पिछड़ रहा है क्योंकि सबसे महंगी बिजली कहीं पर मिल रहा है तो वह उत्तर प्रदेश मिल रहा है । मुझे याद है, यह बात मुझे इसलिए कहनी चाहिए कि बीजेपी के विधायक जो सबसे बुजुर्ग थे, देश के प्रधानमंत्री जी के क्षेत्र बिजली 24 घंटे आए, उसके लिए वह धरने पर बैठ गए थे । वहां के अधिकारियों ने कहा कि बुजुर्ग हैं, इनका स्वास्थ्य बेहतर नहीं है, इनका धरना आप रुकवा दीजिए । मैंने उनको बुलाया, मैंने उनकी बात सुनी, उन्होंने कहा कि प्रधामंत्री जी के क्षेत्र में 24 घंटे बिजली होनी चाहिए । उसी दिन मैंने फैसला ले लिया कि प्रधानमंत्री जी के क्षेत्र में 24 घंटे बिजली रहेगी । उत्तर प्रदेश ने देश के प्रधानमंत्री को बनाने में सबसे ज्यादा सहयोग किया है । कम से कम यूपी का बिजली का कोटा तो बढ़ जाए, आठ साल बीत गए । उत्तर प्रदेश ने देश को प्रधानमंत्री तो दे दिया, लेकिन अभी तक बिजली का कोटा नहीं बढ़ा । हमें उम्मीद है कि 11 अंक शुभ होता है । इस 11 वें बजट में कुछ सुविधाएं उत्तर प्रदेश को दी जाएगी, जिससे वहां के लोगों को लाभ मिले, मदद पहुंचे । जहां किसान आत्महत्या कर रहा है, पिछले दस सालों में सरकार जानती होगी कि लाखों किसान आत्महत्या कर चुके हैं ।

किसान तकलीफ और परेशानी में हैं और सबसे ज्यादा संकट अगर किसी चीज पर आया तो नौकरी पर आया, रोजगार पर आया । मैं सरकार का बजट पढ़ता हूं तो देखता हूं कि स्कीम्स लाई जा रही हैं । क्या ये स्कीम्स नौजवानों को पक्की नौकरी दिलाएंगी? क्या आप इन स्कीम्स में पांच हजार रुपये देकर नौजवान का भविष्य बनाना चाहते हैं? आप क्या दे रहे हैं? मुझे लगता है कि आप ट्रेनिंग देकर जो वर्क फोर्स सरकार के पैसे से बना रहे हैं, अंततोगत्वा, इन्हें वही उद्योगपति एक्सप्लाइट करेंगे । आखिरकार, जब इतनी टेक्नीकल इतनी ट्रेंड फोर्स

होगी तो आप ही बताएं कि उनका भविष्य क्या होगा? अगर आप इतने बड़े पैमाने पर ट्रेनिंग करा रहे हैं और सरकार का बजट इस पर खर्च हो रहा है तो उनका भविष्य क्या होगा?

माननीय सभापति जी, जो अग्निवीर वाली नौकरी है, कोई भी नौजवान जो फौज के लिए तैयारी करता है, वह इसे कभी स्वीकार नहीं कर सकता । जब पहली बार अग्निवीर स्कीम आई थी, बड़े-बड़े उद्योगपतियों से ट्वीट कराया गया था कि अग्निवीर से अच्छी कोई योजना नहीं है, इनको हम नौकरी दे देंगे, हम अपने यहां रख लेंगे । ? (व्यवधान) शायद सरकार में बैठे लोगों को यह बात याद होगी, क्योंकि सरकार खुद स्वीकार करती है कि यह स्कीम ठीक नहीं है तभी वह राज्य की सरकारों से कह रहे हैं कि अग्निवीर, जो लौटकर आएंगे, उनको कोटा दीजिए, नौकरी दीजिए । ? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर **(**हमीरपुर**) :** माननीय सभापति जी, यह गलत बोल रहे हैं । सरकार ने कहां कहा कि यह ठीक नहीं है । 100 परसेंट ठीक है । ? (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** माननीय सभापति जी, मैं बैठ जाता हूं, माननीय सदस्य खड़े होकर कह दें कि अग्निवीर व्यवस्था अच्छी है । ? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** माननीय सभापति जी, मैं इस सभा में खड़े होकर कहता हूं । मैं हिमाचल प्रदेश से आता हूं, जिसने पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा दिए । कारगिल के युद्ध में सबसे ज्यादा शहीद होने वाले हिमाचल प्रदेश के वीर नौजवाना थे । चार परमवीर चक्र विजेता हुए, इनमें दो, कैप्टन विक्रम बत्रा और सूबेदार संजय कुमार हिमाचल प्रदेश से थे । मैं कहता हूं, जी हां, जो लंबे समय से मांग थी, वन रैंक वन पेंशन, किसी सरकार ने पूरी नहीं की, माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने यहां पर पूरी की है । ? (व्यवधान)

मैं एक बात और कहता हूं, अखिलेश यादव जी सुन लें, ? (व्यवधान) अग्निवीर में 100 परसेंट एम्पलाइमेंट की गारंटी है और रहेगी । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, आप अपनी बात पूरी करें ।

? (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** सभापति जी, मैंने बहुत छोटा सवाल पूछा था । मैं दूसरी बात कहता हूं, आप जो बात कह रहे हैं तो आपको क्या जरूरत पड़ी कि आपको उत्तर प्रदेश और अन्य प्रदेशों में दस परसेंट कोटा देना पड़ रहा है? ? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, आप बजट पर चर्चा करें ।

? (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** माननीय सभापति जी, आप जानते हैं कि चैल कहां है? क्या कभी आप मिलिट्री स्कूल में गए हैं? मैं खुद मिलिट्री स्कूल का पढ़ा हूं और आप परमवीर चक्र की बात कर रहे हैं । ? (व्यवधान) हम भी तमाम नाम गिना सकते हैं कि कितने परमवीर चक्र उत्तर प्रदेश से हैं । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, मैं आपसे आग्रह कर रही हूं कि आप आपस में चर्चा न करें । आप बजट पर अपनी बात कहें ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** माननीय सभापति जी, मैं एक मिनट से भी कम समय में अपनी बात कहूंगा ।

मैं आपके सामने कहना चाहता हूं कि यह तो केवल मिलिट्री स्कूल गए हैं । मैं आज भी टेरिटोरियल आर्मी के 124 वें रेजिमेंट में कैप्टन के रैंक पर अपनी सेवाएं दे रहा हूं । अखिलेश जी, केवल ज्ञान मत बांटिए । राहुल गांधी जी के साथ बैठकर आपको झूठ बोलने की आदत पड़ गई है।? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, आप बैठिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, मैं आग्रह कर रही हूं कि आप बजट पर चर्चा करें । आपके बोलने का समय भी पूरा हो गया है । प्लीज़, आप कम्पलीट करें ।

? (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** महोदया, मैं इसलिए नहीं कह रहा कि मैं क्या बात कहना चाहता हूं । शायद ये मंत्री जी नहीं रहे, इसलिए इनको तकलीफ, परेशानी ज्यादा है । हमारा दर्द आप नहीं समझेंगे, हम आपका दर्द चेहरे से पढ़ते हैं । दर्द मैं बताता हूं । ... (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, मैं आग्रह कर रही हूं, आप बजट पर चर्चा कीजिए ।

?(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** आप खुद भी तो मुख्य मंत्री नहीं रहे । ... (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** महोदया, उत्तर प्रदेश में जबसे ये हारे हैं, तब से कोई नमस्कार नहीं कर रहा है। यह तकलीफ आपको है । ... (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, कृपया कम्प्लीट कीजिए ।

श्री अखिलेश यादव**:** कोई किसी को नमस्कार नहीं कर रहा है, कोई किसी को देख नहीं रहा है । जो अपने-आप को बहुत ताकतवर कहते थे, जिसने हराया, उसे ये हटा नहीं पा रहे हैं । आपको बात समझ में नहीं आई न ? जिसने हराया, उसको नहीं हटा पा रहे । अग्निवीर व्यवस्था समाजवादी लोग स्वीकार ही नहीं कर सकते । ... (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, कृपया बजट पर अपनी बात रखिए ।

.. (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** हम भी सत्ता में आएंगे, साल, दो साल बाद । यह चलने वाली सरकार नहीं है, यह गिरने वाली सरकार है । ... (व्यवधान) आप याद रखिएगा । आप क्यों नहीं समझ रहे हैं कि साइकिल हमारा चुनाव

चिन्ह है और साइकिल ही आपकी सरकार चलवा रही है । जिस दिन साइकिल हट गई, आप कहां बैठे मिलेंगे? हमारे दूसरे साथी, जो हमें यहां लेकर आए थे ।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, मैं आग्रह कर रही हूं, कृपया कम्प्लीट कीजिए ।

?(व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** महोदया, मैं दो-तीन बातें कहता हूं । यूपी को लेकर मैं मांग करता हूं कि चम्बल एक्सप्रेस भी बनना चाहिए, क्योंकि देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे जो एक लाख करोड़ का बना है, वह दिल्ली-मुंबई से है, आप यूपी से क्यों नहीं जोड़ रहे हैं? गंगा को लेकर सब चिंतित हैं । गंगा की सफाई अभी नहीं हुई है । जो बजट गया, वह पता नहीं कहां चला गया, किसी को नहीं पता । जैसे पानी बहा, वैसे बजट भी चला गया । मंत्री जी बैठे हुए हैं । वह जानते होंगे कि देश की सबसे अच्छी लायन सफारी इटावा में बनी है । उसे बनाने में हमें बहुत समय लगा, क्योंकि एक लायन/एनिमल सफारी यदि बननी हो, तो उसको बनाने में बहुत समय लगता है और बहुत जगहों से परमिशन लेनी पड़ती है । हम लोगों को परमिशन नहीं मिली । चूंकि वह प्रोजेक्ट अच्छा है, एशियाटिक लॉएन्स की बिडिंग वहां पर शुरू हो गई है । यह सरकार इसलिए नहीं शुरू करना चाहती है, क्योंकि वह समाजवादियों ने बनाई है । पहली बार देश में एशियाटिक लॉएन्स पैदा हो रहे हैं । इटावा में पहली बार हो रहे हैं । और वह शेर मैं आपको बता दूं, शेर आया था या कोई और था वह कहानी मैं यहां नहीं पढ़ूंगा । मैं बोल दूंगा तो फिर आप बोलेंगे कि मैंने क्या बोल दिया, इसलिए मत बुलवाइए तो ही अच्छा है । कुछ तो रिश्ते बने रहें ।

माननीय सभापति **:** धन्यवाद ।

श्री अखिलेश यादव**:** महोदया, मैं यह कहना चाहता हूं कि लायंस सफारी, एनिमल सफारी यूपी क्षेत्र की प्राइड है । पहली बार एशियाटिक बिडिंग सेंटर वहां पर बन गया है । दिल्ली की सरकार और यूपी सरकार मिलकर उसे शुरू नहीं होने दे रहे हैं । मुझे उम्मीद है कि उसे आप शुरू करवा देंगे । अंत में मैं दो लाइनें कहता हूं-

बुनियाद को नकारकर जो इमारतें उठाएंगे,

हम भी देखते है, वे किस मंजिल तक जाएंगे ।

श्री रविशंकर प्रसाद **(**पटना साहिब**)** : अखिलेश जी, कुछ ज्ञान माननीय नेता, विपक्ष को भी दे दीजिए । आपने अच्छा भाषण दिया, उनको भी सिखा दीजिए । ... (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** महोदया, हालांकि अयोध्या के बारे में मैंने कहा, हम काम नहीं रोक रहे, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इन लोगों का कौन टाउन प्लानर है, कौन आर्किटेक्ट है, मैं नहीं जानता, लेकिन जब ये सरकार से चले जाएंगे, तो विश्व की सबसे बढ़िया नगरी अगर कोई बनेगी, वह अयोध्या नगरी होगी । धन्यवाद ।

SHRI NAVASKANI K. (RAMANATHAPURAM): Hon. Chairman Sir, Vanakkam.

I thank you for allowing me to take part in this discussion on Budget 2024-25. Our country India is a role model to the whole world in upholding the principle of federalism and of vibrant democracy. The Budget presented by this BJP government is against the federal structure and its principles. I wish to say that this

Budget is reflective of the antidemocratic policies of the government. This Budget is the worst budget presented so far by this government during the last 10 years. Whether this Union government is aware of the fact Tamil Nadu too exist in this country. This Budget creates such a doubt in our minds. In order to protect your government from falling, you have failed to uphold federalism and acted against the federal principles. This government has shown partiality towards some States which is no good for our country set-up on the basis of federalism. This Budget is resemblance of your anger that you wanted to show towards those States where you could not win any MP seat or get sufficient votes. Whichever party is supporting you for making you remain in power, you have extended special assistance to such States. You have just used the public money, the tax payers? money and distributed to the States like Andhra Pradesh and Bihar as these States are behind you government formation at the Union. In the past you uttered Tirukkural couplets at least for name sake. But now in this Budget there is not even a single mention about Tirukkural. You have easily ignored Tamil and Tamil Nadu without making a mention in your current Budget. BJP may have its own politics. They may have separate policies and ideologies. But such issues should never be forced upon any government which will automatically turn to be a threat to our sovereignty. You are not giving our rightful share of funds from the taxes collected from our States. But you are lavishly giving away such a huge allocation of money to some States. Is it justified?

We in our Tamil Nadu have more unmet needs than any other State, You have not given disaster relief fund as demanded by the State government of Tamil Nadu. You have neither provided funds for the execution of second phase of Chennai Metro rail project. Even before the Union Budget was prepared, our hon. Chief Minister of Tamil Nadu Thalapathy M.K. Stalin listed out all the demands of Tamil Nadu. But even though it was listed, you have not announced any special scheme in this Budget as regards Tamil Nadu and no funds were allocated for us. Even funds are not allocated for the projects which are already in progress in our State. This is a gross injustice faced by Tamil Nadu. This government has not fulfilled any demand as regards job creation during last 10 years, as promised. Now they have announced about employment generation programme which is all confusing. There is no clarity. How will they provide jobs? There is still confusion. Unemployment issues are rampant in our country. Moreover, incentives are planned to be given to employers. And the salaries of the employees are to be allocated from CSR funds. If that is so, it will create further more confusion. It will affect the developmental programmes carried out by way of CSR funds. This

Scheme was mentioned in the election manifesto of the Congress party. You have tried to copy it but did not do it properly. My parliamentary constituency has a long coastal area. Industries based on sea products, palm tree and coconut tree should be set up in these areas and employment should be generated. I have demanding this for the last 5 years in this House. But so far no Scheme has been announced by this Government. The number of man days should be increased from 100 to 200 of MGNREGA. The wages under this Scheme should also be increased to Rs 400 per day. This Scheme is a wonderful scheme brought during the UPA government led by Congress party for strengthening the rural economy. We have requested that this Scheme should be extended to the town panchayats. Under the MPLAD Scheme, Rs 5 Crore is given to each parliamentary constituency per year. In Tamil Nadu, every Assembly constituency has Rs 3 Crore as the local area development scheme fund. As the plan estimates have increased nowadays, many such works could not be completed with this sum of Rs 5 Crore.

I therefore urge that this amount under MPLAD Scheme should be enhanced from Rs. 5 Crore to Rs. 15 Crore per year. This Budget as usual is a disappointing one for the minorities and the people belonging to the marginalised sections of the society. There are 25 Crore Muslims living in this country. But there is no place for a Muslim in the Union Cabinet. You are just coming out with the slogan of ?Development for all and development with all.? This is just for name sake. India is seen as a country with religious harmony at the international arena. The Government which was in power before this BJP government had brought several Acts. One important act is the Places of Worship (Special provisions) Act 1991. This is an act aimed to protect the places of worship. Another religion cannot claim the place of worship belonging to a particular religion. There is another Act dating back before 15 August 1947, for the Places of Worship, even after the Ayodhya verdict, 25 Crore Muslims in this country have come forward to maintain peace in this country after accepting the verdict on Ayodhya. But this Government is not willing to have peace in this country, they are searching Hindu places of worship in the places where mosques and other places of worship of Muslims are situated. This should be stopped by this Government. In the name of religious politics, whatever politics you do in the name of religion, people of Ayodhya in Uttar Pradesh have taught you a lesson. In Faizabad parliamentary constituency where Ayodhya is situated, you have lost the elections. Do not engage in politics by using religion. You should rule this country by respecting the democratic credentials and the Constitution of India. Hon. Chief Minister of Tamil Nadu is in power serving the people who voted him to power and also to those who did not vote for him.

This Union Government should try to emulate from him. We are asking to release the funds that are to be released to us as our right. You have allocated additional funds for two States. We are paying you more GST than those two States which are benefitted by your wind fall of fund allocation. We want our rightful share of money that is due for Tamil Nadu. We want our funds to be released immediately. Tamil Nadu was creating more number of doctors in the country and serving this nation in a bigger way. Unable to digest, this Government has brought NEET and as a result, the future of many of our bright students is lost in the lurch. We wanted a ban on NEET. We wanted that Tamil Nadu should be exempted from NEET. Other than BJP all the political parties in Tamil Nadu under the leadership of DMK, have passed a resolution seeking exemption for Tamil Nadu from NEET. This resolution was sent to the Union Government for its assent. Without considering that proposal of exempting Tamil Nadu from appearing in NEET, this Government is engaged into diversion politics. I therefore urge that there should be exemption for Tamil Nadu from NEET. Thank you.

श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर (दाहोद) **:** आपको सादर घन्यवाद, जो आपने मुझे पूर्ण बजट 2024-25 पर हो रही चर्चा में अपनी बात रखने का अवसर दिया ।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेत्रत्व में दिनांक 23/07/2024 को तीसरे कार्यकाल का ये पूर्ण बजट फिर से एक और एतिहासिक बजट जोकि अमृतकाल का ये तीसरा बजट है, को पेश करने के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमण जी को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को इस ऐतिहासिक बजट के लिए बधाई देता हूं ।

इस बजट में नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रकट किया कि विकसित भारत का लक्ष्य उनकी निगाह में है । इसी कारण आम बजट अंतरिम बजट की कड़ी दिख रहा है । इस बजट से यह साफ है कि कृषि उत्थान के साथ-साथ रोजगार के अत्यधिक अवसर पैदा करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है।

बजट का जोर कृषि के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, कृषि में तकनीक को बढ़ावा देने और किसानों का रुझान प्राकृतिक खेती की ओर करने पर है, लेकिन कृषि और किसानों की दशा सुधारने के लिए जो उपाय किए जाने हैं, उन्हें वांछित सफलता तब मिलेगी, जब राज्य सरकारें कृषि संबंधी केंद्रीय योजनाओं को सहयोग देने के साथ किसानों की दशा सुधारने के लिए अपने हिस्से की भी जिम्मेदारी का निर्वाह करेंगी ।

सरकार की मंशा साफ है सकारात्मक है जिसकी झलक तो 18 विं लोकसभा शुरुआत में ही दिख गई जब मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का पहला कार्य देश के किसानो प्रति समर्पण है पीएम किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी कर दी है । इससे 9.3 करोड़ किसानों को फायदा हो रहा है । इस किस्त के तहत करीब 20,000 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खाते में जारिए किए गए । ये पहला क्रन्तिकारी कदम से ही दर्शाता है कि मोदी 3.0 सरकार की पूरी तरह किसान कल्याण के लिए समर्पित है । पदभार संभालने के बाद पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए किया गया है । और आने वाले समय समय में किसानों और कृषि क्षेत्र की बेहतरी के लिए और कदम उठाएंगे ।

इस बजट का एक बहुत बड़ा फोकस देश के किसान हैं । अन्न भंडारण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी स्कीम के बाद अब हम Vegetable Production Clusters बनाने जा रहे हैं । इससे एक ओर छोटे किसानों को फल-सब्ज़ियों, अन्य उपज के लिए नए बाजार मिलेंगे, बेहतर दाम मिलेंगे... तो दूसरी ओर, हमारे मध्यम वर्ग के लिए फल-सब्जियों की उपलब्धता बढ़ेगी और परिवार के लिए पोषण भी सुनिश्चित होगा । कृषि क्षेत्र में भारत का आत्मनिर्भर बनना समय की मांग है । इसलिए, दलहन, तिलहन की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को मदद की घोषणा की गई है ।

किसान हमारे 'अन्नदाता' हैं'. प्रत्येक वर्ष, पीएम-किसान सम्मान योजना के तहत सीधे 11.8 करोड़ किसानों को फाइनेंशियल सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें मार्जिनल और छोटे किसान शामिल हैं. पीएम फसल बीमा योजना के तहत 4 करोड़ किसानों को फसल इंश्योरेंस दिया जाता है. इनके अलावा, कई अन्य कार्यक्रमों के अलावा, देश और विश्व के लिए भोजन बनाने में 'अन्नडेटा' की सहायता कर रहे हैं.

इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडी को एकीकृत किया है, और 3 लाख करोड़ की ट्रेडिंग मात्रा के साथ 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं प्रदान कर रहा है. यह क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्च विकास और उत्पादकता के लिए तैयार है. ये किसान-केंद्रित पॉलिसी- आय सहायता, कीमत के माध्यम से जोखिमों के कवरेज और 6 इंश्योरेंस सहायता, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकियों और इनोवेशन को बढ़ावा देने से सुविधाजनक हैं।ये कदम दिखाते है कि बजट फिर से भारत वर्ष को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाला बजट है जिससे स्पस्ट होजाता है भारत वर्ष आगामी पञ्चवर्षीय में, विकाशील भारत से विकसित भारत की और जाने वाली गाडी और भी सुपर फ़ास्ट स्पीड से दौड़ने लगेगी । वर्ष 2047 का जो विकसित भारत लक्ष है मा० प्रधानमंत्री की सरकार का विकास को देखते हुए लगता है कि वो पहले ही प्राप्त हो जाएगा ।

· कृषि क्षेत्र में उत्पादकता और लचीलापन

· रोजगार एवं कौशल

· समावेशी मानव संसाधन विकास एवं सामाजिक न्याय

· विनिर्माण एवं सेवाएँ

· शहरी विकास

· नवाचार, अनुसंधान एवं

· विकास नई पीढ़ी के सुधार

ये वो बिंदु है जिन्ह पर इस बजट में विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. और यही इसकी इस बजट की प्राथमिकताएं भी है ।

सम्पूर्ण भारत के लिए, आधुनिकता की दिशा में, पिच्छले दस सालो में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं पिछले वर्षों में जो फैसले लिए गए, नीतियां बनीं, उसकी वजह से आज अर्थव्यवस्था का निरंतर विस्तार हो रहा है । और श्री नरेंदर मोदी जी की सरकार के सभी बजट, विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक

मजबूत नींव का निर्माण करेगा । इसमें वंचितों को वरीयता दी गई है ये बजट आज की आकांक्षा समाज गांव-गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, सभी के सपनों को पूरा करेगा ।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में ये बजट, भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही सामान्य मानवी के लिए, अनेक नए अवसर पैदा करने वाला ऐतिहासिक बजट है । ये बजट देश में अधिक तेज विकास, तेजी से बढ़ता नया बुनियादी ढांचा, अधिक निवेश के नए स्रोत, अधिक नौकरियों की संभावना ओं से भरा हुआ है । सच मे ये देश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को भी सुनिश्चित करने वाला बजट है । विकसित भारत की आकांक्षाओं और संकल्पों को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण किया है । यह बजट वंचितों को वरीयता देता है और आकांक्षी समाज, गरीबों, गांवों और मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने का प्रयास करता है ।

यह बजट युवा, गरीब, महिला व किसान को सुदृढ़ करने वाला बजट है, क्योंकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इन चारों को विकसित भारत का स्तंभ माना है । यह बजट विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला बजट है ।

ये बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला बजट है । ये देश के गांव-गरीब-किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है । पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं । ये जो नीयो मीडिल क्लास बना है, यह बजट उनके सशक्तिकरण की निरंतरता का बजट है । ये नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है । इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी । ये मिडिल क्लास को नई ताकत देने वाला बजट है । ये जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है । इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी । इस बजट से छोटे व्यापारियों, MSMEs को, यानि की लघु उद्योगों का, उसकी प्रगति का नया रास्ता मिलेगा । बजट में मैन्यूफैक्चरिंग पर भी बल है, इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी बल है । इससे आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी और गति को भी निरंतरता मिलेगी ।

आदिवासियों के विकास के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट परिव्यय 2023-24 के संशोधित अनुमान की तुलना में 73.60 प्रतिशत बढ़कर लगभग 13,000 करोड़ रुपये हुआ पिछले बजट में ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने अंतरिम बजट 2024- 25 में जनजातीय मामलों के मंत्रालय को 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवंटन से 70 प्रतिशत अधिक है । जनजातीय मंत्रालय को वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 7,605 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे ।

जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, Saturation Approach के साथ 5 करोड़ आदिवासी परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ेगा । प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान घोषितः 63,000 गांवों के परिपूर्णता कवरेज का लक्ष्य 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभान्वित करना है वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने बजट में एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत की । इस पहल का उद्देश्य जनजातीय बहुसंख्यक गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णता कवरेज प्रदान करना है, जिसमें 63,000 गांव शामिल हैं और 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभान्वित करना है । प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार|

वर्ष 2013-14 से अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्रवाई योजना (डीएपीएसटी) कोष आवंटन में 5.8 गुना वृद्धि, आवंटन 21,525.36 करोड़ रुपये (वास्तविक व्यय) से बजट अनुमान 2024-25 में 1,24,908.00 करोड़ रुपये हुआ

केंद्रीय बजट 2024-25 में जनजातीय कार्य मंत्रालय के लिए कुल परिव्यय लगभग 13,000 करोड़ रुपये है । यह पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान (आरई) की तुलना में 73.60 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है ।

हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के आभारी हैं कि उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की घोषणा की है । यह पहल पूरे भारत में जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए एकीकृत सामाजिक-आर्थिक विकास, अवसंरचना विकास और आर्थिक अवसरों के सृजन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है ।

अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए कार्यक्रमों की समग्र नीति, योजना और समन्वय के लिए योजनाएं वित्तीय सहायता प्रदान करके और अनुसूचित जनजातियों की आवश्यकताओं के आधार पर महत्वपूर्ण अंतर को पाटकर अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों तथा स्वैच्छिक संगठनों के प्रयासों का समर्थन और पूर्ति करती हैं । इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए, मंत्रालय के लिए बजट आवंटन में 2014-15 के 4,497.96 करोड़ रुपये से 2024-25 में 13,000 करोड़ रुपये की पर्याप्त वृद्धि देखी गई है, जो लगभग 189.02 प्रतिशत की वृद्धि है ।

जनजातीय उप-योजना (टीएसपी), जिसे अब अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) के रूप में जाना जाता है, के अंतर्गत 42 मंत्रालय/विभाग शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, सड़क, आवास, विद्युतीकरण, रोजगार सृजन और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में जनजातीय विकास परियोजनाओं के लिए प्रत्येक वर्ष अपनी कुल योजना आवंटन का 4.3 से 17.5 प्रतिशत तक धन आवंटित करते हैं । डीएपीएसटी कोष आवंटन 2013-14 के बाद से लगभग 5.8 गुना बढ़ गया है, जो 2013-14 में 21,525.36 करोड़ रुपये (वास्तविक व्यय) से बढ़कर बजट अनुमान 2024-25 में 1,24,908.00 करोड़ रुपये हो गया है ।

सरकार का फोकस अनुसूचित जनजातियों के समग्र विकास पर रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें देश के अन्य समुदायों के बराबर लाना है । 2024-25 के लिए योजना-वार आवंटन इस प्रकार है:

केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं

क्रम सं.	योजना का नाम	राशि (करोड़ रुपए में)
1	एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस)	6399.00
2	अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों को सहायता	160.00
3	अनुसूचित जनजातियों के लिए	30.00

	उद्यम पूंजी कोष	
4	प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पीएमजेवीएम)	152.32
5	जनजातीय अनुसंधान, सूचना, शिक्षा, संचार और कार्यक्रम (टीआईरआई-ईसीई)	32.00
6	निगरानी, मूल्यांकन, सर्वेक्षण, सामाजिक लेखा परीक्षा (एमईएसएसए)	20.00
7	अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप और छात्रवृत्ति	165.00
8	राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति योजना	6,00
9	प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन)	25.00
10	पूर्वोत्तर क्षेत्र से जनजातीय उत्पादों के प्रोत्साहन के लिए विपणन और लॉजिस्टिक्स विकास	107.52
	कुल	**7096.84**

केंद्र प्रायोजित योजनाएं

क्रम सं.	योजना का नाम	राशि **(**करोड़ रुपए में**)**
1	अनुसूचित जनजातियों के लिए प्री-	440.36

	मैट्रिक छात्रवृत्ति	
2	अनुसूचित जनजातियों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति	2432.68
3	जनजातीय अनुसंधान संस्थानों को सहायता	111.00
4	विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) का विकास	20.00
6	प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना	1000.00
7	राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए प्रशासनिक लागत	55.96
	कुल	**4300.00**

अन्य अनुदान/अंतरण

क्रम सं.	योजना का नाम	राशि (करोड़ रुपए में)
1	संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के प्रावधान के अंतर्गत अनुदान (प्रभारित)	1541.47
2	संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के दूसरे प्रावधान के खंड ए के अंतर्गत असम सरकार को अनुदान	0.01
	कुल	**1541.48**

योजनाओं के लिए कुल आवंटन **12938.32** करोड़ रुपये

सरकार ने पिछले 2024-25 में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) के निर्माण के लिए 6,399 करोड़ रुपये रखे हैं, जो 2023-24 में इस उद्देश्य के लिए आवंटित 2,471.81 करोड़ रुपये से 150 प्रतिशत अधिक है ।

ईएमआरएस का उद्देश्य जनजातीय छात्रों को दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण माध्यमिक और उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उन्हें सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में उच्च और व्यावसायिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों और नौकरियों में आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके, साथ ही गैर-एसटी आबादी के बराबर शिक्षा में सर्वोत्तम अवसरों तक पहुंच प्राप्त हो सके । प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के लिए आवंटन 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है ।

इस योजना के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, कौशल विकास, रोजगार-सह-आय सूजन जैसे क्षेत्रों में अंतर को पाटने के लिए जनजातीय लोगों के विकास और कल्याण के लिए अधिसूचित एसटी आबादी वाले राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों को धन प्रदान किया जाता है । आदिवासी अनुसंधान संस्थानों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 111 करोड़ रुपये कर दी गई है । हालांकि, 'एसटी छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप और छात्रवृत्ति' के लिए बजट आवंटन 2023-24 में 230 करोड़ रुपये से घटाकर 2024-25 में 165 करोड़ रुपये कर दिया गया है ।

रेलवे ने बुनियादी ढांचे के विकास हेतु नया दृष्टिकोण अपनाया है । बजट में रेलवे की क्षमता वृद्धि, उच्च घनत्व वाले नेटवर्क की भीड़भाड़ को कम करना, देश में लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाना, यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना और उनकी सुरक्षा सरकार के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने हुए हैं ।

अब अर्थव्यवस्था आज पहले की तुलना में अधिक सहनीय और मजबूत स्थिति में है । ये बजट, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विकास पर केंद्रित आर्थिक नीतियों की निरंतरता के रूप में है, जो पिछले दस वर्षों में इस सरकार का मुख्य आधार रही है । रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने पर विशेष जोर दिया है । वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सरकार ने रेलवे के लिए रिकॉर्ड 2,62,200 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय आवंटित किया है । 2024-25 के दौरान रेलवे के लिए सकल बजटीय सहायता 2,52,200 करोड़ रुपये है । इससे पहले, 2023-24 में सकल बजटीय सहायता 2,40,200 करोड़ रुपये थी, जो 2013-14 में केवल 28,174 करोड़ रुपये था । भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1588 मीट्रिक टन का अभूतपूर्व सर्वाधिक माल लदान हासिल किया है, जो 2014-15 में 1095 मीट्रिक टन था और रेलवे 2030 तक 3,000 मीट्रिक टन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है । रेलवे ने 2023-24 में 2,56,093 करोड़ रुपये की सर्वकालिक सर्वाधिक कुल प्राप्तियां हासिल की और पूंजीगत व्यय के पूरक के लिए 3,260 करोड़ रुपये का शुद्ध राजस्व का सृजन किया ।

रेलवे ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं । पिछले 10 वर्षों में, रेलवे ने 31,180 ट्रैक किलोमीटर चालू किए । ट्रैक बिछाने की गति 2014-15 में 4 किमी प्रति दिन से बढ़कर 2023-24 में 14.54

किमी प्रति दिन हो गई । 2014-2024 के दौरान, भारतीय रेलवे ने 41,655 रूट किलोमीटर (आरकेएम) का विद्युतीकरण किया है, जबकि 2014 तक केवल 21,413 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया था ।

2014-24 के दौरान रेलवे में 5.02 लाख उम्मीदवारों की भर्ती की गई; कोविड-19 के चलते लगाए गए प्रतिबंधों में ढील के बाद कंप्यूटर आधारित टेस्ट के जरिए 1,30,581 उम्मीदवारों की भर्ती हुई

भारतीय रेलवे के आकार, स्थानिक वितरण और संचालन की गंभीरता को देखते हुए इसमें रिक्तियां होना और उन्हें भरा जाना एक निरंतर प्रक्रिया है । इसके नियमित संचालन, प्रौद्योगिकी में आते बदलाव, मशीनीकरण और इनोवेटिव पद्धतियों पर खरा उतरने के लिए समुचित और उपयुक्त कार्यबल प्रदान किया जाता है । रेलवे के ऑपरेशंस और तकनीकी जरूरतों के अनुसार ही उसके द्वारा भर्ती एजेंसियों के जरिए मांगपत्र जारी करके रिक्तियों को मूलतः भरा जा रहा है ।

कोविड-19 के कारण लगाए गए प्रतिबंधों में ढील के बाद 2.37 करोड़ से ज्यादा उम्मीदवारों की प्रतिभागिता वाली दो प्रमुख परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गई हैं ।

· 1.26 करोड़ से ज्यादा उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) परीक्षा 28.12.2020 से 31.07.2021 तक 7 चरणों में, 68 दिनों में, 133 शिफ्टों में, 211 शहरों और 726 केंद्रों पर आयोजित की गई थी ।

· इसी तरह 1.1 करोड़ से ज्यादा उम्मीदवारों के लिए सीबीटी 17.08.2022 से 11.10.2022 तक 5 चरणों में, 33 दिनों में, 99 शिफ्टों में, 191 शहरों और 551 केंद्रों पर आयोजित की गई थी ।

इन परीक्षाओं के आधार पर रेलवे में 1,30,581 उम्मीदवारों की भर्ती की गई है ।

रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की परीक्षाएं काफी तकनीकी प्रकृति की होती हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर कर्मचारियों और संसाधनों को जुटाना और जनशक्ति को प्रशिक्षित करने का काम शामिल होता है । रेलवे ने इन सभी चुनौतियों को पार किया और सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती सफलतापूर्वक आयोजित की । पूरी प्रक्रिया के दौरान पेपर लीक या इसी तरह की किसी भी गड़बड़ी की घटना नहीं हुई ।

भारतीय रेलवे में 2004-2014 के दौरान और 2014-2024 के दौरान की गई भर्तियों को देखे पाएँगे की प्रधानमंत्री श्री नरेंदर मोदी जी के कार्यकाल में अधिक नौकरिया दी गई है

अवधि	भर्ती
2004-14	4.11 लाख
2014-24	5.02 लाख

रोजगार और स्वरोजगार के अभूतपूर्व अवसर बनाना, ये हमारी सरकार की पहचान रही है । आज का बजट इसे और सुदृढ़ करता है । देश और दुनिया ने PLI स्कीम की सफलता देखी है । अब इस बजट में सरकार ने Employment Linked Incentive scheme की घोषणा की है । इससे देश में करोड़ों-करोड़ों नए रोजगार बनेंगे । इस योजना के तहत, जीवन में पहली नौकरी पाने वाले युवा की पहली तनख्वाह, हमारी सरकार देगी । स्किल डेवलपमेंट और उच्च शिक्षा के लिए मदद हो या फिर 1 करोड़ नौजवानों को इंटर्नशिप की योजना, इससे गांव के, गरीब के मेरे नौजवान साथी, मेरे बेटे-बेटी, देश की टॉप कंपनियों में काम करेंगे, उनके सामने संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे । हमें हर शहर, हर गाँव, हर घर entrepreneurs बनाना हैं । इसी उद्देश्य से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए किया गया है । इससे छोटे कारोबारियों, विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा ।

लोग मिलकर भारत को ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाएंगे । देश का MSME सेक्टर, मध्यम वर्ग से जुड़ा हुआ है, एक प्रकार से MSME सेक्टर की ownership मध्यमवर्गीय है । और इसी सेक्टर से गरीबों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार भी मिलता है । छोटे उद्योगों को बड़ी ताकत, उस दिशा में हमारा अहम कदम है । इस बजट में MSMEs के लिए Ease of Credit बढ़ाने वाली नई योजना का एलान किया गया है । मैन्युफेक्चरिंग और एक्सपोर्ट्स इकोसिस्टम को हर जिले तक ले जाने के लिए बजट में अहम घोषणा की गई है । E-Commerce Export Hubs और फूड क्वालिटी टेस्टिंग के लिए 100 यूनिट्स, ऐसे कदमों से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट अभियान को गति मिलेगी ।

ये बजट हमारे स्टार्टअप्स के लिए, इनोवेशन इकोसिस्टम के लिए ढेर सारे नए अवसर लेकर आया है । रिकॉर्ड हाई कैपेक्स इकॉनॉमी का एक ड्राइविंग फोर्स बनेगा । 12 नए इंडस्ट्रियल नोड्स देश में नए सैटलाइट टाउन्स का विकास और 14 बड़े शहरों के लिए Transit Plans… इससे देश में नए economic hub विकसित होंगे और बहुत बड़ी संख्या में नए रोज़गार बनेंगे ।

देश में गरीबी समाप्त हो, गरीब का सशक्तिकरण हो, इस दिशा में भी आज के बजट में प्रमुख घोषणाएं की गई हैं । गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाना तय हुआ है ।

आज का बजट नए अवसर, नई ऊर्जा लेकर आया है । ये ढेर सारे नए रोजगार, स्वरोजगार के अवसर लेकर आया है । ये Better Growth और Bright Future लेकर आया है । आज का बजट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने के, उस पूरी प्रक्रिया में कैटेलिस्ट का काम करेगा, विकसित भारत की एक ठोस नींव रखेगा ।

यह बजट देश के युवाओ में नया जोश भर देता है, एक नई दिशा देने की बात करता है । युवाओं की इनकम बढ़ने की पूरी पूरी उम्मित इस बजट में दिखती है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार की लगातार युवाओं के लिए काम कर रही है । साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बन जाएगा और जिसकी बुनियाद आज युवा ही होंगे ।

प्रधानमंत्री पैकेज के तहत इस बजट में हमने मुख्य रूप से रोजगार, कौशल विकास, सूक्ष्म, और मध्यम उद्यम तथा मध्यम वर्ग पर ध्यान केन्द्रित किया है । पांच योजनाओं और नई लघु पहल के एक पैकेज की घोषणा की ।

इस पैकेज का उद्देश्य 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार सृजन, कौशल विकास और अन्य अवसर उपलब्ध कराना है, जिसके लिए पांच वर्ष की अवधि में दो लाख करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता राशि निर्धारित की गई है । शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए एक लाख 48 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है ।

प्रधानमंत्री के पैकेज के हिस्से के रूप में एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव के लिए तीन योजनाओं को कर्मचारी भविष्य निधि ईपीएफओ में नामांकन पर आधारित होंगी और पहली बार रोजगार पाने वाले को पहचान दिलाने में मदद करेंगी साथ ही रोजगार देने वाले तथा रोजगार प्राप्त करने वाले का सहयोग करेंगी ।

योजना ए**:** यह योजना सभी प्रमुख औपचारिक कार्य क्षेत्रों में कामगार के रूप में शामिल होने वाले नये युवाओं को एक महीने का वेतन उपलब्ध करायेगी । इससे दो वर्ष तक 2.1 करोड़ युवा लाभांवित होंगे । इस योजना में शामिल होने के लिए पात्रता की सीमा वेतन के रूप में एक लाख रुपये प्रतिमाह तक होगी । कर्मचारी भविष्य निधि- ईपीएफओ में पंजीकृत हुए पहली बार रोजगार पाने वाले लोगों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से एक महीने का वेतन 15 हजार की तीन किस्तों में दिया जाएगा और यह अधिकतम होगा । इस योजना से 210 लाख युवाओं के लाभान्वित होने की आशा है।

योजना बीः इस योजना में विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा, जो पहली बार रोजगार पाने वाले कामगारों के रोजगार से जुड़ा हुआ है । योजना के अंतर्गत पहली बार रोजगार पाने वाले 30 लाख युवाओं और उनके नियोक्ताओं के लाभान्वित होने की आशा है । मुख्य रूप से कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों को सीधे तौर पर एक विनिर्दिष्ट पैमाने पर रोजगार के पहले चार वर्षों में ईपीएफओ में उनके अंशदान के संबंध में प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी । यदि पहली बार रोजगार पाने वाले कामगार की सेवाएं उसकी नियुक्ति के 12 महीनों के अंदर समाप्त कर दी जाती है तो सब्सिडी नियोक्ता के द्वारा लौटाई जाएगी ।

योजना सीः रोजगार देने वाले नियोक्ताओं पर केंद्रित इस योजना में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार को शामिल किया जाएगा । इसमें एक लाख रुपए प्रतिमाह के वेतन के भीतर सभी अतिरिक्त रोजगारों की गणना की जाएगी । सरकार, प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के संबंध में नियोक्ताओं को ईपीएफओ अंशदान के लिए उन्हें 2 वर्षों तक 3,000 रुपये प्रतिमाह की प्रतिपूर्ति करेगी । इस योजना से 50 लाख व्यक्तियों को अतिरिक्त रोजगार प्रोत्साहन मिलने की आशा है ।

प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत चौथी योजना के रूप में राज्य सरकारों और उद्योग जगत के सहयोग से कौशल प्रशिक्षण के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित एक नई योजना की घोषणा की जा रही है । इस योजना के तहत 5 वर्षों की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा और इसके लिए 60 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है । परिणाम उन्मुख दृष्टिकोण के साथ हब और स्पोक व्यवस्था में 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक तरीके से विकसित किया जाएगा । इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र की जरूरतों को समझते हुए कौशल संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु और कार्य योजना तैयार किए जाएंगे तथा नई संभावनाओं के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे ।

सरकार प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत 5 वीं योजना के रूप में 500 शीर्ष कंपनियों में 5 वर्षों के दौरान एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण (इसमें कंपनियों की भागीदारी स्वैच्छिक होगी) प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना की शुरूआत करेगी । उन्हें वास्तविक व्यवसायिक वातावरण, विभिन्न कार्य क्षेत्रों और रोजगार के अवसरों के लिए 12 महीनों का अनुभव मिलेगा । इस योजना के तहत 5,000 रुपये प्रतिमाह का प्रशिक्षण भत्ता और 6,000 रुपये की एकबारगी सहायता राशि प्रदान की जाएगी । श्रीमती सीतारमण ने कहा कि

इसके लिए कंपनियों से प्रशिक्षण और इंटर्नशिप लागत का 10 प्रतिशत हिस्सा अपनी सीएसआर निधियों से वहन करने की अपेक्षा की जाती है । ऐसे युवा जो 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के हैं और बेरोजगार हैं, साथ ही किसी भी शैक्षिक गतिविधि में पूर्ण रूप से शामिल नहीं है, वे इस योजना के पात्र हैं और आवेदन कर सकते हैं ।

युवाओं को अंतरिम बजट से काफी उम्मीदें थीं । जो इस बजट में लगभग पूरी हुई है । पिछले बजट में सरकार की ओर से कौशल विकास योजना 4.0 की शुरुआत की गई थी । वित्त मंत्री ने 30 स्किल इंडिया नेशनल सेंटर खोलने का ऐलान किया था । रोजगार निर्माण के लिए 10 लाख करोड़ के निवेश का ऐलान किया था । वहीं 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों में अगले तीन सालों में 38 हजार टीचर्स और सहायक स्टाफ की नियुक्ति की घोषणा की थी

यह देश खेलों में हमारे युवाओं की नई ऊंचाइयों पर गर्व करता है । 2023 में एशियन गेम्स और एशियन पारा गेम्स में सबसे अधिक मेडल टैली एक उच्च आत्मविश्वास स्तर को दर्शाती है. चेस प्रोडिजी और हमारे नंबर वन रैंक वाले प्लेयर प्रम्नानन्धा ने 2023 में राइनिंग वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्ल्सन के खिलाफ कठोर लड़ाई लड़ी । आज, भारत में 2010 में 20 से अधिक की तुलना में 80 से अधिक चेस ग्रैंडमास्टर हैं ।

उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण, जीने में आसानी, और उनके लिए गरिमा ने इन दस वर्षों में गति प्राप्त कर ली है । महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना लोन दिए गए हैं उच्च शिक्षा में महिला नामांकन दस वर्षों में 28 प्रतिशत बढ़ गया है. स्टेम पाठ्यक्रमों में, लड़कियों और महिलाओं में नामांकन का तीन प्रतिशत है- जो विश्व में सबसे अधिक है । ये सभी उपाय कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी में प्रतिबिंबित हो रहे हैं।

भारत ने विश्व के लिए बहुत कठिन समय के दौरान जी20 प्रेसडेंसी का अनुमान लगाया वैश्विक अर्थव्यवस्था में उच्च मुद्रास्फीति, उच्च ब्याज दरें, कम वृद्धि, बहुत अधिक सार्वजनिक कर्ज, कम व्यापार वृद्धि और जलवायु चुनौतियां शामिल थीं । महामारी ने विश्व के लिए खाद्य, उर्वरक, ईंधन और वित्त के संकट का कारण बन गया था, जबकि भारत ने सफलतापूर्वक अपना रास्ता दिखाया । देश ने उन वैश्विक समस्याओं के समाधानों पर आगे बढ़ने और सहमति बनाने का तरीका दिखाया ।

हाल ही में घोषित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे भारत और अन्य लोगों के लिए एक रणनीतिक और आर्थिक खेल परिवर्तक है । माननीय प्रधानमंत्री के शब्दों में, कॉरिडोर "आने वाले सैकड़ों वर्षों तक विश्व व्यापार का आधार बनेगा और इतिहास यह याद रखेगा कि यह कॉरिडोर भारतीय भूमि पर शुरू किया गया था" । 'विक्सित भारत' के लिए विजन । 'सबका विश्वास' अर्जित करने वाले प्रदर्शन और प्रगति के मजबूत और अनुकरणीय ट्रैक रिकॉर्ड से उत्पन्न होने वाले विश्वास के साथ, अगले पांच वर्ष अभूतपूर्व विकास के वर्ष होंगे, और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए स्वर्ण क्षण होंगे ।

सबके प्रयास द्वारा समर्थित लोकतंत्र, लोकतंत्र और विविधता की त्रिमूर्ति में प्रत्येक भारतीय की आकांक्षाओं को पूरा करने की क्षमता है । 'सुधार, निष्पादन और रूपांतरण' सिद्धांत द्वारा मार्गदर्शित, सरकार अगली पीढ़ी के सुधार करेगी और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्यों और हितधारकों के साथ सहमति बनाएगी । इन्वेस्टमेंट की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मोदी सरकार आकार, क्षमता, कौशल और नियामक ढांचे के मामले में फाइनेंशियल सेक्टर तैयार करेगी ।

महत्वाकांक्षी जिलों के कार्यक्रम के लिए मोदी सरकार पर्याप्त आर्थिक अवसरों के उत्पादन सहित महत्वाकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के तेजी से विकास में राज्यों की सहायता करने के लिए तैयार है । कोविड के कारण चुनौतियों

के बावजूद, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) का कार्यान्वयन जारी रहा और हम तीन करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं ।

परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ से अधिक मकान लिए जाएंगे । रूफटॉप सोलराइजेशन और मफ्ट बिजली, रूफटॉप सोलराइज़ेशन के माध्यम से, हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त करने के लिए एक करोड़ घरों को सक्षम किया जाएगा । फ्री सोलर इलेक्ट्रिसिटी के घरों के लिए वार्षिक रूप से पन्द्रह से अठारह हजार रुपये तक की बचत और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को सरप्लस बेचना; इलेक्ट्रिक वाहनों का शुल्क; आपूर्ति और संस्थापन के लिए बड़ी संख्या में विक्रेताओं के लिए उद्यमिता के अवसर;

निर्माण, संस्थापन और रखरखाव में तकनीकी कौशल के साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर; मिडल क्लास के लिए हाउसिंग, सरकार मध्यम वर्ग के योग्य सेक्शन में मदद करने के लिए एक स्कीम शुरू करेगी "किराए के घरों में रहना, या स्लम, या चाल और अनधिकृत कॉलोनी" अपने घरों, मेडिकल कॉलेजों को खरीदने या बनाने के लिए ।

कई युवाओं को डॉक्टरों के रूप में योग्यता प्राप्त करने की महत्वाकांक्षा है । उनका लक्ष्य सुधारित स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से लोगों की सेवा करना है । मोदी सरकार विभिन्न विभागों के तहत मौजूदा अस्पताल मूल संरचना का उपयोग करके अधिक चिकित्सा कॉलेज स्थापित करने की योजना बना रही है । इस उद्देश्य के लिए एक समिति नियत की जाएगी ।

देश भर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) की संख्या बढ़ने पर कहा था कि जहां अन्य दलों के शासन के दौरान केवल एक AIIMS बनाया गया था, वहीं वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 6 AIIMS का निर्माण किया, उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के कारण पिछले 9 वर्षों में 15 नए AIIMS समर्पित किए गए । देशभर में 7 नए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IITs), 16 IIIT (ट्रिपल आईटी) और 390 यूनिवर्सिटीज बनाई गई । इसके अलावा 15 ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIIMS) खोले गए हैं ।

बहुत सारे युवा चाहते हैं कि वो डॉक्टर बनें और देश के लिए स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें । इसके लिए और अधिक चिकित्सा महाविद्यालय बनेंगे, सबसे पहले एक समिति बनाई जाएगी जो कि इसका निर्धारण करेगी । अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्किल इंडिया ने 1.4 करोड़ युवाओं को ट्रेनिंग दी जा चुकी है ।

भारत में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रस्ताव और इसके लिए एक समर्पित समिति का गठन सराहनीय कदम है । यह कदम निश्चित रूप से महत्वाकांक्षी चिकित्सा पेशेवरों के लिए कई अवसर पैदा करेगा, एक अधिक अनुकूल शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देगा और वर्तमान में छात्रों द्वारा सामना किए जाने वाले प्रतिस्पर्धी दबाव को कम करेगा । मेडिकल एजुकेशन तक बढ़ी हुई पहुंच प्रदान करके, हम डॉक्टरों की भावी पीढ़ियों को सशक्त बना सकते हैं और राष्ट्र के लिए एक उज्जवल स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में योगदान दे सकते हैं ।

स्वास्थ्य के संबंध में भारत में अभी दिया गया अभी तक महत्वपूर्ण बजट है और जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट आवंटन में साल-दर-साल ज्यादा बढ़ोत्तरी देखी जा रही है ।

किफायती कैंसर उपचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, तीन अतिरिक्त कैंसर दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई ।

मेडिकल एक्स-रे मशीनों में उपयोग के लिए एक्स-रे ट्यूब और फ्लैट पैनल डिटेक्टरों पर सीमा शुल्क संशोधित किया गया ।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट व्यय में लगभग 4000 करोड़ रुपये की वृद्धि; बजट व्यय 31,550 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 36000 करोड़ रुपये किया गया । उत्पादकता और नवाचार के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) अनुप्रयोगों का प्रस्ताव । स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और स्ट्रीट फूड को बढ़ावा देने के लिए चुनिंदा शहरों में 100 साप्ताहिक "हाट" या स्ट्रीट फूड हब शुरू होंगे ।

बजट में कैंसर की तीन अतिरिक्त दवाओं- ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डर्वालुमैब- को सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की । देश में 27 लाख कैंसर रोगियों को इससे फायदा होगा । इन दवाओं को सस्ती दरों पर लोगों को उपलब्ध कराने के लिए वित्त मंत्रालय ने सीमा शुल्क से छूट दी है ।

तीन कैंसर दवाएं अर्थात् ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब का उपयोग विभिन्न ट्यूमर प्रकारों के लिए किया जाता है ।

1. ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन - स्तन कैंसर

2. ओसिमेरटिनिब - फेफड़ों का कैंसर; तथा

3. डुरवालुमाब - फेफड़ों का कैंसर और पित्त नली का कैंसर

केंद्रीय वित्त मंत्री ने एक्स-रे ट्यूब और फ्लैट पैनल डिटेक्टरों पर सीमा शुल्क दरों में भी संशोधन किया । इन संशोधित दरों से एक्स-रे मशीन उद्योग की कीमतों पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि इससे कम लागत पर घटक उपलब्धता बढ़ेगी । इस परिवर्तन से घरेलू चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को बढ़ावा मिलने, कम लागत पर घटक उपलब्धता में योगदान देने और स्वास्थ्य सेवा लागत में कमी आने की उम्मीद है । इससे उन्नत चिकित्सा इमेजिंग अधिक सुलभ और सस्ती हो जाएगी ।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट व्यय में लगभग 4000 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है, जो 31,550 करोड़ रुपये से बढ़कर 36000 करोड़ रुपये किया गया है । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन केंद्र प्रायोजित योजना है जो मुख्य रूप से राष्ट्र में प्राथमिक और माध्यमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराती है । सरकार का ध्यान स्वास्थ्य के निवारक और उपचारात्मक पहलुओं को लागू करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में निवेश करना है ताकि बड़े पैमाने पर जनता के खर्च को कम किया जा सके ।

निजी क्षेत्र द्वारा उत्पादकता लाभ, व्यावसायिक अवसरों और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए, बजट में जनसंख्या के पैमाने पर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना अनुप्रयोगों के विकास का प्रस्ताव है । इन पहलों का उद्देश्य क्रेडिट ई-कॉमर्स, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून और न्याय, लॉजिस्टिक्स, एमएसएमई सेवाएं, वितरण और शहरी शासन सहित विभिन्न क्षेत्रों को बढ़ावा देना है ।

केंद्रीय बजट 2024-25 में कुछ चयनित शहरों में 100 साप्ताहिक "हाट" या स्ट्रीट फूड हब विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है । इस प हल का उद्देश्य स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुद्ध करना और स्ट्रीट फूड के अनुभव को बढ़ाना है, जिससे शहरी विकास और सामुदायिक जुड़ाव में और अधिक योगदान मिलेगा ।

ट्रैस्टुजुमाब इंजेक्शन 440 मिलीग्राम/50 मिलीलीटर आवश्यक दवाओं की नई राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) 2022 के तहत एक शेड्यूल दवा है और राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने इसकी अधिकतम कीमत तय कर दी है । वर्तमान में लागू अधिकतम कीमत 54725.21 रुपये प्रति शीशी है, जो कि एसओ 1547 (ई) दिनांक 26.03.2024 के अनुसार है । हालांकि, इसका अन्य वेरिएंट शेड्यूल सूची में नहीं हैं । ट्रैस्टुजुमाब अलग-अलग क्षमता और खुराक में आता है और इसका संयुक्त वार्षिक कारोबार 276 करोड़ रुपये से अधिक है ।अन्य दो दवाएँ यानी ओसिमर्टिनिब और डर्वालुमैब डीपीसीओ, 2013 के तहत गैर- अनुसूचित दवाएँ हैं । इसलिए, एनपीपीए गैर- शेड्यूल फॉर्मूलेशन के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) की निगरानी करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पिछले बारह महीनों के दौरान इसमें एमआरपी से 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि न हो । वर्ष 2023-24 के लिए डर्वालुमैब का वार्षिक कारोबार 28.8 करोड़ रुपये था ।

ओसिमर्टिनिब 42 कैंसर रोधी दवाओं की सूची में शामिल है, जिसके लिए व्यापार मार्जिन को एसओ 1041 (ई) दिनांक 27.02.2019 के तहत व्यापार मार्जिन अवलोकन के तहत विनियमित किया गया था । एनपीपीए के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023- 24 के लिए ओसिमर्टिनिब का वार्षिक कारोबार 52.26 करोड़ रुपये था ।

मेडिकल एक्स-रे मशीनों और निर्दिष्ट उप-असेंबली/भागों/उप-भागों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए, 22 जनवरी 2021 को डीओपी द्वारा एक चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम (पीएमपी) अधिसूचित किया गया था । इसके तहत मेडिकल एक्स-रे मशीनों और एक्स-रे मशीनों के विनिर्माण में उपयोग किए जाने वाले निर्दिष्ट उप-असेंबली/भागों/उप-भागों पर चरणबद्ध तरीके से बढ़ती दर पर टैरिफ परिवर्तन प्रस्तावित किए गए थे ।

चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम (पीएमपी) का उद्देश्य मेडिकल एक्स-रे मशीन और संबंधित सब-असेंबली/पार्ट्स/सब-पार्ट्स उद्योग को इस क्षेत्र में अपने निवेश की योजना बनाने और एक्स- रे मशीन और संबंधित सब-असेंबली/पार्ट्स/सब-पार्ट्स पर बढ़ते शुल्क ढांचे को ध्यान में रखते हुए घरेलू उत्पादन बढ़ाने में सक्षम बनाना था । इससे घरेलू मूल्य संवर्धन में वृद्धि होने और भारत में एक मजबूत मेडिकल एक्स-रे मशीन विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित होने की उम्मीद थी ।

देश में एक्स-रे ट्यूब और फ्लैट पैनल डिटेक्टरों के लिए विनिर्माण क्षमता अभी तक विकसित नहीं हुई है और इन वस्तुओं से संबंधित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम (पीएमपी) अनुसूची में संशोधन के लिए अनुरोध किया है । इस संबंध में, सावधानीपूर्वक जांच के बाद, यह पाया गया कि घरेलू जरूरत को पूरा करने के लिए एक्स-रे ट्यूब और फ्लैट पैनल डिटेक्टरों के लिए पर्याप्त घरेलू क्षमता स्थापित करने में कम से कम दो साल लग सकते हैं । इसके बाद, विभाग ने 24.5.2024 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से संशोधित दरों के लिए राजस्व विभाग से अनुरोध किया है । वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना संख्या 30/2024-सीमा शुल्क दिनांक 23 जुलाई, 2024 (क्रम सं. 71) के जरिए विभाग द्वारा यथा प्रस्तावित वस्तुओं के लिए शुल्क दरों को संशोधित किया है ।

बड़ी दूरदृष्टि है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार की, प्रमुख स्वास्थ्य योजना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को पूरे भारत में आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों तक बढ़ाया जाएगा । इस योजना के तहत, भारत के लगभग 10 करोड़ सबसे गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक की द्वितीयक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती कवरेज (Hospitalization Coverage) की पेशकश की जाती है.

अनुमान के मुताबिक, देश में लगभग 10 लाख आशा कार्यकर्ता हैं जो सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, सेवा प्रदाता के रूप में काम करती हैं और स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता फैलाती हैं । प्रीस्कूलर और गर्भवती महिलाओं के बीच पोषण संबंधी मापदंडों को बढ़ाने के लिए केंद्र की एकीकृत बाल विकास सेवाओं के तहत स्वयंसेवकों के रूप में काम करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संख्या लगभग 13 लाख है. सरकारी अनुमान के अनुसार, राज्यों में लगभग 11.6 लाख आंगनवाड़ी सहायिकाएं हैं. अंतरिम बजट में वित्त मंत्री द्वारा मौजूदा अस्पताल के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके देश में और अधिक मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा भी की गई और इसके लिए एक समिति भी गठित की जायेगी |

शुरू की गई अन्य पहलों के बीच, माननीय वित्त मंत्री जी ने यू-विन पोर्टल के राष्ट्रव्यापी लॉन्च की घोषणा की जो कि कोविड-19 वैक्सीन प्रबंधन प्रणाली को-विन के समान है- जिसका उद्देश्य पंजीकरण, फॉलो-अप और टीकाकरण सहित देश में सभी टीकाकरण और टीकाकरण सर्टिफिकेट कार्यक्रमों का दस्तावेजीकरण करना है. इस पहल से संबंधित एक पायलट प्रोजेक्ट पिछले साल जनवरी में शुरू किया गया था ।

"जय जवान जय किसानः

प्रधानमंत्री शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया । प्रधानमंत्री वाजपेयी ने बताया कि 'जय जवान जय किसान जय विज्ञान', प्रधानमंत्री मोदी ने यह आगे बढ़ाया है कि "जय जवान जय किसान जय विज्ञान और जय अनुसंधान", क्योंकि इनोवेशन विकास की नींव है.

हमारे टेक सेवी युवाओं के लिए यह एक सुनहरा युग होगा. पचास वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के साथ एक लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया जाएगा. कॉर्पस लंबी अवधि और कम या शून्य ब्याज दरों के साथ दीर्घकालिक वित्तपोषण या पुनर्वित्तपोषण प्रदान करेगा. इससे निजी क्षेत्र को सूर्योदय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रूप से अनुसंधान और नवान्वेषण बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा. हमारे पास ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए जो हमारे युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों को संयोजित करते हैं.

विकसित भारत के लिए राज्यों में सुधार: विकसित भारत के दृष्टिकोण को समझने के लिए राज्यों में कई विकास और विकास सक्षम सुधारों की आवश्यकता होती है. राज्य सरकारों द्वारा माइलस्टोन से जुड़े सुधारों का समर्थन करने के लिए इस वर्ष पचास हजार करोड़ रुपये का प्रावधान इस साल प्रस्तावित किया जाता है.

सरकार तेजी से आबादी की वृद्धि और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से उत्पन्न चुनौतियों पर व्यापक विचार करने के लिए एक उच्च शक्ति प्राप्त समिति बनाएगी. 'विक्सित भारत' के लक्ष्य के संबंध में इन चुनौतियों को व्यापक रूप से संबोधित करने के लिए सुझाव देने के लिए समिति को अनिवार्य किया जाएगा'.

कर्तव्य काल के रूप में अमृत काल. मोदी सरकार उच्च विकास के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों के लिए अपनी आकांक्षाओं को समझने के लिए शर्तें बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.

केंद्रीय बजट 2024-25 आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए एक व्यापक योजना की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें अगली पीढ़ी के सुधारों पर जोर दिया गया है । उत्पादकता में सुधार, बाजार दक्षता बढ़ाने और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करके, सरकार का लक्ष्य एक मजबूत और समावेशी आर्थिक ढांचा बनाना है । भूमि, श्रम, वित्त और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में प्रस्तावित सुधार स्थायी विकास को बढ़ावा देने और सभी नागरिकों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं ।

इस अमृतकाल के तीसरे बजट में भारत की अर्थव्यवस्था सही दिशा में चल रही है, सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है और साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बन जाने के लक्ष को प्राप्त कर लेगा है ।

देश को आत्मनिर्भर बनाने वाले, इस बेहतरीन बजट पेश करने के लिए मैं मा० प्रधानमंत्री जी का और माननीय वित्त मंत्री जी को एक बार फिर से धन्यवाद देता हूँ ।

श्री राधा मोहन सिंह (पूर्वी चम्पारण) : मैं आभारी हूं कि बजट वर्ष 2024-25 के समर्थन में मुझे अपने विचार प्रकट करने का अवसर दिया गया है । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में तीसरे कार्यकाल के इस बजट में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए एक रोड मैप प्रस्तुत किया गया है । इसके लिए मैं देशवासियों की ओर से माननीय प्रधानमंत्री जी एवम माननीय वित्त मंत्री जी का अभिनंदन करता हूं । बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री जी ने देश की आर्थिक बढ़ोतरी को बढ़ावा देने के कई प्रगतिशील उपाय पेश किए है ।

बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हुए सतत विकास की रूप-रेखा तैयार किया गया है । और युवाओं के लिए भी बजट में शिक्षा और कौशल विकास जैसे खास इंतजाम किया गया है ।

बजट काफी अच्छा है, भारत में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एंजेल टैक्स समाप्त करना सरकार का महत्वपूर्ण कदम है । यह कदम उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देगा ।

महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और महिलाओं के लिए एआई- संचालित अपस्किलिंग पर जोर लैंगिक समानता और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करता है ।

एक करोड़ घरों को प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त करने में सक्षम बनाने हेतु रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया गया है । इस योजना पर लोगों की प्रतिक्रिया काफी अच्छी रही है जिसके अंतर्गत 1.28 करोड से अधिक पंजीकरण किए गए हैं और 14 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं इसे आगे और प्रोत्साहित किया जाएगा ।

अधिक उत्पादकता व प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता दी है । जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से कृषि क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन के लिए अनुसंधान व शोध के लिए सरकार ने बजट में प्रावधान किया है । साथ ही जलवायु के अनुसार कृषि क्षेत्र के लिए 32 व बागवानी फसलों की अधिक उपज देने वाली नई 109 किस्में किसानों को देने की बात कही है, जो कि अच्छा कदम है । कृषि एवं किसान के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता इस बात से स्पष्ट होता है कि 2013-14 में कृषि का बजट 23 हजार करोड़ था, जो अब बढकर 2024-25 में कृषि का बजट 1 लाख 52 हजार करोड़ का हो गया है ।

कांग्रेस पार्टी एवं उनके सहयोगी मित्रों ने किसानों के लिए नारे लगा लगाकर इस सदन में चिंता कर रहे थे लेकिन इन्होंने कभी भी निष्ठा के साथ किसान कल्याण के लिए काम नहीं किया है । इन्होंने क्या किया मैं अपने मुंह से कुछ नहीं कहना चाहता हूं आपके माध्यम से पूरे सदन के ध्यान में एक जानकारी लाना चाहता हूं की स्वामीनाथन जी के संबंध में कई मित्रों ने चर्चा की स्वामीनाथन जी स्वयं क्या बोले हैं यह 6 अगस्त 2018 के टाइम्स आफ इंडिया में उनका एक आलेख छपा है जिसमें लिखा है:

"स्वतंत्र भारत तथा उप-निवेशित भारत के इतिहास में पहली बार वर्ष 2004 में तत्कालीन कृषि मंत्री श्री राजनाथ सिंह के कार्यकाल में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय किसान आयोग की स्थापना की गई थी । इस आयोग की स्थापना का उद्देश्य किसान परिवारों की समस्याओं की समीक्षा करना तथा खेती को अधिक लाभकारी बनाने के साथ-साथ युवा पीढ़ी के लिए आकर्षक बनाने के वास्ते विभिन्न तौर-तरीकों का सुझाव देना था ।"

"वर्ष 2006 में प्रस्तुत इस आयोग की सिफारिश में न केवल कृषि के उन्नयन के लिए सुझाव दिए गए थे बल्कि किसानों के परिवारों के आर्थिक हित के लिए भी सुझाव दिए गए थे । इस आयोग ने किसानों को न्यूनतम सकल आय प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि की आर्थिक व्यवहार्यता में सुधार करने के वास्ते किसानों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण लक्ष्य स्थापित किया था । इसके साथ ही इस सिफारिश में कृषिगत प्रगति के आकलन के मानदंडों में किसानों की सकल आय में सुधार को शामिल किया गया था । "

"सातवें पैरा में उन्होंने लिखा है कि यद्यपि राष्ट्रीय किसान आयोग की रिपोर्ट वर्ष 2006 में प्रस्तुत की गई थी परंतु जब तक नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार नहीं बनी थी, तब तक इस पर बहुत कम काम हुआ था । सौभाग्यवश पिछले 4 वर्षों के दौरान किसानों की स्थिति और आय में सुधार करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं । "

2024-25 का यह बजट ऐसा संतुलित बजट है जिसके सकारात्मक प्रभाव आने वाले दिनों में दिखने आरम्भ हो जाएंगे ।

यह बजट हमारी अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, रोजगार के असंख्य अवसर बढाने एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के समग्र विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एंव ऐतिहासिक कदम हैं ।

यह बजट भारत को वर्ष 2027 तक विश्व की तीसरी बडी अर्थव्यवस्था एवं वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बनाने के माननीय मोदी जी के संकल्प को मूर्तरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

· मैं बिहार राज्य से आता हूं, इस बार बजट में जो बिहार के विकास हेतु विशेष ध्यान दिया गया है, मैं माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय वित्त मंत्री जी का अभिनंदन करता हूं ।

· बिहार जो इतिहास, संस्कृति और संभावनाओं में भरी हुई एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के कगार पर है, इस बजट से विकसित बिहार बनाने का सपना पूरा होगा ।

· बिहार लंबे समय से बार-बार आने वाली बाढ़ के संकट से पीड़ित है, जिससे जान और माल का भारी नुकसान होता है । माननीय वित्त मंत्री द्वारा बाढ़ सहायता और सिंचाई परियोजनाओं के लिए 11,500 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता की घोषणा हमारे राज्य के लिए एक स्वागत योग्य राहत है ।

· मैं विशेष रूप से आभारी हूं कि इसमें मेरे संसदीय क्षेत्र मोतिहारी में अरेराज के बगल में बराज प्रस्तावित है जिसके कारण इस क्षेत्र में आने वाली बाढ़ से निजात मिलेगी तथा सिंचाई की सुविधाओं में भी सुधार होगा ।

· ये उपाय किसानों की रक्षा करेंगे, कृषि उत्पादकता की बढ़ाएंगे और लोगों के लिए खाद सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे । मोदी सरकार की इस समस्या को सुलझाने की प्रतिबद्धता बिहार की कल्याण और समृद्धि के प्रति समर्पण को दर्शाती है ।

· इंफ्रास्ट्रक्चर विकास किसी भी सम्पन्न अर्थ व्यवस्था की रीढ माना जाता है, और बिहार को सड़क कनेक्टिविटी में 26 हजार करोड़ रूपये के निवेश के साथ महत्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिलेगी ।

· बिजली आधुनिक विकास की जीवन रेखा है और बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती में 21,400 करोड़ रूपये की लागत से 2400 मेगावाट पावर प्लांट की स्थापना से बहुत लाभान्वित होगा । यह पावर प्लांट हमारे राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा तथा घरों, उद्योगों और व्यवसायों को लगातार निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी ।

· अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरीडोर पर बिहार के गया में एक औद्योगिक नोड का विकास राज्य के लिए एक अहम भूमिका निभाएगा । यह परियोजना केवल औद्योगिक विकास के बारे में नहीं है । यह हमारे समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ विकास को मिलाने वाला एक मॉडल है । जैसा कि वित्त मंत्री जी ने कहा है कि यह मॉडल विकास भी विरासत भी प्रदर्शित करेगा ।

· बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत हमारे सभी के लिए गर्व का स्रोत है । सरकार के द्वारा विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर, महाबोधि मंदिर कॉरिडोर और नालंदा के पर्यटन स्थलों के रूप में व्यापक विकास के लिए समर्थन योजनाएं सराहनीय हैं । हिन्दू बौद्ध और जैन धर्म के लिए धार्मिक महत्व रखने वाले राजगीर को भी व्यापक विकास पहले के तहत लाया जाएगा ।

· बिहार में नये हवाई अड्डों, मेडिकल कॉलेजों और खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता उसके समग्र विकास के दृष्टिकोण का प्रमाण है । आधुनिक हवाई अड्डे कनेक्टिविटी को बढाएंगे जिससे सुगम यात्रा और व्यापार की सुविधा मिलेगी । मेडिकल कॉलेज हमारे राज्य की स्वास्थ्य सेवा जरूरतों को पूरा करेगे, चिकित्सा पेशेवरों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करेगे और हमारे लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे ।

· खेल इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे युवाओं को विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करेगा । स्वस्थ्य जीवनशैली को बढावा देगा और प्रतिभा को पोषित करेगा । ये पहले विकास, विकास और समग्र कल्याण के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाएँगी । ये बिहार को विश्वस्तरीय सुविधाएं और अवसर प्रदान करने के लिए सरकार के संकल्प को दर्शाते हैं जिससे हमारा राज्य राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके ।

· बिहार में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त आवंटन के माध्यम से पूंजी निवेश के समर्थन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता एक महत्वपूर्ण कदम है ।

· वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी के द्वारा बजट भाषण 2024 में की गयी घोषणाएं विहार के लिए एक नए सवेरे का संकेत देती हैं । "पूर्वोदय? पहले और इसमें शामिल विभिन्न योजनाएं और परियोजनाएं हमारे राज्य को बदलने के लिए तैयार हैं ।

· विकास और प्रगति की इस यात्रा पर यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी एकजुट होकर इन पहलों का समर्थन करें । सरकार की बिहार के लिए दृष्टि केवल इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे राज्य के हर नागरिक के लिए एक उज्जवल, अधिक समृद्ध भविष्य बनाने के बारे में है । यह हमारी विरासत को संरक्षित करते हुए आधुनिकता को अपनाने, आर्थिक विकास को सुनिश्चित करते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने के बारे में है ।

· अंत में मैं माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी को बिहार वासियों की ओर से विशेष बधाई देता हूं एवं बिहार के सभी साथियों से अनुरोध करता हूं कि आइए मिलकर हम इन दृष्टियों को वास्तविकता में बदलें, बिहार को विकास संस्कृति और समृद्धि का एक शानदार उदाहरण बनाएं ।

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर) : मैं बजट पर अपने विचार रखता हूं ।

हमारे पूर्व बहुत सारे विद्वान नेता बजट पर अपने विचार रख चुके हैं, और मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहूंगा । बजट में कहा गया है कि सरकार मैन्युफैक्चरिंग, सर्विसेज और एग्रीकल्चर तीनों पर ध्यान दे रही है । यह कहना सत्य प्रतीत नहीं हो रहा है, क्योंकि हमारे किसान अनेकों मुसीबतों से अभी भी जूझ रहे हैं, और सरकार उन्हें कोई सहायता नहीं दे रही है । वित्त मंत्री महोदया ने कहा है कि उनकी सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत अधिक

काम कर रही है, लेकिन हम लोग छोटे जगह से आने वाले लोग यह महसूस करते हैं की सड़कों का निर्माण गांवों तक नहीं पहुंचा है । इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में रेलवे की एक बड़ी समस्या है । वर्तमान सरकार हाई स्पीड रेल और बुलेट ट्रेन पर बहुत अधिक ध्यान दे रही है । जिसमें की भारी निवेश होगा लेकिन जिसका उपयोग सिर्फ समाज के संपन्न लोग ही कर पाएंगे । मेरा यह मानना है की सरकार को हाई स्पीड ट्रेन और बुलेट रेल की बजाय मौजूदा रेल नेटवर्क को और अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि देश में रेल से संबंधित घटनाओं पर रोक लग सके और साधारण लोगों को जरूरत के अनुसार रेल में टिकट मिल जाए ।

वित्त मंत्री ने कहा है कि देश में पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं क्योंकि सरकार गरीबी दूर करने का लगातार प्रयास कर रही है । लेकिन सच्चाई यह है की यह नारा पिछले 70 वर्षों से चल रहा है, पर गरीबी अभी भी दूर नहीं हुई है । सरकारी आंकडो से यह पता चलता है कि पिछले 10 वर्षों में देश में अमीर लोग ज्यादा अमीर हो गए हैं और गरीब लोग अधिक गरीब हो गए हैं । गरीब और अमीर के बीच की खाई बड़ी होती जा रही है । सरकार को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है ।

एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा यह है की सरकार जन औषधि केंद्र खोलकर दवाइयां कम कीमत पर मुहैया करा रही है, लेकिन चिकित्सकों का मानना है की जन औषधि की दवाइयां अपेक्षित कार्य को पूरा नहीं कर पा रही हैं और दवाइयां के खुराक को 4 से 5 गुना तक बढ़ाना पड़ता है, ताकि वह रोगी पर असर कर सके । इसलिए जन औषधि केंद्र खोलने के साथ-साथ सरकार को दवाइयों के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा ताकि मरीज उचित दवा खाकर स्वस्थ हो जाए ।

बजट में कहा है कि सरकार युवाओं के लिए बहुत काम कर रही है और उनके भलाई के लिए, उनके उत्थान के लिए बहुत तरह की प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है । लेकिन जब आप सच्चाई को देखते हैं तो यह पाएंगे की पिछले 10 वर्षों में देश में बेरोजगारी बढी है, करोडों युवा रोजगार की तलाश में आज भी बड़े-बड़े शहरों में भटक रहे हैं । बीटेक, एमटेक, एलएलबी जैसे उच्च स्तरीय डिग्री लेकर युवा मात्र दस हजार रुपए की नौकरी के लिए मारे - मारे फिर रहे हैं ।

मेरा मानना है कि सिर्फ योजनाएं चलाने से नहीं होगा, सच्चाई में भी उन्हें देखना होगा कि योजनाएं कितनी अपने उद्देश्य में कितनी कारगर है । महोदय, इसके अलावा एक महत्वपूर्ण विषय यह भी है कि एक ओर इतनी बेरोजगारी है वहीं दूसरी ओर भारत सरकार की 40 लाख से अधिक पद खाली पड़े हैं और इसके लिए सरकार कोई प्रयास नहीं कर रही है ।

सिर्फ प्रधानमंत्री जी यह दिखाते हैं कि मैं एक लाख लोगों को ऑनलाइन नौकरी दे रहा हूं लेकिन पिछले 10 वर्षों में इनकी नौकरी देने की संख्या रिटायर होने वाले लोगों से बहुत ही कम हो गयी है । यही कारण है की आज हर विभाग में हर मंत्रालय में पदों की रिक्तियां बनी हुई है ।

मैं एक और महत्वपूर्ण विषय नए आपराधिक कानूनों के बारे में बताना चाहूंगा, जो की १ जुलाई से लागू हो गए हैं । पता नही सरकार ने किन कारणों से आनन फानन में इन्हें संसद में पास करवाया और उसे कार्यान्वित कर दी है । बड़े बड़े कानून के जानकार एवं विश्लेषक इसमें कई सुधार के सुझाव दिए पर सरकार इनपर विचार किए बिना उसे पारित करवा दी । संसदीय समिति में विचाराधीन इन कानूनों पर भी कई सदस्यों ने अपने असहमति नोट दिए पर सरकार ने सबकी अनदेखी करके उन्हें पारित कर दिया ।

सरकार के उत्तर पूर्व क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने के संदर्भ में यह कहना चाहता हूं की सरकार उत्तर पूर्व में राज्य सरकारों को बदलने के लिए सभी प्रयास कर रही है, सरकार का सही मायने में क्षेत्र के विकास से कोई लेना नही

है । मणिपुर में कई महीनों तक होनेवाले हिंसा और केंद्र सरकार का मूकदर्शक बने रहना इसका उदाहरण है । धन्यवाद ।

श्री राजेश वर्मा (खगड़िया) : सभापति महोदया, आपने मुझे आज बजट 2024-25 पर बोलने का अवसर दिया है, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की तरफ से इस बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा यहां हुआ हूं ।

सभापति महोदया, जहां इस बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों, पिछड़ों और दलितों को सशक्त करने का प्रयास किया गया है, वहीं इस बजट ने देश के पिछड़े राज्यों में जैसे हमारा बिहार प्रदेश है, उसको विकसित राज्यों के बराबर खड़ा होने की जो ताकत दी है, उसके लिए मैं हमारे देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं ।

सभापति महोदया, जब बिहार को विशेष पैकेज दिया जा रहा था, तब मैं यह देख रहा था कि जहां विपक्ष के अन्य प्रदेशों के वरिष्ठ सांसद इसका विरोध कर रहे थे, तब मुझे इसके बारे में बड़ी चिंता हुई कि हमारे बिहार प्रदेश के विपक्ष के भी सांसद इसका विरोध कर रहे थे, यह समझ से परे है।

सभापति महोदया, यह वही बिहार है, जिस बिहार को देश भर के लोग केवल मजदूर सप्लाई के रूप में देखते हैं । आज इस बिहार की परिभाषा बदल रही है । आज बिहार देश भर में अपनी एक अलग पहचान बनाने की उड़ान के साथ आगे बढ़ रहा है, इस उड़ान को पंख देने के काम हमारे देश के प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी कर रही हैं । हमारे प्रदेश के विपक्ष के सांसद महोदय इसका विरोध कर रहे हैं, यह स्पष्ट करता है कि इनको बिहार से और बिहारियों से कोई लगाव नहीं है । इनको केवल और केवल राजनीति करने से मतलब है । इसीलिए बिहार को जो पैकेज मिला है, वे उसका विरोध कर रहे हैं ।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि इस बजट में 2024-25 के लिए केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए 3.3 लाख करोड़ रुपयों का आवंटन किया गया है । विगत 10 वर्षों में चार करोड़ ?पीएम आवास योजना? के माध्मय से जो आवास आवंटित किए गए हैं, वे ज्यादातर महिलाओं के नाम पर आवंटित किए गए हैं । इस बजट में कृषि से संबंधित क्षेत्र के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपयों का आवंटन किया गया है । इस बजट में विशेष रूप से रोजगार कौशल प्रशिक्षण और एमएसएमई के माध्यम से युवाओं को न केवल स्किल डेवलेपमेंट, बल्कि उनको रोजगार से भी जोड़ने का काम किया गया है ।

सभापति महोदया, सबसे सुखद है कि इस बजट में प्रधान मंत्री जी के पैकेज के अंतर्गत पांचवीं योजना के रूप में हमारी सरकार ने 500 शीर्ष कंपनियों में पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के लिए जोड़ने का व्यापक अभियान चलाया है । इसके लिए भी हम लोग अपने यशस्वी प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी का धन्यवाद देते हैं । मैं आपके माध्यम से केवल यही कहना चाहता हूं कि जहां बिहार नालंदा विश्वविद्यालय और विक्रमशिला विश्वविद्यालय के नाम से शिक्षा के जगत में पूरे विश्व भर में जाना जाता था और यदि मैं वर्ष 2005 के पहले की बात कहूं तो कुछ कालखण्डों में यह देखा गया कि न केवल बिहार से लोग बाहर मजदूरी के लिए पलायन कर रहे थे, बल्कि व्यापारी वर्ग भी बड़ी आबादी में पलायन कर रहा था । आज यह सौभाग्य है कि हमारे बिहार के मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में और हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में बिहार विकास की ओर अग्रसर हो रहा है, बिहार से पलायन रुक रहा है और उद्योगों की संभावनाएं बढ़ रही हैं । बिहार को मिले

इस विशेष पैकेज से न केवल एक्सप्रेस वे बनेंगे, न केवल एयरपोर्ट्स और अस्पताल बनेंगे, बल्कि औद्योगीकरण के लिए भी बिहार अब अपने आप को आगे बढ़ा रहा है । जब उद्योग लगेंगे तो बिहार के लोग बिहार में ही रोजगार करेंगे ।

सभापति महोदया, मैं इसके साथ ही साथ आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि हमारे विपक्ष के बहुत सारे साथी बार-बार एक शब्द का इस्तेमाल कर रहे थे और वह शब्द हिंदुओं को हिंसक कहने की बात हो, चाहे वह प्रभु राम के बारे में कहने की बात हो । मैं बिहार से आता हूं, मां सीता की धरती से आता हूं । हम लोग पुरुषोत्तम प्रभु राम के दिए गए और बताए गए मार्गदर्शन पर चलने वाले लोग हैं । मैं बता देना चाहता हूं कि जो हिंदुओं को हिंसक कहते हैं, अगर आपको हिंदू और राम की परिभाषा जाननी है तो मैं सिर्फ चार पंक्तियों से आपको परिभाषा से बताना चाहता हूं:-

?शान्तं शाश्वतमप्रमेयमनघं निर्वाणशान्तिप्रदं,

ब्रह्माशम्भुफणीन्द्रसेव्यमनिशं वेदान्तवेद्यं विभुम् ।

रामाख्यं जगदीश्वरं सुरगुरुं मायामनुष्यं हरिं,

वन्देऽहं करुणाकरं रघुवरं भूपालचूडामणिम्॥?

इसका अर्थ यह है कि हमारे प्रभु श्री राम शांत हैं, सनातन हैं और सभी को साथ लेकर चलने वाले हैं । यही परिभाषा हमारे प्रभु राम की है और यही परिभाषा हिंदू की है । हिंदू हिंसक नहीं है, हिंदू शांत है । बिहार सबको साथ लेकर चलने की परिभाषा पर विश्वास रखता है । मैं आप सबसे और प्रदेश के विपक्ष के सभी साथियों से भी यही उम्मीद करता हूं कि आप प्रगति करें, इससे बिहार को कोई कोताही नहीं है, इससे बिहार को कोई परेशानी नहीं है, लेकिन जब बिहार पिछड़पेन से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है तो मैं आपसे भी उम्मीद करता हूं कि आप भी बिहार की ओर अपनी निगाह सकारात्मक रखें । जिस तरीके से हमारे देश के प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने बिहार को विशेष पैकेज दिया, मैं फिर से कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूं । बिहार को बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के विज़न के साथ आगे बढ़ाने की जो सोच हमारे नेता आदरणीय चिराग पासवान जी ने रखी, मैं उनका भी कोटि-कोटि धन्यवाद करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूं । जय हिंद, जय भारत ।

श्री पुष्पेंद्र सरोज (कौशाम्बी) : सबसे पहले, मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र कौशांबी की जनता का धन्यवाद करना चाहता हूँ, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और मुझे इस सदन में भेजा । मैं अपने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिन्होंने मुझे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी और मुझे भारत का सबसे युवा सांसद बनने का गौरव प्रदान किया ।

मैं वर्ष 2024-2025 के बजट पर अपने विचार रखता हूँ । यह बजट सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि यह बजट हमारी जनता की वास्तविक समस्याओं को कितनी प्रभावी रूप से संबोधित करता है । विशेष रूप से, हमें इस बजट के चार प्रमुख स्तंभों - युवा, अन्नदाता, महिला, और गरीब - के प्रति सरकार की नीतियों का गहन विश्लेषण करना होगा ।

सबसे पहले, मैं युवाओं के बारे में बात करना चाहूंगा । हमारे देश की आधी से अधिक आबादी युवा है, लेकिन इस बजट में उनके लिए ठोस कदम उठाने की बजाय खोखले वादे किए गए हैं । कौशल विकास और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन की बातें तो बहुत की गई हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर युवाओं को रोजगार के उचित अवसर नहीं

मिल रहे हैं । पिछले कुछ वर्षों में बेरोजगारी की दर में इजाफा हुआ है और यह बजट इस समस्या का समाधान करने में विफल है ।

एक उदाहरण के तौर पर, प्रयागराज में एनटीपीसी परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों को उनके हॉस्टलों में घुसकर पीटा गया । यह घटना इस सरकार की युवाओं के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाती है । इसके अलावा, सरकार के कार्यकाल के दौरान 70 से अधिक पेपर लीक के मामले दर्ज किए गए हैं, जो हमारे शिक्षा प्रणाली की गंभीर स्थिति को उजागर करते हैं ।

इस बजट में एक नई नीति के तहत 21-24 वर्ष के युवाओं के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा की गई है । लेकिन यह समझना होगा कि केवल इंटर्नशिप ही पर्याप्त नहीं है । युवाओं को सुरक्षा और निश्चित आय वाले रोजगार की आवश्यकता है । सरकार को यह बताना चाहिए कि वे इन महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान कैसे करेंगे ।

अब बात करते हैं अन्नदाताओं की, जो हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं । हमारे देश की अर्थव्यवस्था का 70% हिस्सा कृषि पर निर्भर है, फिर भी इस बजट में किसानों के लिए केवल 3.15% धनराशि का आवंटन किया गया है । यह दिखाता है कि सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है ।

The budget has allocated Rs 1.52 trillion for the agriculture and allied sectors. The Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare received a budget allocation of Rs 1.22 trillion, an increase of just 5 per cent from Rs 1.16 trillion (RE) in FY24 - this barely compensates for inflation. The vision of Viksit Bharat@2047 could remain unrealised if the agrarian-rural economy is left behind. Almost two-thirds of India still lives in rural areas and agriculture engages the largest segment of the working population (45.8 per cent in 2022-23). But this area not granted sufficient allocation proportionate to its significance.

There is an urgent need to transform agriculture into an engine of growth through farming practices that benefit both farmers and the country as a whole.

The announcement regarding schemes and allocation for employment generation is also disappointing. Rather than discussing dampened demand, stagnant wages, and what can be done to revive employment, the announcement only includes supply-side schemes towards incentivising the private sector to increase employment.

It is painful that the BJP-led Centre is using the Union Budget to settle electoral scores. There is clear regional discrimination and hostile approach towards certain states. Most of the states have not received what they are constitutionally and legitimately entitled to. Favouring a few states disproportionately at the cost of others only for saving the government and with political motives is a violation of federal principles of Constitution and threat to inclusive development and national integrity.

This budget not only deprives states of their legitimate share but also casts more burdens on them. For instance, the announcement that three crore houses would be constructed over five years without increasing the unit cost would only "increase the burden on the State governments".

There is hardly any increase in funds allocated for upliftment of backwards and minorities. Most of the schemes in this regard see cuts. The ministry of minority affairs has got a mere 2.7% increase from last year's allocation. The estimate for coaching and allied schemes for minorities has been slashed from 30 crore in 2023-24 to 10 crore in 2024-25. The estimate for interest subsidy on educational loan for

overseas education for minorities has also been reduced from 21 crore to 15.3 crore.

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर) : मैं वितीय वर्ष 2024-25 के बजट का समर्थन करता हूँ । सरकार ने इस बार बिहार को विकास के दृष्टिकोण से जो बजट दिया है वह बहुत ही सराहनीय कदम है, मेरा संसदीय क्षेत्र नेपाल की तराई में एंव उत्तर प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है, इस क्षेत्र का मुख्य पेशा कृषि का है , कई चीनी के मिल हैं एवं गन्ने की खेती प्रचुर मात्रा में होती है, मैं कुछ मांग अपने संसदीय क्षेत्र सहित बिहार के लिए रखता हूँ, आशा है कि सरकार इसे पूरा करवाने में मेरा सहयोग करेगी:-

· आज के बजट के अनुसार राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास कार्यक्रम के तहत देश में 12 औद्योगिक पार्को को मंजूरी मिलनी है । इसमें एक रतवल धनहा के बीच नैनहा में स्वीकृत किया जाय जहाँ टेक्सटाइल पार्क के लिए 1700 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी थी । यहाँ कम से कम एक टेक्सटाइल पार्क को ही मंजूरी दी जाय ।

· बिहार में घोषित तीन एक्सप्रेस वे में से एक बोधगया से वैशाली का विस्तार बुद्ध की कर्मस्थली लौरिया होते गाँधी की कर्मस्थली भीतिहरवा आश्रम (गौनाहा) तक किया जाय । उत्तरप्रदेश के कुशीनगर से धनहा होते हुए वाया लौरिया - बेतिया तक भी एक एक्सप्रेस-वे को मंजूरी दी जाय ताकि बिहार और यूपी के बौद्ध स्थल आपस में जुड़ सकें।

· MSME प्रोजेक्ट के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र में खाद्य प्रसंसकरण यूनिट लगाया जाय । मेरे संसदीय क्षेत्र में चार चीनी मिले हैं, गन्ना प्रोसेसिंग का ही कोई यूनिट लगाया जाय । लौरिया और सुगौली की तरह एचपीसीएल या किसी सरकारी उपक्रम द्वारा एक चीनी मिल धनहा क्षेत्र में भी लगाने पर सरकार विचार करे ताकि यहाँ के गन्ना किसानों को बिहार व यूपी के निजी मिल मालिकों के शोषण का शिकार न होना पड़े ।

· बिहार के पीरपैंती में पावर प्रोजेक्ट का स्वागत लेकिन एक पावर प्रोजेक्ट मेरे संसदीय क्षेत्र में भी लगाया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को बिजली के साथ रोजगार उपलब्ध हो सके ।

· विकास केंद्र के रूप में शहरों और उसके आस पास के क्षेत्रों को सुव्यवस्थित तरीके से विकसित करने की योजना सराहनीय है । इसमें बेतिया, बगहा, नरकटियागंज, रामनगर और सिकटा शहर को भी शामिल किया जाए ।

· देश के 500 उद्योगों में 1 करोड़ बेरोजगार युवकों को इंटर्नशिप कराने की सरकार की योजना है औरउसके लिए स्टाइपेंड के रूप में 5 हजार महीना देने की घोषणा हुई है । लेकिन आज की बढ़ती महंगाई को देखते हुए इसे बढाकर 10 हजार रुपए मासिक करने का मेरा अनुरोध है ।

· बक्सर में गंगा नदी पर दो नए पुल की घोषणा हुई है मेरा अनुरोध होगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में भी बिहार व उत्तरप्रदेश को जोड़ने के लिए गंडक नदी पर बगहा और जटहा के सामने एक नए पुल की स्वीकृति दी जाय ताकि बगहा अनुमंडल के ही एक प्रखंड पिपरासी की दुरी 60 किलोमीटर से पटकर मात्र 08 किलोमीटर रह जाय और बिहार व यूपी के बीच भी बेहतर कनेक्टविटी हो सके ।

· काशी और उज्जैन की तरह झारखण्ड के पावन तीर्थ देवघर ज्योतिर्लिंग बाबा धाम को भी धार्मिक कोरिडोर के रूप में विकसित किया जाय । यहाँ भी सालों भर बाबा बैद्यनाथ को जल चढ़ाने बिहार, यूपी, झारखण्ड और बंगाल से लाखों लोग आते हैं ।

· बिहार में पर्यटन पर केंद्र व राज्य सरकार का काफी ध्यान है । मेरे संसदीय क्षेत्र में भी पर्यटन की दृष्टि से कई महत्वपूर्ण स्थल हैं । महर्षि बाल्मीकि व लवकुश की जन्मस्थली बाल्मीकिनगर स्थित नरदेवी मंदिर, जटाशंकर मंदिर, कौलेश्वर धाम, ऐतिहासिक बाँसी धाम का रामघाट, गाँधी जी द्वारा स्थापित भीतिहरवा आश्रम, मौर्यकालीन धरोहर नंदनगढ़, धार्मिक स्थल सोफा मंदिर, सहोदरा स्थान, सोमेश्वर पर्वत और नीतिशास्त्री चाणक्य की स्मृति चानकी गढ़ को भी ध्यान में रखकर सम्पूर्ण बाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए ।

· ख़ुशी है कि बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के कल्याण के लिए राशि आवंटित की गयी है । मेरा संसदीय क्षेत्र भी गंडक, सिकरहना, मसान जैसी बड़ी नदियों के अलावा दर्जनों पहाड़ी नदियों से घिरा हुआ है जिससे हर साल बाढ़ व कटाव की समस्या बनी रहती है । योजना बनाते समय इस क्षेत्र का भी ध्यान रखा जाए ।

· बाल्मीकि नगर में कस्टम कार्यालय का उद्घाटन होने के बावजूद वह आजतक चालू नहीं हो सका है । इस भंसार के खुलने से भारत व नेपाल के बीच व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे इसे जल्द खोला जाए ।

· सरकार का शिक्षा पर बहुत अधिक जोर है, ऐसे में माँग होगी कि बाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र में रेलवे, पोस्ट ऑफिस, संचार, एसएसबी आदि के कर्मचारियों, अधिकारियों व जवानों के बच्चों के अलावा सामान्य बच्चों के लिए एक केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति दी जाए ।

· गरीब कल्याण योजना के तहत अगले 05 सालों तक मुफ्त राशन व्यवस्था लागू रखने के सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है । लेकिन गेंहू व चावल के अतिरिक्त राशन कार्ड उपभोक्ताओं को दाल, तेल व चीनी भी न्यूनतम सरकारी दर पर उपलब्ध कराई जाय ताकि बढ़ती महंगाई से उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिल सके ।

· मेरा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से काफी दुर्गम है जहाँ हर जगह से रेलवे, सड़क या वायुमार्ग की बेहतर कनेक्टविटी नहीं है । यहाँ से देश के हर कोने में व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और इलाज के लिए लोग घर से बाहर जाते हैं । ऐसे में बाल्मीकिनगर में हवाई अड्डा निर्माण के साथ रेलवे की तरफ से कुछ प्रमुख स्थलों के लिए गाड़ियां चलायी जानी चाहिए । बिहार की राजधानी पटना के लिए एक गाड़ी गोरखपुर वाया नरकटियागंज व मुजफ्फरपुर चलनी चाहिए जिसमे स्लीपर व एसी बोगियां भी हों । पटना विद्यार्थी, मरीज और व्यवसायी प्रतिदिन अपने अपने काम से जाते रहते हैं जिन्हे काफी दिक्कत होती है। साथ ही बिहार के बगहा, बेतिया, नरकटियागंज से महाराष्ट्र के पूना के लिए, दक्षिण भारत के चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद आदि प्रमुख शहरों के लिए, झारखण्ड के रांची, हटिया आदि के लिए एक भी गाड़ी नहीं है । इन सभी जगहों के लिए नरकटियागंज रूट से नई गाड़ियों को स्वीकृति मिलनी चाहिए ।

· नरकटियागंज में वाशिंग पिट न होने से गाड़ियों की साफ सफाई में काफी दिक्कत होती है । कई बार इसके लिए सरकार से माँग की गयी है, इसको जल्द मंजूरी दी जानी चाहिए।

· पूर्वोत्तर रेलवे के छितौनी तमकुही रेलमार्ग के बंद पड़े निर्माण कार्य को अविलम्ब शुरू कराने पर विचार किया जाना चाहिए । बिहार व यूपी के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए यह वरदान साबित होगा । इसके निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी । वर्षों से लंबित इस परियोजना का निर्माण रुकने से लोगों में काफी निराशा है ।

· देश के लोगों को टैक्स स्लैब में रियायत देने से जनता को काफी राहत मिलेगी । आयकर में छूट की सीमा बढाकर 03 लाख करने से छोटे व्यापारियों और आम लोगों में काफी ख़ुशी है ।

अंत में इन सारी मांगों पर बजट में विचार करने का आग्रह करते हुए वित्त मंत्री जी द्वारा पेश लोक कल्याणकारी बजट का स्वागत करता हूँ । पूरे संसदीय क्षेत्र और पेश बजट को ध्यान में रखकर बनाया गया है । और भी मुद्दे जो सवाल में पूछे गए हैं, उसे उठाया जा सकता है । जितनी माँग रहे जनता उससे खुश होती है, पूरा हो न हो यह आपके हाथ में भी नहीं । घरेलूसंस्थानों में में उच्चतर शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण हेतु एक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी । इस उद्देश्य के लिए प्रति वर्ष 1 लाख विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से ऋण राशि के 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज छूट के लिए एक ई-वाउचर दिया जाएगा, इस निर्णय की प्रशंसा करनी होगी । सादर सहित ।

SHRI ALFRED KANNGAM S. ARTHUR (OUTER MANIPUR): Madam, my State has been in the news for all the wrong reasons for the past 15 months. I have gone through the Budget that the hon. Finance Minister has placed before this august House. I think she fails to understand that at this present juncture, Manipur is the lowest per capita income bearing State and has the highest inflation. How do you expect the State that has the lowest income and highest inflation to survive?

You already have a conflict. You have the worst floods in the last 35 years, unprecedented floods that we have ever seen in the last 35 years. The hon. Finance Minister grins from ear to ear, she smiles and places a Budget that is anti-people. You do not need a rocket scientist to understand the dynamics of what is people-friendly, and what goes against the interest of a nation. I am from a family that has sacrificed in building this nation. My esteem friends from Arunachal Pradesh are fortunate enough that my grand-uncle is Major Ralengnao Bob Khathing, who fought for this nation, and today we celebrate a place called Tawang in Arunachal Pradesh. He is the gentleman responsible for our nation celebrating that area today. He is my real grand-uncle. The name that I have today was given by him. Today you are burning my State. I do not think when he went and proceeded ahead doing service to this nation way back in the 50s, did he ever think that this nation would let go of his own people, which he so fondly called as his people and his nation.

मैडम चेयरपर्सन, यह सुनने में तो बहुत अच्छा लगता है । प्रधान मंत्री जी बोलते रहते हैं और भाजपा में सब लोग बोलते रहते हैं कि मोदी जी है तो सब मुमकिन है और सब सही हो सकता है । जहां-जहां पर मोदी जी की सरकार है, वहां कहते हैं कि हम सब कुछ दिलाएंगे, आपको न्याय दिलाएंगे, लेकिन मैं पूछना चाहता हूँ कि मणिपुर का न्याय कहां पर है? मेरे परिवार ने, मेरे रिश्तेदारों ने इस देश को बनाने में अपना खून बहाया है । हम देश के गद्दार नहीं हैं ।

We are not betrayers to this nation. We have helped build this nation. We deserve an equal Budget. It is my right. मेरे क्षेत्र के जो मतदाता हैं, उन्होंने मुझे यहां पर विश्वास के साथ भेजा

है not to come and listen to *bhashans,* neither is it to come and listen to all fictitious figures that are brought before this august House. This nation, I have been brought up to believe, is bigger than individuals. In this nation, I have believed, I have grown, played with, wandered around with, studied with, with wonderful friends across different races, different religions, different communities, and yet, I have never felt in my life a need for saying that I am a Christian today. I do not ever want to speak out that I am a Christian, or I am a Hindu, or I am a Muslim. I should not have had a need to. Today, why am I having this fear and this need to express my desires of wanting to be a free Indian within this nation's rules and laws?

Madam Chairperson, you are a mother. I look up to you. I appreciate you. You have been sent here by your electorate to represent their wills, desires and wishes, and especially to uphold the ideals of this nation. What has happened in my State of Manipur in the last 15 months? This is no joke. Since the coming of the NDA Government in 2014, no single day or week has gone by when we have not seen a Union Minister in Manipur. Every single week we would see a Union Minister. Where are they today after the 3rd of May 2023?

वर्ष 2023 के बाद एक भी मंत्री मणिपुर में नहीं दिखा । ऐसा क्यों? मैं प्रधान मंत्री जी से मणिपुर के बारे में पूछना चाहता हूँ । मेरा दिल कहता है कि अगर वे सच्चे आदमी हैं, अगर वे सब सही करना चाहते हैं, अगर वे खुले दिल के हैं, उनका 56 इंच का सीना है तो उन्हें मणिपुर में सब ठीक करना होगा । क्या उन्हें समझ में आता है कि अपने देशवासियों को, अपने देश के नागरिकों को मणिपुर में अभी तक खाना-पीना भी नहीं मिल रहा है । उन्हें रिफ्यूजी कैंप में 15 महीने हो चुके हैं । वहां आप किसको पुकारेंगे, किसको बोलेंगे? आप अपने मुख्य मंत्री जी से पूछ लीजिए । उनके मुंह से हर दिन सिर्फ मारने-पीटने के शब्द निकलते हैं । यह क्या है? क्या यह मेरा देश है?

मैडम, हमारे परिवार ने यह देखने के लिए सैक्रिफाइस नहीं किया है । हमारे परिवार ने एक-एक पल इस देश को बनाने में कुर्बान किया है । आज हमारा हक बनता है कि हमें न्याय दिलाइए, आप नीति और नीयत साफ कीजिए । प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी ये साफ-सुथरा करके मणिपुर आइए । हम लोग आपके देशवासी हैं । हम सभी भारतीय नागरिक हैं । आप हमारे पास क्यों नहीं आना चाहते हैं? हम आपकी मन की बात 10 सालों से सुनते आए हैं । For 10 years, we have listened to it. Can you not even hear the cries of the women and the children who cannot go back to their homes in one State, a small State. हमारे प्रदेश की जनसंख्या 30 लाख है । वैली दो हजार स्क्वायर किलोमीटर में है । वहां पर मैतेई लोगों की मेजॉरिटी है । From the southern side, they cannot go beyond Moirang. From the south-eastern side, they cannot go beyond Pallel. From the eastern side, they cannot go beyond Yaingangpokpi. On the northern side, they cannot go beyond Kanglatongbi.

Madam, my people have borne this conflict for 15 months. You can, at least, listen to me for 15 minutes without pressing the buzzer. I would be grateful. I think, we have earned that much of time, at least. I am from the Naga community in Manipur. We have stayed neutral to this conflict in letter and spirit. We have not taken sides with anybody thinking that being neutral, we would one day usher in peace.

On the 8th of July, 2024 our hon. LoP came to Manipur. I am extremely grateful to the hon. LoP for coming to Manipur three times. I am so grateful that all the members of the INDIA alliance ? Akhilesh ji from the Samajwadi Party, Mamata ji from the Trinamool Congress, Stalin ji from the DMK, Uddhav ji from the Shiv Sena, Sharad Pawar ji from the original NCP and all the alliance partners of the UPA on the INDIA alliance ? have kept alive the Manipur issue in this august House by telling the people of our nation that Manipur should come first. When the LoP came to Manipur, we were given an audience with the hon. Governor at 5 pm on the 8th July. I was also part of that delegation. We gave suggestions. I gave two clear suggestions on how to bring peace to Manipur. I think it has not been acted upon because they have not taken Manipur as a part of this nation. It has been clearly said that the Nagas are not part of this conflict. We are neutral to this issue. We have requested the Governor to take the help of the leaders of the Naga community, and send them out to the Kuki as well as the Meitei areas to usher in peace, to start with. We have given that suggestion.

Secondly, we have made it very clear in our suggestion. One community is saying that the Chief Minister has originated this entire conflict. You have another 49 more Members in your kitty in the State other than the Chief Minister. The hon. Prime Minister, I am sure, can replace him immediately with no questions asked. My question is this. Is it so difficult to replace one man and bring peace to our area? जब आप इतने छोटे प्रदेश में शांति और न्याय नहीं दिला सकते हैं, तो आप इतने बड़े देश में क्या करेंगे?

Hon. Chairperson, Madam, Nirmala Sitharaman ji has placed the Budget before us. She has talked about tourism in the rest of the country. But she has mentioned nothing about tourism going to the North-East. If you go to any prestigious hospitality sector in the rest of the country, you will see youngsters from the North East everywhere. It is all our youngsters who are jobless in the North East. Tourism should have been encouraged in the North-East. In the Budget, there has not been a single mention about it. I would like the hon. Finance Minister to add and include the North East in the tourism map, and see that they will encourage and bring forth

tourism to such an extent that our people do not have to look to the rest of the country for their survival.

With these words, thank you very much for giving me time to speak today, and I am grateful to this nation.

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव): आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने एक ऐतिहासिक बजट 2024-25 प्रस्तुत किया है जो वेतनभोगियों , महिलाओं, बुजुर्गों समेत सभी वर्गों के लिए एक नया उत्साह और विकास का नया विश्वास लेकर आया है । मैं इस बजट का तहेदिल से समर्थन करती हूं तथा माननीय वित्त मंत्री जी के प्रति धन्यवाद प्रकट करती हूं जिन्होंने ऐसा दूरदर्शी बजट पेश किया है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती देने वाला साबित होगा और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का तहेदिल - अभिनन्दन करती हूं कि उन्होंने लगातार तीसरी बार देश की आम जनता का विश्वास के साथ -साथ दिल भी जीता है । और मैं मेरी पार्टी के सभी बड़े नेताओं और मेरे चुनाव क्षेत्र जलगांव के सभी लोगों का धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने मुझे चुनकर इस लोकतंत्र के मंदिर में भेजा है ।

यह बजट भारत की जनता द्वारा हम पर जताए गए भरोसे को दर्शाता है, जिन्होंने हमें लगातार तीसरी बार चुना है । हम 2047 तक समृद्ध भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध जिसमें विकास के नौ विषयों का रोडमैप है, जिसमें कृषि में उत्पादकता और लचीलेपन से लेक अगली पीढ़ी के भविष्य तक शामिल हैं । हमारा ध्यान गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर जिसमें सार्थक रोजगार, कौशल विकास और सशक्तिकरण पर जोर दिया गया है । हमने 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार और कौशल को बढ़ावा देने के लिए पाँच योजनाओं और पहलों के पैट की घोषणा की है, जिसमें 2 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय आवंटन है । हम रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के लिए तीन योजनाएँ भी शुरू कर रहे हैं, जिसमें पहली बार औपचारिक कार्यबल प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए एक महीने की छुट्टी शामिल है । भारत को वैश्विक नेता बनाने के लिए कौशल विकास महत्वपूर्ण है, और हम 5 वर्षों की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं । हम उन युवाओं को भी वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं जो किसी भी सरकारी योजना के लिए पात्र नहीं हैं, उन्हें घरेलू संस्थान शिक्षा प्राप्त करने के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है ।

मध्यम वर्ग को सशक्त बनाना हमारी सरकार की एक प्रमुख प्रतिबद्धता है । हम कर स्लैब को सरल बना रहे हैं, आय से काटे गए टीडीएस में टीसीएस क्रेडिट प्रदान करने की प्रक्रिया को आसान बना रहे हैं और टीडीएस दाखिल करने में देरी को अपराध से मुक्त कर रहे हैं । हम मानक कटौती को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये कर रहे हैं और एनपीएस के लिए कटौती की दर को 10% से बढ़ाकर 14% करने सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान कर रहे हैं । सामाजिक न्याय के माध्यम से अमृत काल को साकार करना हमारी प्राथमिकता है । हम आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के लिए पीएम-जनजाति उन्नत ग्राम अभियान योजना का पूर्ण कवरेज सुनिश्चित कर रहे हैं । हम गरीबों के अपने घर के सपने को पूरा करने के लिए पीएम-आवास योजना के तहत अतिरिक्त 3 करोड़ घरों का निर्माण भी कर रहे हैं ।

महिला शक्ति भारत की सफलता का नेतृत्व कर रही है, और हम महिला नेतृत्व विकास, सामाजिक स्वायत्तता, वित्तीय समावेशन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ावा दे रहे हैं । हम कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास और चाइल्डकैअर की स्थापना कर रहे हैं, महिलाओं के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा दे रहे हैं, और स्वयं सहायता समूह उद्यमों के लिए बाजार तक पहुँच प्रदान कर रहे हैं ।

किसानों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटल है । हम सभी प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी को इनपुट लागत पर 1.5 गुना रिटर्न तक बढ़ा रहे हैं, कृषि अनुसंधान को वित्तपोषित कर रहे हैं, और प्राकृतिक खेती के लिए प्रमाणन कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थागत सहायता प्रदान कर रहे हैं ।

पूर्वोदय के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत का सतत विकास एक प्रमुख पहल है, जिसमें अमृतसर- कोलकाता औद्योगिक गलियारा, पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे और पीरपैंती में एक नया 2400 मेगावाट बिजली संयंत्र स्थापित करने जैसी बिजली परियोजनाएँ शामिल हैं ।

हम सार्वजनिक निवेश को प्रोत्साहित करने, पूंजीगत व्यय आवंटन बढ़ाने और लक्षित सार्वजनिक सेवा वितरण की त्रि-आयामी नीति के माध्यम से सकारात्मक राजकोषीय समेकन के साथ सतत आर्थिक विकास और राजकोषीय समेकन के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की क्षमता को अनलॉक करना महत्वपूर्ण है, जिसमें ऋण पहुंच और परिचालन दक्षता में सुधार, TREDS में अनिवार्य ऑनबोर्डिंग के दायरे को बढ़ाना और ई-कॉमर्स उद्यमिता केंद्र स्थापित करना शामिल है ।

आकार और गति के आधार पर औद्योगिक विस्तार हमारा लक्ष्य है, जिसमें 100 शहरों में निवेश के लिए तैयार "प्लग एंड प्ले" औद्योगिक पार्क, अधिक नौकरियां पैदा करने के लिए स्वामित्व, पट्टे और ध्वज सुधार और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण खनिज मिशन शामिल है ।

बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित दीर्घकालिक विकास हमारा विजन है, जिसमें ₹11,11,111 करोड़ का बढ़ा हुआ पूंजीगत व्यय आवंटन है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 3.4% है । हम 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए PMGSY के चरण IV को लॉन्च कर रहे हैं और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए समर्थन प्रदान करने के लिए राज्यों को प्रोत्साहित कर रहे हैं ।

भारतीय शहरों को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारा लक्ष्य है, जिसमें सतत शहरी विकास, 14 बड़े शहरों के लिए परिवहन-उन्मुख विकास योजनाएं और एक व्यापक किराये के आवास नीति शामिल है ।

भारत की विरासत को संरक्षित करना हमारी प्रतिबद्धता है, जिसमें विष्णुपुर मंदिर कॉरिडोर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों का विकास और राजगीर और नालंदा का व्यापक विकास शामिल है ।

हमारे पास आकांक्षापूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत रोडमैप है, जिसमें डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, JAM-त्रयी और विभिन्न भूमि सुधारों, अनुसंधान और विकास और अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के विस्तार पर जोर दिया गया है ।

श्री अमरा राम **(सीकर) :** माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे बजट पर अपनी बात रखने के लिए अनुमति दी, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं । देश का किसान, देश का जवान, देश का गरीब और महिलाएं जैसी आशा कर रही थीं, मैं समझता हूं कि यह बजट उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नहीं रखा गया है । यह कहा जा रहा है कि आज किसान इस देश की आज़ादी के 75 साल बाद भी अगर इस कृषि संकट के कारण आत्महत्या कर रहा है, तो मैं समझता हूं कि वह अंग्रेजों के वक्त, राजशाही के वक्त भी आत्महत्या नहीं करता था । इससे भी बुरी स्थिति थी । लेकिन आज इस कृषि संकट के कारण इस देश का किसान और खेत मजदूर,

जो अपनी जिंदगी खेत पर या मजदूरी में चलाता है, वह आज आत्महत्या कर रहा है । इससे बुरी बात नहीं हो सकती है और उनके समाधान की बजाय उनके साथ जो खिलवाड़ किया जा रहा है, मैं समझता हूं कि इससे बड़ी बात नहीं हो सकती है ।

आज वह अपनी पैदावार पर एमएसपी मांग रहा है, न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी मांग रहा है, वह देने के लिए सरकार तैयार नहीं है । आज जिस तरह से उस किसान को लूटा जा रहा है, आप अंदाजा लगाइये कि 15 रुपये में, हमारे कृषि मंत्री जी जहां से आते हैं, वहां 100 रुपये में बीज लाकर लहसुन बोया था और 5 रुपये में लेने वाला नहीं था । किसान उनसे भाव मांगने गया तो उन्होंने मंदसौर में गोली चलाने का काम किया और पांच किसानों को मौत के घाट उतारने का काम किया है । जो 15 रुपये में फसल पैदा करता है, उससे खरीदकर 300 रुपये तक बेचते हैं, तब तो देश विकास करता है । अगर किसान की लागत और मेहनत के अनुसार थोड़ा मुनाफा जोड़ कर उसे गारंटी दे दी जाए तो देश विनाश कर देगा ।

मैं सीकर से आता हूं और वहां प्याज पैदा होता है । जब किसान प्याज पैदा करके लाता है तो 5 रुपये में कोई लेने वाला नहीं होता है । जब वही प्याज बड़ी-बड़ी कपंनियों के गोदाम में चला जाता है तो वही प्याज 65 और 70 रुपये में बिकता है । जब आम आदमी उसे 65 रुपये और 70 रुपये में खरीद कर खाता है, तब देश विकास करता है । उसे भाव नहीं मिलेगा और उसे सस्ता नहीं मिलेगा । आज किसान खेती के अलावा दूध का उत्पादन करके इस देश को मक्खन खिलाता है, दूध पिलाता है । उस दूध की हालत यह है कि उस किसान का दूध और कंपनी का पानी बराबर बिकता है और हम कहते हैं कि यह देश के साथ न्याय है । मैं समझता हूं कि इससे बड़ा अन्याय नहीं हो सकता है । आज दूध 26 रुपये में लिया जाता है और 50 रुपये में बेचा जाता है । एक पानी की बोतल भी 30 रुपये, 40 रुपये में मिलती है । अगर अमीर का पानी और किसान का दूध एक भाव बिकता है तथा सरकार में बैठे हुए लोग कहते हैं कि उस किसान के साथ हम न्याय कर रहे हैं तो मैं समझता हूं कि इससे बड़ा अन्याय नहीं हो सकता है ।

यह सरकार बनते ही भूमि अधिग्रहण अध्यादेश लेकर आई । इस देश का किसान लड़ा । ये अध्यादेश पास नहीं कर पाए । फिर काले कानून लेकर आए । एक साल से ज्यादा समय तक इस देश का पूरा किसान लड़ता रहा, आखिर में कानून वापस लेने पड़े । इस देश की सरकार ने 9 अगस्त, 2021 को यह लिखकर दिया था कि उनको हम एमएसपी देंगे । जितने झूठे मुकदमे हैं, सरकार ने मान लिया था कि यह आंदोलन सच था । इस तरफ बैठे हुए लोगों ने, इनके नेताओं ने किसानों के बारे में कहा था कि ये आतंकवादी हैं, ये माओवादी हैं, लेकिन आखिर कानून वापस लेने पड़े । यह लिखकर दिया था कि, सभापति महोदय आप कहें तो मैं इसे टेबल कर सकता हूं, झूठे मुकदमे वापस लेंगे । जो 700 से ज्यादा किसान शहीद हुए हैं, उनको पैकेज देंगे । आज तक एक को भी पैकेज नहीं दिया । केन्द्र सरकार, दिल्ली की पुलिस ने जो झूठे मुकदमे दर्ज किए थे, आज तक एक भी मुकदमा वापस नहीं लिया । निश्चित रूप से अगर आप उस किसान को कुछ देना नहीं चाहते हैं, तो कम से कम उसके साथ यह विश्वासघात तो नहीं करे । आप एमएसपी की बात नहीं करते हैं ।

मैं समझता हूं कि राजस्थान सबसे ज्यादा बाजारा पैदा करता है । अभी 2500 रुपये पर क्विंटल के हिसाब से एमएसपी थी । अभी सरकार ने 150 रुपये बढ़ाकर 2650 रुपये पर क्विंटल किया है ।

सरकार जब उत्तर दे, माननीय वित्त मंत्री जी जब उत्तर दें, तो वे बताएं कि क्यों इन 10 सालों में राजस्थान के किसानों का एक क्विंटल भी बाजरा नहीं खरीदा? जितनी राशि किसान सम्मान निधि के नाम से पूरे देश के किसानों को देते हैं, इन 10 वर्षों में राजस्थान के किसानों का नुकसान अकेले बाजरे के मामले में करने का काम किया है ।

यह हालत एक फसल में नहीं है, बल्कि हर फसल में है । सरकार कहती है कि हम दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर करेंगे । मैं समझता हूँ कि आज देश में 75 साल के बाद भी देश के आम आदमी के लिए दलहन और तिलहन की फसल पैदा नहीं की जाती है । हम दाल के लिए विदेशी किसानों को भाव दे सकते हैं, लेकिन यहाँ के किसानों को भाव नहीं देंगे । जब सरसों और चना खरीदने की बात आती है, तो सरकार कहती है कि एमएसपी पर हम केवल 25 क्विंटल ही खरीदेंगे । अगर किसी की फसल 50 क्विंटल हो गई, तो वह 25 क्विंटल आपके यहाँ बेचेगा और 25 क्विंटल बाजार में ले जाकर बेचेगा । मैं समझता हूँ कि इससे भयानक हालत नहीं हो सकती है ।

आप बजट में किसान की बात कर रहे हैं । महोदया, मैं कहना चाहूँगा कि किसानों के फर्टिलाइजर पर 24,894 करोड़ रुपए का बजट घटाने का काम किया है । जो डीएपी 400 रुपए में मिलती थी, आज वह 1,400 रुपए में मिलती है । इसकी जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, आज वह 45 किलो की मिलती है । डीजल 50 रुपए में मिलता था, आज वह 95 रुपए में मिलता है । इस तरह से, खाद हो, बीज हो, डीजल हो, सब कम्पनियाँ मालामाल हैं और काम लेने वाला निश्चित रूप से बेहाल है ।

इस बजट में मनरेगा में 86 हजार करोड़ रुपए एलॉट किये गये हैं । इन चार महीनों में 41 हजार करोड़ रुपए खर्च हो गए हैं । आज ही मंत्री जी उत्तर दे रहे थे कि एक सौ दिनों का काम देने की गारंटी है । लेकिन एक भी स्टेट ऐसा नहीं है, जहाँ काम मांगने वालों को एक सौ दिनों का काम दिया गया हो । इसमें 90 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो काम करने जाती हैं । इनमें 80-90 प्रतिशत एससी और एसटी की महिलाएं होती हैं । लेकिन उनको इस देश के संसद के द्वारा बनाये हुए कानून, जिसमें एक सौ दिनों के काम देने की गारंटी है, उनको काम नहीं दिया जाता है । उनको समय पर मजदूरी नहीं दी जाती है । चार-चार महीने लोगों को मजदूरी नहीं दी जाती है । राजस्थान वह राज्य है, जो आज भी पीने के पानी के लिए तरसता है । ईआरसीपी की योजना, जो राजस्थान में पीने के पानी और सिंचाई के लिए योजना थी, वहाँ की सरकार कहती है कि यह केन्द्रीय परियोजना हो गई । लेकिन इस बजट में ईआरसीपी योजना में राजस्थान का नाम नहीं है । आज पीने के पानी के मामले में हालत खराब है ।

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, आप अपनी बात एक मिनट में कम्प्लीट कीजिए ।

श्री अमरा राम**:** महोदया, मैं शेखावाटी और सीकर के क्षेत्र से आता हूँ, जहाँ के सबसे ज्यादा लोग सेना में भर्ती होते हैं । जब भी युद्ध हुए हैं, तो सबसे ज्यादा शहादत शेखावाटी देती है । लेकिन अग्निवीर बनाकर देश के जवानों और देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया है । अब सरकार कह रही है कि चार साल के बाद वापस आने पर उन अग्निवीरों को सरकार, पुलिस और जेलों में भर्ती होने का मौका देगी ।

मेरा आपके माध्यम से एक ही निवेदन है कि यह बजट केवल इस बात के लिए है कि सरकार बचाओ, उद्योगपतियों को बढ़ाओ और रोज़गार खत्म करो । यह बजट केवल अपनी सरकार को बचाने के लिए है ।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

डॉ**.** प्रशांत यादवराव पडोले (भन्डारा**-**गोंदिया)**:** सर्वप्रथम मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूं कि आपने मुझे बजट पर अपनी बात रखने का अवसर दिया । वर्ष 2024 का बजट माननीय वित्तमंत्री जी ने प्रस्तुत किया है । हम सब उसके साक्षी बने हैं । मैं युवा हूं और मैं बजट को इस जिज्ञासा के साथ बड़े ध्यान से सुन रहा था और बार बार पढ़ा भी कि शायद युवाओं के लिए कुछ बेहतर हो, परंतु हर बार की तरह, इस बार भी निराशा ही हाथ लगी ।

मैं बजट 2024 का पुरजोर विरोध करता हूं । यह बजट आम जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है । मैंने कुछ बिंदुओं के आधार पर अपनी बात रखना तय किया है ।

कराधान नीति **(Taxation)** - इस बजट में पेट्रोल और डीजल पर 10 प्रतिशत की कर वृद्धि की गई है । इससे परिवहन लागत बढ़ेगी और अंततः वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में 5-7 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है । आवश्यक वस्तुओं पर GST में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी का मतलब है कि एक सामान्य परिवार की मासिक खर्च में औसतन 2000 रुपये की बढ़ोतरी होगी । जो हम सब के लिए चिंतनीय विषय है ।

कृषि क्षेत्र की उपेक्षा**-** इस बजट में कृषि के लिए मात्र 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है । पिछले वित्तीय वर्ष में कृषि क्षेत्र की जीडीपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, लेकिन किसानों की औसत आय में 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई । किसानों के लिए कर्ज माफी योजना में बजट का केवल 0.5 प्रतिशत हिस्सा आवंटित किया गया है, जबकि देश के 60 प्रतिशत से अधिक किसान कर्ज में डूबे हुए हैं ।

शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार का अभाव **-** शिक्षा बजट में केवल 3 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो कि अपर्याप्त है । शिक्षा पर खर्च जीडीपी का मात्र 3.1 प्रतिशत है, जबकि यूनेस्को के अनुसार इसे कम से कम 6 प्रतिशत होना चाहिए । स्वास्थ्य बजट में केवल 2.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार स्वास्थ्य पर खर्च जीडीपी का 5 प्रतिशत होना चाहिए । महामारी के बाद स्वास्थ्य सेवाओं की मांग में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन बजट में यह बात अनदेखी की गई है ।

रोजगार के अवसरों का अत्यंत अभाव**-** देश में बेरोजगारी दर 9 प्रतिशत हो गई है, जो पिछले वर्ष 8 प्रतिशत थी । युवा बेरोजगारी दर 20 प्रतिशत है, जो कि चिंताजनक है । एमएसएमई सेक्टर, जो देश के 40 प्रतिशत रोजगार प्रदान करता है, को इस बजट में कोई विशेष प्रोत्साहन नहीं मिला है । सरकार ने रोजगार सृजन के लिए मात्र 1 प्रतिशत बजट का प्रावधान किया है, जो कि पर्याप्त नहीं है ।

बिहार को विशेष पैकेज दिया गया है । अब बात यह है कि इस विशेष पैकेज का लाभ मिलना किसको है? इसमें महत्वपूर्ण सवाल ये है कि क्या उन लोगों को इस विशेष पैकेज का लाभ मिलेगा, जो बिहार के नागरिक देश के विभिन्न हिस्सों में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं? जवाब है कि बिलकुल नही । सरकार द्वारा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से सबसे बड़ा लाभ कुछ बड़े उद्योगपतियों को मिलेगा । बिहार के औद्योगिक विकास के लिए 50,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें से 70 प्रतिशत यानी 35,000 करोड़ रुपये बड़े उद्योगपतियों के प्रोजेक्ट्स के लिए आवंटित किए जाएंगे । विशेष राज्य का दर्जा मिलने से उद्योगों को कर में 25 प्रतिशत की छूट, सस्ती बिजली दरों में 30 प्रतिशत की रियायत, और अन्य कई लाभ मिलेंगे । बिहार की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, लेकिन इस पैकेज में कृषि क्षेत्र केविकास के लिए मात्र 1,000 करोड़ रुपये, यानी कुल बजट का केवल 2 प्रतिशत आवंटित किया गया है । महोदय, इस बात से सरकार की किसान विरोधी मानसिकता साफ प्रतीत होती है । जिस राज्य की नींव ही कृषि हो और वहां आप विशेष राशि आवंटित करके नींव को मात्र उस बजट का दो फीसदी हिस्सा देने का प्रावधान कर रहे । यह व्यवस्था "ऊंट के मुंह में जीरा" वाली कहावत को चरितार्थ करती है । इसके साथ ही, बिहार के छोटे और मझोले उद्योगों के लिए मात्र 7,500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो कि कुल बजट का मात्र 15 प्रतिशत है । इससे स्पष्ट होता है कि इस पैकेज का सर्वाधिक लाभ बड़े और चिन्हित उद्योगपतियों को मिलेगा, जबकि बिहार की अधिकांश आबादी को इसका लाभ नहीं मिलेगा । पैकेज इन्होंने दिया ही था तो बिहार के जन, जो अन्यत्र हिस्सों में मेहनत मजदूरी करके अपना पेट पाल रहे हैं, उन्हे सीधा लाभ देते । बिहार में निवासरत गरीब तबके के उत्थान की बात करते हैं, परंतु

नहीं इन्हें तो अपनी राजनैतिक रोटी सेंकनी है । Where is the spirit of Co-operative federalism? इन दो राज्यों को ही अधिकतम बजट क्यों दिया जाता है? क्या इससे यह साबित नहीं होता कि सरकार सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में लगी है?

इनका नारा है "सबका साथ, सबका विकास" परंतु क्रियान्वयन है "सबका साथ, अपना विकास" सही मायने में तो इन्हे बजट पर पुनर्विचार करना चाहिए । यदि उन्होंने पिछले 10 वर्षों के बजट में वास्तव में प्रदर्शन किया होता, तो परिणाम कुछ और ही होते । मानव विकास सूचकांक में भारत पिछड़ रहा है । भारत वर्तमान में 193 देशों में 134 वें स्थान पर है । 'उदार लोकतंत्र' Liberal Democracy रैंकिंग में भारत 179 देशों में से 104 वें स्थान पर है । भारत का लोकतंत्र खतरे में है । विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक लिंग अंतर (World Economic Forum on Gender Gap Report) रिपोर्ट 2024 में भारत का स्थान 146 देशों में 129 वां है । वैश्विक भूख सूचकांक (Global Hunger Index) में भारत 108 वें स्थान पर था, अब 129 देशों में 111 वें स्थान पर है । प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत वर्ष 2013 में 180 देशों में 140 वें स्थान पर था और अब 161 वें स्थान पर है । पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक Environment Performance Index में 180 देशों में भारत 176 वें स्थान पर है ।

यह बजट आम जनता के हितों के खिलाफ है । यह बजट गांव, गरीब, पिछड़ा, मजदूर, महिला, किसान, आदिवासी के हितों में बिलकुल नहीं है । मैं पुनः इस बजट का पुरजोर विरोध करता हूं और सदन से अपील करता हूं कि इस पर पुनर्विचार किया जाए और जनता के हित में सुधार किए जाएं । धन्यवाद ।

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(महाराजगंज) :** माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे वर्ष 2024-25 के आम बजट पर हो रही चर्चा में भाग लेने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करते हुए आपको धन्यवाद देता हूँ ।

इसी के साथ, माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी, वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी जी को हृदय से बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ । इन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा और एनडीए गठबंधन के मूल मंत्र- ?सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास? को केन्द्र में रखकर इस बजट को बनाया है ।

सभापति महोदया, इस बजट में सबसे बड़ी बात यह है कि एनडीए सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़-संकल्पित है कि सभी धर्मों, जातियों, लिंगों और आयु वर्ग के भारतीयों को अपने जीवन के लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति हो, ऐसा यह बजट है ।

महोदया, यह बजट भारत की आम जनता के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इसमें मुख्यत: गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता किसान पर ध्यान केंद्रित कर विभिन्न योजनाओं में धन आवंटित किया गया है, जो भारत को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक देश बनाए रखने के साथ सर्वकल्याणकारी, आत्मनिर्भरवादी, विकासवादी तथा वैश्विक अर्थ जगत में सबसे बड़ा आर्थिक शक्ति वाला राष्ट्र बनाने की दिशा में यह बजट काफी प्रभावी है ।

महोदया, इस बजट की अन्य विशेषताएं निम्नवत हैं, जो हमारे देश की जनता के कल्याण के साथ राष्ट्रहित तथा भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हैं । विपक्ष के लोग तथा खासकर विपक्ष के नेता अपनी तरफ से किसान के बारे में चर्चा करते हैं । मैं सिर्फ दो-तीन बातें उनको चुनौती देते हुए कहना चाहता हूं । अगर उनके सामने रावा, तोंगनी, सावां, मरूआ, कोदो, राई, अजवाइन, तोरी, अगर ये एक साथ रख दिए जाएं तो उनमें ये

तफ़रक़ा नहीं कर सकते हैं कि यह क्या है और कहां से आता है? किसान की बातें तो लंबी-चौड़ी करते हैं । अगर इनसे यह कह दिया जाए कि लाल मिर्च और हरी मिर्च का पौधा कैसा होता है, तो उसमें भी तफ़रक़ा नहीं कर पाते हैं, लेकिन ये किसान की बात जरूर करेंगे कि हम किसान हितैषी हैं ।

जब ये किसान की बात करते हैं, तो किसी एक राज्य के किसान जब यहां आंदोलन के लिए आते हैं, तो उनके साथ फोटो खींचकर शेयर जरूर करते हैं, लेकिन कभी कर्नाटक में जाकर वहां के किसानों के साथ क्या हो रहा है, यह नहीं देखते । वहां भाजपा और एनडीए के लोग जाकर उन किसानों के आंसू पोंछ रहे हैं । विधान सभा चुनावों में वहां जाकर आपने वादा किया था । आज हजारों की तादाद में कर्नाटक के किसानों ने आत्महत्या की है । उन किसानों के लिए आपने एक बार भी वहां जाने का काम नहीं किया है । भारत की सरकार सबके लिए है ।

आप किसान की बात करते हैं? वर्ष 2014 से पहले, जब आपकी सरकार थी, तो भले ही आपने कुछ किसानों के कर्ज की राशि माफ कर दी हो, लेकिन यह सरकार, जो हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में है, वह किसान हितैषी है । यह साबित करता है कि हम पूरे देश के किसानों के लिए प्रतिवर्ष छ: हजार रुपए तीन माह में किसान सम्मान निधि के तौर पर उन्हें मुहैया कर रहे हैं ।

माननीय सभापति महोदया, यह भी इसे साबित करता है कि 9 जून को हमारे प्रधान मंत्री जी तीसरी बार प्रधान मंत्री के रूप में ओथ लेते हैं और 10 जून को अपने कार्यालय में सुबह 10 बजे पहुंचते हैं । वे पहला दस्तखत किसानों के लिए करते हैं और 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर करते हैं, क्योंकि यह किसानों के हित की बात है ।

आप किसान के नाम पर आंसू भले ही बहा लेते हो, लेकिन किसान का दर्द कभी आपने जाना ही नहीं है । किसान के बारे में आपको कुछ पता ही नहीं है कि किसान कहां से, कितने कष्ट से आते हैं । किसान के दर्द को अगर किसी ने जाना है, तो श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जाना है । यह एनडीए की सरकार जानती है । आपने तो सोने का चम्मच मुंह में लेकर जन्म लिया है ।

?जाके पैर न फटे बिवाई,

सो क्या जाने पीर पराई ।?

इस देश के गरीबों के बारे में, इस देश के कल्याण के बारे में हमारे देश के प्रधान मंत्री जी और एनडीए सरकार में शामिल हमारे लोग जानते हैं, क्योंकि हम कष्ट से यहां आकर देश का कल्याण करने का संकल्प लेकर देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं । आप सिर्फ लंबी-चौड़ी बात कर-कर के और सिर्फ एक असत्य बात बार-बार कहकर चाहते हैं कि उसको आप सत्य बना दें । लेकिन यह संभव नहीं है । आप असत्य बात कह-कहकर उसे सत्य बनाना चाहते हैं, देश की जनता आपका बंटाधार करेगी, इसे आप पूरी तरह से अपने ध्यान में रखिए ।

जहां तक धर्म की बात है, मैं उसकी बात करता हूं । हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने धर्म के प्रति और सनातन के प्रति देश भर में जागरुकता पैदा की है । उन्होंने आपको मंदिरों में जाने के लिए बाध्य कर दिया, आपको जनेऊ पहनने के लिए बाध्य कर दिया । आप मंदिरों का दरवाजा तक नहीं जानते थे, लेकिन अब आप मंदिरों में जाकर टीका-चंदन करा रहे हैं । यह देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की देन है कि हम सबके साथ, सबके विकास, सबके प्रयास और सबके संकल्प के साथ हम आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूँ कि इस बजट में रोजगार, कौशल, प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्य वर्ग पर भी पूरा ध्यान केन्द्रित किया है । उदाहरण के तौर पर अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने 5 योजनाओं और पहलों की पैकेज की घोषणा की है, जिसमें 5 वर्ष की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ होगा । इसके लिए केन्द्रीय परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये का है । इसी के साथ शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का भी प्रावधान बजट के माध्यम से करके देश के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा खींचने का काम किया गया है ।

विपक्ष से जब भी कोई बोलने के लिए खड़ा होता है तो वह एक असत्य बात बोलकर देश को गुमराह करने का काम करता है । ये अग्निवीर के बारे में बात करते हैं । अग्निवीर ऐसे नहीं तैयार हुआ है, आप अग्निवीर को सिर्फ नाम से जानते हैं । अग्निवीर के बारे में इस देश के प्रधानमंत्री जी ने, इस देश के डिफेंस और गृह मंत्री जी ने और इस सरकार ने काफी मंथन किया है । महीनों-महीनों नहीं, वर्षों मंथन किया है और तब यह योजना लायी गई है कि हमारे देश के हर युवा को काम मिले, देश का युवा मजबूती से सीमाओं की सुरक्षा भी करे और सुरक्षा के साथ-साथ यह देश भी मजबूती के साथ आगे बढ़े । देश की सुरक्षा में अब हमारी सीमाओं पर किसी को हमें आँख दिखाने का मौका न मिले और अगर कोई हमें आँख दिखाए तो चाहे हमारे अग्निवीर के जवान हों, देश के जवान हों, वे उन सीमाओं पर हमें आँख दिखाने वालों की आँख निकाल लें, यह ताकत हमारे देश के नौजवानों में है । अग्निवीर-अग्निवीर कर करके देश के युवाओं को गुमराह करना बंद कर दीजिए । आप इस पर गुमराह करना बंद कीजिए ।

मैं तो काफी हैरानी में रहता हूँ । जब बजट आया तो यही लोग कह रहे थे कि बिहार मालामाल है, बिहार में बजट का सब पैसा चला गया, ये लोग ऐसे नारे लगा रहे थे । बिहार में विधान सभा चल रही थी और इन्हीं के लोग बिहार की विधान सभा में झुनझुना ले जाकर दिखा रहे थे कि बिहार को कुछ नहीं मिला । यह इनकी कैसी दोरंगी नीति है । इस तरह की दोरंगी नीति के बारे में तो हम कभी सोच भी नहीं सकते हैं । एक तरफ आप ही के लोग झुनझुना दिखा रहे हैं और आप ही कहते हैं कि सारा बजट बिहार को चला गया है । मैं तो देश के प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी को बधाई दूँगा कि इतने वर्षों के बाद, बिहार में चाहे बाढ़ की बात हो, बाढ़ के नियंत्रण के लिए 11,500 करोड़ रुपये अलग से दिये गये हैं । सड़कों का जाल बिछाने के लिए अलग से पैसा दिया गया है । वहाँ अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए अलग से पैसा दिया गया है । मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए अलग से पैसे का प्रावधान किया गया है । युवाओं के रोजगार के लिए भी बिहार में काम करने के लिए धन का प्रावधान किया गया है । हमारे सामरिक स्थलों को विकसित करने के प्रति भी इस बजट में जितना प्रावधान किया गया है और इस देश की सरकार ने इस दिशा में जितना काम किया है, बिहार का एक सांसद होने के नाते, बिहार की जनता की भावना के माध्यम से, बिहार की 14 करोड़ जनता की तरफ से देश के माननीय प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री को मैं हृदय से बधाई देता हूँ कि आपने बजट में यह प्रावधान करने का काम किया है ।

महोदया, मैं अपने क्षेत्र की कुछ बातों को रखकर अपनी बात समाप्त करूंगा । मैं अपने संसदीय क्षेत्र महाराजगंज के बारे में कुछ मांगना और कहना चाहता हूं । महाराजगंज में एक कृषि महाविद्यालय की स्थापना की जाए । नई दिल्ली से गोरखपुर, सिवान, एकमा, छपरा होते हुए पटना तक की एक जोड़ी वंदे भारत ट्रेन चलाने की व्यवस्था की जाए । एक मेडिकल कालेज खोलने की व्यवस्था की जाए । लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जन्मस्थली सिताब दियारा से जलालपुर, बनियापुर, भगवानपुर, डुमरिया घाट होते हुए महात्मा गाँधी की कर्मस्थली चम्पारण के मोतिहारी तक एक नई रेल लाइन बिछाने हेतु व्यवस्था की जाए । मांझी से अयोध्या तक घाघरा/सरयू नदी में पूर्व से घोषित राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 40 में जलीय परिवहन का सुचारू संचालन किया जाए । मेगा फूड पार्क महाराजगंज में स्थापित कराने की व्यवस्था की जाए । सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करवाने

की व्यवस्था की जाए । महाराजगंज से दरौंदा, चैनवा, महेन्द्रनाथ हाल्ट, एकमा, दाउदपुर, छपरा होते हुये पाटलिपुत्रा जंक्शन तक कार्यालय समय अनुसार एक जोड़ी रेलगाड़ी चलाने की व्यवस्था की जाए ताकि हजारों हजार लोगों को सुविधा मिल सके ।

माननीय सभापति: धन्यवाद । अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल: महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण जिला अंतर्गत माझी प्रखंड के मांझी गढ एवं बनियापुर प्रखंड अंतर्गत हरपुर कराह गढ़ को धरोहर घोषित करते हुए पर्यटकीय एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विकसित करने का काम किया जाए । ?नमामि गंगे? की विकास योजना के अंतर्गत पानापुर प्रखंड के मथुरा धाम, तरैयाँ प्रखंड के गंडक नदी के नारायणी तट के जिम्दाहा में घाट का निर्माण कराया जाये ।

माननीय सभापति : आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल: महोदया, नमामि गंगे की विकास योजना के अंतर्गत मांझी घाट पर डूमाईगढ़ में शवदाह गृह व घाटों का निर्माण करवाया जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र के छपरा जिला के बनियापुर, एकमा व सिवान जिला के भगवानपुर, मदारपुर, महाराजगंज में नेशनल आयुष मिशन के अंतर्गत 50 बेड का आयुष अस्पताल का निर्माण करवाया जाए । मांझी-बरौली पथ व पैगम्बर से महाराजगंज होते हुए सिवान को जाने वाली पथ को नेशनल हाइवे का दर्जा दिया जाये । नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी को स्थापित किया जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र में खेलो इंडिया के अंतर्गत स्टेडियम व आवासीय प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करवाई जाए । दाउदपुर के दुमदुमा ढाला एवं एकमा के मांझी-बरौली पथ पर अवस्थित ढाला पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए । महाराजगंज-मशरक रेलवे खंड पर अवस्थित पटेढी में पूर्व मुख्य मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी महामाया बाबू के नाम पर हाल्ट स्टेशन का निर्माण करवाया जाए ।

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर (बनासकांठा) : सर्वप्रथम मैं अपनी पार्टी के नेता श्री राहुल गांधी जी का धन्यवाद करना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे इस बजट 2024-25 पर विचार व्यक्त करने का अवसर दिया ।

यह बजट आम जनता को निराश करने वाला बजट है । इस बजट में किसानों, महिलाओं, गरीबों की उपेक्षा की गई है । जिस प्रकार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते जा रहे हैं, इसमें महिलाओं के लिए काफी परेशानी का विषय है । गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी होने की वजह से कई घरों मे देश में गरीब महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और कई घरों में ऐसा है कि महंगाई की वजह से गैस नहीं भरवा पा रहे है ।

इसी प्रकार किसानों को इस बजट मे न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के लिए बहुत आस थी, परंतु इस बजट में न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का कोई जिक्र नहीं किया गया है एवं जिस प्रकार आज किसानों के ऊपर इतना कर्ज का भार है, आज किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है । परंतु सरकार का इस विषय पर कोई ध्यान नहीं जाता है । इस बजट में किसानों के ऋण माफी का कोई जिक्र नहीं किया गया है । जिस प्रकार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है, इससे आम जनमानस त्रस्त है । अगर युवाओं की बात करें, तो इस बजट में देश में बढ़ती बेरोजगारी का कोई जिक्र नहीं किया गया है । पूर्व मे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं को हर साल दो करोड़ रोजगार देने की बात की गई थी, परंतु इस बजट में युवाओं की पूर्ण रूप से उपेक्षा की गई है ।

इसलिए इस 2024-25 के बजट में जिस प्रकार महिलाओं, किसानों, युवाओं, गरीबों, मजदूरों एवं आम जनमानस की उपेक्षा की गई है, उस प्रकार इस बजट को जनविरोधी बजट माना जा सकता ।

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ (मुम्बई उत्तर-मध्य): मैं वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट की उन असफलताओं पर अपने विचार रखना चाहती हूँ, जिन्होंने हमारे देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति पर नकारात्मक प्रभाव डाला है । यह बजट, जिसकी उम्मीदें बहुत ऊंची थीं, आंकड़ों और तथ्यों के आधार पर कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विफल रहा है । मुझे उम्मीद थी कि जो सबक आपको जनता ने चुनाव में दिया था, उससे आप कुछ सीख लेंगे । लेकिन सरकार ने फिर वही गलती दोहराने का काम किया है ।

महंगाई आम जनता के जीवन को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा मुद्दा है । इस बजट में महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई । आंकडे बताते हैं कि पिछले वर्ष की तुलना में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें 10% से 15% तक बढ़ी हैं । खाद्य पदार्थों, विशेषकर दालों, सब्जियों और खाने के तेल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर दिया है । इसके बावजूद, बजट में महंगाई पर लगाम लगाने के लिए किसी भी विशेष उपाय का अभाव है ।

डब्ल्यूपीआई महंगाई दर 3.4 प्रतिशत है, सीपीआई महंगाई दर 5.1 प्रतिशत है और खाद्य महंगाई दर 9.4 प्रतिशत है । हम सरकार के इस रवैये की निंदा करते हैं । बजट भाषण में कुछ भी ऐसा नहीं है, जो हमें विश्वास दिलाए कि सरकार महंगाई के मुद्दे को गंभीरता से हल करेगी ।

बेरोजगारी देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती है । कुछ दर्जन रिक्तियों या कुछ हजार पदों के लिए लाखों उम्मीदवार आवेदन करते हैं और परीक्षा लिखते हैं या साक्षात्कार में शामिल होते हैं । सीएमआईई के अनुसार, पूरे भारत की बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत है ।

सरकार की प्रतिक्रिया बहुत कम है और गंभीर बेरोजगारी स्थिति पर इसका बहुत कम प्रभाव पड़ेगा । वित्त मंत्री द्वारा घोषित योजनाओं से 290 लाख लोगों को लाभ होगा, यह दावा अत्यधिक बढ़ा-चढ़ा कर बताया गया है । उन्होंने 3 संख्याएं दी हैं- 210 लाख, 30 लाख और 50 लाख । प्रत्येक संख्या अत्यधिक बढ़ा-चढ़ा कर बताई गई है ।

युवा वर्ग की समस्याओं में रोजगार एक महत्वपूर्ण मुद्दा है । देश की 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, लेकिन उनके लिए रोजगार के अवसर सीमित हैं । आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में बेरोजगारी दर 8% थी, जो इस बजट के बाद भी समान स्तर पर बनी हुई है । सरकार ने कौशल विकास के लिए कुछ योजनाएं प्रस्तावित की हैं, लेकिन ये योजनाएं प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाई हैं, जिसके परिणामस्वरूप युवाओं को रोजगार मिलने में कठिनाई हो रही है ।

शिक्षा के संबंध में बहुत बड़ा मुद्दा एनईईटी और घोटाले-प्रभावित राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी का है । कई राज्यों ने मांग की है कि एनईईटी को समाप्त किया जाना चाहिए और राज्यों को चिकित्सा शिक्षा में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवारों का चयन करने के अपने तरीकों को अपनाने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए । इस बारे में बजट में कोई प्रतिक्रिया नहीं है । मैंने वित्त मंत्री को स्कूल शिक्षा का उल्लेख करते हुए नहीं सुना । फिर भी, सरकार जिद्दी रूप से एनईईटी को बनाए हुए है, जिसे आप याद रखेंगे कि एनईईटी स्कूल शिक्षा के अंत में एक परीक्षा है । दिलचस्प बात यह है कि शिक्षा पर 1,16,417 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान के खिलाफ सरकार ने केवल 1,08,878 करोड़ रुपये खर्च किए ।

स्वास्थ्य देखभाल बेहतर है, लेकिन पर्याप्त नहीं है । सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल की मात्रा में वृद्धि हो रही है, लेकिन गुणवत्ता में नहीं हो रही है । कुल स्वास्थ्य व्यय का लगभग 47 प्रतिशत अभी भी जेब से खर्च होता है । डॉक्टरों, नर्सों, चिकित्सा तकनीशियनों और डायग्नॉस्टिक उपकरणों और मशीनों की भारी कमी है । केंद्र सरकार

का स्वास्थ्य देखभाल पर व्यय पिछले वर्ष तक जीडीपी के अनुपात के रूप में 0.28 प्रतिशत और कुल व्यय के अनुपात के रूप में 1.9 प्रतिशत तक घट गया है ।

मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पिछले 6 वर्षों में मजदूरी स्थिर रही है । वर्ष 2017-18 और वर्ष 2022-23 के बीच श्रमिकों की औसत मासिक आय थी - स्वरोजगार/श्रमिक 12,800 रुपये प्रति माह, आकस्मिक दैनिक मजदूर 7,400 रुपये प्रति माह और नियमित मजदूरी/श्रम 19,750 रुपये प्रति माह । हम मांग करते हैं कि न्यूनतम मजदूरी हर प्रकार के रोजगार के लिए 400 रुपये प्रति दिन तय की जाए ।

0-20 प्रतिशत कर स्लैब में कर देने वाले नागरिकों को कुछ राहत दी गई है, लेकिन गरीब तबकों, विशेष रूप से गैर-कर देने वाले वेतनभोगी श्रमिकों और आकस्मिक दैनिक श्रमिकों को कोई राहत नहीं दी गई है ।

हमारे देश की जीडीपी का लगभग 17% योगदान कृषि क्षेत्र से आता है, लेकिन इस बजट में किसानों के कल्याण के लिए अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया है । किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिए जाने वाले ऋण में मामूली वृद्धि के अलावा कोई बड़ा कदम नहीं उठाया गया है । साथ ही, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है । कृषि क्षेत्र में आई इस उपेक्षा के चलते किसान आत्महत्या की घटनाओं में 5% की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि चिंताजनक है ।

सामाजिक न्याय और समानता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं है । अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आवंटित बजट में मात्र 5% की वृद्धि की गई है, जो कि उनकी वास्तविक जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है । महिलाओं और अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए भी कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है, जिससे समाज में विषमता और बढ़ सकती है ।

श्री सप्तगिरी शंकर उलाका: बात, पोलावरम डैम, जिसे नैशनल प्रोजेक्ट स्टैटस आपने दिया है, उसका यदि अभी निर्माण होता है, तो मेरे मलकानगिरि के 162 गांव हजारों एकड़ लैंड, सब मर्ज हो जाएंगे । इसमें न एनवायरमेंट क्लीयरेंस मिला है, न ही आर्कियोलॉजिकल साइट्स, कोल डिपॉजिट ये सारी चीजें डूबेंगी । So, the Polavaram Dam is not to be taken up. यह होगा, तो ओडिशा का मलकानगिरि जिला, बहुत सारे आदिवासी एरियाज मर्ज होंगे । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : संसदीय कार्य मंत्री जी ।

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू) : आज सदन में वायनाड की प्राकृतिक आपदा की घटना को लेकर जो डिमांड आई थी, हमारे गृह राज्य मंत्री उस रिपोर्ट को सदन के सामने रखने के लिए तैयार हैं । जब आप उचित समझेंगे, तो वह टेबल पर रख देंगे । उसके बाद कॉपी अपलोड करके सारे मेंबर्स को दे देंगे । यह टेबल करने की इजाजत दीजिए ।

माननीय सभापति : सप्तगिरी जी की स्पीच हो जाए, उसके बाद ।

श्री सप्तगिरी शंकर उलाका: सर, मैं फिर से स्टार्ट करता हूं ।

माननीय सभापति : सब रिकॉर्ड में जा चुका है । Do not repeat it. Whatever you have said is already on record.

श्री सप्तगिरी शंकर उलाका: ठीक है सर, मुझे कॉंटीन्यू करने दीजिए । ? (व्यवधान) एक तो एक स्पेशल कैटेगरी ओडिशा को मिलनी चाहिए । We deserve it. बहुत सारे साइक्लॉन्स आते हैं । दूसरा, पोलावरम डैम यदि बनेगा तो मलकानगिरी जिले के 162 गांव सबमर्ज होंगे । हजारों एकड़ लैंड सबमर्ज होंगी । कोई पब्लिक हियरिंग नहीं हुई । यह दादागिरी नहीं चलेगी । आंध्र, बिहार को आप पैसा दीजिए, लेकिन ओडिशा के साथ अन्याय नहीं होनी चाहिए । तीसरी बात, मेरे एक कलीग यूपीए टाइम में रेल लाने के लिए बोले थे । मैं आपको उदाहरण देता हूं । राएला रेल डिवीजन को 2017-18 में डिक्लेयर किया गया । 15-20 प्रश्न यहां पूछ चुके हैं । मंत्री जी से बात की, लेकिन अभी कुछ भी नहीं है । अभी रिक्वेस्ट करके मैंने बोला कि 70 करोड़ का आवंटन करके रायगड़ा रेल डिवीजन बनाया जाए । गुरुपुत्र रेल लाइन 15 प्रश्न जीरो ऑवर व नियम-377 के अधीन मामलों में उठा चुका हूं, लेकिन कुछ नहीं होता । कभी बोलते हैं कि राज्य सरकार पैसा देगी, कभी बोलते हैं केंद्र सरकार पैसा देगी । ऐसे ही चलता रहता है । केंद्रीय विद्यालय, जाजपुर का मुद्दा मैं पिछले सदन में 20 बार उठा चुका हूं । ओडिशा के साथ यह अन्याय हो रहा है । एनडीए, भाजपा की सरकार बार-बार करती आ रही है । एम्स, संभलपुर, मेरी नहीं, आपकी ही डिमांड थी, एम्स संभलपुर, सरकारी मेडिकल कॉलेज रायगड़ा की हम डिमांड करते आ रहे हैं । कुछ भी नहीं हो रहा है । एक्सप्रेसवे को आप राशि दे रहे हैं । भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत 348 किलोमीटर उन्हीं की सरकार ने बोला था कि हमें चाहिए, लेकिन यह भी नहीं मिल रहा है । ओडिशा कैपिटल रिंग रोड रिजन, आदिवासियों के बारे में ये बोल रहे हैं कि this is helping the tribals. I will give you one example. The proposed Critical Mineral Mission and the auctioning of offshore blocks for mining starkly overlooks the dire consequence. माइनिंग का एक-एक करके आप ऑक्शन कर रहे हैं, फिर आप बोल रहे हैं कि एक नई स्कीम ले आए कि 63 हजार गांवों के लिए 5 करोड़ ट्राइबल हैबिटेट देंगे । एक तो हमारे पहाड़, जंगल, जमीन सब बेचकर आप ऑक्शन करेंगे । ग्राम सभा नहीं है, कुछ भी नहीं है । हम लोगों को पैसे से बेदखल कर देते हैं, फिर बोलते हैं कि हम स्कीम लाएंगे । एंटरिम बजट और इस बजट में यह अंतर है कि एंटरिम बजट में 1 लाख 21 हजार करोड़ 23 रुपये ट्राइबल्स के लिए सैंक्शन किए गए थे । इस बजट में 1 लाख 24 हजार नौ सौ नौ रुपये सैंक्शन किए गए । ये पैसा कहां से आया? आप बोल रहे हैं कि आदिवासियों के लिए प्रधान मंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान करेंगे । आप कैसे करेंगे, जब पैसा ही नहीं है । यह काफी अन्याय वाला बजट है । हमें कोई प्रॉब्लम नहीं है, कुछ नहीं है । कुछ सुझावों के साथ मैं अपनी बात खत्म करता हूं ।

Coming to long-term capital gain, सर, जब आप नया टैक्स रिजीम लेकर आते हैं, तो Long-term capital gain कुछ के लिए अच्छा है, कुछ के लिए खराब है, but this is something which you can give a leeway to. कम से कम तीन साल तो दीजिए । जो नई टैक्स रिजीम में जाना चाहते हैं, वे लॉंग टर्म कैपिटल गेन इंडेक्सेशन हटाकर जाएं, जो नहीं जाना चाहते हैं, नहीं जाएं । रोजगार के बारे में अंत में बोलना चाहता हूं कि जो आप एक करोड़ इंटर्नशिप देने की बात कर रहे हैं, 95 per cent of the jobs are in the information sector. जब तक एमएसएमई को आप स्ट्रेंग्थेन नहीं करेंगे, जीएसटी में सुधार नहीं करेंगे, तब तक आप नौकरी दे नहीं सकते हैं । आदिवासियों के साथ आप जो अन्याय कर रहे हैं, अपने माइन्स बेचकर जो छोटी-मोटी स्कीम आप दे रहे हैं, वह काफी नहीं है । धन्यवाद ।

श्रीमती मालविका देवी (कालाहाण्डी) : मैं बजट पर अपने विचार रखने हेतु अवसर प्रदान करने के लिए आभार प्रकट करती हूं । साथ ही कालाहांडी ही नहीं, बल्कि समस्त उड़ीसा की अनुग्रहित जनता की ओर से हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी को कोटि कोटि धन्यवाद । उन्होंने उडीसा की विभिन्न परियोजनाओं के विकास हेतु बजट के आवंटन के साथ-साथ "पूर्वोदय योजना" के माध्यम से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने एवं समस्त पूर्वी क्षेत्र के विकास को अभूतपूर्व गति प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है ।

यह बजट राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का बजट है । फिर चाहे बात जल, जंगल या जमीन की हो या शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं पर्यटन के विकास की, हर क्षेत्र का व्यापक स्तर पर सूक्ष्म अवलोकन करते हुए बड़े ही वैज्ञानिक एवं समावेशी तरीके से वित्तीय आवंटन किया गया है ।

यदि हम उड़ीसा की बात करें तो केन्द्र सरकार के रेल बजट में इस बार ओडिशा पर विशेष ध्यान दिया गया है । रेल बजट में ओडिशा सरकार ने 8400 करोड़ रुपए की मांग की थी । हालांकि, केन्द्र सरकार ने ओडिशा को इससे कहीं अधिक राशि दी । 10 हजार 12 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं । जबकि 2022-23 के आर्थिक वर्ष में ओडिशा को सिर्फ 9 हजार 734 करोड़ रुपये का ही अनुदान मिला था । इस राशि का उपयोग कर अनुगुल-सुकिन्दा (200 करोड़ रुपये), खुर्दा-बलांगीर के लिए (1599 करोड़ रुपये), सम्बलपुर-तालचेर (78 करोड़ रुपये), हरिदासपुर-पारादीप (50 करोड़ रुपये) आदि लगभग 30 रेल-खंडों के विकास एवं संवर्द्धन के लिए किया जाएगा इसके साथ साथ वर्तमान वित्तीय वर्ष में ओडिशा में करीब 280 किलोमीटर की रेलवे ट्रैक बिछाए जाने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

ओडिशा में पर्यटन हब बनाने के लिए माननीय वित्त मंत्री जी की पहल, जिसमें उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ओडिशा की प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, स्मारक, शिल्प कौशल, वन्य जीव अभ्यारण्य, प्राकृतिक परिदृश्य और प्राचीन समुद्र तट इसे एक परम पर्यटन स्थल बनाते हैं और उनके विकास के लिए धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा । विशेष रूप से उल्लेखनीय है ।

यदि हम संपूर्ण बजट पर एक समग्र दृष्टि डालें तो हम पाते हैं कि यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता, संकल्पशक्ति और विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है ।

केन्द्रीय बजट वर्ष 2024-25 में नौ बुनियादी प्राथमिकताओं पर ध्यान केन्द्रित करके 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक व्यापक रणनीति की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए प्रचुर अवसर पैदा करने के साथ साथ, भारत को एक विकसित राष्ट्र का दर्जा दिलाने के लिए तैयार की गई है ।

भारत की आत्मा गांवों में बसती है और किसान इसके मूलाधार हैं । आज का बजट ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र की प्रगति में नए आयामों को स्थापित करने वाला है । साथ ही वर्ष 2047 तक भारत को एक सशक्त, समृद्ध, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा ।

यह बजट किसान, महिला, युवा और गरीब लोगों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला है । साथ ही किसानों की आय को बढ़ाने, मजबूत अधोसंरचना, स्वस्थ भारत, सुशासन, युवाओं के लिए अवसर, सभी के लिए शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, समावेशी विकास का संकल्प और मजबूत करने वाला बजट है ।

कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं । कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता पहली प्राथमिकता है । खेती के उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल 32 फसलों की 109 किस्में जारी होंगी तथा जलवायु अनुकूल फसलों के विकास पर जोर देने के लिए कृषि अनुसंधान की व्यापक समीक्षा का प्रावधान है ।

ग्रामीण विकास के लिए बजट में बड़े निर्णय हैं । ग्रामीण बहनों के जीवन में बदलाव लाने के लिए 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, वह महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा । साथ ही ग्रामीण विकास (ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर) के लिए 2.66 लाख करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है । पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर बनेंगे, ग्रामीण और शहरी मिलाकर और इसके लिए जरूरी आवंटन किया गया है । महिलाओं, बालिकाओं संबंधी योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये आवंटित किया गए हैं, जो कि अभूतपूर्व है ।

भारत सरकार ने रोजगार क्षमता बढ़ाने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न व्यापक पहलों के माध्यम से कौशल विकास के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है । केन्द्रीय बजट 2024-25 के तहत एक उल्लेखनीय विशेषता राज्य सरकारों और उद्योग के सहयोग से प्रधानमंत्री पैकेज के तहत एक नई केन्द्र प्रायोजित योजना की घोषणा है । इस योजना का उद्देश्य पाँच वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रदान करना और 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को उन्नत करना है ।

इसके अतिरिक्त, मॉडल कौशल ऋण योजना को संशोधित किया जाएगा, ताकि सरकार की गारंटी के साथ ₹ 7.5 लाख तक के ऋण की सुविधा दी जा सके, जिससे सालाना 25,000 छात्रों को लाभ होगा । ऐसे लोग जो मौजूदा योजनाओं का लाभ लेने के योग्य नहीं हैं, उन्हें घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए ₹10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें ई-वाउचर प्रत्येक वर्ष 1 लाख छात्रों के लिए 3 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर में छूट प्रदान करेंगे ।

जल जीवन मिशन ने 5 साल की छोटी सी अवधि में 3 करोड़ से 15 करोड़ ग्रामीण नल कनेक्शनों की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की तथा 2.28 लाख गांवों और 190 जिलों ने 'हर घर जल' का दर्जा हासिल किया । देश में 88.91 प्रतिशत स्कूलों और 85.08 प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों में नल का पानी पहुंचा है, जिससे इन बच्चों के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है । इस स्वर्णिम उपलब्धि ने न केवल हमारे देशवासियों को शुद्ध जल का उपहार दिया है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी अहम सुधार किया है ।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भारी जन समर्थन मिला है, जिसमें 1.28 करोड़ से अधिक पंजीकरण और 14 लाख आवेदन पहले ही जमा हो चुके हैं । छतों पर सौर पैनल लगाने की सुविधा के लिए यह योजना शुरू की गई है, जिससे एक करोड़ घरों को प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल सकेगी ।

यह बजट देश के आर्थिक विकास को नई ऊँचाई देने की मोदी जी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है तथा यह नारी शक्ति के सामर्थ्य व हौसले को नई ऊंचाई देने वाला है ।

कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये की घोषणा परिवर्तनकारी सिद्ध होगी तथा 'राष्ट्रीय सहकारी नीति' सहकारी आंदोलन को सशक्त और जमीनी स्तर पर इसकी पहुँच को मजबूत करेगी साथ ही यह बजट MSME क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार भी करेगा । पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान से जनजातीय समाज के 63 हजार गाँवों का विकास सुनिश्चित होगा।

अवयस्क बच्चों के लिए एक नई पेंशन योजना 'वात्सल्य' की घोषणा की गई है । इस पेंशन योजना में माता-पिता और अभिभावक अंशदान करेंगे । वयस्कता की आयु होने पर, इस योजना को सहज रूप से एक सामान्य एनपीएस खाते में बदला जा सकेगा । केन्द्रीय बजट में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ाकर अगले 10 साल में 5 गुनी करने के लिए ₹1,000 करोड़ रुपये के एक वेंचर कैपिटल फंड का ऐलान किया गया है ।

मोबाइल फोन, मोबाइल पीसीबीए और मोबाइल चार्जर पर सीमा शुल्क घटाकर 15 प्रतिशत किया गया है । रेसिस्टरों के विनिर्माण के लिए ऑक्सीजन फ्री कॉपर पर सीमा शुल्क खत्म करने और कनेक्टरों के विनिर्माण के लिए कुछ पार्ट्स पर सीमा शुल्क में छूट का प्रस्ताव है ।

रक्षा बजट में 6.21 लाख करोड़ का आवंटन का ऐतिहासिक आवंटन समृद्ध और आत्मनिर्भर 'विकसित भारत' की ओर बढ़ने में मदद करेगा । साथ ही यह सशस्त्र बलों को और सुदृढ़ करेगा तथा रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को बढ़ावा देगा । बजट में टैक्स में छूट और नियमों के सरलीकरण से करदाताओं को बहुत आसानी होगी और यह बजट विकसित भारत के संकल्प को अक्षरशः साकार कर सकेगा ।

मैं अंत में अपनी बात को समाप्त करते हुए सिर्फ इतना कहना चाहती हूं कि यह बजट मोदी सरकार का देशवासियों की आशा, आकांक्षा व विश्वास पूर्ति के संकल्प का प्रतिबिम्ब है, जो न सिर्फ वर्तमान की गंभीर समस्याओं के निस्तारण का संकल्प प्रस्तुत करता है वरन् एक स्वर्णिम भविष्य की उम्मीद भी जगाता है ।

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) : बजट 2024-2025 पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद ।

मै हमारे यशस्वी प्रधानमन्त्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने एक ऐसा बजट पेश किया है जिसमे देश के हर नागरिक की आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया हैं ।

जैसा की हम सभी जानते है की मोदी सरकार ने देश के बुनियादी ढांचे के परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए हमेशा अथक प्रयास किए हैं, जिसका उद्देश्य देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देना, कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता को सुधारना है । परिवहन नेटवर्क के आधुनिकीकरण, शहरी सुविधाओं के उन्नयन और डिजिटल अवसंरचना के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, माननीय वित्त मंत्री जी ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट प्रस्तुत किया है जिसमे देश के राजमार्गों, रेलवे और हवाई अड्डों के विकास से लेकर जलमार्गों और रोपवे सिस्टम को बढ़ावा देने तक, हर संभव प्रयास देश भर में समावेशी और सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे हैं । पिछले 10 वर्षों में भारत ने अवसंरचना विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिनमें दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग, अटल सुरंग, और दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चेनाब पुल का उद्घाटन भी शामिल है ।

भारत के लोगों ने माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में लगातार तीसरी बार अपना विश्वास व्यक्त किया है और उनके नेतृत्व वाली इस सरकार को ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए पुनः चुना है । हम यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़संकल्प हैं कि सभी धर्म, जाति, लिंग और आयु के भारतीय अपने जीवन के लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति करें ।

इस बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक परिवर्तन किए हैं, जिससे हमारे देश की जनता की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा । प्राथमिकता देते हुए, इस बजट ने गरीबी को कम करने और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं को प्रस्तुत किया है । यह स्वास्थ्य, शिक्षा, और आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण कदम है ।

इसके अतिरिक्त, भारत ने विश्व के सबसे ऊंचे प्रतिमा, स्टैचू ऑफ यूनिटी की स्थापना जैसे आइकोनिक landmarks से रिकॉर्ड स्थापित किए हैं और लद्दाख में सभी मौसमों के लिए कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए एशिया की सबसे लंबी सुरंग, जोजिला सुरंग जैसे परिवर्तनीय प्रोजेक्ट्स पर काम किया है । इसके अलावा, मुंबई में अटल सेतु, ब्रह्मपुत्र पर बोगीबील ब्रिज, पूर्वोत्तर में जैसवाल ब्रिज और ढोला-सादिया ब्रिज जैसे वास्तुशिल्प उत्कृष्टता के साथ, न्यू इंडिया की अवसंरचना परिदृश्य अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रही है । यह सभी निर्माण कार्य यह बखूबी दर्शाते है की सरकार देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को कितनी तेजी से डेवेलोप कर रही है ।

भारत के रेलवे नेटवर्क में उन्नति: भारत का रेलवे विकास आधुनिकता और सुधारित कनेक्टिविटी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम दर्शाता है, जो सरकार द्वारा देश की प्रगति के लिए परिवहन अवसंरचना को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है ।

वंदे भारत ट्रेनों के माध्यम से रेलवे यात्रा का आधुनिकीकरण: वंदे भारत ट्रेनें भारत की रेलवे अवसंरचना में एक महत्वपूर्ण उन्नति का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो उन्नत सुरक्षा विशेषताओं, तेजी से त्वरित गति और सुधारित यात्री सुविधाओं के साथ हैं । स्वचालित प्लग दरवाजों, रीक्लाइनिंग एर्गोनोमिक सीटों और प्रत्येक सीट के लिए मोबाइल चार्जिंग सॉकेट से सुसज्जित, ये ट्रेनें आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करती हैं । 31 जनवरी 2024 तक, भारतीय रेलवे पर 100 से अधिक वंदे भारत ट्रेन सेवाएँ संचालन में हैं,

महोदय 12 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री जी ने 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाया है । इससे न केवल अधिकांश राज्यों को वंदे भारत ट्रेनों का लाभ मिला है बल्कि वंदे भारत ट्रेनों का शतक भी पूरा हो चुका है ।

भारत के रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास: अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ भारत में रेलवे स्टेशनों के विकास और आधुनिकीकरण के लिए किया गया है । इस योजना का उद्देश्य स्टेशनों के विकास को निरंतर आधार पर एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ लागू करना है । इस योजना ने 1318 स्टेशनों का पुनर्विकास के लिए चयन किया है ।

भारत के रेलवे का विद्युतीकरण: परिवहन के एक पारिस्थितिकीय, तेज और ऊर्जा-कुशल तरीके के रूप में, भारतीय रेलवे 100% इलेक्ट्रिफिकेशन की ओर अग्रसर हो रहा है । दिसंबर 2023 तक कुल 61,508 किमी ब्रॉड गेज नेटवर्क को इलेक्ट्रिफाई किया गया है, जो भारतीय रेलवे के कुल ब्रॉड गेज नेटवर्क (65,556 आरकेएम) का 93.83% है । 2014 तक, ब्रॉड गेज नेटवर्क का 21,801 किमी इलेक्ट्रिफाई किया गया था ।

भारत की मेट्रो रेल का विस्तार: भारत की मेट्रो रेल प्रणाली का विस्तार शहरी यातायात को क्रांतिकारी रूप से बदल दिया है, जिसका नेटवर्क 2014 में 248 किमी से बढ़कर 2024 तक 945 किमी हो जाएगा । यह महत्वपूर्ण वृद्धि मेट्रो रेल के शहरी जनसंख्या को परिवहन की सुविधा देने की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है, जिसमें लगभग 1 करोड़ यात्री दैनिक लाभान्वित होते हैं । 2014 में सिर्फ 5 शहरों से, मेट्रो रेल नेटवर्क अब 21 शहरों तक विस्तारित हो चुका है, और 26 अतिरिक्त शहरों में 919 किमी की लाइनों का निर्माण जारी है । इसके अतिरिक्त, दिल्ली-Meerut RRTS (Regional Rapid Transit System) गलियारे पर भारत की पहली अत्याधुनिक नमो भारत ट्रेन की शुरुआत, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने और परिवहन अवसंरचना को आधुनिक बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है ।

इस बजट ने व्यापारिक स्थिति को भी ध्यान में रखते हुए अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं, जिससे व्यापार और उद्योगों को विकास के लिए उत्तेजित किया जा सकेगा । इससे आर्थिक वृद्धि होगी और नये रोजगार के अवसर बनेंगे ।

इस बजट के माध्यम से हम यह भी देख सकते हैं कि सरकार ने पर्यावरणीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई नए पहलू दिए हैं । जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए नई योजनाएं और नीतियाँ अग्रसर की गई हैं ।

देश में आदिवासियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस बजट में PM- JANMAN योजना की घोषणा की है जिसके तहत आदिवासी एवं विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के रूप में पहचाने जाने वाले पीवीटीजी जो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक क्षेत्रों में कमज़ोर माने जाते हैं ऐसे आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में आदिवासी परिवारों के लगभग 63,000 गांवों को शामिल किया जाएगा ।

भारत के जलमार्गों का उपयोग: भारत के जलमार्गों में महत्वपूर्ण विकास देखा गया है, जिसमें 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्गों (NW) के रूप में मान्यता दी गई है, जो राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के तहत किया गया है । यह मान्यता कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने, व्यापार को प्रोत्साहित करने और देश के विभिन्न क्षेत्रों में सामान और यात्रियों के परिवहन को सहज बनाने का लक्ष्य रखती है ।

सागरमाला कार्यक्रम के माध्यम से विकास की दिशा में बढ़ते कदम: सरकार ने सागरमाला कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य पोर्ट-लेड विकास को प्रोत्साहित करना, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना और आर्थिक वृद्धि को तेज़ करना है । कार्यक्रम में मौजूदा बंदरगाहों और टर्मिनलों का आधुनिकीकरण, बंदरगाह कनेक्टिविटी में सुधार, मछली पकड़ने के बंदरगाह, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी केंद्रों जैसी विभिन्न श्रेणियों के परियोजनाओं को शामिल किया गया है । सागरमाला कार्यक्रम के तहत 839 परियोजनाओं के लिए लगभग 5.8 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है । इनमें से, 241 परियोजनाओं को लगभग 1.22 लाख करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है । अब तक, सागरमाला योजना के तहत कुल 171 परियोजनाओं को आंशिक वित्तपोषण के लिए समर्थन मिला है । 171 परियोजनाओं में से 55 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं ।

इस बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई (MSME) और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं । रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधान मंत्री की 5 योजनाओं और पहलों के पैकेज की घोषणा की गई, जिससे 5 वर्ष की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ होगा । इसके लिए केंद्रीय परिव्यय 2 लाख करोड़ रुपए का है । इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है । इस बजट में मा. वित्त मंत्री जी ने घोषणा की है की हम अगले दो वर्षों में पूरे देश में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि (Natural Farming) के लिए सहायता दी जाएगी जिसमें प्रमाण-पत्र और ब्रांडिंग व्यवस्था भी शामिल होगी । इसका कार्यान्वयन वैज्ञानिक संस्थाओं और इच्छुक ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा । 10,000 आवश्यकता आधारित जैव-आदान संसाधन केंद्र (bio-input resource centres) स्थापित किए जाएंगे । सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसी तिलहनों के लिए 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने हेतु एक कार्यनीति बनाई जा रही है । इस साल कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है ।

PMGSY के माध्यम से ग्रामीण कनेक्टिविटी को बदलना: भारत ने ग्रामीण सड़क अवसंरचना में महत्वपूर्ण प्रगति देखी है, जिसमें 2014 के बाद से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के तहत 3.74 लाख किमी सड़कें

निर्माण की गई हैं । इस उपलब्धि के परिणामस्वरूप 99% से अधिक ग्रामीण बस्तियाँ जुड़ गई हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँच और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है । अब तक, 2013-14 की 3.81 लाख किमी सड़कें की तुलना में 7.55 लाख किमी ग्रामीण सड़कें पूरी हो चुकी हैं ।

हमारी सरकार ने प्रधान मंत्री पैकेज के भाग के रूप में 'रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन' के लिए निम्नलिखित 3 योजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया है जिससे ईपीएफओ (EPFO) में नामांकन तथा पहली बार रोजगार पाने वालों को अभिचिह्नित करने तथा कर्मचारियों और नियोक्ताओं को सहायता प्रदान करने पर आधारित होंगे । इस योजना में सभी औपचारिक क्षेत्रों में कामगारों के रूप में शामिल होने वाले सभी नवनियुक्त व्यक्तियों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा । ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को एक महीने के वेतन का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तीन किस्तों में किया जाएगा, जो अधिकतम 15,000 होगा । इस योजना के अंतर्गत पात्रता सीमा 1 लाख का मासिक वेतन होगा । इस योजना से 210 लाख युवाओं के लाभान्वित होने की आशा है । सरकार द्वारा उद्योग के सहयोग से कामकाजी महिला हॉस्टलों और शिशु गृहों की स्थापना करके कामगारों में महिलाओं की अधिक भागीदारी को सुविधाजनक बनाएंगे । इसके अतिरिक्त, इस साझेदारी में महिला विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने और महिला स्व- सहायता समूह उद्यमियों के लिए बाजार तक पहुँच को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे ।

प्रधान मंत्री पैकेज के अंतर्गत चौथी योजना के रूप में राज्य सरकारों और उद्योग के सहयोग से कौशल प्रशिक्षण के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित एक नई योजना की घोषणा की गई । 5 वर्षों की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा । हब और स्पोक व्यवस्था में 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन किया जाएगा । उद्योग की कौशल संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु और फ्रेमवर्क तैयार की जाएंगी और नई उभरती जरूरतों के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे ।

इसी तरह हमारी सरकार ने घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण हेतु एक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी । इस उद्देश्य के लिए प्रति वर्ष 1 लाख विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से ऋण राशि के 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज छूट के लिए ई-वाउचर दिए जाएंगे जिससे कई लोगों को लाभ मिलेगा । इस वर्ष ग्रामीण अवसंरचना सहित ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है और प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत, देश में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त मकानों की घोषणा की गई है, जिसके लिए आवश्यक आबंटन किए जा रहे हैं । देश में महिला-संचालित विकास को बढ़ावा देने के लिए, इस बजट में महिलाओं और बालिकाओं को लाभ देने वाली योजनाओं हेतु 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के आबंटन की व्यवस्था की गई है ।

प्रधान मंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए, जनजातीय- बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में सभी जनजातीय परिवारों का पूर्ण कवरेज करते हुए प्रधान मंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत करेंगे । इसमें 63,000 गांव शामिल होंगे जिससे 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभ मिलेगा।

हमारी सरकार ने मुद्रा ऋणों की सीमा को उन उद्यमियों के लिए मौजूदा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिया जाएगा जिन्होंने 'तरुण' श्रेणी के अंतर्गत ऋण लिया है और पहले के ऋणों को सफलतापूर्वक चुका दिया है ।

देश में एमएसएमई के अंतर्गत सिडबी द्वारा 3 वर्षों के भीतर सभी प्रमुख एमएसएमई क्लस्टरों को सेवाएं देने हेतु अपनी पैठ बढ़ाने के लिए नई शाखाएं खोली जाएंगी जिससे लाभार्थियों को सीधे ऋण प्राप्त होगा । इस वर्ष ऐसी

24 शाखाएं खोले जाने के साथ ही सेवा कवरेज का विस्तार 242 प्रमुख क्लस्टरों में से 168 क्लस्टरों तक हो जाएगा और साथ ही एमएसएमई क्षेत्र में 50 मल्टी-प्रोडक्ट फूड इरेडिएशन इकाइयां स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी । प्रधान मंत्री पैकेज के अंतर्गत 5 वीं योजना के रूप में, आने वाले 5 वर्षों में हमारी सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना की शुरुआत करेगी । इस योजना में 5,000 प्रतिमाह का इंटर्नशिप भत्ता और 6,000 की एकबारगी सहायता दी जाएगी जिससे काफी लोगो को आर्थिक लाभ मिल सकेगा ।

सरकार द्वारा राज्य सरकारों तथा बहुपक्षीय विकास बैंकों की साझेदारी से भरोसेमंद परियोजनाओं के माध्यम से 100 बड़े शहरों के लिए जल आपूर्ति, सीवेज उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा वित्तीय रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं को बढ़ावा देने का प्रयास है । इस परियोजना से उपचारित जल का प्रयोग सिंचाई तथा आस-पास के क्षेत्रों में तालाबों को भरने के लिए भी परिकल्पना की जाएगी । यह बजट हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया एक सर्वजन हिताय बजट है । यह बजट देश के हर वर्ग के विकास एवं सामान्य जीवनशैली की हर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र के विकास को समर्पित इस बजट को प्रस्तुत करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री जी का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं । धन्यवाद ।

डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) : केंद्रीय बजट 2024-25 में देश के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए 90,958.63 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं । 23 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट के अनुसार, सरकार ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग को 87,656.90 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग को 3,301.73 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं । केंद्र की प्रमुख योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) को 6800 करोड़ रुपये के पिछले आवंटन की तुलना में 7,300 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है । हालांकि, राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन, जिसे आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के नाम से जाना जाता है, के लिए बजट आवंटन में कोई वृद्धि नहीं की गई है, क्योंकि बजट आवंटन 200 करोड़ रुपये पर ही बना हुआ है । सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं । भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के लिए बजट आवंटन ₹2295.12 करोड़ से बढ़ाकर ₹2,732.13 करोड़ कर दिया गया है । इसके अतिरिक्त, कैंसर के उपचार के लिए तीन दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट जीवन रक्षक उपचारों को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए एक केंद्रित प्रयास को दर्शाता है । ये कार्य सभी के स्वास्थ्य की दिशा में सराहनीय कदम हैं ।

केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन यह है कि हाल ही में बजटीय आवंटन में 4,400 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है - पिछले साल के 11,258 करोड़ रुपये से इस साल 15,928 करोड़ रुपये तक । अनुमान के मुताबिक, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के बजट में पिछले साल की तुलना में 28% से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है । केंद्रीय बजट 2024 में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है । शिक्षाविदों ने, अधिकांश भाग के लिए, नए कदम का स्वागत किया है और दावा किया है कि यह अधिक नौकरी के लिए तैयार कार्यबल का मार्ग प्रशस्त करेगा, परिसर के बुनियादी ढांचे को बढ़ाएगा और छात्रों के बीच नवीन विचारों को प्रोत्साहित करेगा ।

केंद्रीय बजट 2024 ने कई पहलों की घोषणा की है जो शैक्षिक परिदृश्य को बदलने का वादा करती हैं: वित्तीय सहायताः 3% ब्याज सब्सिडी के साथ उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण । घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी । राज्य सरकारों और

उद्योगों के सहयोग से कौशल विकास के लिए नई केंद्र प्रायोजित योजना । पांच साल की अवधि में करीब 20 लाख युवाओं को कौशल प्रदान किया जाएगा । कौशल विकास: 1,000 आईटीआई का उन्नयन और कौशल ऋण योजनाओं में संशोधन । इंटर्नशिप के अवसरः पांच वर्षों में शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ इंटर्नशिप । इन प्रशिक्षुओं को 5000 रुपये वजीफा और 6000 रुपये की एकमुश्त सहायता मिलेगी । कंपनियां अपने सीएसआर फंड से सरकार की इंटर्नशिप योजना का खर्च वहन करेंगी ।

शोध को बढ़ावा: अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष का संचालन ।

केंद्रीय बजट 2024 के फरवरी संस्करण में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा था कि पिछले 10 वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों और STEM पाठ्यक्रमों में महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 का प्रभाव बताया ।

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मुझे अपने विचार व्यक्त करने का अवसर देने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद । माननीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट ने स्पष्ट रूप से "विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के सरकार के संकल्प को दर्शाया है ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने 23 जुलाई 2024 को 2024-25 का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया, जिसमें हमारी सरकार की नौ प्राथमिकताओं पर जोर दिया गया है ।

बजट 2024-25 यह स्पष्ट करता है कि सरकार इस बात के लिए दृढ़ संकल्पित है कि सभी भारतीय, चाहे वे किसी भी धर्म, जाति, लिंग या आयु के हों, अपने जीवन के लक्ष्यों और आकांक्षाओं को साकार करने में महत्वपूर्ण प्रगति करें और विकास की ओर बढ़ें ।

यह केंद्रीय बजट 2024-25 रोजगार, कौशल विकास, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर केंद्रित है । शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण आवंटन करके, हम एक उज्जवल भविष्य की नींव रख रहे हैं । यह निवेश हमारे युवाओं को सशक्त बनाएगा, उनके कौशल को बढ़ाएगा और कई रोजगार के अवसर पैदा करेगा ।

हमारे किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, इस बजट ने उनका बहुत अच्छी तरह से ख्याल रखा है । बजट में कृषि और संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है । 109 उच्च उपज वाली फसल किस्मों को जारी करने, 1 करोड़ किसानों के बीच प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और 10,000 जैव-इनपुट केंद्र स्थापित करने के साथ, बजट में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) को कृषि में लागू करने की बात भी की गई है. जिसमें देश भर के किसानों और उनकी जमीनों को तीन साल में शामिल किया जाएगा । डीपीआई का उपयोग करके, 400 जिलों में चल रहे खरीफ सीजन का डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा । अपने बजट भाषण में, निर्मला सीतारमण जी ने उल्लेख किया है कि सरकार "पायलट परियोजना की सफलता से उत्साहित है, और सफलता यह राज्यों के साथ साझेदारी में डीपीआई के कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करेगी । यह कदम एक समग्र विकास को बढ़ावा देने और उत्पादकता में सुधार के लिए गेम चेंजर साबित होगा, जिससे देश की 40% से अधिक आबादी को आजीविका प्रदान करने वाले क्षेत्र को और अधिक प्रगति मिलेगी ।

रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं और कौशल विकास को बढ़ावा देने की पहल का परिचय देना महत्वपूर्ण है । पांच साल में 20 लाख युवाओं को कौशल विकास और 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को उन्नत करने का लक्ष्य हमारे युवाओं को नौकरी की सुरक्षा के बारे में आश्वासन प्रदान करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण कदम हैं.

उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता और संशोधित मॉडल स्किल लोन पोजना के तहत 7.5 लाख रुपये तक के ऋण की सुविधा 25,000 छात्रों को वार्षिक लाभ प्रदान करेगी, जिससे हमारे छात्रों को ऊंची उड़ान भरने और अपने सपनों को पूरा करने में मदद मिलेगी ।

सरकार ने स्वास्थ्य पर मजबूत फोकस सुनिश्चित किया है, जो विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के बाद एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बना हुआ है । स्वास्थ्य पर कुल व्यय को संशोधित कर 289,287 करोड़ कर दिया गया है ।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न उद्योगों में अनुसंधान और विकास परियोजनाओं पर बजट व्यय को 2023-24 में 2840 करोड़ से बढ़ाकर 2024-25 में 21,200 करोड़ कर दिया गया है ।

इसके अलावा, कैंसर रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए, सरकार ने तीन दवाओं पर सीमा शुल्क को पूरी तरह से हटाने का प्रस्ताव किया है ।

भारतीय रेल, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और माल और यात्री परिवहन का मुख्य साधन है, के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 22.55 लाख करोड़ से अधिक का आवंटन किया गया है । यह पिछले साल ल के आवंटन 22.41 लाख करोड़ से 5.85% की वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है । इन फंडों का उपयोग सुरक्षा उपायों को बढ़ाने और कोचों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किया जाएगा ।

माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देते हुए मेरे लोकसभा क्षेत्र मालदा उत्तर में पांच रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना में शामिल किया गया है । और मालदा टाउन से बैंगलोर के लिए अमृत भारत ट्रेन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को र को रवाना की गई । माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में तीन नई रेल आवश्यक है । जो इस प्रकार है । लाइन का विस्तार करना अति आवश्यक है । जो इस प्रकार है ।

नई रेल पटरियों के निर्माण का प्रस्ताव -

1. बुलबुलचंडी रेलवे स्टेशन से केंदपुकुर, पाकुवाहाट और नालागोला होते हुए गंगारामपुर रेलवे स्टेशन तक,

2. गाजोले से गुंजारिया वाया इटाहार

3. सामसी से बारसोई होते हुए वाया चाचल

माननीय श्री वैष्णव जी, मेरे लोकसभा क्षेत्र मालदा उत्तर के विकास और परिस्थिति से परिचित है. अजादी के 75 साल बाद भी यह क्षेत्र देश के अविकसित क्षेत्रों में से एक है. इस क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित नई रेल पटरियों के निर्माण का प्रस्ताव किया जाता है ।

1. बुलबुलचंडी रेलवे स्टेशन से गंगारामपुर रेलवे स्टेशन तक केंदपुकुर, पाकुआहाट और नालागोला होते हुए इस मार्ग पर रेल पटरियों का निर्माण कि आवश्यकता है । इस मार्ग से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा ।

2. गाजोल से गुंजरिया तक इटाहार को भी इस रेलवे लाइन से जोड़ने की आवश्यकता है । यह मार्ग क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण होगा तथा स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा ।

3. इस मार्ग से समसी से बारसोई चंचल को भी इस रेलवे लाइन से जोड़ने की आवश्यकता है। इस रेल लाइन के निर्माण से क्षेत्रीय संपर्क में सुधार होगा तथा यात्रा सुगम होगी ।

ये प्रस्तावित रेल पटरियां क्षेत्र के विकास तथा हमारे क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिए तथा यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए बहुत सहायक होंगी । आपसे अनुरोध है कि इन प्रस्तावों पर विचार करने का कृपा करें ।

आर्थिक प्रगति की बात करें तो, एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर एंजेल टैक्स का उन्मूलन रहा है । यह डीप टेक स्टार्टअप्स की लंबे समय से चली आ रही मांग है, जो आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है ।

इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में, वित्त मंत्री ने 'क्लाइमेट फाइनेंस टैक्सोनॉमी' के विकास की घोषणा की, जिससे जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ेगी । इस पहल से भारत को अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और हरित परिवर्तन की सुविधा मिलेगी । यह निवेशकों और बैंकों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रभावशाली निवेश की दिशा में महत्वपूर्ण धनराशि निर्देशित करने में मदद करेगा ।

प्रसंस्करण और परिशोधन क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने और डाउनस्ट्रीम उद्योगों के विकास का समर्थन करने के लिए, सरकार ने 25 आवश्यक खनिजों पर आयात शुल्क हटा दिया है और दो अतिरिक्त खनिजों पर लेवी को कम कर दिया है । इस कदम का उद्देश्य उन घरेलू उद्योगों के लिए इनपुट लागत को कम करना है जो इन खनिजों पर निर्भर हैं । इसके अलावा, यह कदम वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल से जुड़े आयात निर्भरता और आपूर्ति जोखिमों से भारत की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण कदम है ।

इसके अतिरिक्त, बजट में 40 मिलियन से अधिक वेतनभोगी व्यक्तियों को भी लाभ मिलेगा क्योंकि सरकार ने आयकर दरों को समायोजित किया है ।

मैं पूरे सम्मान के साथ यह तथ्य सामने लाना चाहता हूं कि भारी बारिश और नदी की गहराई में कमी के कारण गंगा, फुलहर और कोशी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है, जिससे अभूतपूर्व बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है और रतुआ । ब्लॉक के अंतर्गत खासमोहोल, नसीरुद्दीन टोला, भाषा राम टोला कानतु टोला, महानंदा टोला और भिलाई मारी पंचायतों के जैसे गांवों के नदी किनारे के आवासों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है, जिसमें 300 से अधिक परिवार गंगा, फुलहर और कोशी कटाव से प्रभावित हुए हैं ।

जबकि हरिश्चंद्रपुर- । । ब्लॉक के उत्तर और दखिन भकुरिया, रशीद पुर जैसे गांव जिनमें लगभग 135 से अधिक परिवार फुलहर से प्रभावित हुए हैं । उपरोक्त सभी ग्रामीण दुर्भाग्यवश तीनों नदियों के कहर के कारण अपने घरों से विस्थापित होकर सड़कों पर आ गए हैं । इन सभी लोगों को यथाशीघ्र उचित राहत एवं मुआवजा देकर पुनर्वासित किया जाना चाहिए ।

हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत, पश्चिम बंगाल को छोड़ कर देश के सभी राज्यों में लागू हैं, जिसकी वजह से पश्चिम बंगाल के लाखों गरीब परिवार स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं, जो कि पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा की जा रही निकृष्ट राजनीति का प्रत्यक्ष उदाहरण है ।

भारत सरकार की एक महत्त्वपूर्ण कमिटी दिशा, जिसकी एक भी बैठक पश्चिम बंगाल में आज तक नहीं हुई है. जिसकी वजह से पश्चिम बंगाल में विकास योजनाएं ठप हो गई है, यह पश्चिम बंगाल सरकार के दोहरे चरित्र को साफ़ दर्शाता है ।

यह बजट जन समर्थक और विकास समर्थक है और यह सरकार की लोगों के प्रति अटूट समर्थन को दर्शाता है । में इस बजट के लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं ।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया, जिस कारण एक जन जातिय महिला आज देश के राष्ट्रपति पद पर आसिन है ।

मैं भी जनजाति वर्ग से संबंध रखता हूं लेकिन मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र आरक्षित नहीं है । मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अनारक्षित सीट पर मुझे दूसरी बार विजय श्री मिली, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 10 नवंबर 2021 को आयोजित बैठक में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए बिरसा मुंडा जी की जयंती 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषित कि गई है । इस दिन भारत के एक वीर स्वतंत्रता सेनानी को याद किया जाता है ।

श्री शशांक मणि (देवरिया) : आदरणीय सभापति महोदय, आपने मुझे इस बजट पर कुछ वाक्य कहने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका कृतज्ञ हूं । मैं देवरिया की जनता को और इस सदन में बैठे हुए हर सदस्य को प्रणाम करता हूं ।

सभापति महोदय, इस बजट में हमारी सरकार के बनने के पीछे विकसित भारत की रणनीति का पूरा-पूरा समावेश है । इसमें हमारे पार्टी के संस्थापक आदरणीय दीन दयाल जी की भावनाओं का भी पूर्ण रूप से समावेश है । इसमें आदरणीय प्रधानमंत्री जी के ?मैक्सिमम गवर्नेंस और मिनिमम गवर्नमेंट? की भावना है । मैं आदरणीया निर्मला सीतारमण जी को बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं और इस बजट का पूर्णत: समर्थन करता हूं ।

महोदय, इस बजट की चर्चा पर कई सदस्यों ने अपनी भावनाएं कुछ गणित आंकड़ों के माध्यम से की थी । मैं इस बजट को समझाने के लिए दो सिद्धांतों पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । एक सिद्धांत है ? ?सबका प्रयास? और दूसरा सिद्धांत है ? ?एकात्म मानववाद? । सबका प्रयास कहता है कि हमारे देश के असंख्य नागरिक इस बजट से उत्प्रेरित होंगे । इस बजट से ही पिछले साल 8.2 प्रतिशत की बढ़त हमारी अर्थव्यवस्था को हुई थी । मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में 7 प्रतिशत से ज्यादा बढ़त होगी और उसके होते-होते हम लोग अगले पांच सालों में पूरे विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे ।

आदरणीय सभापति महोदय जी, इस बजट की हर पंक्ति में सबका प्रयास निहित है । सबका प्रयास कहता है कि देश में 140 करोड़ की जनसंख्या है, जिसमें 100 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 18.7 लाख मतदाता मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया में हैं, उनकी हनुमत शक्ति को जगाने के लिए हम लोगों को अथक प्रयास करने पड़ेंगे ।

आदरणीय सभापति जी, इसमें मेरे क्षेत्र के हर एक नागरिक की ऊर्जा निहित है । यह बजट आज अधिकांश भारत यानी लगभग 80 करोड़ उभरते हुए नागरिक मध्यवर्गीय हैं । यह बजट इस मध्यवर्गीय भारत को उत्साहित करता है । सबके प्रयास में सामाजिक शक्ति, सरकार की शक्ति और बाजार से जुड़ने से देश की अर्थव्यवस्था केवल सरकारी निवेश पर निर्भर नहीं रहती है, बल्कि सरकार का निवेश समाज और उद्यमिता को वेग देता है । यह सोच विकसित भारत के लिए अति आवश्यक है । सबके प्रयास से ही हमारे देश ने कोरोना काल में अपनी डेफिसिट को 9.2 प्रतिशत तक सीमित रखा, जबकि पूरे विश्व में बड़े-बड़े देश 15 प्रतिशत डेफिसिट तक पहुंच गए थे ।

इसी के साथ ही साथ स्वच्छ भारत, जलजीवन मिशन अथवा चन्द्रयान-थ्री की उड़ान में सबके प्रयास की आभा निहित है । इस बजट में छोटे जिलों और शहरों में एमएसएमई में उत्साह जगाएंगे । नागरिकों को इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्लेटफॉर्म मिलेगा, पिछड़े वर्ग की महिलाओं को संबल मिलेगा । यह बजट देवरिया की मालती यादव को प्रोत्साहित करेगा, आज की तारीख में मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपये थी, अब वह 20 लाख रुपये हो गई है । मेरे संसदीय क्षेत्र में चौरसिया जी हैं, जो ग्राम प्रधान हैं, यह उनको उत्साहित करेगा, क्योंकि उनको मालूम है कि उनके समक्ष ?प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना? के तहत 16,000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे । वहां के ब्रिजेश तिवारी को उत्साहित करेगा, जब उनको मालूम पड़ेगा कि इस बजट में रेल में 2.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है ।

आदरणीय सभापति महोदय जी, आज की तारीख में 8.8 लाख करोड़ रुपये का निवेश टेलीकॉम सेक्टर में होगा, तो मेरे संसदीय क्षेत्र में लोग उद्यमिता को डिजिटल से भी आगे ले जाएंगे । सबका प्रयास एक कारण है कि हमारी फिस्कल डेफिसिट 5.6 प्रतिशत से 4.9 प्रतिशत तक आ गई है और अगले एक साल में 4.5 प्रतिशत से नीचे आ जाएगी ।

दूसरा बिन्दु जो बजट में समाहित है ? ?एकात्म मानववाद की सोच? । यह 80 करोड़ उभरते मध्यवर्गों के लिए संजीवनी होगा । स्वतंत्रता के कई वर्षों तक कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने अपने नागरिकों को सब्जेक्ट के तौर पर देखा है । उनके दृष्टिकोण में नागरिक सिर्फ मतदाता और उपभोक्ता है । भारतीय जनता पार्टी और बजट में हर नागरिक उद्यमी और निर्माता भी है । ?इंडी? अलायंस इंडिपेन्डेंस के बाद डिपेन्डेंट बनाने का अलायंस है । इनका असली मायना डिपेन्डेंस है, ये नागरिकों को अपने पैरों पर खड़ा होने नहीं देना चाहते हैं । यह बजट उनकी सोच पर बहुत बड़ा प्रहार है । यह बजट देवरिया और कुशीनगर जैसे टियर ?टू? और टियर ?थ्री? जिलों में रहने वाले जाति-धर्म के परे भाजपा के समर्थकों के लिए है । कई सालों तक अंग्रेजी बोलने वाले बड़े शहरों में पले-बढ़े कांग्रेस के खानदानी लोगों ने देश पर राज किया है ।

सभापति महोदय जी, मैं कहना चाहता हूं कि यदि आदरणीय शशि थरूर जी, आदरणीय महुआ मोइत्रा जी और आदरणीय दयानिधि मारन जी ने मलयालम, बंगाली और तमिल में बजट पर चर्चा की होती, तो शायद इस सदन और देश को ज्यादा शोभा देता । स्वतंत्र भारत का कटु सच तो यह है कि वही अंग्रेजी बोलने वाले वर्ग ने उन क्षेत्रों और नागरिकों को उपेक्षित रखा है, जहां स्वतंत्रता की असली लड़ाई लड़ी गई थी ।

यदि आप पूर्वांचल में देखेंगे, जहां से मंगल पांडे और लक्ष्मीबाई जी निकली थीं, आज वही तिरस्कृत है । आज मोदी जी एक साधारण परिवार से उठकर आए हैं, उन्होंने उस सोच पर तगड़ा प्रहार किया है और एकात्म मानववाद से हर वर्ग को इस बजट से सुविधा मिली है ।

आदरणीय सभापति महोदय जी, किसानों के लिए 1.2 लाख करोड़ रुपये एवं रोजगार कौशल के लिए अगले पांच वर्षों में 4 करोड़ अधिक रोजगार दिए जाएंगे ।?(व्यवधान) मैं अंत में यही कहूंगा कि सबका प्रयास और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों के विपरीत गरीबी हटाओ के विपक्ष के नारे खटाखट के वायदे करने वाले ?इंडी? गठबंधन का उद्देश्य इस देश को आर्थिक अराजकता की ओर ले जाना चाहता है । इनके होते-होते हमारी फिस्कल डेफिसिट की धज्जियां उड़ जाएंगी और हमारी रेटिंग को कुओं में फेंक दिया जाएगा । इनको सिर्फ और सिर्फ सत्ता का लाभ है । ?सबका प्रयास? और ?एकात्म मानववाद? 140 करोड़ लोगों को उत्साहित करने का काम कर रहा है । ?(व्यवधान)

महोदय, एक बात कहकर मैं अपनी वाणी को विराम देना चाहता हूं । इसमें सभी को कर्म यज्ञ की आहुति देनी पड़ती है । मैं जयशंकर प्रसाद जी की एक कविता बोलकर अपनी वाणी को विराम दूंगा ।

?कर्म यज्ञ से जीवन के सपनों का स्वर्ग मिलेगा,

किंतु बनेगा कौन पुरोहित, अब यह प्रश्न नया है ।?

सरकार ही नहीं बल्कि पूरा भारतवर्ष कर्मयज्ञ की ज्वाला से देश के भविष्य को प्रज्ज्वलित करने के लिए उत्सुक है । यह बजट उसी यज्ञ का परिचायक है । जय हिन्द, जय भारत ।

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): At the outset I would like to thank the Hon'ble Prime Minister and the Hon'ble Finance Minister for an inclusive and progress-oriented budget with prime focus on fast-paced economic growth, infrastructure development & employment generation.

The budget has taken care of protecting the country's food & energy security. It has taken care of farmers, women, the youth and the poor which are the 4 pillars of Viksit Bharat.

I thank the Hon'ble Prime Minister and Finance Minister for giving a record Rs. 10,000 plus crores for Odisha's railway infrastructure development. As well as a commitment to provide assistance in order to develop the scenic beauty, temples, monuments, craftsmanship, wildlife sanctuaries, natural landscapes and pristine beaches of our beautiful State make it an ultimate tourist destination.

Reduction of BCD on certain broodstock, polychaete worms, shrimp and fish feed to 5% while exemption of customs duty on various inputs for the manufacture of fish and shrimp feed, will help the persons in this business along the huge coastline of coastal Odisha.

This is a Budget that will take the country's villages, the poor and the farmers on the path of prosperity. Key to this is furthering progress on the path of fiscal consolidation. The fiscal deficit is 4.9 per cent of GDP. This demonstrates that the Indian economy has recovered strongly from the pandemic, but sustaining growth attain Viksit Bharat's goal will require sustained interventions and dealing with several emerging economic and policy challenges.

This Budget has specifically outlined the developmental programmes in the Eastern States of the country. The Hon'ble Prime Minister's vision of Purvodaya has been propounded this year's Budget mentioning Bihar, Jharkhand, West Bengal, Odisha and Andhra Pradesh. There was a time in the not so distant past, when this part of

the country was feeding the whole of India. It was rich because of its trade and commerce, because of its rich soil, because of the production of food grains. People thronged that part for employment as Odisha is rich in minerals, with abundant water and forest cover. Odisha has a long coastline with vibrant ports. Yet, I would say that this part of the country was systematically pauperised during the last 50 or 60 years until there was an intervention of the Union Government led by Modi ji. Today, we find policy intervention and the greater focus is on the eastern States. The hon. Prime Minister has repeatedly said during the last 10 years that the country cannot become fully Viksit if a region is left unattended and underdeveloped. I congratulate the Government and the Finance Minister fora bringing the eastern States into the focus of development. Investment on infrastructure will facilitate investment and investment will generate employment which will ultimately help in the economic growth of the country.

The support for the manufacturing sector, a package for employment generation and the skilling and upskilling for 4.1 crore youth across sectors are some of the key highlights of the Budget. This, coupled with the allocation of Rs.1.48 lakh crore for education and employment skilling, underscores the Government's commitment to harnessing India's demographic dividend.

The plan to upscale 1,000 industrial training institutes is a pivotal step towards enhancing the skill sets of our future workforce. I am particularly heartened by the allocation of over Rs.3 lakh crore for women-led development initiatives including provisions for hostels through working women's hostels which will greatly benefit women workforce, especially those who are in the manufacturing industries. For promoting women-led development, the budget carries an allocation of more than 3 lakh crore for schemes benefitting women and girls.

In this Budget, Govt has focused on employment, skilling, MSMEs, and the middle class. Prime Minister's package of 5 schemes and initiatives for employment, skilling and other opportunities for 4.1 crore youth over a 5-year period with a central outlay of 2 lakh crore. This year, provision of 1.48 lakh crore has been made for education, employment and skilling.

Employment generation is a real bottom line for Indian industries. Indian companies in private sector should pick up the job creation baton from the Government and invest in new manufacturing capacities so that the country can complete its journey to Viksit Bharat by 2047. Along with government, the private sector also has to play their role in providing employment.

The CAPEX budget for the financial year 2025 has been retained at Rs.11.1 lakh crore or 3.4 per cent of GDP. A massive expansion in urban housing at an investment of Rs.10 lakh crore and rural roads programmes with Rs.26,000 crore is a big infrastructure push made in this Budget.

A provision of ₹1.52 lakh crore for agriculture and allied sector has been made in this budget. New 109 high-yielding and climate-resilient varieties of 32 field and horticulture crops will be released for cultivation by farmers. In the next 2 years, crore farmers across the country will be initiated into natural farming supported by certification and branding & 10,000 need-based bio-input resource centres will be established.

· For helping our youth who have not been benefitted under any government initiatives, financial support for loans upto 10 lakh for higher education in domestic institutions will be provided. E-vouchers for this purpose will be given directly to 1 lakh students every year for annual interest subvention of 3% of the loan amount.

· The limit of Mudra loans will be enhanced to 20 lakh from the current 10 lakhs for those entrepreneurs who have availed and successfully repaid previous loans under the 'Tarun' category.

· Government will facilitate development of investment-ready "plug and play" industrial parks with complete infrastructure in or near 100 cities. 12 industrial parks under the National Industrial Corridor Development Programme also will be sanctioned.

· Phase IV of PMGSY will be launched to provide all-weather connectivity to 25,000 rural habitations which have become eligible in view of their population increase.

· To bolster the Indian start-up eco-system, boost the entrepreneurial spirit and support innovation, the so-called angel tax for all classes of investors has been abolished.

· Monetary limits for filing appeals related to direct taxes, excise and service tax in the Tax Tribunals, High Courts and Supreme Court has been increased to ₹60 lakh, ₹2 crore and ₹5 crore respectively.

· To improve social security benefits, deduction of expenditure by employers towards NPS is proposed to be increased from 10 to 14 % of the employee's salary.

· Under the new tax regime. the standard deduction for salaried employees is proposed to be increased from 50,000/- to 75,000/-.Similarly, deduction on family pension for pensioners is proposed to be enhanced from 15,000/- to 25,000/-. This will provide relief to about 4 crore salaried individuals and pensioners.

· As a result of these changes, a salaried employee in the new tax regime stands to save up to 17,500/- in income tax.

To conclude, the Budget reflects our unwavering commitment to fostering growth, stability, and prosperity and it will lay the economic foundation for achieving the goal of Vikshit Bharat by 2047. With these words, I fully the support the Budget 2024-25. Thank you.

SHRI BIBHU PRASAD TARAI (JAGATSINGHPUR): I am very much thankful for giving me this opportunity to express my views on the Union Budget.

The budget presented by the Finance Minister for the year 2024-25 has a clear road map and with policy narrative to materialise the 'Vision' and 'Sankalp' of our Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi ji for a Vikasit Bharat. The beginning of 5 trillion economy has already on the way and the budget 2024-25 will add further push from various quarters.

Once again, the people of India, who pose faith on the calling of 'Modi hai to Mumkin hai' and gave mandate for the Modi's 3.0. Given this context, it was a challenging task for the finance minister to present the Budget for 2024-25 with such a clear policy vision articulated through numbers to fulfil the expectations of 140 crore Indians. This budget is full of vision, clarity in development roadmap and a budget for further strengthening and reassuring cooperative federalism, and a futuristic budget.

Many sectors in India grappled with the multi-dimensional impact of the COVID-19 pandemic. Sectors such as agriculture, education, health, employments, among others, were particularly hit during the pandemic years. It was not easy to devise appropriate strategies for these sectors bring them to the track of development trajectory. The projection of 'Viksit Bharat' and the nuances of the idea have already started translating into a meaningful reality with budgetary allocation to various sector. The country is on the fast-growing economic transition; hence, fiscal consolidation measures are crucial to give direction of economic growth. In the budget 2024-25, Fiscal Consolidation majors have been kept at the top of the

agenda to make the country's overall progress and economic growth sustainable by limiting the fiscal deficit projection at 4.9 per cent for this year.

The focus of the ongoing budget on major sections of our society: The Poor, Women, Youth and Farmer continued with adequate budgetary allocations. For instance, the extended benefit Under Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana for another five years, benefitting more than 80 crore people of India received required budgetary support under the head Food Subsidy. On top of these, the full announced 5 crucial schemes to facilitate employment and skilling more than 4 crore youth for period of five-year with a budgetary allocation of Rs. 2 lakh crores. In terms of redistribution of limited resources, the Union Budget 2024-25 touched upon each and every sector and section of population and also gave top priority for employment generation and skilling. Higher capital spending proposed to support the economy and job creation. Government allocates over Rs 3 lakh crore for schemes benefiting women, girls. The Budget focus on employment, skilling, MSMEs and middle class.

This budget continued with the vision of 9 broad priority areas and stressed on important principles needed for India's sustainable growth with social justice. This budget is going to add strength to the ongoing well carved out governance model, focusing on results and outcomes rather than outlays. In prioritising the needs of the poor, women, youth and farmers, leveraging digital infrastructure, skilling the youth etc. received priority attention in the budget 2024-25. Digital coverage of farm land and farmers to help farmers get their long dues is one such example of the initiatives proposed in this budget.

Incentive 30 lakh youth entering job market by providing PF contribution, proposal to launch three employment-linked schemes and setting up working women hostels to promote women participation in workforce are some of the testimonies of the Vision for Vikasit Bharat.

The vision of our Hon'ble Prime Minister, 'Look East Policy' is going to be materialised i this budget. For all round development of plan Purvodaya for all round development of Bihar, Jharkhand, West Bengal, Odisha, and Andhra Pradesh. First ever highest allocation, i.e. Rs. 2.66 lakh crore, has been made for rural development sector. Pradhan Mantri Janjatiya Unnat Gram Abhiyan has been announced for improving the socio-economic condition of tribal communities, which will cover 63,000 villages benefitting 5 crore tribal people.

The push for natural farming, which is sustainable, the provision of certification and branding has been made for one crore farmers across the country. Further, to achieve Aatmanirbharta in pulses and oil seeds, their production, storage, and, marketing, all round initiatives have been made in this budget.

While run up to the general election 2024, our party had promised for electricity free of cost upto 300 units per month. This budget has translated that promise into reality by introducing a scheme for rooftop solar panels that would enable 1 crore households. PM Awas Yojana is going to fulfil housing requirements of 1 crore poor and middle-class families and the central assistance of Rs 2.2 lakh crore for urban housing over next five years shows the commitment of Modi Sarkar.

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) : सभापति महोदय, सदन में पेश केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा के दौरान बहस में हिस्सा लेने का अवसर देने के लिए, मैं स्वयं और अपने संसदीय क्षेत्र शिवहर की महान जनता की ओर से आपको धन्यवाद ज्ञापित करती हूं । भारत की महान जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार देश की बागडोर संभालने के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और रिकॉर्ड सातवीं बार देश का बजट पेश करने हेतु वित्त मंत्री महोदया को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देती हूं ।

महोदय, महिला सांसद होने के नाते एक महिला वित मंत्री को महिलाओं और लड़कियों के लिए 3 लाख करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजनाओं, महिलाओ द्वारा खरीदी गई संपत्तियों पर टैक्स की छूट, उज्ज्वला योजना के तहत निर्धन महिलाओं के लिए फ्री गैस कनेक्शन, विधायिका में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए हृदय की गहराईयों से आभार प्रकट करती हूं । मैं इस बजट में बिहार के लिए ?स्पेशल आर्थिक पैकेज? के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री महोदया का आभार व्यक्त करती हूं । यह बिहार में द्रुत विकास का द्वार खोलने वाला और तरक्की की रफ्तार तेज करने वाला बजट है । इस बजट से बिहार के सर्वांगीण विकास की आधारशिला रखने में काफी मदद मिलेगी । इस बजट में बिहार को थोडा विशेष क्या मिल जाने पर हमारे विरोधी दल चिल्ल पौं मचाने लगे । मैं प्रतिपक्ष के साथियों से कहना चाहूंगी कि उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि किनकी बेइमानी और उपेक्षा की वजह से बिहार सबसे पीछे गया था? गुलाम भारत में समृद्धि के मामले में अव्वल रहा बिहार आज़ादी के सात दशकों बाद लुढ़क कर अंतिम पायदान पर पहुंच गया । सभी लोग जानते हैं कि बिहार के माननीय मुख्य मंत्री जी ने वर्ष 2005 से कम संसाधनों के बावजूद भी बिहार को गति दी है और काफी आगे बढ़ाया है ।

महोदय, अंत में इसी बहाने मैं अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की ओर केंद्र और राज्य सरकारों का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं । मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर शायद देश का सबसे पिछड़ा क्षेत्र है । आज़ादी के सात दशकों बाद भी शिवहर में एक इंच रेल लाईन नहीं है, कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है । अब तक वहां चालू स्थिति में कोई एनएच नहीं है, एयरपोर्ट नहीं है, अच्छा खेल स्टेडियम नहीं है । मैं आपके माध्यम से देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी एवं बिहार के माननीय मुख्य मंत्री जी से पुरजोर मांग करती हूं कि इस बजट का लाभ देकर जानकी धाम से बापू धाम, यानि सीतामढ़ी, शिवहर, मोतिहारी को रेल लाइन से जोड़ा जाए । बागमती में अदौरी खोरीपाकर पुल, बूढ़ी गंडक पर सरसावां मोतिहारी को पुल से जोड़कर शिवहर पूर्वी चंपारण में यातायत को सुगम किया जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र में वर्षों से बंद पड़ा रीगा चीनी मिल, जो स्थानीय किसानों का आर्थिक मेरुदंड है, को अति शीघ्र

चालू करने का प्रयत्न किया जाए । शिवहर में मेडिकल कॉलेज व खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए अच्छे स्टेडियम का निर्माण हो । बैरगनियां घोड़ासहन से दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेनें उपलब्ध कराई जाएं एवं इन स्टेशनों का सौंदर्यीकरण हो और एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव बैरगनियां में सुनिश्चित किया जाए ।

मैं यही कहती हूं कि जो बजट है, वह बहुत ही सराहनीय है । इसमें हर वर्ग पर ध्यान दिया गया है, उसमें चाहे महिला हो, कृषि हो, नौजवान हो । इस बजट में हर तरह से सहयोग दिया गया है । मैं इस बजट का स्वागत करती हूं । आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद करती हूं।

SHRI PRADYUT BORDOLOI (NAGAON): Sir, first of all, I must commend the hon. Finance Minister for her remarkable consistency in overlooking the North-East in her Budget speeches and this time again she has done that.

Sir, there has been a much-hyped policy announced by the Modi Sarkaar and that is the ?Act East policy?. ?Acting East? is basically more of acting and less of action. It is very unfortunate especially when it comes to addressing the perennial, the most pressing, and the real-time problems of the North East, this Budget has completely overlooked.

We do not have any grudge for Bihar having bagged Rs. 11,500 crore for flood mitigation measures. She has given merely a lip service to the North East for addressing the most pressing, perennial, most difficult, and deeper malice of the Assam floods, especially, when the Finance Minister herself admitted in her speech that the Brahmaputra Water System originates beyond the borders. So, it has got international ramifications. But, it is very unfortunate that we felt that this Budget of the hon. Finance Minister ought to have taken a greater cognizance of this problem of the North-East.

Sir, the North-East or Assam basically suffers from three perennial problems. One is flood, second is riverine erosion, and third is the protection of almost 5,000 kilometre length of river embankments. Sir, I have a suggestion also.

I have a submission before the Government. Sir, we want three things. The greatest contribution that the North-East can give to the country at a time when we are going to have climate change and global warming is our abundant source of fresh water. This water is the moot cause and it gives us floods every year. Sir, this water should be brought to the Concurrent List because the Government of India should also have a say and they should play a responsible role as a stakeholder. That is why, my plea is this. As per the Ashok Chawla Report, as per the Standing Committee on Water Resources Department, as they have suggested, water should be brought to the Concurrent List.

The second thing is that floods and the asset that we have, the hydropower projects, everything taken in totality, we need to have a River Valley Authority. So, the Government must consider that we should have a Brahmaputra River Valley Authority which can always include the other States of the North-East. At a time, when you say about double-engine sarkar, I think there would not be any problem for convincing a State like Arunachal Pradesh to become a stakeholder of the River Valley Authority. That can holistically treat this perennial problem.

Apart from floods, the year-long phenomenon that Assam suffers most is the riverine erosion. The riverine erosion should be considered as a national calamity like as floods. This is the consistent demand of the Government of Assam and the people of Assam. That is why, I would like to put forward our request that the Government of India should also consider setting up a Riverine Erosion and Embankment Management Authority so that all these three problems can be tackled, while the Central Government will be playing a very, very important role in addressing all these problems.

Thank you.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, the copy of the statement should be circulated to us in advance.

HON. CHAIRPERSON: It is on your e-portal also.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS; AND MINISTER OF MINORITY AFFAIRS (SHRI KIREN RIJIJU): It is being uploaded on the portal. This is the practice. It is always better to have digital copies and we have the facilities for everything. If you need hard copies, they are available. But it is being uploaded.

SHRI ESWARASAMY K. (POLLACHI): I thank you for the opportunity given to me to express my views on the Union Budget. The Indian Constitution clearly affirms India as a secular, socialist, sovereign and democratic republic, ensuring that its citizens get liberty, equality and justice. Federalism is an integral part of our republic that ensures diversity, peace, stability and mutual accommodation in a multicultural, cultural and diversified country like ours.

However, the Union Government and the Budget have abandoned key aspects of both the Constitution and the federalism. My State of Tamil Nadu has been neglected in the Union Budget though the State is the second largest economy contributing nearly 8.8 per cent to the nation's GDP and also contributing 10 per

cent to the country's total exports. Though my State Tamil Nadu accounts for nearly six per cent of the country's population, Tamil Nadu's share from the total divisible pool of Central taxes has decreased to just four per cent. In spite of numerous letters by our hon. Chief Minister, Mr. M. K. Stalin, seeking Rs. 37,907 crore for flood relief, the Centre had sanctioned a mere Rs. 276 crore, that too, after the Supreme Court's intervention. However, the Central Government with a step motherly attitude has allotted thousands of crores of rupees for flood mitigation measures to other States. Is this because we believe in the teachings of Mahatma and Babasaheb Ambedkar.

Though a budget of Rs. 24,930 crore has been allotted to MRTS and Metro projects in this Unon Budget, it is highly disheartening to note that the second phase of Chennai Metro and the much-awaited Metro projects in Madurai and Coimbatore have not been mentioned. Out of the cost of Rs. 63,000 crore for the second phase of Chennai Metro. the Central Government has allotted so far Rs. 21,000 crore in spite of strained finances. Is this because Tamil Nadu denied the BJP even a single seat? Is this because Tamil Nadu does not believe in politics of hatred? Is this because of Tamil Nadu does not believe in divisive politics? The Union Budget has not only neglected my State of Tamil Nadu but also ignored the interests of the farmers, youth, poor and women of our country.

The growing divide between the haves and the have-nots in our country is alarming and shameful. Ten per cent of our population holds 77 per cent of our nation's wealth. A handful of corporate have immensely profited at the expense of the MSME sector. A billionaire spends Rs. 5,000 crore for a wedding in his family whereas more than 10,000 farmers commit suicide every year due to mounting farm debts. This Budget fails to legalise the guarantee for MSP based on the M.S. Swaminathan Commission formula of C2-plus-50 per cent. This Budget also fails to provide pensions, waivers on farm loans and compensation for more than 700 farmers who lost their lives during the 2020-2021 farm protests. There has been no waiver of GST on farm inputs like seeds, pesticides and fertilizers.

The demand to reduce GST on pesticides from 18 per cent to five per cent has been ignored. The allocation for agriculture and allied sectors as a percentage of the total Budget has been declining from 2019 onwards from 5.4 per cent to the present 3.15 per cent. In a stark contrast to the all-is-well story story of the Union Government, the unemployment ratio and inflation, the true indicators of the nation's economy, portray a very grim picture.

Unemployment ratio is at an all-time high of 9.2 per cent. Food inflation has crossed the 10 per cent barrier. India ranks a pathetic 111 out of 125 countries in the Global Hunger Index. This Government for the past 10 years boasts of its love for the Indian youth. However, more than 10,000 youth commit suicide every year due to the stress caused by mounting education loans, unemployment and a faulty education system plagued by question paper leaks and scams. All the announcements in this Budget about lakhs of crores allotted for upskilling and employment opportunities for the youth are nothing but false promises, just like the lie of doubling the farmers' income made in 2016 by this very Government.

I would like to conclude by saying that this Budget is not a Budget for the farmers, poor, youth and women. On the contrary, it is a Budget that has been drafted to keep this Government alive by appeasing its coalition partners, and it is rightly called the Nitish-Naidu Budget'. I also say that this Budget aids crony capitalism. It is a Budget which goes against the basic tenets of the Constitution, that is, equality and justice. It is a Budget that goes against the spirit of Ambedkar's federalism. I humbly request the Union Government to transcend political boundaries and ideologies to serve the common man and this great country. Thank you.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) : सभापति महोदय, मैं आपका और अपनी पार्टी का आभार प्रकट करता हूँ कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है । मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को भी बधाई देता हूँ, जिन्होंने लगातार सांतवां बजट पेश किया है । यह केवल केन्द्रीय बजट ही नहीं, बल्कि जनभावनाओं का बजट है इसलिए मैं उनको इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूँ ।

अगर आप बजट की ओर देखेंगे तो इसकी सब तरफ से भूरि-भूरि प्रशंसा हुई है, लेकिन एक नेता ने यहां पर खड़े होकर जिस तरह से पहले कमल पर कटाक्ष किया, न जाने उनको कमल से क्या विरोध है? कमल शब्द का प्रयोग राजीव नाम के लिए भी किया जाता है । अगर कमल के फूल को राजीव भी कहेंगे तो वह भी उसका पर्यायवाची है, लेकिन कहीं न कहीं कमल को बुरा दिखाने का प्रयास किया गया ।

यह बात सही है कि हमारा चुनाव चिह्न कमल का फूल है और जनता ने हमें लगातार तीसरी बार सत्ता में बैठाने का काम किया है । इन्होंने केवल कमल के फूल को ही नहीं, बल्कि कुछ और अपमानित करने का काम भी किया है । मैं उसका यहां पर थोड़ा उल्लेख जरूर करना चाहता हूँ । कमल से जुड़ा हुआ नाम राजीव भी है और आप जानते हैं कि राजीव किसका नाम है । आप सब जानते ही हैं तो क्या ये उनको भी बुरा समझते हैं? ?(व्यवधान) इन्होंने राजीव को हिंसा के साथ जोड़ने की बात कही, कमल को हिंसा के साथ जोड़ने की बात कही, लेकिन मैं कहना चाहता हूँ कि माँ लक्ष्मी का आसन भी कमल है । हमारा राष्ट्रीय पुष्प भी कमल है । सिंधु सभ्यता में पद्मासन मुद्रा में भगवान शिव की पशुपतिनाथ के रूप में मूर्ति मिली थी, लोकमान्य तिलक पद्मासन मुद्रा में ही समाधिलीन हुए थे और आप कहते हैं कि कमल के चारों तरफ हिंसा है । आप कमल का अपमान ही

नहीं कर रहे हैं, बल्कि महायोगी भगवान शिव, भगवान बुद्ध और लोकमान्य तिलक जैसे महापुरुषों का भी अपमान कर रहे हैं । इसलिए अगली बार कमल के बारे में बोलने से पहले थोड़ा सोचकर बोलिएगा कि आप किस-किस का अपमान कर रहे हैं ।

आप केवल रील के नेता मत बनिए । आपकी मीम्स खूब बनती हैं । ? (व्यवधान) रीयल नेता बनने के लिए सच बोलना पड़ता है । ? (व्यवधान) कुछ लोग एक्सीडेंटल हिंदू हैं और महाभारत का ज्ञान भी एक्सीडेंटल है । उस नेता के अलावा और कौन नहीं जानता कि महाभारत में अभिमन्यु का वध सात महारथियों ने मिलकर किया था और वे थे ? जयद्रथ, दुर्योधन, दुशासन, कर्ण, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य और शकुनी । शायद राहुल जी ने कभी महाभारत पढ़ी तो क्या देखी भी नहीं होगी । शायद मुझे लगता है कि अंकल सेम ने लिखकर दिया होगा, अंकल सोरस ने लिखकर दिया होगा । कहीं से पर्ची बनकर आई होगी और कूल डूड बनने का प्रयास किया होगा । मैं इतना ही कहूंगा कि कल जो चक्रव्यूह में फंसाने की बात कर रहे थे, वे कर्ण को कर्णा बोल रहे थे और कृपाचार्य जी को कृपचार्य बोल रहे थे ।

सभापति जी, कल सदन के अंदर महाभारत पर इतना सारा ज्ञान दिया गया कि एक समय ऐसा लगा कि बी.आर. चोपड़ा की महाभारत के धारावाहिक का संगीत गूंजने लगा हो । कहीं न कहीं उन्होंने एक बार महाभारत पढ़ने के लिए मुझे फिर से प्रेरित किया । मगर इस बार मैंने महाभारत पर एक नई पुस्तक पढ़ी, जो उनकी पार्टी के विद्वान सांसद, जो इस सदन के सदस्य भी हैं, उन्होंने लिखी है और उस पुस्तक का नाम ?दी ग्रेट इंडियन नोवल? है । राहुल जी को अगर महाभारत और चक्रव्यूह के विषय में विस्तृत जानकारी लेनी है तो अपने उस सांसद से वे सम्पर्क कर सकते हैं ।

<u>16.00 hrs</u>

शायद शशि थरूर जी ही राहुल गांधी को बता दें या बताएंगे, नहीं तो मैं बता देता हूं कि आपने महाभारत और भारत के स्वतंत्रता संघर्ष को मिला कर जो उपन्यास लिखा है, उसके पात्र कौन-कौन हैं? इस उपन्यास में धृतराष्ट्र के रूप में किस नेता को दिखाया गया है, कौरव किस पार्टी को कहा गया है, इस उपन्यास में प्रिय दुर्योधन कौन है । जब राहुल जी को इसका पता चलेगा, तो मुझे लगता है कि कहीं शशि थरूर जी पर कार्रवाई न हो जाए ।?(व्यवधान) साहब, क्या है कि ये लोग संविधान दिखाते थे, पढ़ते नहीं थे । मैंने उस दिन पूछ लिया कि कितने पन्ने होते हैं, तो वे यह भी नहीं बता पाए । उसके बाद मैंने पूछा कि आप संविधान की कॉपी लेकर चलते हो, क्या आपने इसका प्रीफेस पढ़ा है, इसका फोरवर्ड पढ़ा है, इसकी प्रस्तावना किसने की है? के.के.वेणुगोपाल, सॉलिसिटर जनरल, इनकी सरकार के समय भी रहे होंगे । यह सीनियर ऐडवोकेट हैं । गोपाल शंकर नारायण सीनियर ऐडवोकेट हैं, उन्होंने उसकी प्रस्तावना की थी और प्रस्तावना में लिखा था कि कैसा काला अध्याय, वह इमरजेंसी का समय था ।? (व्यवधान) यह संविधान बी. आर. अम्बेडकर जी ने दिया, अगर यह नहीं दिया गया होता, तो आम जनमानस को अपने अधिकारों का पता भी नहीं लगता, लेकिन इन्होंने उसको पढ़ा ही नहीं था । ये इतने दिनों से केवल कॉपी दिखा रहे थे।?(व्यवधान) गुगल दादा थे, वे इनसे पूछ लेते ।?(व्यवधान) आप साथ में क्या करते हैं, कुछ बताया करें ।

माननीय सभापति जी, इस उपन्यास के मुताबिक जिस पार्टी के सर्वेसर्वा आप हैं, उस उपन्यास की ही कौरव पार्टी है ।? (व्यवधान) मैं अपनी तसल्ली के लिए कुछ पंक्तियों को यहां उद्धृत कर देता हूं । मैं पेज नम्बर 245 से कोट कर रहा हूं ।

?The India of which Dhritarashtra assumed the leadership on 15th August, 1947 had just been through a cathartic process of regeneration, another stage in this endless cycle.?

15 अगस्त, 1947 को प्रधान मंत्री के रूप में मोदी जी नहीं थे और ये कह रहे हैं कि जिन्होंने 15 अगस्त 1947 को सत्ता संभाली थी, वे धृतराष्ट्र थे, तो धृतराष्ट्र किसको कहा गया??(व्यवधान) आपने मुझे बांध रखा है । कल स्पीकर महोदय ने कहा है कि उस समय के लोगों का नाम नहीं लेना है । मैंने प्रथम प्रधान मंत्री जी को धृतराष्ट्र नहीं कहा, इनके अपने सांसद ने अपने द ग्रेट इंडियन नॉवेल में कहा । शाशि थरूर जी कहां हैं? वे कहीं छिप तो नहीं गए? आज सोकाउज हो सकता है ।? (व्यवधान) फिर देखिए कि प्रिय दुर्योधनी और धृतराष्ट्र के विषय में क्या लिखा है?

Sir, I quote it from page 293,

?In Delhi blind Dhritarashtra ruled with Priya Duryodhani by his side, and he pledged the nation not so much to the gas and hot water of his Fabian preceptors but to the smoke and steam of the modern industrial revolution their ancestors had denied his country.?

सर, यह सभी को पता है कि इस देश के एक मात्र फैबियन समाजवादी कौन थे । फैबियन समाजवादी कौन थे, उसके बारे में किसी और ने नहीं, बल्कि आपके ही माननीय सांसद ने लिखा है।? (व्यवधान) आगे इसमें इमरजेंसी की चर्चा भी है, जिसे इंदिरा गांधी जी ने थोपा था ।? (व्यवधान)

सर, यह देश इमरजेंसी के समय इनकी यातनाओं का भुक्तभोगी रहा है । वह काला खंड, वह काला अध्याय देश कभी भूल नहीं पाएगा, जिसने देश के लोगों को कठिन शब्द इमरजेंसी के बारे में भी बताया ।

हम द ग्रेट इंडियन नॉवेल के अध्याय सेवेन्थ बुक की चर्चा कर रहे थे, जिसमें प्रिय दुर्योधनी और उनके प्रिय पात्र शकुनि, शंकर डे देश में आपातकाल लगाने की योजना बना रहे थे । सर, मैं पढ़ता हूं कि शकुनि ने क्या कहा । I quote,

?What you could do now is to declare an internal siege. A grave threat to the stability and security of the nation from internal disruption.?

माननीय सभापति**:** आप जिस बुक को कोट कर रहे हैं, उस बुक को आप सब्मिट कर दीजिएगा ।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** सर, मैं सब्मिट कर दूंगा । एक कॉपी आपको भी भिजवा दूंगा और एक टेबल पर भी रख दूंगा ।

? ?What you could do now is to declare an internal siege. A grave threat to the stability and security of the nation from internal disruption. No one has ever

defined the permissible procedures under an internal siege, which leaves it more or less up to us to define them.? Shakuni added.?

Next, I quote from page 366:

? ?Not to mention censorship of the press, which is nowhere explicitly ruled out in the Constitution, suspension of certain fundamental rights ? free speech, assembly, that sort of thing ? and measures to put the judiciary in their place,? said Shakuni.? ? (*Interruptions*)

यह किसी और ने नहीं, मैं कहना चाहता हूं । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय अनुराग जी, एक किताब गौरव जी को भी भिजवा दीजिएगा ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** सर, मैं एक कॉपी गौरव जी को भिजवा दूंगा । ? (व्यवधान) सर, मैं जिनकी बात कर रहा हूं, वह उस समय की प्रधान मंत्री थीं, जिन्होंने इमरजेंसी लगाई थी । एक नेता की स्वर्गीय दादी जी भी हैं और उनके नाम के आगे प्रियदर्शनी भी लिखा जाता था । उन्होंने इमरजेंसी लगाई थी । माननीय सभापति जी, मैं यह कहना चाहता हूं कि दु:शासन और दुर्योधन दोनों बहुत ही दुष्ट और बदमाश हो सकते थे, लेकिन उन्होंने भी कभी इमरजेंसी नहीं लगाई थी । ? (व्यवधान) दु:शासन और दुर्योधन दुष्ट भी हो सकते हैं, दुश्मन भी हो सकते हैं, बदमाश भी हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने भी इमरजेंसी नहीं लगाई थी । सर, पूरे उपन्यास में 74 बार कौरव और कौरव पार्टी की चर्चा हुई । हरेक में कांग्रेस का चरित्र झलकता है । ? (व्यवधान) राहुल जी, इस सदन में हजारों साल पूर्व हुए महाभारत की कहानी सुना रहे थे । मगर उनकी अपनी पार्टी के पढ़े-लिखे एक विद्वान, पूर्व मंत्री और सांसद आज के महाभारत की कहानी लिखते हुए बताते हैं कि कौन कौरव था, कौन शकुनि था, कौन धृतराष्ट्र था, कौन दु:शासन था, कौन दुर्योधन था, कौन करण था? आप जरूर पढ़ियेगा । सब के किरदार उसी में मिलने वाले हैं । शायद जिस समय शशि थरूर जी लिख रहे थे, उस समय आपका टैलेंट इनको पता नहीं था, नहीं तो 100 पन्ने आप पर ही लिख देते । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप चाहते हैं कि कार्रवाई हो जाए?

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** माननीय सभापति जी, कल जब राहुल गांधी जी चक्रव्यूह पर बहुत ज्ञान दे रहे थे तो पीछे दो लोग कुमारी सैलजा जी और दीपेन्द्र जी बैठ कर मुस्कुरा रहे थे । अब शायद राहुल जी, वे पीछे हँस तो रहे थे, लेकिन आप एक बात जरूर कर लीजिए ? (व्यवधान) चक्रव्यूह के परिप्रेक्ष्य में इन दोनों से बेहतर कौन बता सकता है, हरियाणा के चुनाव आने वाले हैं, जान लीजिए कि कौन शकुनि है और कौन अभिमन्यु है, नहीं तो बहुत देर हो जाएगी । ? (व्यवधान) आपको एक और सुझाव देना है । मैं इतना जरूर कहूंगा कि आपने तो कई सारे चक्रव्यूह बनाने का काम किया है । जब उस समय किशोर अभिमन्यु पर कौरवों ने युद्ध नीति के विपरीत जाकर प्रहार किया था, तो मैं कुछ कहना चाहता हूं?

?इतने में पुत्र दु:शासन ने, पीछे से था वार किया,

निष्प्राण हुआ एक गदा से, सिर पर था प्रहार किया ।

मां धरती की गोद में, वह आंख मूंदकर सो गया ।

अम्बर का तेजस्वी तारा, धूमकेतु सा खो गया ।

लेकिन कोई तारे का तेज, फीका नहीं कर सकता है ।

वीरगति पाकर अमर हुआ हो, कभी नहीं मर सकता है ।

पुत्र सुभद्रा कुरुक्षेत्र में, जिसकी अमर कहानी थी ।

नौ माह में सीखी विद्या, तब सोलह साल जवानी थी ।?

अब उस अभिमन्यु को, जिसने सारे चक्रव्यूह को तोड़ने का काम किया । ? (व्यवधान) मैं इतना ही कहूंगा कि चक्रव्यूह का प्रसंग छेड़कर आपने अच्छा किया । ? (व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I am on a point of order.

HON. CHAIRPERSON : Let the hon. Member complete his speech. Then, I will give you an opportunity.

? (*Interruptions*)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** इस देश ने बहुत सारे चक्रव्यूह देखे हैं । कांग्रेस का चक्रव्यूह ? (व्यवधान) सर, मैं इसके सात किरदार बताता हूं । पहला, कांग्रेस । दूसरा, ...* सर, नाम लेने के लिए मना किया है । मैं दूसरी तरह से बोलता हूं ।

पहला कांग्रेस, दूसरा पहले प्रधानमंत्री एनजी, फिर तीसरा किरदार आईजी, पूर्व प्रधानमंत्री, चौथा आरजी-1 उस समय के प्रधानमंत्री, पाँचवाँ एसजी, छठा आरजी-2 और सातवाँ तो आप सब जानते ही हैं । आप समझदार हैं, समझ गए होंगे ।

सर, पहले चक्रव्यूह ने देश का विभाजन कराया । दूसरे एनजी ने देश को कश्मीर की समस्या दी और चीनियों को भारत की भूमि सौगात में दी ।? (व्यवधान) तीसरे चक्रव्यूह आईजी ने, पूर्व प्रधानमंत्री आईजी ने देश को आपातकाल दिया, इमरजेंसी दी और पंजाब में अशांति दी । चौथे, जो आरजी-1 हैं, ने बोफोर्स दिया और सिखों का नरसंहार किया ।? (व्यवधान) पाँचवें जो एसजी हैं, उन्होंने सनातन धर्म परम्परा के प्रति नफरत का नैरेटिव बनाया । 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले को संरक्षण प्रदान किया, देश की आर्थिक अर्थव्यवस्था को भँवर जाल में फँसाया । छठे ठहरे आप, जिन्होंने 15 सालों में देश की राजनीति, संसदीय परम्परा और संस्कृति को इतना नुकसान पहुँचाया, जितना कि ये बाकी छ: मिलकर, सारे चक्रव्यूह एक साथ भी मिलकर नहीं कर पाए ।? (व्यवधान) रही बात सातवें की, तो मैं उनका नाम नहीं लूँगा । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, मैं इतना ही कहूँगा कि सातों चक्रव्यूहों ने मिलकर देश को गरीबी, भुखमरी, आतंकवाद, कट्टरवाद जैसे अनगिनत दुष्चक्रों में फंसा दिया था । देश को हमने आपके दुष्चक्रों से बचाया है ।? (व्यवधान)

आज़ाद कराया है । माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकास रथ को आगे बढ़ाया है । आज दुनिया में, भारत पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है ।? (व्यवधान) आप जिस अभिमन्यु को पिछले 22 सालों से घेरने की कोशिश कर रहे हैं, गुजरात से लेकर दिल्ली तक, आपके योद्धा और आपकी सरकारें निपट गईं, लेकिन आप उनको घेर नहीं पाए, क्योंकि वे जनता के दिलों में बसे हैं ।? (व्यवधान) आज यहाँ 293 अभिमन्यु बैठे हैं । भले ही आपके पास कर्ण जैसे धुरंधर हों, शकुनी जैसे कुटिल रणनीतिकार हों, लेकिन धर्म हमारे साथ है, धर्म हमारे साथ है ।? (व्यवधान)

भले ही आपके पास नारायणी सेना हो, लेकिन स्वयं भगवान कृष्ण हमारे साथ हैं ।? (व्यवधान) हमारे साथ श्री रघुनाथ तो किस बात की चिंता? (व्यवधान) हमारे साथ श्री रघुनाथ तो किस बात की चिंता, शरण में रख दिया माथ तो किस बात की चिंता । हमारे साथ तो जनता रूपी रघुनाथ है और आगे भी रहने वाला है ।

आप देखिए, ये कल से हलवा बांटने की बात कर रहे थे । महोदय, …* के पैर नहीं होते । ये …* अक्सर कांग्रेसियों के कंधे पर सवार होकर सैर करते हैं ।? (व्यवधान) जैसे मदारी के कंधे? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** हम उसको देख लेंगे ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप … * शब्द के स्थान पर असत्य कहें । … * असंसदीय शब्द है, उसे हम कार्यवाही का हिस्सा नहीं मानते हैं । आप असत्य कहिए ।

? (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, it is totally unparliamentary and irrelevant speech. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I have already given the ruling. Mr. Venugopal, I have given the ruling.

? (*Interruptions*)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** माननीय सभापति जी, असत्य के पैर नहीं होते ।? (व्यवधान) असत्य के पैर नहीं होते ।? (व्यवधान) यह असत्य अक्सर कांग्रेसियों के कंधे पर सवार होकर सैर करता है ।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Manickam Tagore has raised the issue. I have taken it into cognizance.

? (*Interruptions*)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** जैसे मदारी के कंधे पर बंदर होता है, वैसे ही राहुल जी के कंधे पर … * का बंडल होता है ।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Manickam Tagore has raised the issue. I have taken it into cognizance. मैंने कर दिया गौरव ।

? (*Interruptions*)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर **:** जैसे मदारी के कंधे पर बंदर होता है, वैसे ही राहुल जी के कंधे पर …* का बंडल होता है ।? (व्यवधान) जिसे वे रोज़ यहाँ परोसते हैं ।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I will give you the opportunity after he concludes his speech.

? (*Interruptions*)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** माननीय सभापति जी, जिस व्यक्ति को बजट निर्माण की प्रक्रिया का पता नहीं हो, संसदीय कार्य में रुचि न हो, जिसने मात्र अध्यादेश को फाड़ने का काम किया हो, उससे क्या अपेक्षा की जा सकती है? ? (व्यवधान)

मैं पूछना चाहता हूं कि हलवा किसको मिला? ? (व्यवधान) राहुल जी, बताइए, आपने हलवा की बात की थी । ? (व्यवधान) जीप घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) बोफोर्स घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) अंतरिक्ष देवास घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) नेशनल हैराल्ड घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) सबमरीन घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) 2 जी स्कैम का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) कॉमनवैल्थ गेम्स घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) कोयला घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) वाल्मीकि योजना घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) चारा घोटाले का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) यूरिया स्कैम का हलवा किसने खाया? ? (व्यवधान) राहुल जी, हलवा मीठा था या फीका था? ? (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, कुछ लोग ओबीसी की बात करते हैं । ? (व्यवधान) मैं यह कहता हूं कि इनके लिए ओबीसी ? (व्यवधान) गौरव जी, मेरी बात सुनिए, बड़ा इम्पॉर्टेंट विषय है । ? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Kindly address the Chair.

? (*Interruptions*)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** सर, इनके लिए ओबीसी का मतलब है ? ?ओनली फॉर ब्रदर इन लॉ कमीशन? । ? (व्यवधान) ?ओनली फॉर ब्रदर इन लॉ कमीशन? के लिए काम करने वाली पार्टी अदर बैकवर्ड कास्ट्स की बात करती है, तो आदमी को भी पंखे के साथ लटककर आत्महत्या कर लेनी चाहिए । ? (व्यवधान) मतलब जिस पार्टी ने अपनी ही पार्टी के अध्यक्ष, जो एक पिछड़े वर्ग समाज से आते थे, उनको धोती से खींचकर पार्टी से बाहर निकाल दिया हो, उसके शहज़ादे हमें ज्ञान बांट रहे हैं? ? (व्यवधान)

अरे साहब, इनको पहले तो एलओपी का मतलब समझना पड़ेगा । ? (व्यवधान) इसका मतलब ?लीडर ऑफ प्रोपोगैंडा? नहीं ?लीडर ऑफ अपोजीशन? है । ? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: He is responding on behalf of his party.

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Kindly listen to me.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** गौरव जी, मैं आपकी बात सुन रहा हूं । मैं आपको जवाब दे रहा हूं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी, आप एक मिनट के लिए चुप हो जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी, आप एक मिनट के लिए चुप हो जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय गौरव जी, आप या माननीय सदस्य जो कह रहे हैं, मैं समझता हूं कि माननीय राहुल गांधी जी एलओपी हैं और उन्होंने भी सरकार के बारे में बात कही, सरकार के मंत्रियों का नाम लिया । श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी उसका जवाब दे रहे हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अगर कोई अनपार्लियामेंट्री वर्ड होगा, तो उसको मैं एक्सपंज कर दूंगा ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** उन्होंने ? * शब्द कहा था, मैंने उसको एक्सपंज कर दिया ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी ? आप बोलिए ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय सभापति जी, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि अब ये ?* परोसना बंद कर दें, क्योंकि एलओपी का मतलब ?लीडर ऑफ प्रोपोगैंडा? नहीं ?लीडर ऑफ अपोजीशन? होता है । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी, आप ?* शब्द न इस्तेमाल करें । यह असंसदीय शब्द है ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: ठीक है, सर, असत्य है, निराधार है । ठीक है, सर । ? (व्यवधान) ओबीसी की बात, जनगणना की बात बहुत की जाती है । ? (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव **(कन्नौज) :** सभापति महोदय, यह क्या है? ? (व्यवधान) ये ओबीसी की बात कैसे कर सकते हैं? ? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** माननीय सभापति जी, जिसकी जात का पता नहीं, वह गणना की बात करता है? ? (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** ये जात की बात कैसे कर सकते हैं? ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी, आप कृपया बैठ जाएं ।

? (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव**:** अनुराग जी, आपकी क्या जात है? ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय अखिलेश जी, आपने जो बात उठाई है, मैं उसको दिखवा लूंगा । मैं आपकी बात को संज्ञान में ले रहा हूं । उन्होंने जो बात कही है, जिसका आप विरोध कर रहे हैं, मैं उसको दिखवा लूंगा ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी, आप बोलिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** कृपया आप लोग बैठ जाएं ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** माननीय सभापति जी, मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि इसी सदन में एक पूर्व प्रधान मंत्री जी ने, आरजी-1 ने ओबीसी को आरक्षण देने का विरोध किया था । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** अनुराग जी, एक मिनट रूकिए । लीडर ऑफ अपोजीशन बोलना चाहते हैं । आप लोग बैठ जाएं । माननीय अनुराग जी की स्पीच खत्म हो जाए, आप लोग बैठ जाएं, मैं उन्हें अलाऊ कर दूँगा ।

? (व्यवधान)

श्री राहुल गांधी **(रायबरेली) :** सर, उन्होंने मुझे इंसल्ट किया है, मुझे बोलने दीजिए ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** उनकी बात खत्म हो जाए, उसके बाद मैं आपको अवसर दूँगा ।

श्री राहुल गांधी**:** नहीं सर । उन्होंने मुझे इंसल्ट किया है ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं उनके बाद आपको अवसर दूँगा । आप बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** पहले उनकी स्पीच खत्म हो जाए । कृपया आप बैठ जाइए ।

एक माननीय सदस्य : कल किस-किस का इंसल्ट कर रहे थे?? (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं आपको अवसर दूँगा ।

अनुराग जी, आप एक मिनट बैठ जाएं ।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: सर, एक मिनट, मैं क्लेरिटी कर दूँ ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सब लोग बैठ जाएं । मैं लीडर ऑफ अपोजीशन को बुला रहा हूँ । Is it fair when I am allowing the Leader of the Opposition? फिर मैं उनको बुला लूँगा । मैं आपको बुला रहा हूँ । पहले सब लोग बैठ जाएं । पहले सब लोग बैठ जाएं तब मैं आपको अलाऊ करूँगा । सब बैठ जाएं तब मैं आपको अलाऊ करूँगा ।

श्री राहुल गांधी: सर, उन्होंने मेरा इंसल्ट किया है । मुझे माइक तो दीजिए ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं आपको अलाऊ करूँगा, लेकिन पहले सभी लोग बैठ जाएं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं आपको अलाऊ करूँगा । आप मेरी बात सुन नहीं पा रहे हैं । मैं आपको अलाऊ करूँगा । हाउस इन ऑर्डर हो जाए । गौरव जी, आप भी बैठ जाएं । मैं लीडर ऑफ अपोजीशन को अलाऊ कर दे रहा हूँ । अगर आप यह कह रहे हैं कि हमें इंसल्ट किया है तो मैं बिल्कुल आपको अलाऊ कर रहा हूँ ।

श्री राहुल गांधी: सर, मुझे बोलने दीजिए ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं आपका नाम तो ले लूँ ।

श्री राहुल गाँधी जी ।

श्री राहुल गांधी: महोदय, देखिए जितना आप लोग मेरा इंसल्ट करना चाहते हैं, आप खुशी से कीजिए ।? (व्यवधान) आप रोज कीजिए, मगर एक बात मत भूलिए कि जाति जनगणना को हम यहाँ पास करके दिखाएंगे । धन्यवाद ।? (व्यवधान) जितना इंसल्ट करना है करिए ।? (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : उसमें अपनी जाति भी लिखनी पड़ेगी ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : अब आप चुप रहिए ।

श्री अनुराग ठाकुर जी ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : हमने समय दे दिया । अब आप बैठिए । यह तरीका नहीं है । नहीं, यह तरीका ठीक नहीं है । हमने आपको टाइम दे दिया है ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप बैठ चुके हैं । यह नहीं होता है ।

श्री अनुराग ठाकुर ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** मुझे लगता था कि इनको भाषण देने से पहले पर्ची आती होगी ।? (व्यवधान) लेकिन हर बार इंटरवेंशन के लिए पर्ची आती है ।? (व्यवधान) अपने बलबूते पर? (व्यवधान) सर, उधार की बुद्धि से राजनीति नहीं चलती है ।? (व्यवधान) उधार की बुद्धि से राजनीति नहीं चलती है ।? (व्यवधान) यहाँ पर्ची लेने से काम नहीं चलता है ।? (व्यवधान)

<u>16.23 hrs</u>

At this stage Shri B. Manickam Tagore and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मणिक्कम जी, आप अपनी सीट पर जाकर बैठिए ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** आप बोलकर हटते हो, फिर पर्ची आती है, फिर बोलते हो ।? (व्यवधान) ऐसे कैसे चलता है?? (व्यवधान) I am not yielding. ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैंने उनको बिठाकर, आपको बुलाया । अब मैं ऐसा नहीं करूँगा । मैंने अनुराग ठाकुर जी को बिठाकर आपको समय दिया । अब अनुराग ठाकुर जी बोलेंगे ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** सर, मैं इतना ही कहूँगा कि उधार की बुद्धि से राजनीति नहीं चलती है ।? (व्यवधान) आजकल कुछ लोगों पर जातिगत जनगणना का भूत सवार है ।? (व्यवधान) लेकिन मैं इतना कहूँगा ।? (व्यवधान) सर, मैंने क्या कहा था? ? (व्यवधान) माननीय सभापति जी, मैं गंभीर बात कर रहा हूँ ।? (व्यवधान) ये नहीं सुन रहे हैं ।? (व्यवधान) मैंने कहा था कि? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप वापस जाइए । I have already given an opportunity to Shri Rahul Gandhi Ji. He has expressed his views जो उनको था । नहीं-नहीं, आप वेल से बाहर आ जाएं । कृपया आप वेल से बाहर आ जाएं, मैं उनको फिर समय दे दूँगा ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं उनको फिर समय दे दूँगा ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: सर, मैंने कहा था कि जिसको जात का पता नहीं, वह गणना की बात करता है ।? (व्यवधान) मैंने नाम किसी का नहीं लिया था ।? (व्यवधान) सर, मैंने नाम तो किसी का नहीं लिया था ।? (व्यवधान) मैंने नाम किसी का नहीं लिया था, लेकिन जवाब देने कौन खड़े हो गए ।? (व्यवधान) सर, मैं कहना चाहता हूँ ।? (व्यवधान) माननीय सभापति जी, अगर आप देखेंगे । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैंने अनुराग जी को बिठाकर माननीय राहुल गाँधी को समय दिया था । मैंने अनुराग ठाकुर जी को बिठाकर उन्हें समय दिया था । कृपया आप लोग अपनी-अपनी सीट पर जाइए। जब एलओपी को टाइम मिल गया तो अब आप सदन में व्यवधान मत कीजिए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति: राहुल गांधी जी, क्या आप दोबारा बोलना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : लीडर ऑफ ऑपोजिशन बोलेंगे । आप सभी वेल से वापस चले जाएं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : यदि मैं आपके एलओपी को बोलने का समय दे रहा हूं तो आपको वेल से बाहर चले जाना चाहिए ।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई (जोरहाट) : अनुराग ठाकुर जी को माफी मांगनी चाहिए । वे जाति की बात कह रहे हैं ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : राहुल जी, आप अपनी पार्टी के सदस्यों को कहें कि वे वेल से बाहर चले जाएं । मैं आपको बोलने का समय दे रहा हूं ।

? (व्यवधान)

श्री राहुल गांधी: सभापति जी, माइक ऑन कराएं ।

माननीय सभापति : आपको माइक मिल जाएगा । आप सभी वेल से चले जाएं । बजट पर इतनी अच्छी एवं सार्थक चर्चा चल रही है । पूरा देश देख रहा है । राहुल जी ने कह दिया है, अब आप वापस चले जाएं । आप अपने लीडर का सम्मान करें । मैं आपके लीडर को दूसरी बार बोलने का मौका दे रहा हूं । वे हाउस के एलओपी हैं और उनके लिए मैंने माननीय सदस्य को बैठा दिया है । आप कम से कम इस बात का तो सम्मान करें ।

राहुल गांधी जी ।

16.26 hrs

At this stage Shri B. Manickam Tagore and some other hon. Members went back to their seats.

-

श्री राहुल गांधी**:** सभापति जी, माइक ऑन नहीं है ।

माननीय सभापति **:** जब पीठासीन नाम लेते हैं, तो माइक ऑन हो जाता है ।

श्री राहुल गांधी**:** सभापति जी, देश में जो भी दलितों की, आदिवासियों की, पिछड़ों की बात उठाता है, जो भी उनके लिए लड़ता है, उसे गाली खानी ही पड़ती है । मैं ये सब गालियां खुशी से खाऊंगा । महाभारत की बात यहां हुई । महाभारत में अर्जुन को सिर्फ मछली की आंख दिखाई दे रही थी, इसी प्रकार मुझे सिर्फ मछली की आंख दिख रही है । हम जाति जनगणना कराकर दिखाएंगे । आपको जितनी गाली देनी है, आप दीजिए, हम खुशी से लेंगे । धन्यवाद ।

श्री गौरव गोगोई**:** अनुराग ठाकुर को माफी मांगनी चाहिए ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** गौरव जी, एलओपी को समय दे दिया है । क्या राहुल जी आप फिर बोलना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

श्री राहुल गांधी**:** जी हाँ ।

माननीय सभापति **:** राहुल जी, आप देख लीजिए, आप जब-जब चाह रहे हैं, मैं आपको बोलने का अवसर दे रहा हूं इसलिए कम से कम गौरव जी आपके बोलने के बाद ऐसी परिस्थिति क्रिएट न करें कि सदन अव्यवस्थित हो । सदन चलाने की जितनी जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की है, उतनी प्रतिपक्ष की भी है ।

श्री राहुल गांधी**:** अनुराग ठाकुर जी ने मुझे गाली दी है ।? (व्यवधान) मुझे इंसल्ट किया है, मगर मैं अनुराग ठाकुर जी से कोई माफी नहीं चाहता हूं, मुझे कोई माफी की जरूरत नहीं है । मैं लड़ाई लड़ रहा हूं, जितनी आपको मुझे गाली देनी है, मैं आपसे कभी माफी नहीं मंगवाऊंगा । मुझे आपकी माफी नहीं चाहिए ।

माननीय सभापति **:** राहुल गांधी जी, मैं चेयर पर हूं । चेयर का काम है कि यदि कोई असंसदीय शब्द या किसी को गाली दी गई है तो मैं उसे देखूंगा और कार्यवाही से निकलवाऊंगा । यदि गाली दी है तो मैं उसे कार्यवाही का हिस्सा दिखाकर एक्सपंज करवाऊंगा ।

? (व्यवधान)

श्री कल्याण बनर्जी **(**श्रीरामपुर**) :** सभापति जी, क्या आपने कुछ नहीं सुना? ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं सुन रहा हूं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री अखिलेश यादव जी ।

? (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव: सभापति महोदय, मेरा आपसे केवल इतना निवेदन है कि माननीय सदस्य मंत्री रहे हैं, बड़े दल के नेता हैं और बड़ी बात कह रहे थे, महाभारत के समय की बात भी कह रहे थे । शकुनी और दुर्योधन तक यहां ले आए । मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि आपने ?जाति? कैसे पूछ ली? आप ?जाति? कैसे पूछ सकते हैं? ?(व्यवधान) आप पूछकर दिखाओ ?जाति? को ।? (व्यवधान) आप ?जाति? कैसे पूछोगे? ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : अखिलेश जी, आप बैठ जाओ ।

? (व्यवधान)

श्री अखिलेश यादव: ये ?जाति? नहीं पूछ सकते हैं ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप हमारी व्यवस्था सुन लें । कोई सदन में किसी की जाति नहीं पूछेगा ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति : इसे एक्सपंज कर दिया ।

माननीय अनुराग ठाकुर जी ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय सभापति जी, उस समय के प्रधान मंत्री स्वर्गीय ?आर.जी. - 1? जी ने यही कहा था कि ?ओबीसी के आरक्षण का विरोध करता हूं ।?? (व्यवधान) यह तो सदन में है । ?आर.जी. - 1? ने कहा था कि मैं ओबीसी को आरक्षण का विरोध करता हूं ।? (व्यवधान) अब ये तय करें कि वे सही थे या ये सही हैं और आपकी पार्टी गलत थी या आप गलत हैं? ? (व्यवधान) क्या वे पिछड़ा विरोधी थे या आप पिछड़े के पक्ष में हैं? ?(व्यवधान) उस समय की पूर्व प्रधान मंत्री ?आई.जी.? ने कहा था कि ?जात पर न पात पर ।? मैंने तो यह नहीं कहा, उस समय यह कहा गया था।? (व्यवधान)

माननीय सभापति: कृपया अपना भाषण संक्षिप्त करें ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: सर, मंडल आयोग की रिपोर्ट हो, काका कालेलकर की रिपोर्ट हो, इस पर वर्षों तक कौन बैठा रहा?? (व्यवधान) इसका इन्हें जवाब देना होगा । कौन जवाब देगा? ? (व्यवधान) अगर उस समय उसको लागू कर दिया होता तो आज ओबीसी के अधिकारी भी ज्यादा होते और बाकी भी होते ।? (व्यवधान)

सर, यही नहीं, इन्होंने दलित, आदिवासी का विरोध किया ।? (व्यवधान) ओबीसी कमीशन को तो संवैधानिक दर्ज़ा भी नहीं दिया । अगर किसी ने उसे संवैधानिक दर्ज़ा दिया तो उसे मोदी सरकार ने आकर दिया है ।?(व्यवधान)

सर, मैं इस सदन के लिए यह पढ़ देता हूं । नेहरू जी ने वर्ष 1951 में आरक्षण के विरुद्ध लिखा था ।?(व्यवधान)

I quote:

?I react strongly against anything which leads to inefficiency and second-rate standards. I want my country to be a first-class country in everything. The moment we encourage the second-rate, we are lost.?

यह किसने कहा? इसे देश के पहले प्रधान मंत्री ने कहा । आप उससे सहमत हैं या नहीं सहमत हैं, यह बताइए ।?(व्यवधान) आप उसके लिए माफी मांगेंगे या नहीं मांगेंगे ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अनुराग जी, कृपया आप चेयर को एड्रेस करें और अपना भाषण समाप्त करें ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** सर, मैं इतना ही कहूंगा ?

लहज़े में बदज़ुबानी, चेहरे पर नक़ाब लिए फिरते हैं,

वो, जिनके खुद के बही-खाते बिगड़े हैं, वे हमारा हिसाब लिए फिरते हैं ।

सर, मैं एक बात क्लियर कर दूं ।? (व्यवधान) मैंने किसी का नाम लेकर नहीं कहा, लेकिन कोई अपने आप क्यों खड़ा हुआ?? (व्यवधान) मैंने किसी का नाम नहीं लिया था । आप रिकॉर्ड चेक कीजिए ।

माननीय सभापति **:** मैं रिकॉर्ड दिखवा लूंगा ।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** सर, हमने ?सबका साथ, सबका विकास? किया । अगर अल्पसंख्यक के रूप में किसी को राष्ट्रपति बनाया गया, तो कलाम साहब को, अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में बनाया गया । राम नाथ कोविंद जी, जो एस.सी. समाज से आते हैं, अगर उन्हें राष्ट्रपति बनाया गया तो वह मोदी जी की पहली सरकार में बनाया गया । अगर एक महिला ट्राइबल को उनकी अपनी क्षमता के आधार पर देश का राष्ट्रपति बनाया गया, तो द्रौपदी मुर्मु जी को हमारी सरकार में बनाया गया ।? (व्यवधान) अगर कोई ओबीसी प्रधान मंत्री है तो आज माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी हैं ।? (व्यवधान) आज अगर एस.सी., एस.टी., ओबीसी के सबसे ज्यादा मंत्री हैं, तो वे हमारी सरकार में हैं ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अब अपना भाषण समाप्त करें ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** सर, मैं दो मिनट में अपना भाषण समाप्त कर दूंगा ।? (व्यवधान)

सर, ये एमएसपी की बात कर रहे थे ।? (व्यवधान) एमएसपी कौन लाया?? (व्यवधान) वर्ष 1961 में उस समय के पहले प्रधान मंत्री जी इसे लाए, लेकिन इन्होंने उसकी गारंटी क्यों नहीं दी? वर्ष 1961 के बाद वर्ष 1966 में आप लाए ।? (व्यवधान) इतने सालों तक आप क्या करते रहे?? (व्यवधान) आपने उसका प्रावधान क्यों नहीं किया?? (व्यवधान)

सर, मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं । कर्नाटक में 1200 किसानों ने आत्महत्या की । क्या आप उनसे मिलने गए?? (व्यवधान) उनमें कितने एस.सी., एस.टी., ओबीसी थे? ? (व्यवधान) वहां के ओबीसी, एस.सी., एस.टी. के पैसे को, कर्नाटक में उनके 34 प्रतिशत बजट को खत्म करके अलग कर दिया गया । क्या आपने उनसे पूछा कि ऐसा क्यों किया?? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** अब आप अपना भाषण समाप्त करें ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:** सर, यही नहीं, मैं एक बात कहना चाहता हूं ।

सर, आप देखिए कि आज ओबीसी के कोटे को खत्म करके अगर कोई मुसलमान को आरक्षण देने की बात करता है तो आंध्र प्रदेश, कर्नाटक में आपके कहने पर वे लोग ऐसी बात करते हैं और आप यहां पर ओबीसी की बात करते हैं ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति जी, यहां पर अग्निवीर की बात कही गयी और अखिलेश यादव जी ने मेरा नाम लेकर कहा ।? (व्यवधान)

सर, मैं हिमाचल प्रदेश से आता हूं । वह बहुत छोटा राज्य है । वहां 70 लाख की आबादी है । देश में कारगिल के समय अगर सबसे ज्यादा शहादत किसी ने दी तो वह हिमाचल प्रदेश के वीर सपूतों ने दी ।? (व्यवधान) चार परमवीर चक्र विजेता हुए, जिनमें से दो हमारे यहां से हुए ।? (व्यवधान)

सर, ?वन रैंक, वन पेंशन? 40 सालों तक इन्होंने नहीं दिया और अगर उसे किसी ने दिया तो प्रधान मंत्री मोदी जी ने आकर दिया ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** यह बात सदन में आ चुकी है, आपके ही द्वारा आ चुकी है ।

? (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर **:** सर, अग्निवीर योजना में 100 प्रतिशत इम्प्लॉयमेंट की गारंटी है ।? (व्यवधान)

सर, मैं अंत में एक बात कह रहा हूँ कि युवाओं के लिए बजट में बहुत कुछ है । नौकरी से ले कर, इंटर्नशिप से ले कर बाकी सब बहुत कुछ है । मैं निर्मला जी और प्रधान मंत्री जी को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूँ । सर, स्पेस सैक्टर के लिए एक हज़ार रुपये का वेंचर कैपिटल फंड भी दिया गया । सर, जिस देश में सपेस के नाम पर शायद बहुत कम कुछ दिखता था, आज चन्द्रयान मिशन की सफलता के कारण दुनिया का पहला देश भारत बना है । ? (व्यवधान) सर, इनके समय हेमराज का गला रेत कर ले गए थे, वापस नहीं लाए थे । हमने सर्जिकल स्ट्राइक कर के अपनी जगह को मज़बूत किया है । ? (व्यवधान) सर, स्टार्टअप में हम नंबर वन हैं । ? (व्यवधान)

सर, मैं आखिरी लाइन बोल रहा हूँ ।? (व्यवधान) ये कहते हैं कि देश में डर का माहौल है । सर, मैं इतना ही कहूंगा कि डर का माहौल अपराधियों में हैं, डर का माहौल भ्रष्टाचारियों में है, डर और भय का माहौल देशद्रोहियों, अधर्मियों में, कुकर्मियों में है । ? (व्यवधान) सबसे ज्यादा डर का माहौल देश के दुश्मनों में है । ? (व्यवधान)

सर, मैं अंत में इतना ही कहूंगा कि माननीय निर्मला जी ने जो सातवां बजट पेश किया है, यह जन भावना का बजट है, जिसका पूरा सदन पूरी-पूरी प्रशंसा करता है । ? (व्यवधान) साथ ही, इनको और माननीय प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई और साधुवाद देता है । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रही जी ।

? (व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, under Rule 353, he cannot take my name repeatedly without notice. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I have given it. Whatever issue you want to raise, the LoP has already raised that issue. Even Akhilesh Yadav ji has also raised the issue. There is no Point of Order.

? (*Interruptions*)

DR. SHASHI THAROOR : Mr. Chairperson, Sir, let me point it out. He has repeatedly taken my name. ? (*Interruptions*) Sir, he has repeatedly taken my name. I think I have a right to respond. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I will allow you.

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री बिष्णु पद राय जी ।

? (व्यवधान)

श्री बिष्णु पद राय **(**अंडमान और निकोबार द्वीप समूह**) :** सर, मैं कांग्रेस वालों से कहना चाहता हूँ कि एक बढ़िया खबर है । सुन लो, आपको ज़रूरत है, आपका भला होगा । मोदी जी की वजह से ऑयल एण्ड गैस के नाम पर अंडमान में चार जगहों पर अक्टूबर महीने में ऑयल ड्रिलिंग का काम शुरू हो जा जाएगा । ? (व्यवधान) दूसरा, वाइपर द्वीप किसने बेचा था? वाइपर द्वीप पर महाराजा पुरी, इंफाल के राजा आदि लोगों को कमर और पांवों में चेन बांध कर ब्रिटिशों ने जेल में बंदी बनाया था । इस कांग्रेस पार्टी ने वाइपर द्वीप को कैसिनो के नाम पर, जुआ खेलने के नाम पर बेचा था । मैंने बचाया था, बिष्णु पद राय ने बचाया था । इसके लिए एंटोनी ने माफी मांगी थी । इन कांग्रेसियों ने बफ़र ज़ोन जारवा रिज़र्व बनाया था । उसको मैंने बचाया । आप लोग अंडमान निकोबार को देखो कि मोदी जी ने क्या बना दिया है और आपने क्या बना कर रखा हुआ था?

मोदी जी ने अंडमान को क्या दिया है? ओएफसी कैबल, मेडिकल कॉलेज, लॉ कॉलेज, नेशनल हाईवे पीएमजीएसवाई, शिप रिपेयर यार्ड, सीआरएफ फंड दिया और द्वीप समूह में उत्तरा ब्रिज और नेशनल हाईवे का फर्स्ट फेज़ कम्पलीट हो गया है ।

जय हिन्द । भारत माता की जय ।

माननीय सभापति : डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रही जी ।

? (व्यवधान)

<u>**16.39 hrs**</u> (Hon. Speaker *in the Chair*)

DR. SHASHI THAROOR : Sir, I just want to point out one thing.

Under Rule 353, the hon. Member has no business taking my name repeatedly without a valid notice, and the notice was not given. ? (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : चलिए बैठिए ।

माननीय वित्त मंत्री जी ।

माननीय अध्यक्ष : आपका यह तरीका ठीक नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बोलिए, क्या पॉइंट ऑफ ऑर्डर है? पॉइंट ऑफ ऑर्डर का नंबर बताइए ।

? (व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR: It is Rule 353. He has repeatedly taken my name without notice.

माननीय अध्यक्ष : क्या मैं रूल 353 को दोबारा पढ़ लूं?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग आज रूल 352 और 353 को पढ़ ही लो । रोज़ मुझे पढ़ाते हो ।

शशि थरूर जी बोलिए ।

? (व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR: I have the right to respond. ? (*Interruptions*) The gentleman has repeatedly taken my name and quoted me. Actually, I should be grateful that he has revived the 35-year-old book of mine, which he has quoted extensively. It is ?The Great Indian Novel?, which was published in 1989. It is a satirical novel. Unfortunately, the gentleman has missed this satire. I do want to point out that the

fact is that we have recently fought the elections of 2024 and not the elections of 1989.

So, the first point is to understand the context in which this has been read.

Second and more important is I think it is important to understand that, whereas many things have been said in the course of writing novels, there are also many subsequent books I have written which he could have quoted where he may be somewhat less happy with the result, and thirdly, Sir, there are many people on that side of the fence, who have said many things far more recently against their own Party which, he should remember, can also be quoted back as well.

So, I think at this point, this is not a literary discussion. I am grateful for this. But I do not believe this is the right way to proceed in this matter.

Thank you, Sir.

माननीय अध्यक्ष: सदन में आप रोज इस किताब को उठाते हैं । इस किताब के 352 और 353 को आप रोज उठाते हैं ।

? (व्यवधान)

प्रो. सौगत राय (दम दम) : सर, यह किताब बाइबिल की तरह है ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: हाँ, यह बाइबिल है । इस बाइबिल के दो अंश को मैं इस सदन में पढ़ कर सुना देता हूं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: वह खत्म हो गया ।

? (व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I was raising a Point of Order at the time of the speech made by Shri Anurag Singh Thakur.

माननीय अध्यक्ष: मैंने आपको अलाऊ नहीं किया है । आप बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्रेमचन्द्रन जी, प्लीज आप बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अभी मैं प्रशिक्षण में सबको सुनाऊंगा । विशेष रूप से जो सीनियर हैं, उनको भी प्रशिक्षण देना पड़ेगा । दादा सौगत रॉय जी को भी प्रशिक्षण देना पड़ेगा॥

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं नियम की किताब को रोज पढ़ता हूं ।

? (व्यवधान)

श्री दुलू महतो (धनबाद) : बहुत बहुत धन्यवाद आपको कि आपने मुझे वर्ष 2024-2025 के बजट अपना विचार रखने का अवसर प्रदान किया ।

सबसे पहले मैं यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार ऐतिहासिक जीत पर अपने क्षेत्र की जनता, की तरफ से बधाई देता हूँ । साथ ही साथ माननीय वित्त मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने सफलतापूर्वक देश के विकास के लिए सातवां बजट पेश किया गया ओर यह एक ऐसा बजट है जिसमे देश के हर नागरिक की आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया हैं।

जैसा कि हम सभी जानते है की हमारी सरकार के इस बजट से मोदी 3.0 का आर्थिक विजन स्पष्ट हो गया है ।

UPA के वर्ष 2005-2014 तक 10 वर्षों के शासनकाल में पेश किये गए बजट की अधिकतम राशि सोलह लाख पैंसठ हजार दो सौ संतान्वे (16,65297) करोड़ रु थी जो की वर्तमान वित् वर्ष में 2024-2025 के लिए एक्सपेंडिचर 48.21 लाख रु रहने का अनुमान है । यह हमारे प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है जिसके कारण अगले साल हमारे देश का राजकोषीय घाटा भी 4.1% से कम रहने का अनुमान है । हमारी सरकार, यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं कि सभी धर्म जाति लिंग और आयु के भारतीय अपने जीवन के लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति करें ।

इस बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक परिवर्तन किए हैं, जिससे हमारे देश की जनता की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा । प्राथमिकता देते हुए, इस बजट ने गरीबी को कम करने और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं को प्रस्तुत किया है । यह स्वास्थ्य, शिक्षा, और आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण कदम है ।

इस बजट में व्यापारिक स्थिति को भी ध्यान में रखते हुए अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं, जिससे व्यापार और उद्योगों को विकास के लिए उत्तेजित किया जा सकेगा । इससे आर्थिक वृद्धि होगी और नये रोजगार के अवसर बनेंगे ।

इस बजट के माध्यम से हम यह भी देख सकते हैं कि सरकार ने पर्यावरणीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई नए पहलू दिए हैं । जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए नई योजनाएं और नीतियाँ अग्रसर की गई हैं ।

इस बजट के माध्यम से, सरकार ने समग्र नागरिक समुदाय के हित में कई कदम उठाए हैं, जिससे हमारे देश की समृद्धि और सामरिक संघर्ष को ध्यान में रखा गया है ।

इस बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई (MSME) और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं । रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधान मंत्री की 5 योजनाओं और पहलों के पैकेज की घोषणा की गई, जिससे 5 वर्ष की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ होगा । इसके लिए केंद्रीय परिव्यय 2 लाख करोड़ रुपए का है ।

इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है ।

अगले दो वर्षों में पूरे देश में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि (Natural Farming) के लिए सहायता दी जाएगी जिसमें प्रमाण-पत्र और ब्रांडिंग व्यवस्था भी शामिल होगी । इसका कार्यान्वयन वैज्ञानिक संस्थाओं और इच्छुक ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा । 10,000 आवश्यकता आधारित जैव-आदान संसाधन केंद्र (bio-input resource centres) स्थापित किए जाएंगे । सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसी तिलहनों के लिए 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने हेतु एक कार्यनीति बनाई जा रही है । इस साल कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है ।

हमारी सरकार ने प्रधान मंत्री पैकेज के भाग के रूप में 'रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन' के लिए निम्नलिखित 3 योजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया है जिससे ईपीएफओ (EPFO) में नामांकन तथा पहली बार रोजगार पाने वालों को अभिचिन्हित करने तथा कर्मचारियों और नियोक्ताओं को सहायता प्रदान करने पर आधारित होंगे । इस योजना में सभी औपचारिक क्षेत्रों में कामगारों के रूप में शामिल होने वाले सभी नवनियुक्त व्यक्तियों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा । ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को एक महीने के वेतन का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तीन किस्तों में किया जाएगा, जो अधिकतम 15,000 होगा । इस योजना के अंतर्गत पात्रता सीमा 1 लाख का मासिक वेतन होगा । इस योजना से 210 लाख युवाओं के लाभान्वित होने की आशा है ।

सरकार द्वारा उद्योग के सहयोग से कामकाजी महिला हॉस्टलों और शिशु गृहों की स्थापना करके कामगारों में महिलाओं की अधिक भागीदारी को सुविधाजनक बनाएंगे । इसके अतिरिक्त, इस साझेदारी में महिला विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने और महिला स्व सहायता समूह उद्यमियों के लिए बाजार तक पहुँच को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे ।

प्रधान मंत्री पैकेज के अंतर्गत चौथी योजना के रूप में राज्य सरकारों और उद्योग के सहयोग से कौशल प्रशिक्षण के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित एक नई योजना की घोषणा की गई । 5 वर्षों की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा । हब और स्पोक व्यवस्था में 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन किया जाएगा । उद्योग की कौशल संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु और फ्रेमवर्क तैयार की जाएंगी और नई उभरती जरूरतों के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे ।

इसी तरह हमारी सरकार ने घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण हेतु एक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी । इस उद्देश्य के लिए प्रति वर्ष 1 लाख विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से ऋण राशि के 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज छूट के लिए ई-वाउचर दिए जाएंगे जिससे कई लोगो को लाभ मिलेगा ।

इस वर्ष ग्रामीण अवसंरचना सहित ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है और प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत, देश में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त मकानों की घोषणा की गई है, जिसके लिए मकानों के आवश्यक आबंटन किए भी जा रहे हैं ।

देश में महिला-संचालित विकास को बढ़ावा देने के लिए, इस बजट में महिलाओं और बालिकाओं को लाभ देने वाली योजनाओं हेतु 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के आबंटन की व्यवस्था की गई है ।

प्रधान मंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए, जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में सभी जनजातीय परिवारों का पूर्ण कवरेज

करते हुए प्रधान मंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत करेंगे । इसमें 63,000 गांव शामिल होंगे जिससे 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभ मिलेगा।

हमारी सरकार ने मुद्रा ऋणों की सीमा को उन उद्यमियों के लिए मौजूदा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिया जाएगा जिन्होंने 'तरुण' श्रेणी के अंतर्गत ऋण लिया है और पहले के ऋणों को सफलतापूर्वक चुका दिया है ।

देश में एमएसएमई के अंतर्गत सिडबी द्वारा 3 वर्षों के भीतर सभी प्रमुख एमएसएमई क्लस्टरों को सेवाएं देने हेतु अपनी पैठ बढ़ाने के लिए नई शाखाएं खोली जाएंगी जिससे लाभार्थियों को सीधे ऋण प्राप्त होगा । प्रधान मंत्री पैकेज के अंतर्गत 5 वीं योजना के रूप में, आने वाले 5 वर्षों में हमारी सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना की शुरुआत करेगी । इस योजना में 5,000 प्रतिमाह का इंटर्नशिप भत्ता और 6,000 की सहायता दी जाएगी जिससे काफी लोगो को आर्थिक लाभ मिल सकेगा ।

मैं वित्तमंत्री जी की अद्भुत योजनाओं की सराहना करता हूँ जिन्होंने कृषि, पर्यावरण, और ऊर्जा क्षेत्रों में नए उत्पादन के अवसर प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया है । इस बजट के माध्यम से हमारे देश को विश्व स्तर पर उच्च स्थान पर ले जाने का संकल्प दिखाया गया है ।

मैं यह कह कर अपनी बात को पूरा करना चाहूँगा की यह बजट हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश किया गया एक सर्वजन हिताय बजट है ।

यह बजट देश के हर वर्ग के विकास एवं सामान्य जीवनशैली की हर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र के विकास को समर्पित इस बजट को प्रस्तुत करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री जी का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं । धन्यवाद ।

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी **(चित्तौड़गढ़) :** बजट वर्ष 2024-25 के लिये मुझे विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपका धन्यवाद एवं आभार ।

देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 वां बजट इस देश ने देखा हैं, प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बजट में देश के किसानों, मजदूरों, युवाओं, आधारभूत अवसरंचनाओं, आर्थिक सुधारों को शामिल किया गया हैं ।

देश की वित्त मंत्री महोदया आदरणीया श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने इस बार भी बेहतर देश का बजट प्रस्तुत किया हैं ।

वर्ष 2024-25 में सरकार द्वारा 48 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का अनुमान है जो 2023-24 में वास्तविक व्यय से 8.5 प्रतिशत अधिक है । इसी प्रकार 2024-25 में प्राप्तियां 32 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो 2023-24 में वास्तविक व्यय से 15 प्रतिशत अधिक है । सरकार ने 2024-25 में 10.5 प्रतिशत की नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान लगाया है ।

जैसा कि अंतरिम बजट में कहा गया था, हमें 4 मुख्य समूहों नामतः ?गरीब?, ?महिलाएं?, ?युवा? और ?अन्नदाता? पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है । अन्नदाता के लिए हमने एक महीना पहले सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतर न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा करके लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत मार्जिन देने का वायदा पूरा किया । प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा ।

इस बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ।

बजट प्राथमिकताएं ? इस बजट में 9 प्राथमिकताओं के संबंध में सतत प्रयासों की परिकल्पना की गई है ।

1) कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता, 2) रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, 3) समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, 4) विनिर्माण और सेवाएं, 5) शहरी विकास, 6) ऊर्जा सुरक्षा, 7) अवसंरचना, 8) नवाचार, अनुसंधान और विकास, और 9) अगली पीढ़ी के सुधार ।

प्राथमिकता **1 :** कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता **:** परिवर्तनकारी कृषि अनुसंधान ? नई किस्मों को शुरू करना ? किसानों की खेतीबाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएंगी ।

प्राकृतिक कृषि ? अगले दो वर्षों में पूरे देश में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि के लिए सहायता दी जाएगी, जिसमें प्रमाण-पत्र और ब्रांडिंग व्यवस्था भी शामिल होगी ।

दलहन और तिलहन मिशन ? दलहनों और तिलहनों में आत्मनिर्भर बनने के लिए, हम इन फसलों के उत्पादन, भंडारण और विपणन को सुदृढ़ बनाएंगे ।

सब्जी उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला ? प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों के नजदीक बड़े पैमाने पर सब्जी उत्पादन क्लस्टर विकसित किए जाएंगे । हम उपज के संग्रहण, भंडारण और विपणन सहित सब्जी आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए किसान-उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देंगे ।

कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना? प्रायोगिक परियोजना की सफलता से उत्साहित होकर, हमारी सरकार, 3 वर्षों में किसानों और उनकी जमीन को शामिल करने के उद्देश्य से राज्यों के साथ मिलकर कृषि में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डी.पी.आई.) को लागू करने में सहायता ।

झींगा उत्पादन और निर्यात, राष्ट्रीय सहकारिता नीति? हमारी सरकार सहकारी क्षेत्र के प्रणालीगत, व्यवस्थित और चहुँमुखी विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारी नीति लाएगी ।

कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है ।

<u>प्राथमिकता **2 :** रोजगार और कौशल प्रशिक्षण</u> **:** रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन ? प्रधान मंत्री पैकेज के भाग के रूप में ?रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन? के लिए निम्नलिखित 3 योजनाओं को लागू करेगी ।

योजना कः पहली बार रोजगार पाने वाले ? इस योजना में सभी औपचारिक क्षेत्रों में कामगारों के रूप में शामिल होने वाले सभी नवनियुक्त व्यक्तियों को एक महीने का वेतन दिया जाएगा, जो अधिकतम 15,000 होगा ।

योजना खः विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन ? इस योजना में विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा जो पहली बार रोजगार पाने वालों के रोजगार से जुड़ा है ।

योजना गः नियोक्ताओं को सहायता ? नियोक्ताओं पर केंद्रित इस योजना में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार को शामिल किया जाएगा । सरकार, प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के संबंध में नियोक्ताओं के ईपीएफओ अंशदान के लिए उन्हें 2 वर्षों तक 3,000 प्रतिमाह की प्रतिपूर्ति करेगी । इस योजना से 50 लाख व्यक्तियों को अतिरिक्त रोजगार प्रोत्साहन मिलने की आशा है ।

कामगारों में महिलाओं की भागीदारी ? हम उद्योग के सहयोग से कामकाजी महिला हॉस्टलों और शिशु गृहों की स्थापना करके कामगारों में महिलाओं की अधिक भागीदारी को सुविधाजनक बनाएंगे ।

कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम ? 5 वर्षों की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा । परिणाम उन्मुख दृष्टिकोण के साथ हब और स्पोक व्यवस्था में 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन किया जाएगा ।

कौशल प्रशिक्षण ऋण ? सरकार संवर्धित निधि की गारंटी के साथ 7.5 लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना को संशोधित किया जाएगा ।

<u>प्राथमिकता **3:** समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय</u> **:** परिपूर्णता दृष्टिकोण ? शिल्पकारों, कारीगरों, स्व-सहायता समूहों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, महिला उद्यमियों और स्ट्रीट वेंडरों के आर्थिक कार्यकलापों में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री विश्वकर्मा, प्रधान मंत्री स्वनिधि, राष्ट्रीय आजीविका मिशनों और स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लायी जाएगी ।

पीएम आवास योजना ? प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत, देश में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त मकानों की घोषणा की गई है, जिसके लिए आवश्यक आबंटन किए जा रहे हैं ।

महिला-संचालित विकास ? महिला संचालित विकास को बढ़ावा देने के लिए, इस बजट में महिलाओं और बालिकाओं को लाभ देने वाली योजनाओं हेतु 3 लाख करोड़ से अधिक के आबंटन की व्यवस्था की गई है । यह आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का संकेत है ।

प्रधान मंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान ? जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए, हम जनजातीय-बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में सभी जनजातीय परिवारों का पूर्ण कवरेज करते हुए प्रधान मंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत करेंगे ।

<u>प्राथमिकता **4:** विनिर्माण और सेवाएं </u>**:** विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना, एमएसएमई ऋण के लिए नया आकलन मॉडल, संकट की अवधि के दौरान एमएसएमई को ऋण सहायता ।

मुद्रा ऋण ? मुद्रा ऋणों की सीमा को उन उद्यमियों के लिए मौजूदा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिया जाएगा जिन्होंने ?तरुण? श्रेणी के अंतर्गत ऋण लिया है और पहले के ऋणों को सफलतापूर्वक चुका दिया है ।

ट्रेड्स में अनिवार्य रूप से शामिल होने के लिए और अधिक संभावना, एम.एस.एम.ई. क्लस्टरों में सिडबी की शाखाएं, फूड इरेडिएशन, गुणवत्ता और सुरक्षा परीक्षण के लिए एम.एस.एम.ई. इकाइयां, ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र ।

विनिर्माण और सेवाओं के संवर्धन के उपाय शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप ? प्रधान मंत्री पैकेज के अंतर्गत 5 वीं योजना के रूप में, हमारी सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना की शुरूआत करेगी ।

औद्योगिक पार्क ? राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बारह औद्योगिक पार्कों को मंजूरी दी जाएगी ।

किराए का आवास ? औद्योगिक कामगारों के लिए वीजीएफ सहायता और एंकर उद्योगों की प्रतिबद्धता के साथ पीपीपी मोड में डोरमेट्री जैसे आवास वाले किराए के मकानों की सुविधा प्रदान की जाएगी ।

महत्वपूर्ण खनिज मिशन ? हम महत्वपूर्ण खनिजों के घरेलू उत्पादन, रिसाइक्लिंग और विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज आस्तियों का अधिग्रहण करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज मिशन स्थापित करेंगे ।

खनिजों का अपतटीय खनन ? हमारी सरकार पहले से किये गए खोज के आधार पर खनन के लिए अपतटीय ब्लॉकों के पहले भाग की नीलामी शुरू करेगी ।

डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना अनुप्रयोग ? सेवा क्षेत्र की ओर बढ़ते हुए, मैं निजी क्षेत्र द्वारा उत्पादकता लाभों, व्यवसाय अवसरों तथा नवाचार के लिए आबादी के पैमाने पर डीपीआई अनुप्रयोग विकसित करने का प्रस्ताव करती हूँ ।

आईबीसी इको-सिस्टम के लिए एकीकृत प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म ? दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के अंतर्गत परिणामों को बेहतर बनाने तथा निरंतरता, पारदर्शिता, समयोचित प्रसंस्करण तथा बेहतर पर्यवेक्षण हेतु सभी हितधारकों के लिए एक एकीकृत प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा ।

एलएलपी का स्वैच्छिक क्लोजर ? एलएलपी के स्वैच्छिक क्लोजर हेतु सेंटर फॉर प्रोसेसिंग एक्सिलेरेटेड कॉरपोरेट एक्जिट (सी-पेस) की सेवाएं प्रदान की जाएंगी ताकि क्लोजर के समय को कम किया जा सके ।

ऋण वसूली ? ऋण वसूली अधिकरणों के सुधार और सुदृढ़ीकरण के लिए कदम उठाए जाएंगे। वसूली में तेजी के लिए अतिरिक्त अधिकरणों की स्थापना की जाएगी ।

<u>प्राथमिकता **5:** शहरी विकास </u>**:** विकास केंद्रों के रूप में शहर-राज्यों के साथ मिलकर, हमारी सरकार ?विकास केंद्रों के रूप में शहरों? को विकसित करने की सुविधा उपलब्ध कराएगी । आर्थिक और आवागमन की योजना तथा नगर आयोजना स्कीमों का उपयोग करके शहरों के आस-पास के क्षेत्रों को सुव्यवस्थित तरीके से विकसित किया जाएगा ।

शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास ? परिवर्तनकारी प्रभाव के साथ मौजूदा शहरों के रचनात्मक ब्राउनफील्ड पुनर्विकास के लिए, हमारी सरकार समर्थकारी नीतियों, बाजार आधारित तंत्र तथा विनियमन हेतु एक फ्रेमवर्क तैयार करेगी ।

आवागमन उन्मुखी विकास ? 30 लाख से अधिक जनसंख्या वाले 14 बड़े शहरों के लिए कार्यान्वयन और वित्तपोषण रणनीति के साथ आवागमन उन्मुखी विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी।

शहरी आवास ? प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत, 10 लाख करोड़ के निवेश से 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की आवास जरूरतों का समाधान किया जाएगा । इसमें अगले 5 वर्षों में 2.2 लाख करोड़ की केंद्रीय सहायता शामिल होगी ।

जल आपूर्ति और स्वच्छता ? राज्य सरकारों तथा बहुपक्षीय विकास बैंकों की साझेदारी में हम भरोसेमंद परियोजनाओं के माध्यम से 100 बड़े शहरों के लिए जल आपूर्ति, सीवेज उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा वित्तीय रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं को बढ़ावा देंगे ।

<u>प्राथमिकता **6:** ऊर्जा सुरक्षा </u>**:** ऊर्जा परिवर्तन ? हम समुचित ऊर्जा परिवर्तन पथ के संबंध में एक नीतिगत दस्तावेज तैयार करेंगे जो रोजगार, विकास और पर्यावरण स्थायित्व की आवश्यकता के बीच संतुलन कायम करेगा ।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ? अंतरिम बजट में की गई घोषणा के अनुरूप, एक करोड़ घरों को प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त करने में सक्षम बनाने हेतु रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया गया है ।

पम्प्ड स्टोरेज पॉलिसी, छोटे तथा मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों का अनुसंधान और विकास, उन्नत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट, ?हार्ड टू एबेट? उद्योगों के लिए रोडमैप, पारंपरिक सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को सहायता ।

<u>प्राथमिकता: **7** अवसंरचना </u>**:** केंद्र सरकार द्वारा अवसंरचना निवेश ? केंद्र सरकार द्वारा विगत वर्षों में अवसंरचना का निर्माण करने तथा इसे बेहतर बनाने के लिए किए गए पर्याप्त निवेश का अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ा है ।

राज्य सरकारों द्वारा अवसंरचना निवेश ? हम राज्यों को उनकी विकास प्राथमिकताओं के अध्यधीन, अवसंरचना के लिए उसी पैमाने की सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित करेंगे । राज्यों को उनके संसाधन आवंटन में सहायता करने के लिए इस वर्ष भी 1.5 लाख करोड़ के दीर्घावधि ब्याज रहित ऋण का प्रावधान किया गया है ।

अवसंरचना में निजी निवेश ? वीजीएफ तथा समर्थकारी नीतियों और विनियमनों के माध्यम से अवसंरचना में निजी क्षेत्र द्वारा निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा । एक बाजार आधारित वित्तपोषण फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा ।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) ? जनसंख्या में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए पीएमजीएसवाई के लिए पात्र बने 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराने हेतु पीएमजीएसवाई का चरण 4 आरंभ किया जाएगा ।

प्राथमिकता **8:** नवाचार**,** अनुसंधान और विकास **:** हम मूलभूत अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान नेशनल रिसर्च फंड की शुरूआत करेंगे । इसके अलावा, हम अंतरिम बजट में घोषणा के अनुरूप 1 लाख करोड़ के वित्तीय पूल से वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्था स्थापित करेंगे ।

अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था ? अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को 5 गुणा बढ़ाने पर निरन्तर जोर देते हुए 1,000 करोड़ की उद्यम पूंजी निधि की व्यवस्था की जाएगी ।

प्राथमिकता **9:** अगली पीढ़ी के सुधार **:** आर्थिक नीति फ्रेमवर्क ? हम आर्थिक विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण निरूपित करने हेतु एक आर्थिक नीति फ्रेमवर्क बनाएंगे और रोजगार के अवसरों तथा सतत उच्च विकास के लिए अगली पीढ़ी के सुधारों का लक्ष्य तय करेंगे ।

राज्य सरकारों द्वारा भूमि संबंधी सुधार, ग्रामीण भूमि संबंधी कार्य, शहरी भूमि संबंधी कार्य, श्रम संबंधी सुधार, श्रमिकों के लिए सेवाएं, श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल, पूंजी और उद्यमशीलता संबंधी सुधार, वित्तीय क्षेत्र विजन और कार्यनीति, जलवायु वित्त के लिए टैक्सोनॉमी, परिवर्तनीय पूंजी कंपनी संरचना, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और ओवरसीज निवेश, एन.पी.एस. वात्सल्य, प्रौद्योगिकी का प्रयोग, व्यवसाय करने की आसानी, डाटा और सांख्यिकी, नई पेंशन योजना (एन.पी.एस.) ।

अप्रत्यक्ष कर **:** औषधियां और चिकित्सीय उपकरण, मोबाइल फोन और उससे जुड़े पार्ट, आवश्यक खनिज, सौर ऊर्जा, समुद्री उत्पाद, दूरसंचार उपकरण आदि पर सीमा शुल्क कम किया जाना हैं जिस कारण से इन वस्तुओं की कीमतों में कमी आ जायेगी ।

प्रत्यक्ष कर **:** नई कर प्रणाली के अंतर्गत नए कर स्लैब के साथ पर्याप्त राहत का प्रस्ताव किया जाता है, कर की दर निम्नानुसार है:- 3,00,000 रु. तक शून्य, 3,00,001 रू. से 7,00,000 रु. तक 5 प्रतिशत, 7,00,001 रु. से 10,00,000 रु. तक 10 प्रतिशत, 10,00,001 रू. से 12,00,000 रु. तक 15 प्रतिशत, 12,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 20 प्रतिशत, 15,00,000 रु. से अधिक 30 प्रतिशत का कर का प्रावधान किया हैं । मानक कटौतीः वेतनभोगियों तथा पेंशनभोगियों को नई कर प्रणाली के अंतर्गत दी जाने वाली मानक कटौती को 50,000 रू. से बढ़ाकर 75,000 रू. किए जाने का प्रस्ताव है । पारिवारिक पेंशन कटौतीः नई कर प्रणाली में पारिवारिक पेंशन से की जाने वाली कटौती को 15,000 रू. बढ़ाकर 25,000 रू. की जाने का प्रस्ताव है ।

DR.C. N. MANJUNATH (BANGALORE RURAL): Thank you for giving me the opportunity to express my views on the General Budget presented by the hon. Finance Minister, Smt. Nirmala Sitaraman ji for the year 2024-25.

At the outset, I would like to congratulate the hon. Finance Minister for presenting a pro-development and pro-people Budget. The Government proposes to spend Rs.48,20,512 crores. It was Rs 45,03,097 crore in 2023-24, and it was Rs 39,44,909 crore in 2022-23. These statistics show that there is a significant increase in the proposed spending year on year.

The receipts except borrowings in 2023-24 are expected to be to Rs.32,07,200 crore. The receipts except borrowings in 2022-23 were Rs.22,83,713 crore. It is also seen a huge increase in comparison to the last year.

As we all know that India has already entered into the *'Amritkaal'* of Independence by completing 75 years of Independence. In order to put India on the path of continuous progress in this *'Amritkaal'*, the overall development of the country including the poor farmers, labourers, women, Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Backward Classes and minorities is the need of the hour.

In her Budget, hon. Finance Minister under the able guidance and dynamic leadership of the Prime Minister, made her best efforts to bring a transparent economy and include all these sections of the society on the path of development. Despite economic disparity and the COVID-19 epidemic, India's GDP growth was between 6.5 to 7 percent. In the next five years, 4.1 crore youths will be provided an opportunity to earn through *Rojgar Kaushal Yojna*. One crore youth will be given the internship opportunity by applying on the portal of the top 500 companies in the country. Under this scheme, they will be given Rs.6000 in the first month and subsequently, Rs.5000 per month up to one year. This Budget has a provision of Rs.1.48 lakh crore for education, employment and development.

This Budget has made a provision of Rs 1.52 lakh crore for the farmers. It has provided Rs.1.75 lakh crore as an extra provision for fertilizers. Over the last ten years, approximately Rs.14 lakh crores have been provided as MSP beginning from the year 2014 to 2023.

Today, India holds the top position in milk production. It ranks first in the production of coarse grains and ranks second in the production of rice and wheat. Our Government has implemented 'Pradhan Mantri Matritva Vandana Yojna', 'Ujjwala Yojna', 'Surya Ghar Yojna', 'Pradhan Mantri Awas Yojna', 'Ayushman Bharat

Yojna' and 'Pradhan Mantri Sadak Yojna'. Under the 'Jal Jeevan Mission', a provision has been made to supply water to every household. Eighty crore people are being provided free ration.

As a result of all these initiatives by the Union Government, 25 crore families have been uplifted today from the poverty line and have entered into the middle class category. Our Government has ensured 33 per cent reservation for women. Nearly 10 crore women work in Self-Help Groups and have become self-employed. I welcome the proposal of the Government to provide three crore houses to homeless people in the country. I am sure that these initiatives of the Government will certainly ensure that the benefits would reach to all the eligible beneficiaries of the society.

As far as railway projects of the State of Karnataka are concerned, an amount of Rs.7,500 crore has been allocated to implement 31 projects of total 3866 kilometers railway lines. Also, an amount of Rs.350 crore has been allocated for suburban railways in Bangalore.

I would like to request the hon. Railway Minister to allocate funds for Hejjala-Chamarajanagar railway line. It is a new line of 142 kilometers. It was touted to be an alternative line connecting Bengaluru with Chamarajanagar besides connecting Malavalli and Kollegal and bringing vast swathe of my Bengaluru rural Parliamentary constituency in Karnataka. Though sanctioned in 1997-98, the physical progress after more than 25 years after approval, is almost nil. So, I would like to request the hon. Minister to give top priority to the work on the proposed new railway line.

One of the most difficult thing is to provide corruption-free and scam-free administration in a democratic system. But Shri Narendra Modi ji has achieved this rare distinction in his last 10 years of governance. The hon. Prime Minister has taken a bold step to remove Article 370 from Kashmir, as a result normalcy is getting restored, and terrorist activities have come down significantly. There is a transition from terrorism to tourism. Nearly two million tourists have visited Kashmir in the last eight months.

Investment in climate resilient agriculture is a welcome step, which would reduce the use of water, pesticides and release of greenhouse gases.

This Budget has further strengthened MSMEs which generate lakhs of job opportunities and contribute about 29 per cent to GDP.

There is a phenomenal increase in our defence export by almost 30 times.

Under PMS Gram Sadak Scheme, Rs.19,000 crores have been provided for construction of roads in small and medium sized villages.

The Budget has all the ingredients to uplift poor, youths, farmers, women and people of middle classes. Despite global economic crisis, inflation is kept at 4.9 per cent which is a testimony of financial discipline.

With these words, I support this Budget.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारडोली) : मैं तहेदिल से आभार प्रकट करता हूँ कि मुझे माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामण जी द्वारा प्रस्तुत बजट पर विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया गया । जो बजट उन्होंने प्रस्तुत किया है, उसके समर्थन में मैं अपनी बात रखना चाहता हूँ ।

मैं भारत के लौह पुरुष की उपाधि से सम्मानित एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जी कर्मभूमि, 23 बारडोली लोकसभा गुजरात से जीतकर आया हूँ ।

हमारी तीसरी बार सरकार बनने पर हमारे देश का किसान, मजदूर, युवा और महिला, सभी वर्गों में खुशी की लहर है । नई सरकार का यह पहला बजट है । यह अमृत काल का पहला बजट है । यह वह बजट है, जो हमारे देश को विकसित भारत बनाने की नींव रखेगा ।

यह बजट नौजवानों को अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है । इस बजट से शिक्षा और स्किल को नई स्केल मिलेगी । यह मिडिल क्लास को नई ताकत देने वाला बजट है । यह जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है । इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित

करने में मदद मिलेगी । इस बजट से छोटे व्यापारियों, MSMEs को, यानी की लघु उद्योगों का, उसकी प्रगति का नया रास्ता मिलेगा ।

इस बजट में किसानों के लिए बहुत कुछ है । इस बजट में किसानों को आत्मनिर्भर

बनाने के उद्देश्य से कई कदम उठाए गए हैं । कृषि क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बने, इसके लिए दलहन, तिलहन की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को मदद देने की घोषणा की गई है ।

अन्न भंडारण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी स्कीम के बाद अब हम Vegetable Production Clusters बनाने जा रहे हैं । इससे छोटे किसानों को फल-सब्ज़ियों, अन्य उपज के लिए नए बाजार मिलेंगे, बेहतर दाम मिलेंगे और उनको आमदनी का बेहतर विकल्प मिलेगा ।

हमारी सरकार का ध्यान गरीबों पर है, किसानों पर है, मजदूरों पर है, युवाओं पर है ।

पिछले दस वर्षों में गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए अनोकों योजनाएं चल रही हैं । इन योजनाओं से उनको जमीनी स्तर पर बहुत फायदा पहुँच रहा है । किसान सम्मान योजना के तहत उनको प्रति वर्ष सरकार द्वारा 6,000 रुपए की आर्थिक सहायता पहुंचाई जा रही है । फसलों की कई जीन्सों पर एमएसपी बढ़ायी गई है । यह हमारे देश के छोटे और मझोले किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगा ।

मैं जिस क्षेत्र से आता हूँ, वह गन्ना किसानों का क्षेत्र है । हम देश को शुद्ध गुड़ और चीनी खिलाते हैं । माननीय प्रधान मंत्री जी हमेशा यह कहते हैं कि यह देश तभी प्रगति कर सकता है, जब इस पुनीत कार्य में सभी वर्गों का सहयोग होगा । ?सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास? हमारा मूल मंत्र है । इसी मंत्र को हम विकास का मूल मंत्र मानते हैं । देश में गरीबी समाप्त हो, गरीब का सशक्तिकरण हो, इस दिशा में भी आज के बजट में प्रमुख घोषणाएं की गई हैं ।

प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत जो गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने का फैसला हुआ है, वह बहुत महत्वाकांक्षी है ।

इस बजट में भी प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 25 हजार नए ग्रामीण क्षेत्रों को All

Weather Roads से जोड़े जाने का प्रस्ताव है । यह अद्भुत है । निश्चित ही इसका लाभ देश के सभी राज्यों के दूर-दराज गांवों को मिलेगा ।

मैं इस बजट की इसलिए भी प्रशंसा करना चाहता हूँ क्योंकि इसके फोकस में देश का युवा है, ग्रामीण युवा है, उनके आँखों में जो सपने हैं, उसको सच में तब्दील करने का रोडमैप

हमारी सरकार के पॉलिसी और प्रोग्राम में है ।

यह बजट नए अवसर, नई ऊर्जा और नई उम्मीद लेकर आया है । यह ढेर सारे नए रोजगार,

स्वरोजगार के अवसर लेकर आया है । यह Better Growth और Bright Future लेकर आया है ।

अभी हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवें नंबर पर है । जिस प्रकार नीतियों और कार्यक्रमों को पूरे मनोयोग से धरती पर उतारने का काम हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हो रहा है, मुझे विश्वास है कि शीघ्र ही

हमारा देश भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनकर विश्व पटल पर उभरेगा । यही हमारे देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में कारगर साबित होगा ।

इस बजट में मैन्यूफैक्चरिंग पर जितना जोर दिया गया है, उतना ही जोर इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी दिया गया है । रोजगार और स्वरोजगार के अभूतपूर्व अवसर बनाना, हमारी सरकार की पहचान रही है । आज का बजट इसे और सुदृढ़ करता है । इस बजट में सरकार ने Employment Linked Incentive scheme की घोषणा की है । इससे देश में करोड़ों नए रोजगार बनेंगे । इस योजना से जीवन में पहली नौकरी पाने वाले युवा की पहली तनख्वाह हमारी सरकार देगी ।

चाहे स्किल डेवलपमेंट हो और उच्च शिक्षा के लिए मदद हो या फिर एक करोड़ नौजवानों को इंटर्नशिप देने की योजना, इससे गांव के, गरीब के मेरे नौजवान साथी, मेरे बेटे-बेटी, देश की टॉप कंपनियों में काम करेंगे, उनके सामने संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे ।

इस बजट में यह परिकल्पना की गई कि हमें हर शहर, हर गाँव, हर घर में entrepreneurs बनाना हैं । इसी उद्देश्य से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की लिमिट को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए किया गया है । निश्चित ही इससे छोटे कारोबारियों, विशेष रूप से महिलाओं, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों में स्वरोजगार को बल मिलेगा ।

MSME सेक्टर से ही गरीबों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार भी मिलता है । छोटे उद्योगों को बड़ी ताकत, उस दिशा में हमारा अहम कदम है । इस बजट में MSMEs के लिए Ease of Credit

बढ़ाने वाली नई योजना का एलान किया गया है ।

मैन्युफेक्चरिंग और एक्सपोर्ट्स इकोसिस्टम को हर जिले तक ले जाने के लिए बजट में अहम

घोषणा की गई है । E-Commerce Export Hubs और फूड क्वालिटी टेस्टिंग के लिए 100 यूनिट्स, ऐसे कदमों से ?वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट? अभियान को गति मिलेगी ।

यह बजट हमारे स्टार्टअप्स के लिए, इनोवेशन इकोसिस्टम के लिए ढेर सारे नए अवसर लेकर आया है । Space इकोनोमी को बढ़ावा देने के लिए एक हजार करोड़ रुपए का फंड हो, Angel Tax हटाने का फैसला हो, ऐसे कई सारे कदम इस बजट में उठाए गए हैं ।

मुझे खुशी है कि देश में 12 नए इंडस्ट्रियल नोड्स, नए सैटलाइट टाउन्स का विकास

और 14 बड़े शहरों के लिए Transit Plans, ये सब ऐसी योजनाएं हैं जिनसे देश में नए economic hub विकसित होंगे और बहुत बड़ी संख्या में नए रोज़गार बनेंगे ।

पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने डिफेंस सेक्टर में भी कई क्रांतिकारी फैसले लिए हैं । इसलिए आज डिफेन्स सेक्टर में भी भारत से एक्सपोर्ट्स रिकॉर्ड स्तर पर हैं । इस बजट में डिफेंस सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं । यह इंडियन इकोनॉमी का एक अट्रैक्शन बनकर उभरा है ।

हमारी सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश में पर्यटन के क्षेत्र में, ऐवीऐशन सेक्टर में, संस्कृति के क्षेत्र में अद्भुत काम हुआ है । इसलिए, आज पूरी दुनिया में भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है और भारत में टूरिज्म के क्षेत्र में नई

संभावनाएं बनी हैं । टूरिज्म क्षेत्र, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए कई अवसर लेकर आता है । इस बजट में टूरिज्म क्षेत्र पर भी विशेष बल दिया गया है ।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, काशी में विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर का निर्माण हमारी विरासत को सहेजने का पावन प्रयास है । निश्चय ही इनसे हमारे यहाँ पर्यटन में वृद्धि होगी । इस बजट में गया में विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर को विकसित करना और राजगीर में पर्यटन स्थल को विकसित करने की घोषणा सर्वाधिक लाभकारी है ।

माननीय वित्त मंत्री महोदया ने जो बजट पेश किया है, वह इस बात की तसल्ली करता है कि गरीब और मध्यम वर्ग को लगातार टैक्स से राहत मिलती रहे ।

इस बजट में भी इनकम टैक्स में कटौती और स्टैंडर्ड डिडक्शन में वृद्धि का फैसला लिया गया है । TDS के नियमों को भी सरल किया गया है । इन कदमों से हर टैक्सपेयर को अतिरिक्त बचत होने वाली है ।

इस बजट की सबसे बड़ी खूबी यह है कि देश के विकास के पथ पर पिछड़ रहे देश के पूर्वी भाग को महत्ता देते हुए उनके लिए एक नए अभियान ?पूर्वोदय" आरंभ करने का दूरगामी निर्णय लिया

है । इसके तहत बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में विकास के लिए नए कार्यक्रम प्रारंभ करने की योजना है । पूर्वोदय के विजन द्वारा हमारे इस अभियान को नई गति, नई ऊर्जा मिलेगी । पूर्वी भारत में कई महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे हाईवेज, वाटर प्रोजेक्ट्स और पावर

प्रोजेक्ट्स का निर्माण होने से देश में विकास को नई गति मिलेगी ।

जैसा कि मैंने पूर्व में कहा है कि यह बजट नए संसद भवन में 18 वीं लोक सभा के दूसरे सत्र में पेश किया एक युगांतरकारी बजट होगा और यह देश को विकसित और विश्वगुरु बनाने की दिशा में launching पैड साबित होगा ।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं पुनः, माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा पेश किए गए इस क्रांतिकारी बजट

बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

SHRI B. Y. RAGHAVENDRA (SHIMOGA): I would like to thank the Finance Minister for a visionary Budget which exemplifies the Government's unwavering commitment to Viksit Bharat and the goal of making India the third-largest economy by 2027.

The Government proposes to spend Rs. 48,20,512 lakh crore for the nation?s development this year. And it was spent Rs. 45,00,097 crore during 2022-23 and Rs. 39,44,909 crores in 2021-22.

Under the able leadership of hon. Prime Minister, a transparent economy has been put in place since 2014. Despite economic disparity and the COVID Pandemic, GDP growth of 6.50 to 7.0 per cent has been estimated in the Economic Survey and this country is set to become a Five million Dollar Economy in the coming one or two years.

I would like to highlight certain aspects of the Budget which is helping to become Viksit Bharat by 2047. This Budget focuses on infrastructure and capital expenditure, take the country's villages, farmers and poor on the path of prosperity, and set advancement towards an all-round development.

I welcome the allocation of over Rs 3 lakh crore for women development initiatives. In urban housing, an investment of Rs 10 lakh crore and for rural roads programme, a budget of Rs 26,000 crore is a big push to infrastructure development. I would also thank the commitment of the Government to give support to one crore families for housing and welfare support through the Pradhan Mantri Garib Kalyan Yojana to about 80 crore people.

This Budget allocated Rs. 7,500 crore to implement 31 Railway projects of 3,866 km in the state of Karnataka. At this juncture, I would request to provide further financial support for these following issues of my constituency on priority:

1) Visweswaraya Iron and Steel Plant, Bhadravathi (VISL) unit under the Steel Authority of India Limited (SAIL) is located in my home district Shimoga. It holds historical significance and has played a pivotal role in India's industrial landscape since 1923 with an employment of 1000 dedicated employees and 2000 contractual labourers. Now, VISL granted approval for 150 acres of iron ore land in Bellary district which is ready to operate by 2025. This plant truly has immense potential for revival and growth. In this regard, I am requesting to exclude' Visweswaraya Iron and Steel Plant (VISL)? from disinvestment and request your intervention to reconsider the revival of VISL, by ensuring adequate investment through SAIL and

financial support for a vibrant and sustainable future for VISL, which is benefitting the region and the nation at large.

2) The famous Tourist and Pilgrimage corridor Kolluru, Kodachadri of Byndhur Talk is having ample opportunities for the growth of tourism. There were about 10 to 20 thousand devotees who were visiting daily at the famous Shakti peehtas and pilgrimage Temple of Sri Mookambika Devi of Kollur and the divine centre Kodachadri hills. The proposal of providing Cable Car from Kodachadri to Kollur which is considered for sanction by NHLML during the year 2023 helps to boost the development of tourism.

The most beautiful Maravanthe beach located along the highway NH66 and river Souparnika on the other side is also having big opportunities for development of tourism. In this regard I am requesting to extend the financial support for development of this Tourism corridor.

Further, it is to bring to the kind notice of the Government that Udutadi or Udugani), the capital of King Kaushika during the 12th Century is now a small village in Shikaripur taluk of Shimoga District in Karnataka. Sharane Akka Mahadevi was the greatest saint of the 12th Century, great devotees of Para Shiva in Udutadi Village, around 1130.. Her verses in Kannada are known as Vachanas. The development of Sri Akkamahadevi heritage project will attract both national and international tourists, and will become a place of worship and knowledge centre. This will help in spreading the valuable preachings to overall benefit of the entire mankind across the globe as being promoted by our hon. Prime Minister- Vasudhaiva Kutumbakam. At this juncture, financial assistance from GOI will benefit the development of this tourist and pilgrimage centre.

3) I'm requesting to consider the proposal of doubling work between Birur (RRB) and Shivamogga (SMET) section and new Railway lane from Mookambika road Byndoor-Kollur-Hebrii-Karkala-Dharmastala-Uppinangadi -Putthur.

4) Further, I am requesting to consider the proposal of up gradation of state Highway SH 25 Shimoga-Harihara-Mariyammanahalli road of length 182 km land having an average traffic of 12000 to 20000 PCUD, which was approved, in principle, as aNational Highway during 2015.

I also wish to bring to the kind notice of the Government that all Highways from the State of Karnataka pass through Western Ghat hills to connect coastal line. and, during this rainy season, roads were blocked and closed due to slips of hillock earth

for long duration in almost all ghat sections roads. It is too unsafe to travel through these ghats during rainy season.

The Agumbe ghat situated in middle of the State and the proposal of construction of tunnel road leads to safe journey towards coastal lane from Karnataka. In this regard, on the occasion of inaugural function of works at Shimoga during February, 2022 the hon. Union Minister of MoRTH announced the proposal of Tunnel for Agumbe ghat will be considered for sanction.

At this juncture I am requesting to consider these important proposals for approval with necessary financial support.

SHRIMATI POONAMBEN MAADAM (JAMNAGAR): The Union Budget 2024 marks a significant milestone in our journey towards a Viksit Bharat. It stands as a testament to the unwavering faith the people of India have in this Government. This Budget is transformative and forward-thinking. With pro-poor, pro-farmer, and growth-oriented measures, it unites the interests of farmers, the middle class, youth, and small businesses under one umbrella.

I extend my congratulations to the hon. Finance Minister, Shrimati Nirmala Sitharaman, for presenting such a comprehensive budget for the record seventh time. This Budget truly lays a strong foundation for inclusive growth, sustainable development, and economic resilience.

The 2024 Budget has clearly defined its nine priorities: productivity and resilience in agriculture, employment and skilling, inclusive human resource development and social justice, manufacturing and services, urban development, energy security, infrastructure, innovation, research and development, and next-generation reforms. These priorities light the path ahead toward progress. As our hon. Prime Minister has aptly said, "This Budget will serve as a catalyst in the process of making Bharat the third largest economic power in the world, laying a solid foundation for a developed nation."

The Indian economy is moving in the right direction, and we are on the path to a golden future. Despite global challenges, our exports hit a record $776.68 billion in the last financial year. This achievement has shown our country's strength and competitiveness on the world stage. Our government has demonstrated fiscal prudence by lowering its deficit target to 4.9 percent of GDP, down from 5.1 percent as presented in the interim budget. The unemployment rate has seen a notable decline to 3.1 percent. While business activity and job creation are at an 18-

year high, reflecting a robust economy. This progress shows the resilience and determination of our people and the visionary leadership guiding us.

The agricultural sector is the very foundation upon which our society thrives. Our farmers play a pivotal role in ensuring food security. Over the past five years, the agriculture sector has grown at an annual growth rate of 4.18 percent. The seeds for a prosperous and self-reliant Bharat are being sown through significant provisions for the agriculture and its allied sectors with a substantial allocation of Rs. 71.52 lakh crore.

One of the many takeaways from the Budget in the agriculture sector is - over the next two years, 1 crore farmers will transition to natural farming. To ensure the all-round development of the cooperative sector, a new the National Cooperation Policy will be introduced. By leveraging the power of digital technology to enhance food security, the Digital Public Infrastructure (DPI) in agriculture will be implemented over the next three years. This will provide timely and reliable agricultural information to our farmers giving them better decision-making tools. These are just some of the many steps this Budget has introduced to not only support our farmers but also to empower them.

This Government recognizes the importance of skill development and employment in driving economic growth, and this budget is a clear testament to that. It is about creating opportunities, providing support, and building a stronger, more skilled India.

The schemes under the 'Prime Minister's 'Employment Linked Incentive' will be a game-changer for employment and skill development.

These schemes will focus on enrolling new employees in the Employees' Provident Fund Organisation (EPFO), recognizing first-time employees, and supporting both employees and employers.

In a groundbreaking move, this Budget includes a scheme offering internships in 500 top companies to one crore youth over the next five years. I am confident that this forward-thinking scheme will greatly benefit the youth of India by providing them with invaluable experience and opportunities for growth.

Making sure that there is something for everyone, this Budget includes financial support for higher education loans up to 710 lakh to 1 lakh students each year. This

means more students can pursue their dreams without any financial burden holding them back.

India is shifting from women's development to women-led development.

This transformation is evident through initiatives like the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY), which has opened 52.3 crore bank accounts, with women holding 55.6 percent of these accounts. The Deendayal Antyodaya Yojana-NRLM, covering over 89 million women in 8.3 million Self-Help Groups (SHGs), has empowered women, boosted their self-esteem, and enhanced their role in society.

To further this commitment, the 2024 Budget allocates over 73 lakh crore for schemes benefiting women and girls. To support women in the workforce, working women hostels and crèches are being established in collaboration with industry partners. Women-specific skilling programs are being organized to enhance their employability, and market access for women-led SHG enterprises is being promoted, empowering women both economically and socially.

The Government's commitment to economically disadvantaged urban residents and the middle class can be seen in the substantial investment of 710 lakh crore in urban housing under the Pradhan Mantri Awas Yojana - Urban 2.0. To make buying more accessible and attractive, stamp duty will be reduced, lower rates will be available for female buyers, and property data will be digitized.

The PM Surya Ghar Muft Bijli Yojana has been launched to install rooftop solar plants, enabling 1 crore households to receive free electricity up to 300 units every month. It has seen a remarkable response, with over 1.28 crore registrations and 14 lakh applications. I am heartened to see this enthusiastic participation which demonstrates India's commitment to sustainable energy solutions and the potential for widespread adoption of renewable energy sources.

When we look at the Budget, it is not just target-based but also outcome-based. The Government has a clear roadmap in improving rural road infrastructure. Since 2014, 3.74 lakh km of roads have been constructed under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY). This means over 99 percent of rural areas are now connected by roads showing this government's dedication in improving rural connectivity.

To further this progress, the Government will launch Phase 4 of the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana aiming to provide all-weather roads to 25,000 rural habitats.

This commendable step will significantly boost connectivity and support economic growth in these areas.

India has made impressive progress in the World Bank's Doing Business Report, jumping from 142nd place in 2014 to 63rd in 2019. Showing an improvement of 79 ranks in just five years. The Government has been backing MSMEs all along, and I would like to take this opportunity to specifically mention the support provided to the MSME sector in Jamnagar, which is my constituency.

To keep this momentum going, Budget 2024 has introduced a comprehensive support package for MSMEs. A major highlight is the new credit guarantee scheme for MSMEs in the manufacturing sector, offering coverage up to Rs. 100 crores. The Mudra loan limits for entrepreneurs have been increased, and SIDBI branches will expand in key MSME clusters, promoting substantial business growth. In a transformative step, the establishment of E-Commerce Export Hubs through a Public-Private Partnership (PPP) model will allow MSMEs and traditional artisans to market their products internationally. I am proud to represent a constituency with a significant MSME presence. By supporting these initiatives, we are not only fostering innovation and growth but also ensuring a brighter future for countless entrepreneurs and workers. I wholeheartedly commend the Government for the proactive initiatives outlined in Budget 2024. The economic transformation has been remarkable, and the holistic approach to development adopted by the Government will take our country to greater heights. As we navigate towards the future, the Union Budget 2024 stands as a testament to sound economic management and visionary leadership. I am confident it will ensure that India emerges stronger and more prosperous in the years to come.

DR. KALANIDHI VEERASWAMY (CHENNAI NORTH): I would like to express my views on the Union Budget 2024-25.

The Budget analysis usually goes where the ruling party and its allies will praise it to the skies and the opposition parties will dump it in either the Bay of Bengal or the dustbin. However, the true appraisal comes from the general public and they have criticized the Budget no end. They claim that this Budget has destroyed the already struggling middle-class of this country.

The tinkering of the income tax claiming benefit of Rs. 12,500 for tax-payers is pitiable.

The decision to remove indexation in the long-term capital gain will have adverse effects in the economy of this country and I hope, the FM will repeal it.

Also, the increase in the short-term and long-term capital gains tax will punish the people who are already in doldrums.

The way to improving the economy of the common man starts from giving good education to all. This has been achieved in States like Tamil Nadu and Kerala. The New Education Policy which proposes public examination in class 5 and class 8 will only reduce the possibility of education to crores of children.

This Government harps about emergency where Indira Gandhi ji and every congress person including Rahul ji have accepted that it was a bad decision. But this Government does not want to set right the amendment which shifted Education from the State List to the Concurrent List. I hope, they will set it right by shifting Education back to the State List.

The BJP Government does not have any moral standing to talk about the emergency as they have unleashed an undeclared emergency, corrupting the constitutional bodies. The Enforcement Directorate has become the *?* * Directorate. The Income Tax Department has become the ?Inquest Terror Department?. The Central Bureau of Investigation has become the *?**

The Supreme Court striking down heavily on the electoral bonds (or aptly *?* * Bond) and irregularities will be a historic blot on this Government for centuries to come.

This Government claiming credit for becoming the fifth largest economy based on GDP is sad. It has been proved that GDP does not reflect the condition of its people. Hence, several other indicators are used to assess the growth of its people, like Human Development Index (HDI), *per capita* income, Gini Coefficient, Happiness Index etc. We rank very poorly in all of these indices. In fact, to be called a developed country, our *per capita* income has to be 15,000 USD while in reality, it is a paltry 2,500 USD.

This Government does not understand or value the federal nature the founding fathers wanted India to be. India is more like the European Union where we are a Union of States with varied languages, food habits, clothing, culture and customs. The Union Government should restrict itself to defence, post, external affairs, civil aviation and railways, and allow other decision to the States.

The alarming rate of accidents in railways questions the decision of this Government to deny a separate Railway Budget.

The alarming rate of naval accidents (incidents in the last ten years, especially during peace time and not war time) raises doubts on the defence capability, with hostile neighbours like Pakistan and China. Especially the recent incident of ?keel over? of INS-Brahmaputra, a Rs. 6,000 vessel, is alarming as it happened while launching it in the dock.

The appeasement Budget with special focus on Bihar and Andhra Pradesh is criticized even by the common man for the new found love of this Government to these two States despite their problems being the same for more than a decade.

The Government has not only forsaken the Opposition-ruled States like Tamil Nadu, Kerala, Telangana, West Bengal and Delhi, but has also punished its own States like UP, Maharashtra and Rajasthan for having defeated them in the 2024 elections.

I oppose this Budget for the step-motherly treatment of several States which have defeated the BJP and also the middle class.

I hope that the hon. Finance Minister sets right these wrongs by heeding to the voices of dissent.

DR. RANI SRIKUMAR (TENKASI): I want to thank the hon. Finance Minister wholeheartedly for two aspects. First, for letting go poor Thiruvalluvar and the artificial affection, which is also called hypocrisy, towards Thirukkural, Tamil, Tamilargal and Tamil Nadu. I pity you. I am reminded of the boyhood story where a greedy fox jumps to reach the grapes in the vineyard and after many failures, the fox quits and says, ?I do not want sour grapes....?. I pity the fox, poor fox, unlucky fox, and selfish fox for abandoning the vineyard. Like sour grapes, Tamil Nadu has become sour for the hon. Minister that she did not even mention Tamil Nadu in her self- elating budget speech. Second, for neglecting the interest of Tamil Nadu, neglecting seven crore Tamilians, and neglecting the economic super power, Tamil Nadu.

Our mentor, Aringar Anna rightly and rightfully named our State as Tamil Nadu. ? Nadu? in Tamil is our own land or country. ?Tamil Nadu? is a country within a country in truest sense of self-sustenance. After you neglected Tamil Nadu in your speech, you have rekindled the spark of Tamil country which is nothing but Tamil

Nadu. Do not worry, Madam. We will keep paying GST to the Government so that the friendly States of the Government are taken care of to protect the minority Government from falling.

I would like to start my speech with the blessings of my mentor, former Chief Minister of Tamil Nadu, Late Muthamizh Arignar Kalaignar M. Karunanidhi and the present DMK leader and Chief Minister Thalapathi M.K. Stalin. This Budget is anti-people but pro-NDA which can be seen from the discrimination in the allocation of funds allotted to non-NDA ally-ruled States versus NDA ally-ruled States. For example, no funds have been allotted to schemes in my State of Tamil Nadu. Putting it in perspective in the words of our Chief Minister, Thiru. M.K. Stalin, the Union Budget did not seem to cover all of India and was more like ?an agreement or alliance? with the rulers of Bihar and Andhra Pradesh for ?political reasons?. The States like Tamil Nadu, which have contributed to the country's development, were being targeted. It is painful that the BJP-led Union Government is using the Union Budget to settle electoral scores. It will affect the people of Tamil Nadu.

There is ?no specific project? in the Budget for the people of Tamil Nadu. The promises of substantial budget allocations for Bihar and our neighbouring State of Andhra Pradesh have not been backed by significant financial assistance from the Union Government. Most of the spending is expected to be financed through borrowing, particularly from multilateral development banks (MDBs) with the Union Government's facilitation. Even if MDBs provide funding, it will only add to the debt burden of these States. Furthermore, considering the borrowing restrictions imposed on the States, it is not certain how this debt for the proposed purposes can be regarded as ?additional? to what the States might have already chosen to incur. We think the hon. Finance Minister has taken a photocopy of many successful schemes being implemented in Tamil Nadu and used them in the Union Budget, but you have not come up with a single scheme for Tamil Nadu, the State which has given you to this country.

The Union Budget is a ?huge disappointment? to the middle class, and even the few relaxations announced do not apply to those in the old income tax regime. The AIIMS Madurai project has no significant progress except some announcements being made from time to time and there has been no significant budgetary allocation. The Budget does not speak about any new projects for Tamil Nadu in the railway sector. It may be noted that Royapuram is one of the oldest standing railway station buildings in the Indian sub-continent and Royapuram made history

by rolling out the first train service in the Carnatic region when a train rolled from Royapuram in erstwhile Madras to Wallajah Road. Such is the history and heritage of railways in Tamil Nadu but you have turned a blind eye and deaf ear to Tamil Nadu's demand for new schemes and trains in the railway sector.

Now let me turn my attention toward the micro aspects of the Budget. The Modi-led anti-farmer Government has always been against the farmers, which is evident from this year's Budget. The fertilizer and food subsidies have been reduced. The allocation for the Fertilizers Department is Rs. 1,64,150.81 crore. In the Revised Estimates in 2023-24, the amount was Rs. 1,88,947.29 crore and the actual expenditure incurred in 2022-23 was Rs. 2,51,369.18 crore. There is a ?huge decline? of about 34.7 per cent in the allocation for fertilizers. Compared to the 2022-23 actuals, it amounts to a decrease of Rs. 87,238 crore and this will have a deleterious impact on agricultural productivity.

There is a mismatch between the problems at hand and what the Budget offers is even more blatant when we look at the agriculture sector. Farmers are not able to make both ends meet and have a decent livelihood because crop production has become economically unviable and they have been demanding procurement at a legally guaranteed minimum support price. The Budget promises a long-term program to raise productivity and production. In the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS) allocation, there is a different trend, for the financial year 2024-25, Rs. 86,000 crore has been allocated for the MGNREGS. This may be Rs. 26,000 crore more than last year's allocation of just Rs. 60,000 crore, but it is still Rs. 19,297 crore less than the scheme's actual expenditure of Rs. 1.05 lakh crore in the financial year 2023-24, according to data available on the website of the Union Ministry of Rural Development. As per an analysis, this year's allocation for the MGNREGS is just 1.78 per cent of the budgetary allocation, a 10-year low in the scheme's funding.

The rural jobs scheme has been persistent by the problem of under-allocation of funds. The lower allocation artificially suppresses the demand for work under the scheme. The allocation for financial year 2024-25 is less than the expenditure in financial year 2023-24. It also does not take into account the increased demand in the first quarter of this financial year.

The minorities in the country are in a condition of real danger with the anti-minority temperament of the BJP-ruled Union Government and BJP-led State Governments. There has been a meagre increase in funds allocated for the Ministry

of Minority Affairs and most of the schemes have also seen budgetary cuts. The Ministry of Minority Affairs has seen a mere 2.7 per cent increase from funds allocated in the previous year's Budget Estimate (BE) for the financial year 2024-25 in the Union Budget. This allocation is only about 22 per cent of the Revised Estimate (RE), but the budget allocation for schemes like coaching and education loans has been reduced. It can be seen from this year's Budget Estimate that the Ministry has been allocated 0.07 per cent of the Government's total outlay, which amounts to a mere 0.01 per cent increase compared to last year's share of the total outlay. The budget estimate for the coaching and allied schemes for minorities has been cut from Rs. 30 crore in 2023-24 to Rs. 10 crore in 2024-25. The Revised Estimate for this scheme in 2023-24 was Rs. 14 crore. The Budget Estimate for the interest subsidy on educational loans for overseas education for minorities has also been reduced from Rs. 21 crore to Rs. 15.30 crore. The revised estimate for this scheme was Rs. 7 crore.

The Finance Minister has failed to help her gender in upliftment. The budget allotted for the Ministry of Women and Child Development has been reduced by 0.03 per cent. The Budget Estimate for 2024-25 is Rs. 26,092 crore, and the Revised Estimate in 2023-24 was Rs. 25,448 crore. The Government's policy of skipping core economic issues, such as rural distress, widespread unemployment, and food price inflation, could end up being quite expensive.

In the 2024-25 Budget, the National Social Assistance Programme, which includes pensions and disability benefits, has been allocated the same amount as the revised estimates for 2023-24, which is Rs. 9,652 crore. Similarly, the allocation for the National Rural Employment Guarantee Programme for 2024-25 matches the revised expenditure estimate for 2023-24. Despite the extension of free foodgrain allocation under the National Food Security Act, the budgeted food subsidy is set to decrease from Rs. 2,12,332 crore (RE 23-24) to Rs. 2,05,250 crore (BE 24-25).

To sum up I would say that this Budget is just a BJP and Modi Budget to satisfy those people who have voted in BJP's favour and an anti-people Budget. The Budget is filled with full of gas and lacks not only substance but finance too.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर) : माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट 2024-25 के समर्थन में मैं अपने कुछ बिन्दु प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

वित्त मंत्री जी ने करदाताओं की माँग को पूरा किया है और नई कर व्यवस्था में बदलाव की घोषणा की है । स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये करने का प्रस्ताव किया गया है । नया टैक्स स्ट्रक्चर निम्न प्रकार है । 0-3 लाख रुपये पर शून्य टैक्स, 3-7 लाख रुपये पर 5 प्रतिशत टैक्स, 7-10 लाख पर 10

प्रतिशत, 10-12 लाख पर 15 प्रतिशत, 12-15 लाख पर 20 प्रतिशत और 15 लाख और उससे अधिक पर 30 प्रतिशत टैक्स होगा । नई कर व्यवस्था में वेतनभोगी कर्मचारी को इनकम टैक्स में 17,500 रुपये तक की बचत होगी ।

विकसित भारत के लिए निम्न 9 प्राथमिकताएं हैं:-

कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार और कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण एवं सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, इंफ्रा, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, अगली पीढ़ी के सुधार ।

बजट में सरकार ने स्पेस इकोनॉमी के लिए 1000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है ।

5 सालों में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार

इसके अलावा वित्त मंत्री जी ने कहा, मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस और मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को 15 प्रतिशत तक कम करने का प्रस्ताव है । इसके अलावा सरकार ने सोने और चाँदी पर कस्टम ड्यूटी को घटाकर 6 प्रतिशत और प्लैटिनम पर 6.5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है । उन्होंने आगे कहा है कि अगले 6 महीनों में कस्टम ड्यूटी संरचना की बारीकी से समीक्षा की जाएगी । ई-कॉमर्स पर टीडीएस रेट को घटाकर 0.1 प्रतिशत किया जाएगा ।

इसके अलावा दान के लिए दो टैक्स छूट व्यवस्थाओं को एक में मिला दिया जाए । कर दाखिल करने की तारीख तक टीडीएस में देरी को अपराध की श्रेणी से बाहर किया है । एक लाख करोड़ रुपये के वित्तीय कोष से निजी क्षेत्र में वाणिज्यिक स्तर पर रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा । काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बिहार में गलियारों का निर्माण होगा । 1 करोड़ युवाओं को सरकार इंटर्नशिप कराएगी । छोटे और मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों के विकास पर फोकस दिया जाएगा । इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा । पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा । जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरुआत की जाएगी । इस योजना से 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोग लाभान्वित होंगे ।

2400 मेगावाट का बिजली संयंत्र स्थापित किया जाएगा । 16 हजार करोड़ रुपये की कुल लागत से सड़क संपर्क परियोजनाओं का विकास किया जाएगा । एमएसएमई को टर्म लोन के लिए क्रेडिट गारंटी योजना का प्रस्ताव किया गया है । देश के 400 जिलों में डीपीआई का उपयोग करते हुए खरीफ फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण किया जाएगा ।

प्रधानमंत्री पैकेज के हिस्से के रूप में रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन के लिए तीन योजनाएं लागू की जाएंगी । ये ईपीएफओ में नामांकन पर आधारित होंगी और पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों की पहचान और कर्मचारियों और नियोक्ताओं को समर्थन पर ध्यान केंद्रित करेगी ।

क्या-क्या सस्ता हुआ है: बजट में दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी घटाने का ऐलान किया गया है । इससे कैंसर संबंधी कुछ और दवाओं की कीमतों में कमी आएगी । फोन और चार्जर पर भी कस्टम ड्यूटी

15 फीसदी घटाई जाएगी, इससे फोन सस्ते होंगे । सोने और चाँदी पर छह फीसदी कस्टम ड्यूटी घटाने का ऐलान किया गया है । 25 महत्वपूर्ण खनिजों पर सीमा शुल्क में छूट दी गई है ।

रोजगार के क्षेत्र में निम्न प्रावधान बजट के माध्यम से किए गए हैं ।

केंद्र सरकार की ओर से 5 साल में 20 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी । घरेलू संस्थानों में पढ़ाई के लिए 10 लाख रुपये तक का एजुकेशन लोन देने का ऐलान किया गया है । हर साल एक लाख छात्रों को कर्ज की राशि पर तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज छूट के लिए वाउचर्स दिए जाएंगे । रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 5 साल में 2 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे । इससे 4.1 करोड़ युवाओं को फायदा होगा । केंद्र सरकार की ओर से 5 साल में 20 लाख युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी । हब और स्पोक व्यवस्था के तहत 5 साल में एक हजार आईटीआईज को हाईटेक किया जाएगा । शीर्ष कंपनियों में 5 साल में एक करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा । 5 हजार रुपये मासिक मानदेय के साथ 12 महीने के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप दी जाएगी । ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को एक महीने के वेतन का सीधा लाभ, अनुदान, तीन किस्तों में 15 हजार रुपये तक दिए जाएंगे । सीमा-एक लाख रुपये प्रति महीना वेतन, दो करोड़ से ज्यादा युवाओं को इसका फायदा होने की उम्मीद है।

धन्यवाद ।

श्री विनोद लखमशी चावड़ा (कच्छ) : वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 का आम बजट यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के पिछले सभी बजट की तरह ही आम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप है । राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है और इसके संदर्भ में अंतरिम बजट में काफी प्रावधान किए गए थे । यह बजट उसी का विस्तारित रूप है । बजट को समग्रता में देखे जाने की आवश्यकता है । यह एक साथ व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन के साथ कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने, मैन्युफैक्चरिंग को आगे बढ़ाने, स्वरोजगार सृजन पर बल देने, भारत की विरासत तीर्थ और पर्यटन स्थलों को विकसित करने तथा सबके लिए आवश्यक आधारभूत संरचना के विस्तार पर फोकस करने वाला बजट है । यानी यह नरेंद्र मोदी सरकार की पूर्व नीतियों को आगे बढ़ा रहा है । भारत के वर्तमान और भविष्य की दृष्टि से इसे एक शानदार बजट कहा जा सकता है ।

आप देखेंगे कि 10 वर्षों के अनुभवों के आधार पर उन सारे क्षेत्रों को चिन्हित किया गया जहां-जहां सबसे ज्यादा फोकस करने की आवश्यकता है । माननीय वित्त मंत्री ने कहा है कि सरकार का फोकस रोजगार बढ़ाने पर हैं ।

बजट में प्रधानमंत्री जी द्वारा सशक्तिकरण हेतु बनायी की चार जतियों गरीब, महिला, युवा और किसान पर जोर है ।

विकसित भारत के लिए प्राथमिकताओं के आधार पर नौ क्षेत्रों पर फोकस का अर्थ व्यवहारिक नीतियों का आधार तय हो जाना है । ये हैं, कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार और कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढाँचा, नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा अगली पीढ़ी के सुधार । रोजगार की दृष्टि से देखें तो 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए जिन पांच योजनाओं और पहलों के लिए प्रधानमंत्री पैकेज की घोषणा है वो व्यावहारिक हैं । शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है । अंतरिम बजट भाषण में बताया था कि स्किल इंडिया मिशन के तहत देश में 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, 54 लाख को अपस्किल या रि-स्किल किया गया है । पीएम मुद्रा योजना के तहत युवा उद्यमियों को 43 करोड़ के मुद्रा योजना ऋण दिए गए । 3000 नए आईटीआई, सात आईआईटी, 16 आईआईआईटी, सात आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय का निर्माण किया गया है । वस्तुतः नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर पदों की संख्या बढ़कर 1.09 करोड़ हो गई है, लेकिन नौकरी के लिए पंजीकरण करवाने वालों की संख्या 87.2 लाख ही है । नौकरी की संख्या बढ़ने के बावजूद काफी युवा वंचित हैं तो इसका कारण स्किल के मापदंड पर खरा नहीं उतरना है । अब तक हम स्किल के मापदंडओं पर काफी पीछे हैं ।

इस दृष्टि से बजट में युवाओं की इंटर्नशिप की एक ऐसी विशिष्ट योजना है जिसकी ओर पहले ध्यान नहीं गया था । एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में शीर्ष-500 कंपनियों में 12 महीने के लिए इंटर्नशिप की योजना इस बजट का प्रमुख आकर्षण है । सीधे काम करते हुए स्किल विकास की ऐसी योजना पहले नहीं आई थी । इसमें इंटर्नशिप करने आए युवाओं तथा कंपनियों पर भी बहुत ज्यादा भार नहीं दिया गया है । युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये का भत्ता तथा एकमुश्त मदद के रूप में छह हजार रुपये दिए जाएंगे । कंपनियों को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रशिक्षण का खर्च और इंटर्नशिप की 10 प्रतिशत लागत वहन करना होगा । कॉरपोरेट अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हर वर्ष एक निश्चित राशि खर्च करते हैं । उन्हें उसी में से प्रदान करना है । इस तरह यह पूरी तरह व्यावहारिक है । कल्पना करिए अगर यह सफल रहा तो आने वाले समय में भारत कैसे स्किल वाले युवाओं का देश बन जाएगा । प्रधानमंत्री के पैकेज के हिस्से के रूप में योजनाओं के माध्यम से रोजगार से जुड़े कौशल की घोषणा भी विशिष्ट है । दाल और दलहन के मामले में आत्मनिर्भरता और इनके उत्पादन, भंडारण और विपणन पर फोकस है । खाद्य तेल वाली फसलों जैसे सरसों, मूंगफली, सूरजमुखी और सोयाबीन के उत्पादन को बढ़ाने, सब्जियों के उत्पादन और आपूर्ति शृंखला के लिए कलस्टर बनाने, भंडारण और विपणन के ढांचों का विकास और प्रसार, एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर मोड़ने, कृषि के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की योजना के साथ राज्यों ने सहयोग किया तो कृषि क्षेत्र की तस्वीर बदल सकती है । 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने और नाबार्ड के जरिए किसानों को मदद दी जाने की बात है ।

सरकार ने रेलवे के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट दिया है । रेलवे को मजबूत बनाने और नई सुविधाएं लाने के लिए सरकार ने 2,62,200 करोड़ रुपये कैपेक्स के तौर पर दिए हैं । ग्रॉस बजटरी सपोर्ट 2,52,200 करोड़ रुपये है । सरकार का लक्ष्य है कि अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी ज्यादा से ज्यादा पैसेंजर ट्रेनें चलाई जाएं । बजट का बड़ा हिस्सा सेफ्टी के लिए जाएगा । 1,08,000 करोड़ से पुराने ट्रैक्स, सिग्नलिंग, कवच, रेल के पुल बनाने में लगेंगे । इसके साथ ही वंदे मेट्रो और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें भी जल्द ही पटरियों पर दौड़ती नजर आएंगी । वंदे मेट्रो कम दूरी के सफर के लिए होगी, जबकि वंदे भारत स्लीपर लंबी दूरी और रात की यात्रा के लिए होगी । इस

बजट में स्वदेशी तकनीक से बने 'कवच' सिस्टम पर भी जोर दिया गया है, जो ट्रेनों की सुरक्षा को और मजबूत करेगा ।

बजट के सारे प्रस्तावों पर यहां विचार करना संभव नहीं है । भारत सरकर लोक-लुभावन घोषणाओं से बचते हुए देश के समग्र विकास के लिए दूरगामी सोच और योजनाओं पर आगे बढ़ रही है इसका लाभ सभी क्षेत्रों को मिल सकेगा । अध्यक्ष महोदय मैं पुनः आपको एवं माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी को धन्यवाद देता हूं एवं मैं बजट 2024-2025 का समर्थन करता हूं । धन्यवाद ।

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे (मावल) : हम सभी जानते हैं कि बजट किसी भी देश की आर्थिक नीतियों का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है । यह सरकार की प्राथमिकताओं और योजनाओं का प्रतिबिंब होता है । लेकिन जब यह बजट विभिन्न क्षेत्रों की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता, तो हमें इस पर विचार करना चाहिए ।

कृषि क्षेत्र : पिछले वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष के कृषि बजट में मामूली वृद्धि देखी जा सकती है । लेकिन यह केवल संख्या का खेल है । असल मुद्दा यह है कि क्या यह बढ़ी हुई राशि किसानों तक पहुंच रही है और उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है? वास्तविकता में, केवल बजट बढ़ाने से किसानों की समस्याएं हल नहीं होतीं । कई बार यह देखा गया है कि बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन योजनाओं का सही तरीके से कार्यान्वयन नहीं होता । पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खाद, बीज, और कीटनाशकों की कीमतों में औसतन 15% की वृद्धि हुई है । उदाहरण के लिए, यूरिया की कीमत 2023 में 266 रुपये प्रति बोरी थी, जो 2024 में बढ़कर 306 रुपये प्रति बोरी हो गई है । इस महंगाई का सीधा असर किसानों की आय पर पड़ता है, जो कि बजट में की गई मामूली वृद्धि को बेअसर कर देता है । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, और फसल बीमा योजना जैसी योजनाएं किसानों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पातीं । बजट में आवंटन बढ़ाने से कोई फायदा नहीं है अगर उसका उपयोग सही तरीके से नहीं होता ।

शिक्षा क्षेत्र: पिछले वर्ष (2023-24) शिक्षा मंत्रालय को कुल 1.12 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि इस वर्ष (2024-25) इसे बढ़ाकर 1.18 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है । यह लगभग 5% की वृद्धि है । हालांकि, यह वृद्धि शिक्षा क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है । UNESCO के अनुसार, भारत को अपनी GDP का कम से कम 6% शिक्षा पर खर्च करना चाहिए, जबकि वर्तमान आवंटन केवल 3.1% है । शिक्षा किसी भी देश की प्रगति का मूलभूत आधार है । लेकिन आज भी हमारे सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है । शिक्षक की कमी, पाठ्यपुस्तकों की अनुपलब्धता और गुणवत्ता की शिक्षा में कमी हमारे भविष्य को खतरे में डाल रही है । बजट में शिक्षा के लिए आवंटन बढ़ाने की जरूरत है, लेकिन यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि यह धन सही तरीके से खर्च हो । पिछले वर्ष और वर्तमान वर्ष के शिक्षा बजट की तुलना करते समय केवल संख्याओं की वृद्धि पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है । वास्तविकता में, शिक्षा क्षेत्र की समस्याएं अभी भी ज्यों की त्यों बनी हुई हैं । बजट की बढ़ोतरी का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब बुनियादी सुविधाओं, शिक्षकों की कमी, मिड-डे मील योजना, डिजिटल शिक्षा और उच्च शिक्षा के मुद्दों का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं । हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा बजट का प्रभावी ढंग से उपयोग हो और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो ।

स्वास्थ्य क्षेत्र: महामारी ने हमें यह सिखाया है कि मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली की कितनी जरूरत है। बावजूद इसके, हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दयनीय है। सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की कमी, डॉक्टरों और नर्सों की कमी और दवाओं की अनुपलब्धता जैसी समस्याएं आम हैं। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित नहीं की जाती, जो कि चिंता का विषय है। पिछले वर्ष (2023-24) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को कुल 86,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि इस वर्ष (2024-25) इसे बढ़ाकर 92,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह लगभग 6.7% की वृद्धि है। हालांकि, यह वृद्धि स्वास्थ्य क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। WHO के अनुसार, भारत को अपनी GDP का कम से कम 5% स्वास्थ्य पर खर्च करना चाहिए, जबकि वर्तमान आवंटन केवल 2.5% है। देशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है। 2023 में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 60% सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं जैसे शौचालय, पीने का पानी, और बिजली की कमी है। बजट में इस समस्या के समाधान के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए हैं। देश में डॉक्टरों और नर्सों की भारी कमी है। 2023 में, देश में लगभग 2 लाख डॉक्टरों और 5 लाख नर्सों की कमी थी। बजट में इस मुद्दे के समाधान के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति 10,000 जनसंख्या पर केवल 1 डॉक्टर उपलब्ध है, जबकि WHO मानक के अनुसार यह संख्या 1:1000 होनी चाहिए।

रोजगार और उद्योग: देश की युवाशक्ति को रोजगार देने के लिए उद्योगों का विकास आवश्यक है। लेकिन मौजूदा बजट में छोटे और मझौले उद्योगों को पर्याप्त समर्थन नहीं मिलता। बेरोजगारी दर बढ़ रही है और नई नौकरियों के सृजन के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। पिछले वर्ष (2023-24) श्रम और रोजगार मंत्रालय को कुल 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि इस वर्ष (2024-25) इसे बढ़ाकर 14,500 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह लगभग 11.5% की वृद्धि है। हालांकि, यह वृद्धि रोजगार क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के अनुसार, भारत को अपनी GDP का कम से कम 3% रोजगार पर खर्च करना चाहिए, जबकि वर्तमान आवंटन केवल 0.5% है। देश में बेरोजगारी दर अभी भी एक गंभीर समस्या है। 2023 में बेरोजगारी दर 7.5% थी, जो 2024 में भी लगभग उसी स्तर पर बनी हुई है। खासकर युवा बेरोजगारी दर 20% के आसपास है। बजट में बेरोजगारी के समाधान के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए हैं। आज मैं आपके सामने यह स्पष्ट करने के लिए खड़ा हूँ कि क्यों पिछले वर्ष और वर्तमान वर्ष के रोजगार बजट की तुलना पर्याप्त नहीं है। हमें केवल बजट में बढ़ोतरी को नहीं देखना चाहिए, बल्कि यह देखना चाहिए कि यह बढ़ा हुआ बजट वास्तव में रोजगार क्षेत्र की समस्याओं को हल करने में कितना प्रभावी है।

पर्यावरण और स्थायित्व: जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण की समस्याएं हमारे सामने बड़ी चुनौती हैं। बावजूद इसके, बजट में पर्यावरण संरक्षण और स्थायित्व के लिए पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। हमें हरित ऊर्जा स्रोतों, वनीकरण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस योजनाओं की जरूरत है। देशभर में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बनी हुई है। 2023 में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। बजट में वायु प्रदूषण के समाधान के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए हैं। उदाहरण के लिए, नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) के लिए आवंटन पिछले वर्ष 600 करोड़ रुपये था, जबकि इस वर्ष इसे बढ़ाकर 700 करोड़ रुपये कर दिया गया है। हालांकि, विशेषज्ञों के अनुसार, इसे कम से कम 10,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। जल संरक्षण के लिए बजट में मामूली वृद्धि की गई है। पिछले वर्ष 1,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि इस वर्ष इसे बढ़ाकर 1,400 करोड़ रुपये कर दिया गया है। लेकिन जल संकट की

गंभीरता को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है । भारत में 2023 में, 40% जिलों में गंभीर जल संकट था, और 60% ग्रामीण जनसंख्या को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं था ।

देश का बजट केवल एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे भविष्य का खाका है । यदि हम चाहते हैं कि हमारा देश विकास के पथ पर आगे बढ़े, तो हमें बजट में विभिन्न क्षेत्रों की वास्तविक आवश्यकताओं को पहचानने और उन्हें पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे ।

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा **(भरूच) :** मुझे वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत बजट पर विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने हेतु हार्दिक आभार ।

आज जब भारत आगामी वर्ष 2047 में आजादी की 100 वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए आगे बढ़ रहा है ऐसे में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत उच्च आर्थिक वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है । यह हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का तीसरा कार्यकाल है और उनके नेतृत्व में भारत सरकार 2047 तक एक विकसित भारत के लिए संकल्प ले चुकी है । देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश किए गए बजट 2024-2025 उसी लक्ष्य की छाप दिखाई पड़ती है । ये बजट मोदी सरकार के प्रति देश के लोगों द्वारा जताए गये विश्वास को दर्शाता है । इस बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी समूहों सहित अन्य सभी का ध्यान रखा गया है । इस बजट में विकास के 9 सूत्रीय कार्यक्रम को शामिल किया गया है जो कृषि में उत्पादकता और लचीलापन से लेकर अगली पीढ़ी के सुधारों तक सर्वांगीण और समग्र कल्याण तथा विकास को समेटे हुए है । इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये पाँच वर्षों की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं के रोजगार और कौशल को बढ़ावा देने के लिए पाँच योजनाओं और पहलों का एक पैकेज घोषित किया गया है जिसका केन्द्रीय आबंटन 2 लाख करोड़ रुपए है ।

ईपीएफ योगदान के लिए नियोक्ताओं को 2 वर्षों के लिए प्रति माह 3,000 रुपए का प्रतिपूर्ति समर्थन दिए जाने का प्रावधान इस बजट में किया गया है जिससे 50 लाख से अधिक युवाओं को लाभ पहुंचेगा । इस बजट में कौशल विकास हेतु जो कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है उसके तहत पाँच वर्षों की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा । इसके लिए देश के 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को उन्नत किया जाएगा । इसके अतिरिक्त किसी भी सरकारी योजना के लिए पात्र नहीं होने वाले युवाओं को घरेलू संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 10 लाख रुपए तक के ऋण का वित्तीय समर्थन दिया जाएगा । इस उद्देश्य के लिए हर साल एक एक लाख छात्रों को ई-वॉउचर प्रदान किए जाएंगे जिसमें ऋण राशि का 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान होगा । इसके अलावा सरकार ने युवाओं को 500 कंपनियों में उद्योग का अनुभव प्राप्त करने के लिए एक व्यापक इंटर्नशिप कार्यक्रम भी शुरू करने का प्रावधान किया है जिसमें आगामी पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को लाभ होगा । पहली बार नौकरी में आए कर्मियों को 15,000 रुपए तक का एक महीने का पारिश्रमिक दिया जाएगा, जिसमें 2.1 करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा । शहरों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु आने वाले छात्रों के लिए छात्रावासों की संख्या बढ़ायी जानी चाहिए ।

मध्यम वर्ग के लिए असमानताओं को कम करने के लिए बजट में सामाजिक सुरक्षा के लाभ प्रदान किए गए हैं जिसमे NPS की कटौती की दर को 10% से बढ़ाकर 14% किया गया है और NPS वात्सल्य की शुरुआत की गई है । बजट में एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवास आवश्यकताओं के लिए 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रदान किया गया है ।

सामाजिक न्याय के माध्यम से अमृत काल को साकार करना मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है । भारत का अमृत काल उसका कर्तव्यकाल भी है इसके दौरान समाज के सभी वर्गों जिसमे गरीब, अन्नदाता, युवा और

नारी शक्ति है इन सभी को राष्ट्र की सफलता की कहानी में आपना योगदान देना है । इसके साथ ही देश के आदिवासी समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए देश के 63,000 गावों को कवर किया गया है जिसका देश के 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ मिलेगा । इस तरह देश के गरीबों के अपने घर के सपने को पूरा करने के लिए पीएम-आवास योजना के तहत अतिरिक्त 3 करोड़ घर बनाए जाएंगे ।

भारत सरकार देश की सफलता में नारी शक्ति का अहम योगदान मानती है । इसको ध्यान में रखते हुए इस बजट में महिला सशक्तिकरण की योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है ।

मोदी सरकार के पिछले एक दशक के कार्यकाल में अन्नदाताओं के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं क्योंकि भारत का किसान सदैव राष्ट्र के विकास का केंद्र रहा है । इस दिशा में सरकार ने सभी प्रमुख फसलों के लिए एम.एस.पी. बढ़ाकर इनपुट लागत पर 1.5 गुना रिटर्न देने का इस बजट में प्रावधान किया गया है । इस बजट में सहकारी क्षेत्र के व्यवस्थित और नियमित विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी नीति की भी घोषणा की गई है ।

देश के पूर्वोत्तर राज्यों के सतत विकास को ध्यान में रखकर मोदी सरकार ने पूर्वोदय के अंतर्गत पूर्वोत्तर में शांति और विकास के लिए सार्थक और ठोस प्रयास किए हैं ।

इस बजट में मोदी सरकार ने MSME की क्रेडिट पहुँच और परिचालन दक्षता में सुधार की पहल की है । इस उदेश्य के लिए तरुण श्रेणी के अंतर्गत मुद्रा ऋण की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया गया है ।

हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सतत और बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय आबंटन को बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपए कर दिया गया है जोकि GDP का 3.4% है जबकि UPA सरकार के तहत वित्त वर्ष 2013-14 के लिए यह व्यय आबंटन 2,57,614 करोड़ रुपए था जोकि GDP का केवल 2.8% था । हमारी सरकार का यह आबंटन देश में चौगुनी आर्थिक वृद्धि की ओर इशारा करता है ।

देश के ऋषितुल्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सिर्फ दुनिया के राजनीतिक दिग्गज ही नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक दिग्गज भी हैं । इसकी झलक उनके विगत 10 वर्षों के शासन काल में राष्ट्र की प्रगति के साथ-साथ उनके प्राचीन विरासत और संस्कृति को संजोए रखने में दिखाई पड़ती है । इस केन्द्रीय बजट में भी इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों जैसे- विष्णुपद मंदिर कॉरीडोर और महाबोधि मंदिर कॉरीडोर के विकास के लिए धन आबंटित किया गया है जिसे काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर के सफल मॉडल के बाद तैयार किया गया है ।

सामाजिक न्याय के माध्यम से अमृत काल को साकार करना मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है । भारत का अमृत काल उसका कर्तव्य काल भी है । इसके तहत देश के आदिवासी समुदायों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए देश के 63,000 गांवों को कवर किया गया है जिसका देश के 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ मिलेगा । इस तरह देश के गरीबों के अपने घर के सपने को पूरा करने के लिए पीएम आवास योजना के तहत अतिरिक्त 3 करोड़ घर बनाए जाएंगे । इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि गरीब लोगों को शहर में आवास प्रदान करने के लिए जो 3 लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है वही 3 लाख रुपए की धनराशि देश के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबों को भी आवास बनाने के लिए आवंटित की जानी चाहिए ।

भारत का किसान सदैव राष्ट्र के विकास का केंद्र रहा है । इस दिशा में सरकार ने सभी प्रमुख फसलों के लिए एम.एस.पी. बढ़ाकर इनपुट लागत पर 1.5 गुना रिटर्न देने का इस बजट में प्रावधान किया है । इस बजट में सहकारी क्षेत्र के व्यवस्थित और नियमित विकास के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी नीति की भी घोषणा की गई है । इस तरह किसान कल्याण के लिए सरकार द्वारा बहुत सराहनीय योजनाओं का प्रावधान किया गया है । देश के दूरस्थ अंचलों में जहां जनजातीय समुदाय के लोगों के साथ ही अन्य लोग निवास करते हैं वहां पर किसानों के लिए पर्याप्त सिंचाई सुविधाओं की व्यवस्था किया जाना नितांत आवश्यक है । सिंचाई सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था होने से पशुपालन तथा डेयरी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और इससे पशुपालकों को रोजगार प्राप्त होगा ।

बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल) : मुझे वर्ष 2024-25 के आम बजट पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए आपका आभार । मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्र मोदी जी को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ कि उनकी अगुवाई में एन०डी०ए० ने एतिहासिक विजय प्राप्त कर लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का कार्य किया है ।

समावेशी विकास का यह आम बजट वाकई में राष्ट्रहित / देशहित और जनहित के लिए अमृत एवं संजीवनी के रूप में कार्य करेगी ।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी एवं प्रगतिशील आर्थिक नीतियाँ एवं योजनायें जो समाज के अंतिम व्यक्ति के साथ सभी वर्गो को समानांतर एवं सार्थक लाभान्वित करती है इसके लिये मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी का एवं माननीया वित्त मंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ । महोदय, यह बजट भारत के किसानों, युवाओं एवं महिलाओं तथा सभी वर्गो के उत्थान तथा विकास के लिए है ।

रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मा० प्रधानमंत्री जी की 5 योजनाएं जिसका पहले पैकेज में 5 वर्ष की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा जिसके लिए केंद्रीय परिव्यय 2 लाख करोड रूपए का है एवं इस वर्ष में शिक्षा, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रूपए का प्रावधान रखा है जो विकसित भारत बनानें में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

प्रधानमंत्री जी नें किसान भाइयों के लिए कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता को प्राथमिकता देते हुए परिवर्तनकारी कृषि अनुसंधान, फसलों की नई उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकुल किस्मों को शुरू करना, प्राकृतिक कृषि, दलहन और तिलहन मिशन, सब्जी उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला, कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, झींगा उत्पादन और निर्यात, राष्ट्रीय सहकारिता नीति जैसी योजनाओं को कार्यान्वित किया है ।

प्रधानमंत्री जी नें भारत के युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए रोजगार और प्रशिक्षण को प्राथमिकता देते हुए रोजगार संबंद्ध प्रोत्साहन के लिए 3 योजनाओं को लागू करने का काम किया है जिसमें पहली बार

रोजगार पाने वाले, विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन, एवं नियोक्ताओं की सहायता जैसी योजनाएं शामिल है जिसका लाभ करोडों युवाओं को मिलेगा । साथ ही कामगारों में महिलाओं की भागीदारी की प्राथमिकता, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम, कौशल प्रशिक्षण ऋण, शिक्षा ऋण जैसी योजनाओं को भी प्राथमिकता दी गई है । समावेशी मानव संसाधन विकास और समाजिक न्याय को प्राथमिकता देते हुए परिपूर्णता दृष्टिकोण जैसी योजनाओं को भी शामिल किया है ।

पूर्वोदय योजना के तहत बिहार का विकास की गति की रफ्तार चौगुनी हो जाएगी साथ ही पूर्वी क्षेत्रों का भी चहुँमुखी विकास होगा । जिसमें मुल रूप से मानव संसाधन विकास, अवसंरचना और आर्थिक अवसरों को शामिल किया गया है । पूर्वोदय योजना अन्य राज्यों क साथ बिहार के लिए अत्यंत ही संजीवनी के रूप में कार्य करेगी जिससे बिहार के किसानों की आयवृद्धि, महिलायों की सुरक्षा-रोजगार, व्यापारीयों के लिए व्यवसाय के साथ-साथ युवाओं को शिक्षा, एवं रोजगार को बढ़ावा देने का काम करेगा । बजट में 26000 करोड़ रू0 से बिहार के सड़क एवं पुलों का निर्माण किया जाएगा साथ ही 21,400 करोड़ की लागत से पिरपैतीं में 2400 मेगावाट के एक नए विद्युत संयंत्र की भी स्थापना की जाएगी जो बिहार के विकास की गति को तेज करने का काम करेगा । साथ ही बिहार के गया में स्थित विष्णुपद मंदिर और बोधगया में महोबोधि मंदिर का काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर मॉडल के अनुरूप समग्र विकास के लिए सहायता प्रदान किया जाएगा एवं नालंदा विश्वविद्यालय को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने में सहायता प्रदान करेगी ।

मेरा संसदीय क्षेत्र बिहार का सीमावर्ती, अतिपिछड़ा बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है कोशी नदी में प्रत्येक वर्ष भयानक बाढ़ आ जाने से जान एवं माल का भारी नुकसान होता है जिसकी रोक थाम के लिए कोशी-मेची अंतर्राज्यीय लिंक परियोजना चालु करने के हेतु मा० प्रधानमंत्री एवं वित मंत्री जी के द्वारा 11,500 करोड़ की आर्थिक सहायता देकर कोशी क्षेत्र को संजीवनी देने का काम किया है । इस तरह बिहार को अर्थिक सहायता देकर अतिपिछड़ा एवं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों को अन्य राज्यों के सामानांतर में लाने के लिए मा० प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करता हूँ ।

इस अवसर पर मैं अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल में रेलवे संबंधित मुख्य अतिआवश्यक समस्यायों का समाधान के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि:-

(1) पूर्व मध्य रेल अंतर्गत समस्तीपुर मंडल के प्रतापगंज रेलवे स्टेशन पर गाड़ी सं0-13211/13212 (जोगबनी-दानापुर) तथा 13213/13214 (जोगबनी-सहरसा) का ठहराव 2 मिनट किया जाय जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों की जनता को बिहार की राजधानी पटना तथा जिला मुख्यालय सुपौल जाने-आने में सुविधा हो ।

(2) सरायगढ़ से नई दिल्ली वाया सुपौल-सहरसा तथा पटना होते हुए वंदे भारत एक्सप्रेश का परिचालन किया जाय ।

(3) वैशाली एक्सप्रेश (12553/12554) एवं राज्यरानी एक्सप्रेश (12567/12568) का विस्तार सहरसा से सरायगढ़ किया जाय या अन्य मेल एक्सप्रेश गाड़ी बिहार की राजधानी पटना एवं देश की राजधानी दिल्ली तक परिचालन किया जाय ।

(4) 1934 के भूकंप में ध्वस्त रेल का सर्वे प्रतापगंज से भीमनगर तक हो चूका है, उक्त खंड पर नई रेल परियोजना की स्वीकृति कर रेल लाईन बिछाकर रेल परिचालन का कार्य किया जाय ।

इसी के साथ मैं 2024-25 के आम बजट का सर्मथन करते हुए बिहार के समस्त जनता एवं जनतादल (यूनायटेड) के तरफ से धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूँ । जय भारत-जय बिहार ।

SHRI VISHWESHWAR HEGDE KAGERI (UTTARA KANNADA): Thank you for giving me an opportunity to express my views on this Budget.

On July 23, hon. Finance Minister Nirmala Sitharaman presented the Union Budget for 2024-25 in this House, marking her seventh consecutive Budget presentation. This Budget aims to bolster India's economy, projected to become the world's third-largest by 2027, with a focus on creating job opportunities and enhancing growth in key sectors.

The Budget outlines nine priority areas: agriculture, employment and skilling, inclusive human resource development, manufacturing and services, rural development, energy security, infrastructure, innovation, and next-generation reforms. These priorities are designed to facilitate transformative changes across the economy, laying the foundation for India's vision of becoming a developed nation by 2047.

A significant allocation of Rs. 1.52 lakh crore has been made for the agriculture sector, reflecting the Government's commitment to enhancing productivity and ensuring food security. The Budget proposes the introduction of 109 new climate-resilient crop varieties, empowering farmers to adapt to changing environmental conditions. Additionally, the Government plans to initiate one crore farmers into natural farming practices, emphasizing sustainable agricultural methods that reduce dependence on chemical inputs and promote soil health.

To address employment challenges, the Budget proposes a Rs. 2 lakh crore package aimed at skill development and job creation for 4.1 crore youth over five years. This includes a comprehensive internship scheme for one crore young individuals, enhancing their employability and providing them with valuable work experience. The Government also plans to establish 10,000 Skill India International Centres across the country, offering industry-relevant training and certifications.

The Budget prioritizes inclusive human resource development with a focus on improving access to quality education and healthcare. The Government has allocated Rs. 1.5 lakh crore for the National Education Mission, which aims to enhance digital infrastructure in schools and provide digital devices to students. Additionally, the Budget proposes the establishment of 50 new Eklavya Model Residential Schools ensuring quality education for tribal children. To boost manufacturing and services. the budget introduces a Rs. 1 lakh crore Production

Linked Incentive (PLI) scheme for 10 sectors, including electronics, pharmaceuticals, and renewable energy. This initiative aims to attract investments, promote exports, and create job opportunities. The Government also plans to establish 100 new clusters for micro, small, and medium enterprises (MSMEs), providing them with access to modern infrastructure and technology.

Rural development remains a key focus area with the Government allocating Rs. 10 lakh crore under the PM Awas Yojana Urban 2.0 to address housing needs for the urban poor and middle class. Additionally, the fourth phase of the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) will enhance connectivity for 25,000 rural habitations, improving access to markets and social services.

The Budget emphasizes the importance of energy security with a focus on promoting renewable energy sources. The Government has allocated Rs. 50,000 crore for the National Hydrogen Mission aiming to position India as a global hub for green hydrogen production and exports. Additionally, the Budget proposes the establishment of 10,000 MW of solar power capacity in the next five years contributing to the country's goal of achieving 450 GW of renewable energy by 2030.

Infrastructure development remains a priority with the Government allocating Rs. 5 lakh crore for the Pradhan Mantri Gati Shakti National Master Plan. This initiative aims to enhance multimodal connectivity, reducing logistics costs and improving efficiency. The Budget also proposes the construction of 10,000 km of national highways and the development of 100 cargo terminals under the Sagarmala program boosting maritime trade and logistics.

The Budget recognizes the importance of innovation in driving economic growth and competitiveness. The government has allocated Rs. 25,000 crore for the National Research Foundation, supporting research and development in key areas such as artificial intelligence, quantum computing, and biotechnology. Additionally, the Budget proposes the establishment of 50 new centres of excellence in emerging technologies, fostering innovation and entrepreneurship.

The Budget emphasizes the need for next-generation reforms to enhance the ease of doing business and attract investments. The Government plans to introduce a new law to regulate cryptocurrencies and digital assets, providing clarity and certainty to investors. Additionally, the Budget proposes the simplification of the tax regime reducing compliance burdens for businesses and individuals.

The Budget emphasizes fiscal consolidation, targeting a fiscal deficit of 5.1 per cent of GDP for 2024-25. This aligns with the Government's commitment to reduce the fiscal deficit below 4.5 per cent by 2025-26, reflecting a disciplined approach to public finances. The Government also plans to introduce a new fiscal responsibility and budget management framework ensuring transparency and accountability in public spending.

The Budget provides significant relief to the middle class, increasing the standard deduction from Rs. 50,000 to Rs. 75,000 and raising the family pension deduction from Rs. 15,000 to Rs. 25,000. These measures aim to provide more disposable income to salaried individuals and pensioners, boosting consumption and economic growth.

Sitharaman ji highlighted the Government's efforts to streamline regulations and boost the economic ecosystem aiming to attract investments and stimulate growth. The Budget proposes the establishment of a National Logistics Efficiency Advancement Predictability and Safety (NEAPS) portal, providing a single window for logistics services and reducing transaction costs for businesses.

Overall, the 2024 Budget reflects a comprehensive strategy to address economic challenges, enhance productivity, and promote inclusive growth. The Government's focus on job creation, skill development, and infrastructure development is expected to create a conducive environment for businesses and individuals to thrive. The Budget also emphasizes the importance of sustainability, innovation, and next-generation reforms, setting the stage for India's ambitious goal of becoming a developed nation by 2047.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : मैं आभार व्यक्त करता हूँ कि मुझे बजट पर विचार व्यक्त का अवसर प्रदान किया गया । आज की दुनिया कई मानवीय संकटों का सामना कर रही है, दुनिया में कई देश युद्ध से जूझ रहे हैं जैसे-

? रूस-यूक्रेन युद्ध

? गाजा

? सूडान (सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लड़ाई)

? सीरिया-तुर्की

? कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (सशस्त्र संघर्ष और आर्थिक संकट)

इस युद्ध के समय में भारत ने एक मजबूत बजट को प्रस्तुत किया है । यह बजट कोई सामान्य बजट नहीं, अपितु विकसित भारत का foundational budget है ।

GROWTH RATES : ? भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और वर्ष 2047 तक अपनी शताब्दी तक उच्च मध्यम आय की स्थिति तक पहुंचने की आकांक्षाओं के साथ इस पथ पर आगे बढ़ने के लिए तैयार) है । (World Bank)

? RBI ने अपनी रिपोर्ट में अर्थव्यवस्था की ताजा स्थिति के बारे में कहा है कि:

"India is said to become the second largest economy of the world within the century even at current growth rates and even perhaps match the dominant position in the world economy that it enjoyed in 1700 AD before the colonial invasion.

Economic growth- IMF said about 2024

India-6.5%-7%

China-4.6%

UK- 0.6%

Unemployment it decreases at the rate of 3.2%.

Specially with respect to youth--- 2017-18=17.8%

2022-23=10%

Foreign Direct Investment over the year : पीएम मोदी जी के निरंतर प्रयासों के कारण, वर्ष 2014-2023 के दौरान, विनिर्माण क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह पिछले नौ वर्षों (2005-2014) में 96 बिलियन डॉलर की तुलना में 55% बढ़कर 148.97 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया ।

वैश्विक स्तर पर भी भारत ने अन्य देशों के साथ सहयोग किया । विनिर्माण क्षेत्रों में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए, वर्ष 2015 में, भारत और जापान ने $12 बिलियन के "Japan-India Make-in-India Special Finance, और भारत सरकार की मेक-इन-इंडिया नीति को मूर्त रूप देने में मदद की । वर्ष 2000 और जून 2023 के बीच, जापान ने भारत में लगभग $39.94 बिलियन का निवेश किया, जो एफडीआई स्रोतों में पांचवें स्थान पर है । जापानी निवेश मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल, विद्युत उपकरण, दूरसंचार, रसायन, वित्त (बीमा), और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में गया ।

RESPECT IN THE WORLD AND GLOBAL SOUTH : भारत अपनी G20 अध्यक्षता में नियमित रूप से वैश्विक दक्षिण की आवाज़ रहा है और ऊर्जा सुरक्षा, ऊर्जा न्याय, टिकाऊ ऊर्जा संक्रमण की आम चिंताओं पर प्रकाश डाला है ताकि सभी विकासशील देश विश्वसनीय और स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त कर सकें ।

पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री 'जेम्स मारापे' ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए उनके पैर छूने के लिए झुके, पापुआ न्यू गिनी आमतौर पर सूर्यास्त के बाद आने वाले किसी भी नेता का औपचारिक स्वागत नहीं करता है, लेकिन मोदी के लिए यह किया गया, क्या दर्शाता हैं ये, यह मोदी जी कि लोकप्रियकता को दर्शाता है जो कि वैश्विक स्तर पर हैं ।

VIKSIT BHARAT BY 2047 MISSION : माननीय मोदी जी ने कहा कि विकसित भारत के चार मूलभूत स्तंभ हैं:

· युवा

· गरीब

· महिला

· किसान

पीएम मोदी जी ने दिसंबर में Viksit Bharat@ 2047: voice of Youth' लॉन्च किया । 2023 और उन्होंने सभी से अपनी सीमाओं से परे जाकर विकसित भारत के दृष्टिकोण में अपने विचारों को योगदान देने का आग्रह किया ।

? इस विकसित भारत के बजट में युवा के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम भी लॉन्च हुए हैं जो कि उन्हें अपने व्यक्तित्व तथा कॉर्पोरेट को समझने में मददगार होगा ।

? 500 शीर्ष कंपनियों में 5 वर्षों के लिय 1 करोड़ युवाओ के लिये अवसर इस बजट ने पेश किया है ।

Poverty - CONTEXT OF INDIAN GOVERNANCE : हमने इस शताब्दी में अपनी जनसंख्या में एक संयुक्त राज्य अमेरिका से अधिक की वृद्धि की है । यह वह दबाव है जिसके तहत हमारा कल्याणकारी राज्य कार्य करता है:

? भारत में बहुआयामी गरीबों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है ।

? पिछले नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले, यह भारत और

मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धि है ।

? बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17% से घटकर 2022-23 में 11.28% हो गई । यह 17.89% अंक की कमी है ।

विशेष रूप से उत्तर-प्रदेश में सबसे बड़ी गिरावट देखी गई, जहां 5.94 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं ।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का अगले पांच साल तक विस्तार सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है ।

Women : साक्षरता - 2011 की जनगणना के अनुसार 64.63% National Family Health Survey5 -2019-20= 71.5%

women having bank or saving accounts that the they themselves use-

Uttar-Pradesh

NFHS-4=53% 54.6%

NFHS-5= 78 % 75.4%

And these things I am not comparing with the UPA government but within the tenure of the Modi ji.The Union Budget 2024-25 carried an allocation of more than Rs 3 lakh crore for schemes benefitting women and girls and promoting women-led development.

Kisan : हमारे देश की नींव कृषि है और कृषि ही प्राथमिक क्षेत्र है, जिससे सभी क्षेत्रों को कच्चा माल मिलता है और कृषि के सशक्त होने से आत्मनिर्भरता से देश की नींव मजबूत होगी । अगर नींव मजबूत होगी तो उस पर कितनी भी बड़ी इमारत बन जाए, उसमें कोई रुकावट नहीं आएगी । इस बार देश में न केवल उत्पादन अपितु उत्पादकता पर ध्यान दिया जायेगा, जिससे Research and development के तहत कृषि को और मजबूत बनाया जायेगा ।

माननीय मोदी जी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य देश की कृषि को मजबूत करना है, जिसमें मैं पिछले दस वर्षों में सरकार द्वारा किये गये कुछ कार्यों का उल्लेख करना चाहता हूं ।

? Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY)

यह योजना मांग आधारित है और सभी किसानों के लिए उपलब्ध है । 2016-17 से योजना के तहत कुल 5,549.4 लाख किसान आवेदनों का बीमा किया गया और दावे के रूप में 1,50,589 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है ।

Agriculture Infrastructure Fund (AIF) : मौजूदा बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने और कृषि बुनियादी ढांचे में निवेश जुटाने के लिए, आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत Agri Infrastructure Fund लॉन्च किया गया था ।

AIF को देश के कृषि बुनियादी ढांचे के परिदृश्य को बदलने की दृष्टि से पेश किया गया था ।

वर्ष 2023 तक, AIF के तहत 44,912 projects के लिए 33.209 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, इस कुल स्वीकृत राशि में से 25,504 करोड़ रुपये योजना लाभ के तहत कवर किए गए हैं । इन स्वीकृत परियोजनाओं ने कृषि क्षेत्र में 56.471 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है ।

Integrated Scheme for Agriculture Marketing (ISAM) : National Agriculture Market (e-NAM) एक अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल है जो कृषि वस्तुओं के लिए एकीकृत राष्ट्रीय बाजार बनाने के लिए मौजूदा APMC मंडियों को नेटवर्क बनाता है । 1,389 और 23 राज्यों, 4 केंद्रशासित प्रदेशों की मंडियों को e-NAM प्लेटफॉर्म पर एकीकृत किया गया है और 1.76 करोड़ से अधिक किसानों और 2.5 लाख व्यापारियों को e- NAM portal पर पंजीकृत किया गया है और अभी बदलते मौसम को देखते सरकार ने

किसानों के लिय नई High Yield Variety(HYV) seed कि घोषणा कि हैं जिसके तहत 109 नई किस्मे किसानो को कृषि और उधेयनिकी (Horticulture) 32 विभिन्न फसलों में दी जाएंगी जो कि मौसम परिवर्तन के प्रति सहनशील होंगी । विशेष तौर से आज देश मे वर्ल्ड मे dietary pattern बदले हैं, उस हिसाब से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना इस बजट कि प्राथमिकताओं में से एक रहा है ।

Under this 1 crore farmer will be initiating the natural farming. किसानो के लिए आय सृजन बीमा योजना के तहत सरकार द्वारा की गई पहल किसानों को आय की अनिश्चितताओं से उबार सकती है ।

भारतीय कृषि क्षेत्र को NDA सरकार की कई योजनाओं जैसे कम ब्याज दरों, किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) और फसल बीमा और सब्सिडी और कोल्ड स्टोरेज से लाभ हुआ है ।

INFRASTRUCTURE :

? One notable area of focus was infrastructure development, particularly in the construction of highways and airports. PM Modi pointed out that while the Congress government constructed approximately 12 km of highways per day, his administration has significantly increased that figure to 30km per day.

? Similarly, he highlighted the establishment of new airports saying, "Congress made 70 airports in 60 years, Modi made 70 new airports in 10 years."

? The government's decision to do the heavy lifting on capital expenditure appears to be a part of the well-crafted medium-term strategy to not just accelerate the pace of infrastructure project execution, but also to trigger a cycle of private sector investment, or what economists sometimes describe as the "crowding in" phenomenon.

Item	2014	2023	% change
Length of National Highways in km	91,287	1,46,145	60.10%
NH construction speed in km/day	9	36	300%

highways are built now in a day, four times the speed of nine kilometres in 2014. The ship turnaround time in ports have also fallen from an average of 4.3 days in 2014 to 2.1 days now.

Renewable energy sector : ? कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के मामले में भारत विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है ।

? भारत ने नवंबर 2021 में ही गैर-जीवाश्म ईंधन से 40% स्थापित विद्युत क्षमता का लक्ष्य हासिल कर लिया है ।

? विश्व स्तर पर भारत पवन ऊर्जा क्षमता में चौथे और सौर ऊर्जा क्षमता में 5 वें स्थान पर है ।

? भारत की बिजली-उत्पादन क्षमता 22% बढ़ी है और Renewable energy capacity 2022 तक पांच वर्षों में लगभग दोगुनी हो गई है ।

इसके अलावा, MSMEs क्षेत्र भारत में रोजगार का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है । 2 अगस्त, 2023 तक, उद्यम पंजीकरण पोर्टल ने बताया कि 1 जुलाई, 2020 और 1 अगस्त, 2023 के बीच पंजीकृत MSMEs में कार्यरत व्यक्तियों की कुल संख्या प्रभावशाली 12,36,15,681 (12 करोड़) थी ।

MSMEs निर्दिष्ट उत्पादों के निर्यात में भी एक समान पैटर्न दिखा । Directorate General of Commercial Intelligence and Statistics के डेटा से संकेत मिलता है कि भारत के कुल निर्यात में एमएसएमई उत्पादों की हिस्सेदारी 2022-23 में 43.6% थी । जैसा कि Mr. बनर्जी ने MGNREGA का सवाल उठाया तो मैं उनको बताना चाहता हूं कि-

Bengal under MGNREGA were stopped following audit objections by the CAG as the state had failed to submit utilisation certificates. there was no discrimination against any state as disbursement of funds were as per guidelines of the finance commission and audit reports of the Comptroller and Auditor General (CAG).

? The delay in payment of wages are due to implementation issues in the states which include inadequate staffing, measurement, data entry, generation of wage list, Fund Transfer Order (FTO), etc. In case of delay in wage payment, the beneficiary is entitled for delay compensation as per the provisions,the last financial year till October 2023, 99.12% pay orders have been generated within 15 days.

मैं अपने इन्हीं शब्दों के साथ इस बजट का पूर्ण रूप से समर्थन करता हूँ ।

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) : बजट भाषण पर मुझे विचार व्यक्त करने का मौका देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

बहुत ही खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि बजट भाषण में किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों, निम्न वर्ग, मध्यम वर्ग और नौकरी पेशा वर्ग एवं संविदा कर्मचारियों और छोटे एवं सीमांत व्यापारियों तथा समाज के निचले और वंचित तबके के लोगों के कल्याण के लिए और उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कोई विशेष प्रावधान इस बजट में नहीं किया गया है ।

इस बजट भाषण में उत्तर प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए कोई विशेष पैकेज की व्यवस्था नहीं की गई है । राप्ती नदी जो नेपाल से निकल कर मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और बलरामपुर आकांक्षी जिलों से होते हुए

सिद्धार्थनगर गोरखपुर को होकर बहती है, जिसमें लगभग हर साल बाढ़ आने के कारण आस-पास के क्षेत्रों में लोगों को भारी जान-माल का नुकसान होता है ।

पिछले हफ्ते राप्ती नदी में आए भीषण जल सैलाब के कारण सैकड़ों गाँव तबाह हो गए हैं । किसानों की सारी फसलें बर्बाद हो गई हैं । धान की नर्सरी, गन्ना एवं अन्य कई फसलें नष्ट हो हो गई हैं । किसान धान की बुवाई भी नहीं कर पा रहे हैं । बाढ़ में डूबने के कारण कई लोगों की जानें भी चली गई हैं और कई लोगों के घर पानी मे बह गए हैं जिसका बजट भाषण में कहीं कोई जिक्र नहीं है । सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए और बाढ़ के कारण जिन लोगों की जानें चली गई हैं, उनके परिवार को कम से कम 10-10 लाख रुपये सहायता राशि के रूप में दिए जाने चाहिए ।

इस बजट में MSP गारंटी कानून लाने के बारे में और किसानों के बकाया कृषि लोन को माफ़ करने के सम्बंध में कहीं भी कोई भी जिक्र नहीं किया गया है । आज देश का किसान बहुत परेशान है । कितने किसान रोजाना आत्महत्या करने को मजबूर हैं । सरकार को किसानों के हितों की रक्षा के लिए MSP गारंटी कानून लाना चाहिए था, साथ ही किसानों के बकाया कृषि लोन को माफ किया जाना चाहिए था । कृषि उपकरणों में लगने वाले टैक्स पर 100% छूट देने के साथ-साथ बिजली किसानों को सिचाई के लिए फ्री बिजली देने की व्यवस्था की जानी चाहिए थी । कृषि मे उपयोग होने वाले खाद, यूरिया, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम, जिंक, डी०ए०पी० आदि के दाम आसमान छू रहे है । सरकार ने यूरिया बैग जो पहले 50 किलो का आता था, घटाकर 40 किलो कर दिया लेकिन उसके दाम मे कोई कमी नहीं की और न ही इसका बजट में कहीं भी कोई जिक्र किया गया है.

बजट भाषण मे सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना को लेकर कहीं कोई जिक्र नहीं किया गया है । वर्तमान समय में समाज के सबसे निचले तबके और वंचित वर्ग के लोगों को, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को, समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए और देश से बेरोजगारी को दूर करने के लिए सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना कराना आवश्यक है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में वास्तव में जो पात्र लाभार्थी हैं, उनकी पहचान कर उनके अनुरूप संसाधनों की व्यवस्था और नीति का निर्धारण किया जा सके और जिससे उनको इसका सीधे लाभ मिल सके, लेकिन बजट भाषण में इसका कोई जिक्र नही है ।

शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है । बढ़ती कमरतोड़ महंगाई के दौर में बच्चों की शिक्षा आज बहुत ही महंगी हो गयी है । हमारा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और जनपद बलरामपुर जो आकांक्षी जिलों के अंतर्गत आता है, जो शिक्षा के मामले में बहुत पिछड़ा क्षेत्र है, के साथ-साथ पूरे देश में बच्चों के लिए फ्री शिक्षा व्यवस्था लागू करने और उच्च शिक्षा में सुधार करने की ओर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है ।

जिस तरीके से देश में मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 237 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दी जाती है, वह आज की कमरतोड़ महँगाई के दौर में ऊंट के मुंह में जीरा के समान है । मनरेगा मजदूरों की 100 दिन की रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 365 दिन किया जाना चाहिए था और उन्हें मिलने वाली दैनिक मजदूरी को 237 रुपए से बढ़ाकर कम से कम 400 रुपए प्रतिदिन की जानी चाहिए थी, जिसका इस बजट भाषण मे कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है.

बजट भाषण में सांसद निधि बढ़ाने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है । हम सब यह जानते हैं कि लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का दायरा विधान सभा से बहुत जायदा होता है । अमूमन एक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत करीब 5 से 7 विधान सभा क्षेत्र आते हैं । प्रत्येक सांसद को क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिवर्ष 5 करोड़ रुपए

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत मिलते हैं, जो बहुत ही कम हैं । जबकि उत्तर प्रदेश में विधायक को विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए सांसद के बराबर ही 5 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष मिलते हैं । उक्त निधि से सांसद एक विधान सभा में केवल एक किलो मीटर तक ही सड़क बनवा सकता है । इस तरह वह साल भर में केवल 5 किमी ही सड़क बनवा सकता है । ऐसे में इतने बड़े संसदीय क्षेत्र का विकास कैसे हो पायेगा? इसलिए सरकार को सांसद निधि बढ़ाने पर विचार करना चाहिए ।

बजट भाषण में सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने के लिए कहीं कोई जिक्र नहीं किया गया है । सरकार से मेरी मांग है कि कर्मचारियों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा हेतु पुरानी पेंशन व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल किया जाए ।

इस बजट ने समाज के सभी वर्गों को निराश किया है । यह बजट असल में सरकार बचाओ बजट है । मैं और हमारी पार्टी इस बजट का विरोध करते हैं ।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : मैं वर्ष, 2024-25 के लिए प्रस्तुत बजट पर अपने विचार रखता हूं।

मैं सर्वप्रथम माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय वित्तमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूँ कि उन्होंने मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा को शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में विश्व के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए बजट में घोषणा करने का काम किए हैं । मा.वित्त मंत्री जी बिहार के लिए बजट प्रस्तुत करते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उल्लेख किए हैं और इसके लिए बिहार को करीब 58 हजार 900 करोड़ रु. के आबंटन का प्रावधान किया है, जो कि बहुत ही सराहनीय है । इससे बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को गति मिलेगा । सड़क परियोजनाओं में पटना- पूर्णियां और बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे एवं बोधगया?राजगीर-वैशाली और दरभंगा को जोड़ने वाले परियोजनाओं के लिए करीब 26 हजार करोड़ रू., बिहार में बाढ़ से बचाव के लिए कई परियोजनाओं के लिए करीब 12 हजार करोड़ रु., भागलपुर के पीरपैंती में 2400 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए करीब 21 हजार 400 करोड़ रू. का प्रावधान करने के लिए मा.वित्तमंत्री जी को मैं धन्यवाद देता हूँ ।

माननीय प्रधानमंत्री जी पिछले महीने नालंदा विश्वविद्यालय के नये कैम्पस का उद्घाटन किए थे । अब बजट में भी इसका उल्लेख है और सरकार ने इसे टूरिज्म सेंटर की तरह विकसित करने की घोषणा किया है ।

नालंदा एक पौराणिक और ऐतिहासिक नगरी है । यहाँ हिन्दू, जैन और बौद्ध धर्म के अनुयायियों का तीर्थस्थल माने जाने वाले राजगीर को भी ग्लोबल टूरिज्म सेंटर के तौर पर विकसित करने का प्रावधान किया गया है । बिहार के महाबोधी मंदिर और विष्णुपद मंदिर को काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की गई है । बिहार में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने की घोषणा की गई है । गंगा नदी पर दो पुल निर्माण की घोषणा हुई है । बिहार में नए मेडिकल कॉलेज और कई एयरपोर्ट बनाये जाने का प्रावधान किया गया है । बिहार के गया में अमृतसर-कोलकता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने का प्रस्ताव किया गया है ।

यह दर्शाता है कि केन्द्र सरकार बिहार राज्य के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए उत्सुक है, क्योंकि नीति आयोग की कई रिपोर्टस यह साफ-साफ दर्शाता है कि बिहार के विकास के लिए वहाँ विशेष प्रावधान की आवश्यकता है । इन्हीं सब कठिनाइयों के मद्देनजर हमारे नेता और माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने 2005 से ही बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का आग्रह करते आ रहे हैं । किन्तु यह आश्चर्य की बात है कि जिन मापदण्डों का हवाला दिया जा रहा है और 30 मार्च, 2012 के अन्तर मंत्रालयी समूह की बातें, सब बिहार के

लिए अन्यायपूर्ण लगता है । नीति आयोग की एसडीजी रिपोर्टस एवं एनडीसी के मापदण्ड चार एवं पाँच क्या बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए सक्षम आधार नहीं बनता है ।

बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए, बिहार के आर्थिक प्रगति के लिए, बिहार के युवाओं को रोजगार के लिए, बिहार में औघोगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए, बिहार में प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए, बिहार के उत्थान के लिए, बिहार के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए, बिहार को देश के अन्य विकसित राज्यों के समकक्ष लाने के लिए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का प्रावधान ही एक मात्र उपाय है ।

यह बजट विकसित भारत की ध्येय प्राप्ति का आधार बनकर हर भारतीय की अपेक्षाओं व आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला साबित होगा ।

2024-25 का कुल बजट करीब 47,65,768 करोड़ रू. का है, जिसमें मुख्य रूप से कृषि एवं किसानों के कल्याण के लिए 1 लाख 51 हजार 851 करोड़ का आबंटन, शिक्षा करने वाला बजट है । यह बजट किसानों, महिलाओं, गरीबों, युवाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान पर केन्द्रित है । नई टैक्स व्यवस्था में स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50 हजारसे 75 हजार रुपये, मुद्रा लोन को दस लाख से 20 लाख रुपये और 30 लाख युवाओ को कौशल लाख युवाओं को कौशल विकास के लिए 2 लाख करोड़ का पैकेज देने का निर्णय ऐतिहासिक है ।

एक लाख 25 हजार 638 करोड़ का आबंटन स्वास्थ्य के क्षेत्र के विकास के लिए, 19 हजार 227 करोड़ का आबंटन रक्षा के लिए, 6 लाख 21 हजार का आबंटन सड़क परिवहन और राजमार्ग के लिए, 2 लाख 78 हजार का आबंटन रेलवे के लिए, 2 लाख 55 हजार 393 करोड़ गृह मंत्रालय को, 2 लाख 19 हजार 644 का आबंटन ग्रामीण विकास के लिए, 1 लाख 80 हजार 244 करोड़ का आबंटन अहम योजनाओं के लिए जैसे मनरेगा योजना को 86 हजार, पीएमजीएसवाई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 19 हजार करोड़ का आबंटन हुआ है ।

मेरा मानना है कि मनरेगा जो ग्रामीण मजदूरों के लिए बैकबोन का काम करती है, उसमें पिछले साल के समान ही आबंटन हुआ है । इसे मा. वित्तमंत्री जी कुछ बढ़ाने का काम करेंगी, तो देश में मजदूरों को अधिक कार्य दिवस का सृजन हो सकता है । इससे ग्रामीण क्षेत्र में मजदूरों के आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होगा ।

कृषि क्षेत्र को 1 लाख 52 हजार करोड़ के आबंटन, जो पिछले वर्ष से करीब 21.6 प्रतिशत अधिक है, इससे करीब 6 करोड़ किसानों को जानकारी के लिए लैंड रजिस्ट्री पर खर्च होगा और 5 राज्यों में नये किसान क्रेडिट कार्ड जारी होगा । सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक करोड़ घरों को 300 यूनिट तक हर महीने फ्री बिजली से देश के आम नागरिकों को काफी राहत मिलेगी ।

मैं अपने क्षेत्र की कुछ मांगों को माननीय वित्तमंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ । माननीय वित्त मंत्री जी ने जम्मू-कश्मीर के 2024-25 के लिए कुल 42,277.74 करोड़ रू. आबंटित किए हैं । जम्मू-कश्मीर वर्तमान में केन्द्र शासित प्रदेश है । केन्द्र सरकार उसके सभी संसाधानों की कमी को पूरा कर रही है । राज्य के आपदा प्रबंधन कोष में 279 करोड़ रू. आबंटन का प्रावधान है । केन्द्र सरकार 624 मेगावाट की कीरू जल विद्युत परियोजना के लिए 130 करोड़ अनुदान का प्रावधान किया गया है । और 800 मेगावाट की रतले जल विद्युत परियोजना को पूरा करने के लिए 500 करोड़ का प्रावधान है । 540 मेगावाट के डब्लूआर के लिए भी 171.23 करोड़ रू.के अंशदान का प्रावधान है । इस प्रकार जम्मू-कश्मीर में अतिरिक्त विद्युत उत्पादन से राज्य को अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी । जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था में सुधार है । छिट-पुट घटनाओं को छोड़कर वहाँ अमन-चैन कायम करने में केन्द्र सरकार सफल होती दिख रही है । युवा भी अब मेन स्ट्रीम में आने लगे हैं ।

अलगाववादियों का सफाया हुआ है । स्थानीय लोग चिन्हित अलगाववादियों को धरपकड़ करवाने में सहयोग दे रहे हैं ।

आशा है कि वहाँ की जनता को एक चुनी हुई सरकार अतिशीघ्र मिलेगी और इसके लिए अभी अनुकूल समय है कि जम्मू-कश्मीर में अविलम्ब राज्य का चुनाव हो । वहाँ राज्य सरकार की पुनः बहाली हो । आशा है, सरकार जल्द से जल्द इस दिशा में कार्य करेगी । धन्यवाद ।

श्रीमती संध्या राय (भिण्ड) : आपने मुझे इस स्वर्णिम बजट के विषय पर विचार व्यक्त करने का मौका दिया जिसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं । यह विकसित भारत का स्वर्णिम बजट है। पिछले 10 साल से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश को तेज गति प्राप्त हुई है, जो कि पिछले 60 साल में भी किसी सरकार ने कल्पना भी नहीं की होगी । आज हमारा भारत विश्व पटल पर ऊंचा स्थान प्राप्त करने की ओर अग्रेषित हो रहा है । आज पूरा विश्व देख रहा है जिस प्रकार विश्व प्रसिद्ध आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों की ओर जा रहा है चाहे वह सुरक्षा की दृष्टि हो आर्थिक मजबूती हो या फिर गरीब उत्थान हो या महिला सम्मान सभी प्रकार से आज भारत देश अव्वल स्थान पर हैं । साल 2024-25 का जो बजट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आदरणीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश किया गया है । यह स्वर्णिम बजट भारत देश को और तेजी से गति प्रदान करेगा । इस बजट में देश के अंतिम व्यक्ति तक को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है यह बजट विद्यार्थी, महिला उत्थान, बुजुर्गों, कर्मचारियों, गरीबों और बेरोजगारों के हित को देखते हुए बनाया गया है । इस बजट से यह साफ हो गया कि देश एक सुरक्षित हाथों में है । आज देश का एक-एक नागरिक भारत देश पर गर्व करता है और अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है । यह बजट मोदी जी की गारंटी पूरी होने का प्रमाण है, इस बजट पर टीका टिप्पणी करने वालों से मैं एक सवाल करना चाहती हूं, कि जिस प्रकार उनके कार्यकाल में देश को भयंकर स्थिति और एक डर का माहौल आपातकालीन लगाकर किया गया सरेआम कत्लेआम हुए, संविधान की धज्जियां उड़ाई गई उस इतिहास को जानते हुए भी आज इस स्वर्णिम बजट पर देश को भ्रमित क्यों किया जा रहा है?

देश को मोदी जी की गारंटी पर पूरा विश्वास है । आज बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और स्मार्ट सिटी एवं सड़क निर्माण जैसे की नेशनल हाईवे पूरा देश जानता है कि जिस प्रकार तेज गति से नेशनल हाईवे के काम चल रहे हैं और कई ऐसे बड़े-बड़े नेशनल हाईवे बनाकर तैयार किए गए हैं, जिससे एक राज्य को दूसरे राज्य से जोड़ा गया है इस बजट में विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसका बजट 2 लाख करोड रुपए की राशि तय की गई है, जिससे देश के चार करोड़ से अधिक युवाओं को आने वाले 5 वर्षों में लाभ पहुंचेगा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिसमें हमारे गरीब भाइयों-बहनों को मुफ्त राशन प्रदान किया जाएगा इससे 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ पहुंचेगा कौशल प्रशिक्षण की एक नई योजना के माध्यम से 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा । इससे कई लाख युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा और कौशल प्रशिक्षण ऋण के माध्यम से साढे सात लाख रुपए तक की ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे प्रतिवर्ष 25000 छात्रों को सहायता मिलेगी शिक्षा को बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने एक गारंटी सुनिश्चित की है जिसके माध्यम से छात्रों को 10 लाख रुपए तक का ऋण की सहायता प्रदान की जाएगी ।

हमारी सरकार, किसान, युवाओं, महिलाओं, गरीबों और पिछड़ों के चहुंमुखी सर्वव्यापी तथा सर्व समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है । हमारी सरकार पूरे दृढ़ संकल्प के साथ सामाजिक न्याय एवं शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देश के अंतिम नागरिक तक पहुंचाने का कार्य कर रही है । पीएम आवास योजना के माध्यम से सरकार ने पिछले 10 साल में लगभग साढ़े चार करोड़ घर बनाएं गए है और इस योजना के माध्यम से अन्य तीन करोड़ घर

बनाने की घोषणा की गई है । मोदी जी की गारंटी का यह स्वर्णिम बजट देश के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने में कामयाब होगा । धन्यवाद । **SHRI KOTA SRINIVASA POOJARY (UDUPI CHIKMAGALUR):** Thank you very much for giving me an opportunity to express my views on the Union Budget, 2024-25.

On behalf of my Party, I support the Union Budget. The intent of the Budget is aimed at driving India?s economic growth and progress. The Budget has introduced a framework with nine priorities, which seems to be developing priorities of the country. An important focus of the Budget is simplification and rationalisation of the tax service, which means ease of doing business in the country in various sectors, which is the need of the hour. While the budgeted spending on infrastructure, rural and agriculture has remained same as Interim Budget, it maintains a fine balance between improving efficiency in agriculture, supporting the rural economy and keeping the focus intact on infrastructure spending given the limited time left in the current fiscal year. The Government managed to strike a fair balance between fiscal prudence and growth. The Budget has aimed to strike a fine balance between fiscal prudence and growth impetus. The Budget has focused on continuing SIP ? Sustainable development, Inclusive growth, and Prudence (fiscal consolidation). From infrastructure to education, the Budget focused on four major categories: farmers, poor, women, and youth. The FM also announced reforms in the new tax regime.

The full Budget for FY 2025 signals policy continuity and retains focus on fiscal consolidation. It also underscores the Government?s key focus areas which are fiscal prudence, job creation, infrastructure capital expenditure (capex), and simplification of the tax regime.

The fiscal deficit for FY 2025 was pegged at 4.9 per cent, well below the 5.1 per cent target presented in the Interim Budget in February 2024. The Government has judiciously used available fiscal headroom from the higher-than-expected RBI dividend and strong tax collections to increase expenditure in key sectors such as agriculture and labour, while simultaneously accelerating fiscal consolidation. Further, the Government has also laid out a credible plan to achieve an even lower fiscal deficit of 4.5 per cent of GDP by FY 2026. The projected decrease in Government borrowing, combined with the ongoing inflows related to India?s bond index inclusion, is positive for fixed-income markets and will help reduce borrowing costs across the economy.

The Budget had a strong focus on employment generation with measures including a wage incentive for first-time employees entering the formal sector, three new schemes for job creation, and support for the MSME and agri sectors, which are large employment generators. There was also an emphasis on skilling with the announcement of a plan to skill two million youth, an internship programme for young students, and an annual interest subvention scheme of three per cent for 1,00,000 students.

Several support measures were announced for the MSME sector, which accounts for about 30 per cent of GDP and provides employment to over 120 million Indians. The measures include credit guarantee schemes, doubling of the Mudra loan limit, as well as guaranteed funding for stressed companies. Further, COVID related learnings from the ECLGS ? a scheme that benefitted 119 million MSMEs and CGTMSE ? have been incorporated.

On individual income tax, a higher standard deduction and expansion of slabs were announced, both applicable under the new simplified tax regime. These will provide a fillip to household consumption while spurring higher adoption of the new simplified tax regime. Abolishing the angel tax is a very progressive step and will encourage new investments in the startup sector.

On the sustainability front, the announcement to set up the Critical Mineral Mission for domestic production, recycling of critical minerals, overseas acquisition of critical mineral assets, and the exemption of customs duties on 25 critical minerals, will ensure access to strategic rare earth supplies, and help achieve net-zero emission targets.

As regards employment, three schemes to promote employment and increase workforce participation were announced. These will provide: (i) wage support up to Rs. 15,000 to first time employees registered with EPFO, (ii) incentives to employees and employers in the manufacturing sector for their EPFO contributions, and (iii) reimbursement of up to Rs. 3,000 per month for employer EPFO contributions, per new employee for two years.

With regard to skilling, a scheme to upskill 20 lakh youth over five years will be launched. Under this, 1,000 Industrial Training Institutes will be upgraded to meet the skilling needs of the industry. Another scheme to provide internship opportunities for one crore youth in 500 top companies has been announced. Under this, a monthly allowance of Rs. 5,000 and a one-time assistance of Rs. 6,000

will be provided to the beneficiaries. Companies can bear the training cost and ten per cent of the internship cost from their CSR funds.

Regarding assistance to States, plan will be formulated to enhance human resources, infrastructure and economic opportunities in Bihar, Jharkhand, West Bengal, Odisha, and Andhra Pradesh. Financial support of Rs. 15,000 crore will be provided to Andhra Pradesh for a new capital this year.

As regards MSMEs, credit guarantee scheme for MSMEs in the manufacturing sector has been announced. It will facilitate term loans for purchasing machinery and equipment without collateral or guarantee. A Self-Financing Guarantee Fund will be constituted to provide guarantee cover up to Rs. 100 crore. The limit of Mudra loans will be increased from Rs. 10 lakh to Rs. 20 lakh, for entrepreneurs who have availed and paid loans previously.

With regard to energy, a roadmap will be designed for industries with high carbon dioxide emissions, setting emission targets for them. Investment towards emerging technologies in nuclear energy will be made in collaboration with the private sector.

As regards agriculture, existing agricultural research setup will be reviewed with a focus on raising productivity and developing climate resilient crops. Vegetable production clusters near major consumption centres will be established. A National Policy will be drafted for development of the cooperative sector.

With regard to urban and rural development, a transit-oriented development plan will be formulated for 14 large cities with a population over 30 lakhs. States charging high stamp duties will be encouraged to reduce them, and further lower them for women buying property. Three crore additional houses will be built under PM Awas Yojana (PMAY) in rural and urban areas.

In 2024-25, the top 13 Ministries in terms of allocations account for 54 per cent of the estimated total expenditure. Of these, the Ministry of Defence has the highest allocation in 2024-25, at Rs. 6,21,941 crore. It accounts for 13 per cent of the total budgeted expenditure of the Central Government. Other Ministries with high allocation include: (i) Road Transport and Highways (5.8 per cent of total expenditure), (ii) Railways (5.3 per cent), and (iii) Consumer Affairs, Food and Public Distribution (4.6 per cent).

As regards food subsidy, allocation for food subsidy is estimated at Rs. 2,05,250 crore in 2024-25, a 3.1 per cent decrease over the actual expenditure in 2023-24. A higher level of food subsidy was budgeted in 2021-22 and 2022-23. This was mainly on account of PMGKAY, which provides free additional foodgrains to eligible beneficiaries to mitigate the impact of COVID.

With regard to fertiliser subsidy, expenditure on fertiliser subsidy is estimated at Rs. 1,64,000 crore in 2024-25. This is a decrease of Rs. 25,488 crore (13.5 per cent) from the actual expenditure in 2023-24. Fertiliser subsidy was increased substantially in 2022- 23 due to a sharp increase in the international prices of raw materials used in the manufacturing of fertilisers.

The Government also provides subsidies for LPG and various schemes. In 2024- 25, Rs. 10,000 crore has been allocated to the Price Stabilisation Fund under the Department of Consumer Affairs. This fund is utilised for maintaining buffer stocks of pulses, onions, and potatoes.

MGNREGS has the highest allocation in 2024-25 at Rs. 86,000 crore. This amount is the same as the Revised Estimate for 2023-24.

The Pradhan Mantri Awas Yojana (PMAY) has the second highest allocation in 2024-25 at Rs. 84,671 crore, an increase of 56.5 per cent over the Revised Estimate of 2023-24. In 2023-24, expenditure for the scheme is expected to be lower by 32 per cent as compared to the Budget Estimates. This was mainly on account of the rural component falling short of original plans. The allocation for 2024-25 is Rs. 5,038 crore (6.4 per cent) more than the Budget Estimates for 2023-24 on account of a higher allocation to the urban component of the scheme.

The Jal Jeevan Mission has the third highest allocation in 2024-25 at Rs. 70,163 crore, an increase of 0.2 per cent over the Revised Estimate of 2023-24.

PM KISAN has been allocated Rs. 60,000 crore in 2024-25, which is the same as the Revised Estimate of 2023-24.

Programmes for the welfare of women and children have been allocated Rs. 4,37,079 crore in 2024-25, an increase of 18.5 per cent over the Revised Estimate of 2023-24. These allocations include programmes being implemented across all Ministries.

Allocation towards the welfare of women is expected to increase due to a higher allocation towards the Pradhan Mantri Awas Yojana. Under the Awas Yojana, the female head of the family must be the owner or co-owner of the house.

Allocation towards the welfare of children is expected to increase due to a higher allocation towards school education.

Women, youth and farmers have been given a future in this nation. At the same time, confidence level to the people of India has been given on the infrastructure of the country. We say, ?If a boy is educated, we get an educated man. But, if a girl is educated, we get an educated family.? The Budget gives women skill development, hostel creations, market access for self-help groups. Allocation of Rs. 3 lakh crore to the women-led development schemes shows the commitment of the Government. When it comes to the youth of the country, the youth today consist of a large population, waiting to be tapped properly in this country. I welcome the announcement to increase the amount of education loans and skill development loans to the youth. Especially, the internship scheme for one crore young men and women will go a long way to meet their hopes and aspirations. I would again like to say that the backbone of the country is the farmers. Farmers provide us food every day. There has been a special place for the farmers in the successive Budgets of the NDA Government. This is to encourage farmers. According to the Budget, one crore farmers are going to adopt organic farming. It means we will get healthy and nutritious food free from chemicals.

The various initiatives like augmenting vegetable production and digital surveys of agricultural process at an estimated allocation of more than Rs. 1.5 lakh crore show continued encouragement to farmers.

Lastly, I come to infrastructure. Ever since the NDA Government, under the leadership of our hon. Prime Minister, has come to power at the Centre, investments in infrastructure have witnessed a big push. This year also, the allocation for infrastructure development is Rs. 11.11 lakh crore, which is commendable. Especially, for agricultural produce to reach the markets and for our industries to function efficiently, capacity augmentation, infrastructural facilities like roads, ports and highways are the need of the hour. The assurance of viability gap funding for private investments in infrastructure, I would say, is a step for promoting economic development.

To conclude, this Budget has shown the Government?s strong commitment to policy continuity, job creation, and infrastructure thrust, while maintaining fiscal prudence. Finally, while appreciating the Finance Minister for bringing out the schemes and programmes which are for the benefit of the country as a whole without regional discrimination, I would also like to mention that this third time successful NDA Government, getting people?s support in the country, has shown a roadmap for the country?s future. I thank the hon. Prime Minister, the Finance Minister, and the Central Government for giving hope to the countrymen. Thank you very much.

डॉ.श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) : मैं बजट 2024-25 पर अपने विचार रखने का अवसर देने के लिए मैं आपका हृदय से आभारी हूं ।

सबसे पहले, मैं देशवासियों का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार को ऐतिहासिक तीसरी बार भारत माँ की सेवा का अवसर दिया है । साथ ही मैं माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को हार्दिक बधाई देता हूं, जिन्होंने न केवल एक ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया है बल्कि 6 पूर्ण बजट प्रस्तुत करने वाली पहली महिला वित्त मंत्री बन मातृशक्ति की एक अनूठी मिसाल पेश की है । हमारे देश में women led development को प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बढ़ावा मिल रहा है ।

यह बजट 2047 के विकसित भारत के हमारे संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । यह बजट सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रावधान करता है । यह हमारे देश के हर वर्ग - गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी, मजदूर, व्यापारी, उद्योगों के वृद्धि व सभी के हितों का ध्यान रखता है ।

मैं Maharashtra का प्रतिनिधित्व करता हूं, जहां हमारी डबल इंजन सरकार विकास के नए मापदंड स्थापित कर रही है । चाहे वह निवेश हो, हाईवे हो, एक्सप्रेसवे हो, स्टार्टअप्स हो या बेहतर कानून व्यवस्था - हर क्षेत्र में Maharashtra आज अग्रणी भूमिका निभा रहा है ।

आज, विश्व के प्रमुख देश, चाहे वह अमेरिका हो, रूस हो या यूरोपीय राष्ट्र हों, सभी भारत में हो रहे विकास की सराहना कर रहे हैं । भारत का डंका विश्वभर में गूंज रहा है और यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है । purchasing power parity के संदर्भ में विश्व जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी लगभग 10% है । यही नहीं, पीपीपी के संदर्भ में जीडीपी के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है । अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2023 में 2.5% से घटकर 2024 में 1.4% रहने की उम्मीद है, दूसरी तरफ चीन में विकास दर 2024 में 4.7% तक रहने की उम्मीद है और एक तरफ भारत है जो 2024 में 6.2% की दर से बढ़ने की ओर अग्रसर है ।

हमारी सरकार देश के हर कोने में विकास पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है । चाहे वह Infrastructure क्षेत्र हो, रक्षा क्षेत्र हो, स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो या शहरी विकास हो हमारा संकल्प है कि हर क्षेत्र में सरकार अपनी योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक नागरिक तक लाभ पहुंचाए ।

जनता से वादा कर पूरा ना करना एक भष्टाचार है और लोकतंत्र के लिए एक ख़तरा है 2004 से 2014 तक हुए विकास कार्यों की तुलना में हमारी सरकार ने 2014 से 2024 के दशक में कई गुना अधिक प्रगति की है । हमारी सरकार अपने वादों को एक मिशन की तरह पूरा करने में दृढ़ विश्वास रखती है ।

यह बजट न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव को दर्शाता है, बल्कि भविष्य के लिए एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करता है ।

सबसे पहले, मैं हमारी अर्थव्यवस्था की अभूतपूर्व प्रगति की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । 2014 में, जब मोदी सरकार ने कार्यभार संभाला, हम विश्व की 10 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थे । आज, 2024 में, हम गर्व से कह सकते हैं कि हम 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं । यह उपलब्धि कोरोना महामारी और Geo-Political चुनौतियों के बावजूद हासिल की गई है।

यह गर्व की बात है कि भारत के कुल बजट आकार में पिछले एक दशक में तीन गुने की वृद्धि हुई है । 2013-14 में, हमारा कुल बजट आकार लगभग ₹16.65 लाख करोड़ था । आज, 2024-25 में, यह बढ़कर ₹48.21 लाख करोड़ हो गया है । यह वृद्धि न केवल हमारी

अर्थव्यवस्था के आकार में विस्तार को दर्शाती है, बल्कि यह हमारी सरकार की दूरदर्शी नीतियों और सुधारों का भी परिणाम है ।

सरकार के खर्च में Capital Expenditure (जैसे बड़े निर्माण कार्य या मशीनें खरीदना) का हिस्सा 2004 में 31% से घटकर 2014 में 16% हो गया था । लेकिन अच्छी बात यह है कि Capital Expenditure 2014 से 2024 के बीच यह खर्च पांच गुना बढ़ गया ।

2013-14 में पूंजीगत खर्च 1.9 लाख करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में बढ़कर 9.5 लाख करोड़ रुपये हो गया ।

2010 से 2014 के बीच कुल खर्च में पूंजीगत खर्च का हिस्सा औसतन 12% था । 2015 से 2024 के बीच यह बढ़कर 14.5% हो गया, और पिछले पांच सालों में यह और बढ़कर 15.8% हो गया ।

कोरोना महामारी के कारण सरकार को सिर्फ 8 साल काम करने का मौका मिला, लेकिन इस दौरान भी देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का काम किया गया । महामारी के दौरान हमारी अर्थव्यवस्था कई विकसित देशों से भी ज़्यादा स्थिर थी ।

हमारी सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है inclusive growth के साथ साथ भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना । भारत की

अर्थव्यवस्था अभी 3.1 ट्रिलियन डॉलर की है । आज़ादी के बाद से भारत को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 60 साल लग गए, 1 ट्रिलियन से 3.1 ट्रिलियन तक का सफर हमने सिर्फ 10 सालों में पूरा किया, जिसमे 2 वर्ष कोरोना महामारी के भी थे ।

बढ़ती हुई रफ़्तार के कारण भारत अगले 14-15 सालों तक हर दो साल में अपनी अर्थव्यवस्था में औसतन 1 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है । सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च (CEBR) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2035 तक दस ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा ।

वित्तीय स्थिरता हमारी प्राथमिकता रही है । मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमारा Fiscal Deficit, जो वित्त वर्ष 21 में 9.2% था, वित्त वर्ष 24 में घटकर 5.6% हो गया है । 2024-25 के बजट में, हम इसे और

कम करके 4.9% तक लाने का लक्ष्य रखते हैं । और हमारा पहले का जो ट्रैक रिकॉर्ड रहा है उसी के आधार पर विश्वास के साथ इसे पूरा करेंगे और भारत की अर्थव्यवस्था को और stable बनाएंगे ।

हमारे प्रधानमंत्री का ये सपना है की हर गरीब के पास अपना मकान हो । वह न केवल सबके लिए घर बनवा रहे, बल्कि एक सम्मानपूर्वक जीवन भी दे रहे है । देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त घरों की घोषणा 2024-2025 के केंद्रीय बजट में की गई है ।

अगले पांच वर्षों में 2.2 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता के साथ पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के माध्यम से 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवास जरूरतों को पूरा करेगी और अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा ।

इन मकानों के साथ साथ राशन, जल बिजली स्वास्थ्य, सौर ऊर्जा पर भी ध्यान दिया जा रहा है । प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब भारत सरकार 1 करोड़ लोगों के घरों में रुफ टॉप सोलर पैनल भी लगा रही है । यह हमारे green energy और infrastructure के प्रति जो प्राथमिकता है उसका प्रमाण है ।

माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में सभी राज्यों से आग्रह किया कि वे रियल एस्टेट स्टांप ड्यूटी को कम करें, विशेष रूप से महिलाओं के लिए । इस पहल का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिससे कई शहरों में महिलाओं को मदद मिलेगी और वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगी

हाल के वर्षों में, भारत की रियल एस्टेट क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है, विशेषकर RERA (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) कानून के लागू होने के बाद । इस कानून ने घर खरीदारों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया है, उनको एक भरोसा दिया है और रियल एस्टेट उद्योग में निवेश को बढ़ावा भी मिला है । पहले की सरकारों की तुलना में, अब परियोजनाएं समय पर पूरी हो रही हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर सेवा मिल रही है जिसके कारण भारत वैश्विक रियल एस्टेट पारदर्शिता सूचकांक में 36 वें स्थान पर पहुंच गया है ।

2024 की पहली तिमाही में चीन में रियल एस्टेट निवेश, 2023 की पहली तिमाही की तुलना में 9.5% घटकर 2.2 ट्रिलियन युआन (लगभग 0.31 ट्रिलियन डॉलर) रह गया । वहीं, भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी संस्थागत निवेश 2017 से 2022 के बीच तीन गुना बढ़कर 26.6 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया और अब मोदी 3.0 में 2025 तक रियल एस्टेट क्षेत्र के जीडीपी में योगदान को 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 13 प्रतिशत करने का है । यह foreign investors का भारत की सरकार और उनकी नीतियों में अटूट विश्वास का प्रतीक है ।

हमारी सरकार के नीतियों के कारण रियल स्टेट के क्षेत्र में Black Money का प्रचलन कम हो गया है और साथ ही Metro के साथ साथ non Metro City में भी तेज़ी से विकास हो रहा है । **श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) :** मैं माननीया वित्त मंत्री जी द्वारा 22 जुलाई 2024 को सदन में पेश बजट का पुरजोर समर्थन करती हूं । मैं सबसे पहले माननीया वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को हृदय से बधाई देती हूं कि वह स्वतंत्र भारत की पहली वित्त मंत्री हैं जिसने सातवीं बार लगातार बजट पेश किया है ।

यह बजट देश के गरीबों, युवाओं, किसानों ,महिलाओं एवं समस्त देशवासियों को समर्पित है और उनके सपनों को साकार करने वाला है । इस वर्ष माननीया वित्त मंत्री जी ने 48 लाख करोड रुपए से अधिक के व्यय का बजट प्रस्तुत किया है ।

आज देश में आर्थिक मंदी का दौर है और पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्था मंदी से प्रभावित है ,जहां बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है । लेकिन हमारे यह यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी की सूझबूझ का नतीजा है कि भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही है जहां हम 2012 में विश्व की 40 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी वहीं आज हम विश्व को सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था हैं और हम जल्दी ही पांच ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को हासिल कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे ।

मैं यह कहूंगी कि मौजूदा परिस्थितियों में माननीया वित्त मंत्री जी द्वारा बहुत अच्छा बजट पेश किया गया है बजट में ऐसी कोई बात नहीं कही गई है जिससे कि किसी को हानि हो उन्होंने पूंजीगत व्यय रखने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता जताई है और अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहित करने के प्रयास किए हैं ।

माननीया वित्त मंत्री जी ने देश के हर वर्ग को कुछ ना कुछ राहत प्रदान की है आज व्यापारिक वर्ग, हर उद्योगपति, किसान, नौकरी पैसा व्यक्ति, बुजुर्गों और महिलाओं या अन्य किसी भी वर्ग से संबंधित प्रत्येक को इस बजट से आर्थिक लाभ हुआ है दूसरे शब्दों में कहें इस बजट से देश का हर वर्ग खुश है ।

रक्षा क्षेत्र में वित्त मंत्री जी ने 6.21 लाख करोड रुपए से अधिक का आवंटन किया है जिसमें से 6500 करोड रुपए से सीमा पर सड़कों का जाल बिछाया जाएगा और रक्षा से जुड़े स्टार्टअप की मजबूती के लिए 518 करोड आवंटित किए गए हैं जो समय की मांग है इस बेहतरीन कदम के लिए वित्त मंत्री जी का हृदय से धन्यवाद करती हूं ।

शिक्षा के क्षेत्र में 20 लाख युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में निपुण बनाया जाएगा । देश के शिक्षण संस्थानों में पढ़ने के लिए छात्रों को 10 लख रुपए कर्ज के तौर पर वित्तीय सहायता मिलेगी । 20 लाख युवाओं को अलग-अलग क्षेत्र में 5 वर्ष में निपुण बनाया जाएगा और आईटीआई को अपग्रेड किया जाएगा ।

स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर सरकार 89,287 करोड रुपए खर्च करेगी । फार्मा उद्योग को पीएलआई के तहत 2,143 करोड रुपए का आवंटन किया है । कैंसर की 3 दवाओं पर से सीमा शुल्क हटा दिया है । कुपोषण से जंग के लिए आंगनबाड़ी केन्दों को अपडेट किया जाएगा । बायोटिक रिसर्च पर भी वित्त मंत्री जी का ध्यान गया है और उन्होंने इसके लिए 1100 करोड़ का आवंटन दिया है ।

बजट में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती देने पर जोर दिया गया है वित्त मंत्री जी ने मुद्रा लोन की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़कर 20 लाख रुपए कर दिया है । एमएसएमई क्षेत्र की 50 मल्टी प्रोडक्ट फूड यूनिटों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब पीपीपी मॉडल पर बनाने की योजना है जो एक सराहनीय कदम है ।

देश के गांव के सर्वांगीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर बनाने का लक्ष्य रखा है । गांव की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के साथ सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा । यह सभी सराहनीय कदम है ।

ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एनटीपीसी और भेल एडवांस्ड अल्ट्रा सुपर टेक्नोलॉजी की मदद से खेती में उत्पादकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा है । सरसों, मूंगफली, सोयाबीन ,सूरजमुखी तेल के उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया है । साथ ही साथ अगले 2 वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़ने का प्रावधान किया है यह सभी अच्छे और सराहनीय कदम हैं ।

मैं अपना वक्तव्य यहीं समाप्त करती हूं ।

श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद) **:** आपने मुझे वर्ष 2024 के अंतरिम बजट पर विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपको हृदय से धन्यवाद देता हूँ ।

